सूर्योदय : 6:56
सूर्यास्त : 5:28
अधिकतम तापमान : 19.0
न्यूनतम : 10.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-199 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शुक्रवार, 10 जनवरी 2025
09 रजब 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# म्यांमार की सेना ने अपने ही देश पर किया हवाई हमला, 40 मरे

- म्यांमार में सेना के खिलाफ विरोध
- हमले में बीस लोग घायल
- म्यांमार के कई हिस्सों में जातीय समूहों और सेना के बीच है संघर्ष
- हमले के कारण कई घरों में लगी आग



म्यांमार के कई हिस्सों में जातीय समूहों और सेना के बीच संघर्ष बढ़ता जा रहा है, जिससे स्थिति और भी कठिन होती जा रही हैं। म्यांमार के क्याउक नी माव गांव में जेट फाइटर के हवाई हमले में 40 नागरिकों की मौत हो गई और 20 से अधिक लोग घायल हो गए। अराकान आर्मी के प्रवक्ता खाइंग थुखा ने बताया कि हमले में महिलाओं और बच्चों सहित कई लोग मारे गए।

**बर्मा।** म्यांमार के पश्चिमी क्षेत्र में एक गांव पर सेना द्वारा किए गए हवाई हमले में कम से कम 40 लोग मारे गए और 20 अन्य घायल हो गए। यह हमला राम्री द्वीप के क्याउक नी माव गांव पर किया गया। ये द्वीप जातीय अराकान आर्मी के नियंत्रण में था। हमले के कारण कई घरों में आग लग गई, जिससे सैकड़ों घर जलकर राख हो गए। स्थानीय अधिकारियों और एक चैरिटी संगठन के मुताबिक, यह हमला म्यांमार की सेना द्वारा किया गया है, हालांकि सेना ने इस हमले की पुष्टि नहीं की है। गांव में इंटरनेट और मोबाइल सेवा की कड़ी बंदी के कारण इस घटना की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है। एथनिक अराकान आर्मी और स्थानीय संगठनों ने इस हमले की जानकारी दी, लेकिन म्यांमार सरकार या सेना की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। यह हमला म्यांमार में बढ़ते संघर्ष और हिंसा का हिस्सा है, जो फरवरी 2021 में सेना द्वारा लोकतांत्रिक रूप से चुनी हुई सरकार को उखाड़ फेंकने के बाद से जारी है. सेना के हिंसक दमन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने वाले कई लोग अब सशस्त्र प्रतिरोध में शामिल हो गए हैं।

## इंडिया ब्लॉक को अब खत्म कर देना चाहिएः उमर

**नई दिल्ली।** इंडिया गठबंधन में दरार अब खुल कर सामने आ गई है। आरजेडी नेता तेजस्वी यादव के बाद अब नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता और जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने इंडिया ब्लॉक के अस्तित्व को लेकर सवाल उठाया है। उमर अब्दुल्ला ने कहा कि इसमें न एजेंडा है और न ही लीडरशिप। उन्होंने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव के बाद उन्हें गठबंधन के सभी सदस्यों को बैठक के लिए बुलाना चाहिए। यदि यह गठबंधन केवल लोकसभा चुनाव तक ही सीमित था, तो इसे समाप्त कर देना चाहिए। अब्दुल्ला ने यहां संवाददाताओं से कहा कि लेकिन अगर इसका मतलब विधानसभा चुनावों से भी है तो हमें एक साथ बैठकर मिलकर काम करना होगा। बता दें कि दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर इंडिया ब्लॉक में दरार खुलकर सामने आ गयी है। समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, एनसीपी सहित कई पार्टियों ने कांग्रेस को दरकिनार करते हुए आप को समर्थन देने का ऐलान किया है।

# दुनिया में फार्मा हब के रूप में भारत की खास पहचान

- पीएम मोदी ने जीनोम इंडिया परियोजना का किया शुभारंभ
- हमारे वैज्ञानिकों ने जीनोम इंडिया परियोजना प्रोजेक्ट को पूरा किया



**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने जीनोम इंडिया परियोजना का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज भारत ने शोध की दुनिया में एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। पांच साल पहले जीनोम इंडिया प्रोजेक्ट को मंजूरी दी गई थी। कोविड की चुनौतियों के बावजूद हमारे वैज्ञानिकों ने इस प्रोजेक्ट को पूरा किया है। मुझे बेहद खुशी है कि 20 से ज़्यादा शोध संगठनों ने इस शोध में बहुत अहम भूमिका निभाई है। अब इस प्रोजेक्ट का डेटा इंडियन बायोलॉजिकल डेटा सेंटर में उपलब्ध है। यह प्रोजेक्ट डिपार्टमेंट ऑफ़ बायोटेक्नोलॉजी रिसर्च में ये प्रोजेक्ट एक बड़ा मील का पत्थर साबित होगा। मैं इस प्रोजेक्ट से जुडे सभी साथियों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूं। जीनोम इंडिया परियोजना जैव प्रौद्योगिकी क्रांति का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। इस प्रोजेक्ट से हम एक विविध आनुवंशिक संसाधन बनाने में सफल रहे हैं. इस परियोजना में 10,000 लोगों की जीनोम अनुक्रमण किया गया है. यह डेटा वैज्ञानिकों, रिसर्चस को भारत के आनुवंशिक परिदृश्य को समझने में मदद करेगा। जैव अर्थव्यवस्था सतत विकास को गति देती है। पिछले 10 वर्षों में देश की जैव अर्थव्यवस्था में काफी वृद्धि हुई है। 2014 में देश की जैव अर्थव्यवस्था का मूल्य 10 बिलियन डॉलर था जो अब बढ़कर 150 बिलियन डॉलर से अधिक हो गया है. भारत ने दुनिया में फार्मा हब के रूप में अपनी विशेष पहचान बनाई है।

## न्यूज डायरी

### द. कोरिया में गृहयुद्ध का खतरा



**सिओल।** दक्षिण कोरिया की संसद में गुरुवार को विपक्षी सांसदों ने एक नया विधेयक पेश किया। इस विधेयक में पिछले साल लगाए गए मार्शल लॉ पर स्वतंत्र जांच की मांग की गई है। यून सुक योल ने राष्ट्रपति रहते हुए अचानक देश में मार्शल लॉ की घोषणा की थी। हालांकि, कुछ ही घंटों के बाद इसे हटा दिया गया था। इसके बाद महाभियोग के जरिए उन्हें राष्ट्रपति के पद से अस्थायी रूप से हटा दिया गया। यह विधेयक छह विपक्षी दलों ने एकजुट होकर पेश किया है। इसमें लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी भी शामिल है। विधेयक में मांग की गई है कि एक विशेष अभियोजक इस बात की जांच करके कि क्या तीन दिसंबर को लगाया गया मार्शल लॉ एक विद्रोह कराने का प्रयास था।

### फ्रांस का दौरा कर सकते हैं मोदी



**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव खत्म होने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फ्रांस के दौरे पर जा सकते हैं। जहां वे भारत और फ्रांस के बीच रक्षा सौदे को अंतिम रूप दे सकते हैं। इस दौरान पीएम मोदी फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की मेजबानी में आयोजित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक्शन समिट में भी हिस्सा ले सकते हैं। बता दें कि, हाल ही में रूस ने भारत के साथ एआई पर काम करने का सौदा किया था। इसके बाद अब फ्रांस भी भारत के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर काम करने की कोशिश कर रहा है।

### मेरठ में पांच लोगों की हत्या

**मेरठ।** लिसाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत सोहेल गार्डन में एक ही परिवार के पांच लोगों की लाश मिली है। पूरा परिवार बुधवार से लापता बताया गया है। बृहस्पतिवार शाम को उनके शव उनके ही मकान में एक कमरे पर बेड पर और उसके अंदर पड़े मिले हैं। मरने वालों में बच्चे भी शामिल हैं। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल कर रही है। पड़ोसियों ने पुलिस को बताया कि कल से पूरे परिवार को किसी ने देखा नहीं था। आज अचानक लाश मिलने की बात सामने आई है। पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। शुरुआती जांच में यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि मौतें कैसे हुईं। पड़ोसियों का कहना है कि परिवार शांत स्वभाव का था।

# निज्जर हत्या मामला : कनाडा की अदालत से चार भारतीय हत्यारोपियों को जमानत

**अब सुप्रीम कोर्ट में 11 फरवरी को सुनवाई**



**ओटावा।** खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के आरोप में गिरफ्तार चार भारतीय नागरिकों को कनाडा की अदालत से राहत मिली है। साल 2023 के इस मामले में रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस ने करण बराड़, कमलप्रीत सिंह, करणप्रीत सिंह और अमनदीप सिंह को गिरफ्तार किया था। अब चारों को सरे प्रांतीय न्यायालय से जमानत मिल गई है। चारों के खिलाफ अब ब्रिटिश कोलंबिया सुप्रीम कोर्ट में अगले महीने 11 फरवरी को सुनवाई होगी।

चारों की जमानत के संबंध में ब्रिटिश कोलंबिया सरकार के न्याय विभाग की वेबसाइट पर जानकारी अपलोड की गई है। दस्तावेज में चारों आरोपियों की हिरासत की स्थिति के सामने एन लिखा हुआ है। करण बराड़, कमलप्रीत सिंह, करणप्रीत सिंह और अमनदीप सिंह पर फाइल नंबर 256562 के अंतर्गत कार्रवाई हो रही है। इसकी पड़ताल करने पर पता लगा कि चारों पर हत्या की साजिश और हत्या करने के आरोप लगाए गए हैं। पुलिस के रिकॉर्ड्स के मुताबिक करण और कमलप्रीत का जन्म 2001 में हुआ, अमनदीप 2002 में जबकि करणप्रीत 1995 में जन्मा है। ब्रिटिश कोलंबिया की इंटीग्रेटेड हॉमिसाइड इंवेस्टिगेशन टीम (आईएचआईटी) के मुताबिक, इन लोगों पर हत्या की साजिश रचने के साथ-साथ हत्याकांड को अंजाम देने के आरोप भी लगे हैं। हालांकि, कनाडाई मीडिया के भारत से लिंक होने की जो अटकलें लगाई जा रही थीं, उसके बारे में पुलिसकर्मियों ने कोई सबूत नहीं दिया।

# सीएम योगी ने महाकुम्भ के लिए तैयार मीडिया सेंटर का किया उद्घाटन

- बोले- पूरी दुनिया तक पहुंचेगी महागाथा



**प्रयागराज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को महाकुम्भनगर में डिजिटल मीडिया सेंटर का भी उद्घाटन किया। उन्होंने मीडिया सेंटर का अवलोकन भी किया और सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा मीडिया सेंटर में उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की सराहना की।

उन्होंने कहा कि यह डिजिटल मीडिया सेंटर 45 दिन तक चलने वाले महाकुम्भ की महागाथा को पूरी दुनिया में प्रसारित करने के लिए एक उत्कृष्ट केंद्र बनेगा। यहां सूचनाओं को संकलित करने, उन्हें प्रसारित करने के लिए वर्ल्ड क्लास की सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। यह महाकुम्भ के लिए पूरी दुनिया से आ रहे श्रद्धालुओं की सूचनाओं का भी प्रमुख केंद्र होगा। इसके माध्यम से डबल इंजन की सरकार द्वारा महाकुम्भ में श्रद्धालुओं को दी जा रही सुविधाओं, व्यवस्थाओं और सुरक्षा से संबंधित जानकारी लोगों तक पहुंचेगी और महाकुम्भ की एक सकारात्मक छवि उभरकर सामने आएगी। यह सेंटर न सिर्फ श्रद्धालुओं के लिए महत्वपूर्ण जानकारियों का प्रमुख स्रोत बनेगा, बल्कि इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट और डिजिटल मीडिया जगत के संवाददाताओं और छायाकारों के लिए भी सुविधाजनक होगा। मीडिया सेंटर में स्थापित खास डिजिटल सेल्फी पॉइंट पर मुख्यमंत्री ने सेल्फी भी ली। डिजिटल मीडिया सेंटर में करोड़ों रुपये की लागत से हाई रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल कैमरे लगाए गए हैं।


इन कैमरों के माध्यम से प्रसारित होने वाली सूचनाओं के माध्यम से दर्शक महाकुम्भ के आयोजन का वास्तविक अनुभव ले सकेंगे। इसके अतिरिक्त, मीडिया सेंटर में एक विशेष पॉडकास्ट रूम भी बनाया गया है। यह पॉडकास्ट रूम महाकुम्भ से संबंधित चर्चा का केंद्र बिंदु होगा। यहां विशेषज्ञ विभिन्न मीडिया माध्यमों से महाकुम्भ के महत्व, आयोजन की प्रक्रिया और पर्यावरण संरक्षण जैसे मुद्दों पर जानकारी साझा कर सकेंगे।

## केजरीवाल ने पीएम मोदी को लिखा पत्र

# दिल्ली के जाटों को ओबीसी सूची में करें शामिल

- हमारे दिल्ली के जाट भाई-बहनों के साथ बहुत बड़ा अन्याय हैः केजरीवाल

केजरीवाल ने पत्र में लिखा, एक महत्वपूर्ण विषय पर 10 साल पहले आपका किया वादा आपको याद दिलाने के लिए यह पत्र लिख रहा हूं। दिल्ली के जाट समाज के कई प्रतिनिधियों से पिछले कुछ दिनों में मुलाकात हुई। इन सभी ने केंद्र की ओबीसी लिस्ट में दिल्ली के जाट समाज की अनदेखी किये जाने पर चिंता जाहिर की। जाट समाज के प्रतिनिधियों ने मुझे बताया कि आपने 26 मार्च 2015 को दिल्ली के जाट समाज के प्रतिनिधियों को अपने घर बुलाकर ये वादा किया था कि जाट समाज, जो दिल्ली की ओबीसी लिस्ट में है, उसे केंद्र की ओबीसी लिस्ट में भी जोड़ा जाएगा ताकि उन्हें दिल्ली में मौजूद केंद्र सरकार के कॉलेजों और नौकरियों में आरक्षण का लाभ मिल सके। केजरीवाल ने आगे लिखा, फिर 8 फरवरी 2017 को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने यूपी चुनाव से पहले चौधरी बीरेंद्र सिंह के घर पर दिल्ली और देश के जाट नेताओं की मीटिंग बुलाई और उनसे वादा किया कि स्टेट लिस्ट में जो ओबीसी जातियां हैं उनको केंद्र की लिस्ट में जोड़ा जाएगा।



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के जाट समुदाय को केंद्र की ओबीसी सूची में शामिल करने के लिए पीएम मोदी को पत्र लिखा। केजरीवाल ने लिखा कि केंद्र सरकार पिछले 10 सालों से लगातार जाट समाज के साथ धोखा कर रही है। केंद्र सरकार की वादाखिलाफी की वजह से दिल्ली के ओबीसी समाज के हजारों युवाओं के साथ अन्याय हो रहा है।

अरविंद केजरीवाल ने कहा, दिल्ली सरकार की ओबीसी लिस्ट में जाट समाज का नाम आता है लेकिन केंद्र सरकार की लिस्ट में दिल्ली का जाट समाज नहीं आता है। ये हमारे दिल्ली के जाट भाई-बहनों के साथ बहुत बड़ा अन्याय है। पिछले 10 सालों में 4 बार इन्होंने दिल्ली के जाट समाज को आरक्षण देने का केवल वादा किया है। दिल्ली में दिल्ली के जाटों को आरक्षण नहीं मिलता मगर बाहर वालों को मिलता है। केजरीवाल ने लिखा, ओबीसी आरक्षण को लेकर केंद्र की नीतियों में कई विसंगतियां हैं जिनकी तरफ मैं आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। जैसे कि मुझे पता चला कि केंद्र की ओबीसी लिस्ट में होने की वजह से राजस्थान से आने वाले जाट समाज के युवाओं को दिल्ली यूनिवर्सिटी में ओबीसी आरक्षण का लाभ मिलता है, लेकिन दूसरी तरफ दिल्ली के ही जाट समाज को दिल्ली यूनिवर्सिटी में ओबीसी आरक्षण का लाभ नहीं मिल रहा है क्योंकि आपकी सरकार ने दिल्ली में जाट समाज को ओबीसी आरक्षण होने के बावजूद उन्हें केंद्रीय ओबीसी लिस्ट में शामिल नहीं किया है। ये तो दिल्ली के जाट समाज के साथ धोखा है। और भाजपा की केंद्र सरकार पिछले 10 सालों से लगातार ये धोखा कर रही है।

# जयाप्रदा मुरादाबाद कोर्ट में पेश

**अभद्र टिप्पणी केस**

- 17 फरवरी को होगी अगली सुनवाई




**मुरादाबाद।** रामपुर की पूर्व सांसद और मशहूर अभिनेत्री जयाप्रदा ने अभद्र टिप्पणी मामले में बृहस्पतिवार को कोर्ट में पेश होकर अपने खिलाफ जारी वारंट निरस्त कराए। अदालत ने बीस हजार रुपये के निजी मुचलके पर वारंट निरस्त करने की मंजूरी दी। साथ ही, अदालत ने दूसरे पक्ष को 17 फरवरी को जिरह पूरी करने का निर्देश दिया। अदालत ने स्पष्ट किया कि यदि तय तारीख पर जिरह पूरी नहीं हुई तो आरोपियों की जमानत रद्द कर दी जाएगी। यह मामला 2019 के लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद रामपुर के कटघर क्षेत्र स्थित मुस्लिम डिग्री कॉलेज में आयोजित एक सम्मान समारोह से जुड़ा है। इस कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और रामपुर के पूर्व सांसद आजम खां, मुरादाबाद के सपा सांसद डॉ. एसटी हसन, आजम खां के बेटे अब्दुल्ला आजम, सपा नेता फिरोज खां, मोहम्मद आरिफ और पूर्व चेयरमैन अजहर खां सहित कई नेता शामिल हुए थे। आरोप है कि इस दौरान जयाप्रदा पर अपमानजनक और अभद्र टिप्पणियां की गईं। इस मामले में रामपुर निवासी मुस्तफा हुसैन ने सभी नेताओं के खिलाफ केस दर्ज कराया था। मामले की सुनवाई एमपी/एमएलए स्पेशल कोर्ट के न्यायाधीश एमपी सिंह की अदालत में चल रही है। विशेष लोक अभियोजक मोहनलाल विश्नोई ने बताया कि जयाप्रदा ने अदालत में हाजिर होकर अपने खिलाफ जारी वारंट को निरस्त करने के लिए प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया।

# ग्रैप-3 दिल्ली-एनसीआर में फिर लागू

- अब नहीं चलेंगे डीजल वाहन
- निर्माण कार्यो पर पूरी तरह से रोक
- पांचवी तक के स्कूल हो सकते है बंद

**ग्रैप-3 में लोगों के लिए सीएक्यूएम की सलाह**

कम दूरी के लिए साइकिल का करें इस्तेमाल या चलें पैदल, संभव होने पर कार पूलिंग का लें सहारा, सार्वजनिक परिवहन का करें इस्तेमाल, दफ्तर से इजाजत मिलने पर वर्क फ्रॉम होम पर चले जाएं, निर्माण कार्य समेत दूसरी प्रदूषण पैदा करने वाली गतिविधियों का रोकें।



**नई दिल्ली।** राजधानी में ठंड का प्रकोप बढ़ने के साथ ही हवा बेहद खराब हो गई है। ऐसे में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने दिल्ली-एनसीआर में शुक्रवार से एक बार फिर ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) तीन लागू कर दिया है। इसके तहत निर्माण व विध्वंस कार्यों पर रोक लगा दी है। वहीं, बीएस तीन पेट्रोल और बीएस चार माल वाहक वाहनों का प्रवेश बंद हो गया है। केवल जरूरी सामान लाने वाले वाहनों को इसमें छूट दी गई है। साथ ही, एनसीआर से आने वाली अंतरराज्य बसों को दिल्ली में नहीं आने दिया जाएगा। हालांकि, इलेक्ट्रिक व सीएनजी बसों और बीएस-6 डीजल बसों को इसमें छूट दी गई है। उधर, ऑल इंडिया टूरिस्ट परमिट वाली बसों, टेम्पो ट्रैवलर को भी छूट दी गई है। इसमें दिव्यांग व्यक्तियों को बीएस-तीन पेट्रोल व बीएस-चार डीजल एलएमवी चलाने की अनुमति है। वहीं, कक्षा पांचवीं तक के स्कूलों को हाइब्रिड मोड में संचालित करने की सलाह दी है। घने कोहरे, कम मिक्सिंग हाइट, परिवर्तनशील हवाओं और प्रतिकूल मौसम संबंधी स्थितियों के कारण इसमें वृद्धि का रुझान दिख रहा है। ऐसे में समिति ने वायु गुणवत्ता में और गिरावट को रोकने के प्रयास में एनसीआर में ग्रेप के चरण तीन को तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया है।

**ग्रेप तीन के तहत इन कार्य पर रहेगी पाबंदी-** पूरे एनसीआर में धूल पैदा करने वाली व वायु प्रदूषण फैलाने वाली सीएंडडी गतिविधियों पर सख्त प्रतिबंध रहेगा। बोरिंग और ड्रिलिंग कार्यों सहित खुदाई और भराई के लिए मिट्टी का काम। पाइलिंग कार्य, सभी विध्वंस कार्य। ओपन ट्रेंच सिस्टम द्वारा सीवर लाइन, पानी की लाइन, ड्रेनेज और इलेक्ट्रिक केबलिंग आदि बिछाना। ईंट/चिनाई कार्य। प्रमुख वेल्डिंग और गैस-कटिंग कार्य, हालांकि, एमईपी (मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल और प्लंबिंग) कार्यों के लिए छोटी वेल्डिंग गतिविधियों की अनुमति दी जाएगी। सड़क निर्माण गतिविधियां और प्रमुख मरम्मत। परियोजना स्थलों के भीतर व बाहर कहीं भी सीमेंट, फ्लाई-ऐश, ईंट, रेत, पत्थर आदि जैसी धूल पैदा करने वाली सामग्रियों का स्थानांतरण, लोडिंग/अनलोडिंग। कच्ची सड़कों पर निर्माण सामग्री ले जाने वाले वाहनों की आवाजाही। विध्वंस अपशिष्ट का कोई भी परिवहन। नए जोड़े गए नियम- बीएस-3 स्टैंडर्ड या इससे नीचे के मीडियम गुड्स वीकल (एमजीवी) अब दिल्ली में नहीं चल सकेंगे।

# 26 को पन्नू करवा सकता है आतंकी हमला, सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश



**नई दिल्ली।** खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू 26 जनवरी समारोह के दौरान या तो आतंकी हमला कर सकता है या फिर देश विरोधी पोस्टर व दिवारों पर नारे लिखने जैसी हरकतें करवा सकता है। हालांकि यूपी पुलिस की कड़ी कार्रवाई को देखते हुए वह कोई रिश्क नहीं लेना चहाता। दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा की अध्यक्ष में दिल्ली पुलिस मुख्यालय में हुई इंटरस्टेट कोर्डिनेशन बैठक में खुफिया विभाग ने ये इनपुट दिए हैं। खुफिया विभाग के इनपुट के बाद व विधानसभा चुनावों को देखते हुए दिल्ली पुलिस अलर्ट मोड में आ चुकी है। दिल्ली पुलिस मुख्यालय में बैठने वाले एक अधिकारी ने बताया कि हालांकि आतंकी संगठनों की ओर से आतंकी हमले के इनपुट नहीं हैं। बैठक में जम्मू कश्मीर व अन्य यूनिटों ने किसी तरह के आतंकी हमले के इनपुट नहीं दिए हैं। खुफिया विभाग ने कहा है कि खालिस्तानी आतंकी पन्नू आतंकी शरारत कर सकता है। इन इनपुट के बाद दिल्ली पुलिस ने बस अड्डे, रेलवे स्टेशन, मेट्रो व ऐतिहासिक इमारतों की सुरक्षा बढ़ाने के आदेश दिए गए हैं।

# लेबनान की संसद ने सैन्य कमांडर जोसेफ औन को चुना राष्ट्रपति

**दो साल से जारी गतिरोध खत्म**



**बेरूत।** लेबनान को आखिरकार दो साल के लंबे अंतराल के बाद नया राष्ट्रपति मिल गया है। बता दें कि, लेबनान की संसद ने गुरुवार को देश के सेना कमांडर जोसेफ औन को नया राष्ट्राध्यक्ष चुना है। यह मतदान इस्राइल और हिजबुल्ला के बीच 14 महीने के संघर्ष के युद्धविराम समझौते के कुछ हफ्ते बाद हुआ है। नए राष्ट्रपति जोसेफ औन, जो पूर्व राष्ट्रपति मिशेल औन से कोई संबंध नहीं रखते हैं, को व्यापक रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका और सऊदी अरब के पसंदीदा उम्मीदवार के रूप में देखा गया था। जोसेफ औन लेबनान के राष्ट्रपति पद पर आसीन होने वाले पांचवें पूर्व सेना कमांडर हैं। वहीं हिजबुल्ला ने पहले एक अन्य उम्मीदवार सुलेमान फ्रांगीह का समर्थन किया था, जो उत्तरी लेबनान में एक छोटी ईसाई पार्टी के नेता हैं, जिनके सीरिया के पूर्व राष्ट्रपति बशर असद से घनिष्ठ संबंध हैं। हालांकि, बुधवार को फ्रांगीह ने घोषणा की कि उन्होंने दौड़ से नाम वापस ले लिया है और जोसेफ औन का समर्थन किया है, जिससे सेना प्रमुख के लिए रास्ता साफ हो गया। वाशिंगटन, डीसी में मौजूद मिडिल ईस्ट इंस्टीट्यूट के एक वरिष्ठ फेलो रैंडा स्लिम ने कहा कि इस्राइल के साथ युद्ध और सीरिया में अपने सहयोगी असद के पतन के बाद हिजबुल्ला की सैन्य और राजनीतिक कमजोरी, साथ ही राष्ट्रपति का चुनाव करने के लिए अंतरराष्ट्रीय दबाव ने गुरुवार को वोट करने के लिए रास्ता साफ किया। गुरुवार को मतदान के पहले दौर में, जोसेफ औन को 128 में से 71 वोट मिले, लेकिन सीधे जीतने के लिए आवश्यक दो-तिहाई बहुमत से कम रहे। बाकी में से, 37 सांसदों ने खाली मतपत्र डाले और 14 ने संप्रभुता और संविधान के लिए मतदान किया।

## सीबीडीटी के डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन सिस्टम के लिए आईडीएफसी फर्स्ट बैंक अधिकृत

IDFC FIRST Bank

*अवधनामा संवाददाता*

**कानपुर।** आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी), भारत सरकार की ओर से प्रत्यक्ष रूप से टैक्स कलेक्ट करने के लिए आयकर पोर्टल के साथ अपने एकीकरण की घोषणा की है। अब बैंक के ग्राहक आसानी से डायरेक्ट टैक्स का भुगतान कर सकते हैं, जिसमें डाउनलोड करने योग्य चालान, आसान भुगतान और तुरंत भुगतान की पुष्टि की सुविधा भी मिलेगी। ग्राहक अब आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के यूज़र-फ्रेंडली रिटेल और कॉर्पोरेट इंटरनेट बैंकिंग प्लेटफॉर्म्स का इस्तेमाल कर सकते हैं, या फिर बैंक की किसी भी शाखा में कैश, चेक या डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से टैक्स का भुगतान कर सकते हैं। इस पर बात करते हुए, चिन्मय धोबले, कंट्री हेड- रिटेल लाइबिलिटीज़, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक,ने कहा, हम एक यूनिवर्सल बैंक हैं और यूनिवर्सल बैंकिंग का प्रतिनिधित्व करने के लिए एक पूरा प्रोडक्ट और सर्विस सूट बना रहे हैं। इनकम टैक्स और जीएसटी का भुगतान, सिर्फ दो सेवाएं ऐसी थीं, जिनकी हमारे प्रस्ताव में कमी थी, इनकी उपलब्धता के साथ यह कमी भी पूरी हो गई है। सीबीडीटी, भारत सरकार और आरबीआई की स्वीकृति के साथ, अब हम सीबीडीटी की ओर से टैक्स कलेक्ट करने के लिए अधिकृत हैं। उन्होंने आगे कहा, हमारी इंटरनेट बैंकिंग सेवाओं की गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए, हमने ग्राहकों के लिए एक आसान और सुविधाजनक इंटरफेस तैयार किया है। हम अपने ग्राहकों से अपील करते हैं कि वे इस सुविधा का इस्तेमाल करें और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के ऑनलाइन और शाखा चैनलों के जरिए अपने डायरेक्ट टैक्स का भुगतान आसानी से करें।

# प्रभारी मंत्री ने ली जिला योजना समिति की बैठक, योजनाओं, विकास कार्यक्रमों की बिंदुवार समीक्षा

*अवधनामा संवाददाता*



**लखीमपुर खीरी।** प्रदेश के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), आबकारी एवं मद्य निषेध विभाग, उप्र और जिले के प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल जनपद खीरी पहुंचे, उनके जनपद आगमन पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, सीडीओ अभिषेक कुमार ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत कियाइसके बाद कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने जिला योजना समिति की बैठक में विभागों को शासन से दिए गए बजट, खर्च आदि को लेकर जिला योजना की मूल्यांकन समीक्षा की। बैठक में मुख्य रूप से सांसद उत्कर्ष वर्मा मधुर, आनंद भदौरिया, विधायक धौरहरा विनोद शंकर अवस्थी, जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, अध्यक्ष जिपं प्रति. नरेंद्र सिंह, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, सीडीओ अभिषेक कुमार, डीएफओ संजय बिस्वाल, एडीएम संजय कुमार सिंह, एएसपी पवन गौतम सहित जिला योजना समिति के सदस्यगण, अधिकारीगण मौजूद रहे बैठक की शुरुआत में सीडीओ अभिषेक कुमार ने जिले में नवाचार के रूप में डीएम की पहल पर सर्किट फेस्ट की अवधारणा को साकार कर लखीमपुर महोत्सव का आयोजन, 1100 कन्याओं का शक्ति वंदन, जल जीवन मिशन के तहत 168 महिलाओं को पंप ऑपरेटर, प्लंबर और फिटर के रूप में प्रशिक्षण देकर रोजगार से जोड़ने की पहल, मिशन मैदान के तहत 1000 स्कूलों में खेल मैदान की स्थापना जैसे उल्लेखनीय कार्यों को रेखांकित किया बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की लोक कल्याणकारी, लाभार्थीपरक, रोजगारोन्मुख योजनाओं तथा अवस्थापना एवं विकास परियोजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित कराए। जनता से जुड़े कृषि, पशुपालन एवं सभी विभाग ब्लॉक स्तर पर समेकित गोष्ठी आयोजित कर जनमानस को योजनाओं की जानकारी दें। जिसमें ग्राम प्रधान, आमजन की प्रतिभाग भी सुनिश्चित करें। जल निगम के अफसर पाइपलाइन डालने के बाद क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत में गुणवत्ता सुनिश्चित कराए। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों का क्लीयरेंस भी अवश्य लें। मुझे खुशी है कि जिले में मुख्यमंत्री जी और शासन की मंशानुरूप पात्रों को योजनाओं का लाभ देकर समृद्ध बनाया जा रहा। सभी अधिकारी इसे और अच्छे से क्रियान्वित कराए। सभी विभागीय अधिकारी टीम भावना से काम करें और सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। योजनाओं की समीक्षा के दौरान डीसी मनरेगा ने बताया कि 65.23 लाख मानव दिवस लक्ष्य के सापेक्ष 60.90 लाख मानव दिवस की पूर्ति करते हुए 93.36 प्रतिशत की उपलब्धि है। 345 अमृतसरोवर, 08 स्टेडियम 33 खेल मैदान पूरे कर लिए गए हैं। 1153 बाउंड्रीविहीन विद्यालयों में से 732 को पूर्ण किया गया है। पीडी एसएन चौरसिया ने बताया कि पीएम और सीएम आवास योजना में लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत स्वीकृति मिलने के साथ-साथ निर्माण कार्य शीघ्रता से कराया जा रहा है। डीएम के निर्देश पर महिला कल्याण विभाग की वेबसाइट से निराश्रित महिलाओं की सूची लेकर सत्यपानोपरांत सभी पात्र महिलाओं को आवास योजना से लाभान्वित किया गया

## पर्चे बांटकर लोगों को अंगीठी, हीटर व ब्लोअर के उपयोग और उसके उपयोग में सावधानी बरतने की अपील की

**लखीमपुर-खीरी।** इस मौसम में लोग सर्दी से बचने के लिए अंगीठी या हीटर का इस्तेमाल करने लगे हैं। कई लोग बंद कमरे के अंदर हीटर, ब्लोअर या अंगीठी जलाकर सोने से भी गुरेज नहीं कर रहे हैं। जो खतरे से खाली नहीं है। ऐसे में अग्निशमन विभाग की ओर से लोगों से बंद कमरे में अंगीठी और ब्लोअर न जलाने की अपील की जा रही है। सार्वजनिक स्थानों पर पर्चे बांटकर लोगों को अंगीठी, हीटर व ब्लोअर के उपयोग और उसके उपयोग में सावधानी बरतने की अपील की। उन्होंने कहा कि हीटर, ब्लोअर रातभर बंद कमरे में जलने से कमरे में ऑक्सीजन और नमी भी कम हो जाती है। कमरे में एक बाल्टी पानी या गीले कपड़े टांग दें। जिससे कमरे में नमी बनी रहे। सर्दी के समय गुनगुने पानी का सेवन करे यह सर्दी के बचाव के साथ स्वास्थ भी ठीक रखेगा। इसके अलावा बंद कमरे में अंगीठी, हीटर, ब्लोअर जलाकर कभी नहीं सोए। कमरे में कार्बन मोनो ऑक्साइड का स्तर बढ़ जाने से परेशानी बढ़ेगी। सांस फूलने, दम घुटने के साथ मौत भी हो सकती है। घर से बाहर, आंगन, या दरवाजे पर जलाई गई आग को रात के समय सोने से पूर्व पूरी तरह से बुझा दें।

## पूर्व विधायक विनय तिवारी ने अपनी पत्नी रेखा तिवारी के साथ की कलश स्थापना

**लखीमपुर-खीरी।** श्री विद्यार्चन अहोरात्रयात्मक पंच कुंडीय महालक्ष्मी यज्ञ में पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश, कलश स्थापना की गई। मुख्य यजमान पूर्व विधायक विनय तिवारी ने अपनी पत्नी रेखा तिवारी के साथ कलश स्थापना की। नगर के पब्लिक इंटर कालेज के कनिष्ठ विभाग में होने वाली महालक्ष्मी यज्ञ में आचार्य शिवेंद्र मिश्र कात्यायन ने मुख्य यजमान पूर्व विधायक विनय तिवारी, उनकी पत्नी रेखा तिवारी से कलश स्थापना कराकर मंडप प्रवेश कराया। आचार्य शिवेंद्र शास्त्री, सागर शास्त्री, अंकुर शास्त्री, लवकुश शास्त्री, मनोज अवस्थी ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश के अंतर्गत गणेश पूजा, पुण्याहवाचन, नंदीमुख श्राद्ध संपन्न कराया। आचार्य ने यजमान आनंद त्रिवेदी, शरद गुप्ता, उमेश मिश्रा, नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू, राहुल मिश्रा सुशील पांडे, विजय बाजपेयी, विजय माहेश्वरी आदि से पंचांग पूजन कर मंडप प्रवेश कराया।

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना पलिया पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 04/2025 धारा 65(1)/351(2) बीएनएस व 3/4(2) पाक्सो एक्ट व 3(2)(5) SC/ST ACT में वांछित अभियुक्त मोनिस पुत्र मो0 अनीश को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का चालान न्यायालय भेजा जा रहा है।

## कई दिनों से रोड किनारे पडा है एक बंदर का शव वन विभाग बना लापरवाह

**लखीमपुर-खीरी।** नेशनल हाईवे के किनारे गोला लखीमपुर रोड पर गोला वन परिक्षेत्र की रजानगर बीट में एक बंदर का शव कई दिनों से रोड किनारे पडा देखा जा रहा है। वन विभाग को सूचना दी गई है। वन विभाग अभी तक लापरवाह बना है। पिछले कई दिनों से नेशनल हाईवे पर श्याम जी फिलिंग स्टेशन के निकट एक बंदर मृत अवस्था में पड़ा देखा जा रहा है।

## पुलिस लाइन में आयोजित हुआ एसपी गणेश प्रसाद साहा का विदाई समारोह

**लखीमपुर खीरी।** एसपी गणेश प्रसाद साहा के 1 वर्ष 11 माह 24 दिन के कार्यकाल के समापन पर पुलिस लाइन में आयोजित हुआ विदाई समारोह। इस मौके पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एडिशनल एसपी (आईपीएस) नैपाल सिंह, पवन कुमार गौतम, सभी क्षेत्राधिकारी, सभी थाना प्रभारी सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने 14 जनवरी 2023 को जनपद खीरी की कमान संभाली थी।

# सीवर टैंक की सफाई में सुरक्षा मानकों का ध्यान रखें: नगरायुक्त

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नगरायुक्त संजय चौहान ने सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई करने वाले सफाई मित्रों से कहा कि वे सफाई करते समय सुरक्षा मानकों का पूर्ण ध्यान रखे। उन्होंने सीवर व सेप्टिक टैंक की सफाई प्रशिक्षित लोगों के माध्यम से कराने तथा सफाई कार्य में मशीनों के उपयोग पर जोर दिया।

नगरायुक्त संजय चौहान आज यहां जनमंच सभागार में भारत सरकार की नमस्ते योजना के अंतर्गत सीवर व सेप्टिक टैंकों की सफाई करने वाले सफाई मित्रों की कार्यशाला को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने सफाई मित्रों के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि जो कार्य उनके द्वारा किया जा रहा है, वह कोई दूसरा नहीं कर सकता। नगरायुक्त ने सफाई मित्रों को बताया कि उनके लिए सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत मामूली दरों पर ऋण उपलब्ध है,उन्हें अपने कार्य को और अधिक सुचारु ढंग से करने के



लिए उन योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने बताया कि शहर में नमामि गंगे योजना के अंतर्गत 135 एमएलडी के ट्रीटमेंट प्लांट का कार्य पूरा हो जाने पर शहर की अधिकांश सीवर समस्याओं का समाधान हो जायेगा।

महाप्रबंधक जलकल पुरुषोत्तम कुमार ने सीवर व सेप्टिक टैंक की सफाई में सुरक्षा उपकरणों के महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि यदि सफाई मित्र सुरक्षा उपकरणों के साथ सफाई करते है तो कार्य भी बेहतर होता है और कोई जोखिम भी नहीं उठाना पड़ता। अधिशासी अभियंता वी बी सिंह ने प्रशिक्षण कार्य की पूरी रुप रेखा से अवगत कराते हुए सफाई मित्रों की सुरक्षा पर बल दिया। कैम फाउण्डेशन की मुख्य कार्याधिकारी स्मिता सिंह ने सीवर व सेप्टिक टैंक की सफाई करने वाले सफाई मित्रों को प्रशिक्षण देते हुए कहा कि यदि उनके पास सफाई के लिए पर्याप्त मशीने हैं तो सीवर या सेप्टिक टैंक में नीचे उतरकर सफाई करने की आवश्यकता नहीं होती। उन्होंने कहा कि सीवर टैंक में कई तरह की हानिकारक गैसे होती है जो जानलेवा होती है।

इससे पूर्व महाप्रबंधक जलकल पुरुषोत्तम कुमार ने नगरायुक्त संजय चौहान का तथा डिवीजनल प्रोग्राम मैनेजर जसलीन कौर व सफाई निरीक्षक ज्योति ने प्रशिक्षण देने पहुंची कैम फाउण्डेशन की मुख्य कार्याधिकारी स्मिता सिंह को पुष्प भेंट कर स्वागत किया। संचालन डॉ.वीरेन्द्र आज़म ने किया। कार्यशाला में जेडएसओ राजीव चौधरी, मुख्य सफाई निरीक्षक इंद्रपाल व परमानंद के अतिरिक्त निगम के सभी सफाई निरीक्षक, नकुड़ पालिका के ईओ सुशील कुमार,नानौता और छुटमलपुर नगर पंचायत के ईओ कमलसिंह सहित सरसावा, नकुड़, अम्बहेटा, चिलकाना, बेहट, रामपुर, नानौता, तीतरो, गंगोह व देवबंद नगर निकायों से सम्बद्ध सफाई मित्रों ने हिस्सा लिया।

## फिजी में भारतीयों का इतिहास तथा उनका जीवन (1879-1947) का विमोचन

*अवधनामा संवाददाता*



**बरेली।** प्रख्यात लेखिका और शिक्षाविद् डॉ. रेखा चतुर्वेदी ने अपनी पीएचडी शोध पर आधारित पुस्तक फिजी में भारतीयों का इतिहास तथा उनका जीवन (1879-1947) का विमोचन प्रवासी भारतीय दिवस के शुभ अवसर पर किया। 18वें प्रवासी भारतीय दिवस का उद्घाटन भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा 9 जनवरी, 2025 को किया जाएगा।डॉ. रेखा चतुर्वेदी स्वर्गीय पंडित बनारसी दास चतुर्वेदी (राज्यसभा सांसद) की पोती हैं। पंडित बनारसी दास चतुर्वेदी ने प्रवासी भारतीयों पर उल्लेखनीय कार्य किया है। डॉ. रेखा चतुर्वेदी ने कहा, फिजी में भारतीयों का इतिहास तथा उनका जीवन (1879-1947) भारतीय गिरमिटिया मजदूरों के जीवन और उनके संघर्षों पर गहन अंतर्दृष्टि प्रदान करती है। यह पुस्तक भारतीय प्रवासी समाज के बलिदानों को पहचानने और उनकी कहानियों को आने वाली पीढ़ियों के लिए संजोने का आह्वान भी करती है। गिरमिटिया मजदूरों को उस समय के ब्रिटिश शासन के दौरान कुली के नाम से जाना जाता था। यह भारत के औपनिवेशिक इतिहास का एक दर्दनाक और शर्मनाक हिस्सा है। दक्षिण अफ्रीका, मॉरीशस, त्रिनिदाद, गुयाना और फिजी जैसे देशों में इन गिरमिटिया मजदूरों को अमानवीय परिस्थितियों में कठोर और अत्यंत कठिन कार्य करने के लिए मजबूर किया गया।

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**सहारनपुर।** थाना बडगाँव पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के मुकदमें में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।

थाना बड़गांव प्रभारी विनय शर्मा ने बताया कि विगत् 7 जनवरी को वादी की तहरीर पर आरोपी सावन पुत्र राजेन्द्र निवासी भूरा कन्डेला थाना कैराना जनपद शामली के खिलाफ वादी की बहन के साथ दुष्कर्म कर भगा ले जाने के संबंध में थाना बड़गांव पर मामला पंजीकृत किया गया था। उन्होंने बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक योगेन्द्र चौधरी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर झबीरन म्हाड़ी के पास से नामजद आरोपी सावन को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।

# व्यापारियों ने आगामी बजट को लेकर की चर्चा, केन्द्रीय वित्त मंत्री को भेजा ज्ञापन

*अवधनामा संवाददाता*




**सहारनपुर।** सहारनपुर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल की बैठक में आगामी बजट को लेकर चर्चा के पश्चात केन्द्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण को ज्ञापन भेजकर जीएसटी व अन्य व्यापारिक समस्याओं का समाधान कराने की मांग की गई।

स्थानीय रेलवे रोड स्थित व्यापार भवन पर आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष विवेक मनोचा व वरिष्ठ महामंत्री स.सुरेन्द्र मोहन सिंह चावला ने कहा कि देश का व्यापारी भारत की उन्नति एवं प्रगति में सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रहा है। बिना कोई वेतन अथवा कमीशन लिए राजस्व संग्रह में निरंतर वृद्धि करने का कार्य व्यापारी कर रहा है जिससे देश की अर्थव्यवस्था और जीडीपी में व्यापक सुधार हो रहा है। उन्होंने मांग की कि आगामी बजट में प्राइवेट कारों से टोल टैक्स समाप्त किया जाए, ताकि देश विकास के पथ पर अग्रसर होकर आत्मनिर्भरता हो सके।

उन्होंने बताया कि सीनियर सिटीजन व्यापारी के लिए सरकारी कर्मचारी की तर्ज पर सम्मानजनक पेंशन योजना लाई जाए, 10 लाख तक आय पूर्णतया करमुक्त हो। धारा 43 बी एमएसएमई का क्रियान्वयन केवल विक्रेता की शिकायत पर ही हो, अन्यथा नहीं, टीडीएस कलेक्शन का 1 प्रतिशत किसी भी रूप में व्यापारी को वापस दिया जाए, टीडीएस जमा करने में लेट होने पर सजा का प्रावधान समाप्त हो, सरकार की ब्याज दर लेने की और रिफंड देने की दरें एक ही हो, सभी व्यापारियों और वरिष्ठ नागरिकों 60 वर्ष से ऊपर वालों को आयुष्मान योजना का लाभ दिया जाए, साथ ही व्यापार मंत्रालय का भी गठन किया जाये ताकि व्यापारियों की समस्याओं का प्राथमिकता पर निराकरण हो सके। बैठक में महामंत्री पुनीत चौहान, कोषाध्यक्ष सुधीर मिगलानी, अशोक छाबड़ा, दीपक खेड़ा, आर.के. मल्होत्रा, सूरज ठक्कर, गुलशन अनेजा, मुकेश दत्ता, अनुभव शर्मा, विनीत चौहान आदि व्यापारी शामिल रहे।

# भाजपा का चुनावी एजेण्डा हिन्दू-मुस्लिम विभाजन पर आधारित: चंद्रशेखर आजाद

*अवधनामा संवाददाता*



**सहारनपुर।** आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और नगीना के सांसद चंद्रशेखर आजाद ने भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकार पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि उनका चुनावी एजेण्डा हिन्दू-मुस्लिम विभाजन पर आधारित है, उनसे किसी सुधार की उम्मीद करना बेकार है।

आसपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद आज यहां एमपी एमएलए कोर्ट में पेशी पर आये हुए थे। इस दौरान पत्रकारों से वार्ता करते हुए चन्द्रशेखर ने कहा कि कुंभ मेले में वही लोग जाएंगे, जिन्होंने पाप किया है। जिसने पाप किया है वही जाएं। उन्होंने कहा कि आजाद समाज पार्टी उन गरीब और कमजोर वर्गों के लिए लड़ाई लड़ रही है, जिन्हें हजारों सालों तक धर्म और संप्रदाय के नाम पर अपमानित किया गया। उन्होंने संभल हिंसा की फाईल दोबारा खोलने पर कहा कि जिनका चुनावी एजेंडा ही हिंदू-मुस्लिम विभाजन पर आधारित हो, उनसे किसी सुधार की उम्मीद करना बेकार है। उन्होंने कहा कि यदि नौजवान रोजगार की मांग करेगा, तो उसे लाठियां पड़ेंगी। मुजफ्फरनगर में एक करोड़ 80 लाख की डकैती का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि वहां एक व्यक्ति को पीट-पीटकर मार दिया गया। बागपत के एक युवक को इंसाफ नहीं मिला, तो उसने पार्लियामेंट के सामने आत्मदाह कर लिया। मौर्य जी को पुलिस ने पीट-पीटकर मार डाला। उत्तर प्रदेश में हालात इतने खराब हैं कि यहां जंगलराज है। मेरी भी हत्या की कोशिश की गई थी।

चंद्रशेखर ने ऐलान किया कि आजाद समाज पार्टी उत्तर प्रदेश के मिल्कीपुर और दिल्ली में मजबूती से चुनाव लड़ेगी। उन्होंने गठबंधन पर कहा कि यदि अच्छे लोग साथ आएंगे, तो इससे गरीबों का समीकरण मजबूत होगा और भाजपा को हराया जा सकता है। आजम खान के साथ उनकी नजदीकियों पर उन्होंने कहा, यदि इससे किसी को परेशानी है, तो यह उनका नजरिया है। अच्छे लोगों के साथ आने से ही भाजपा को रोका जा सकता है। चंद्रशेखर ने कहा कि गरीबों और कमजोर वर्गों की लड़ाई जारी रहेगी। हम चाहते हैं कि हर व्यक्ति को सम्मान और बुनियादी सुविधाएं मिलें। सरकार को जवाबदेह बनाने का यह संघर्ष लंबे समय तक चलेगा।

# राहगीरों के साथ टप्पेबाजी व धोखाधड़ी करने वाले तीन पुरुष और दो महिलाएं गिरफ्तार

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** आगरा पुलिस ने दो महिलाओं और तीन पुरुषों को गिरफ्तार किया है। ये पांचों इतने शातिर हैं कि लोग खुद ब खुद इनके



जाल में फंस जाते हैं और ठगी का शिकार हो जाते थे। ये सभी राह चलते लोगों को ठगी का शिकार बनाते थे। पुलिस ने सभी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल भेज दिया है।

जानकारी अनुसार आगरा की थाना हरीपर्वत पुलिस ने इन सभी को गिरफ्तार किया है। ये लोग राह चलते लोगों को अपनी मजबूरी बताकर खुदाई में मिले सोने को बेचने का झांसा देते थे, जब लोग तैयार हो जाते थे तो उन्हें कम मात्रा में असली सोना दिखाते थे। अगर कोई व्यक्ति उस सोने को चेक करता था तो वह असली निकलता था। इस पर बाद में ये शातिर बातचीत कर उस व्यक्ति को नकली सोना पकड़ा जाते थे और वो भी बड़ी चालाकी के साथ।

पुलिस ने बताया कि ये सभी इटावा के रहने वाले हैं लेकिन इनका गैंग देश के अन्य राज्यों में भी है। पुलिस ने इनके पास से दो किलो नकली गिन्नी, 3 लाख 78 हजार रुपये बरामद किए हैं. ये लोग मेरठ में किराए के मकान में रहकर दूसरे जिलों में वारदात करने जाते थे। ये लोग अभी तक 22 लाख रुपये की ठगी कर चुके हैं।

वही पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद सामान के सम्बन्ध में पूछताछ करने पर उन्होनें ने बताया कि वह सभी लोग मिलकर भोले भाले लोगों के साथ ठगी करते है। उनके गैंग का लीडर धर्मेन्द्र है, जो सामान पीली धातु का उन लोगो के कब्जे से बरामद हुआ है यह सभी नकली सोने की लडी व मोहर है जिनको वह लोग भीड-भाड वाली जगहो पर आते जाते लोगो से बातचीत के दौरान यह पता करके की जो लालची प्रवृति का व्यक्ति होता है तो उसे प्रलोभन देते है और अपना एक फर्जी आईडी पर लिया गया मो0 न0 उस व्यक्ति को दे देते है, जोकि उन्हे अभियुक्त सूरज उपलब्ध कराता है अभियुक्त सूरज रास्ते पर तम्बू लगाकर सिम कार्ड बेचने का काम करता है।

## जलशून्य यमुना नदी पर चर्चा के लिये नगर निगम का विशेष अधिवेशन बुलायें: सिविल सोसायटी ऑफ़ आगरा

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** आगरा महानगर में गंगाजल की पाइप लाइन से सप्लाई होने के बावजूद नागरिकों की 135 लि. प्रतिदिन की मानक जरूरत के लायक पानी की उपलब्धता अपर्याप्त है।यह स्थिति तब है जबकि महानगर को अपर गंगा कैनाल से पाइप लाइन के द्वारा 140 क्यूसेक गंगाजल की आपूर्ति हो रही है और नगर निगम के सभी वार्डों का वाटर वर्क्स का पानी जल निगम के अवस्थापना संबंधित आपूर्ति नहीं किया जा सका है।

उपरोक्त मुद्दे पर सिविल सोसायटी ऑफ़ आगरा ने नगर निगम कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष रवि माथुर से उनके पीपल मंडी स्थित निवास पर सिविल सोसायटी ऑफ़ आगरा के सदस्यों के द्वारा चर्चा कर तथ्य पत्र प्रदान कर उनसे नगर निगम,जलसंस्थान और अधिकारियों को जानकारियां उपलब्ध करवाने का आग्रह किया गया।महानगर की जलापूर्ति के लिये 445.35 एम एल डी पानी की जरूरत(एडीबी -Asian Development Bank के लिये बनाये गये स्मार्ट सिटी डौक्यूमेंट के अनुसार) होती है।

जबकि प्रचलित जानकारी के अनुसार 300 एम एल डी पानी ही उपलब्ध होता है। सिविल सोसायटी ऑफ़ आगरा ने जीवनी मंडी जलकल और सिकंदरा जलकल की शोधन इकाइयों के बंद हो जाने के बाद जल निगम और जलकल प्रशासन के द्वारा नगर निगम सदन आधिकारिक जानकारियां उपलब्ध न करवाये जाने के फलस्वरूप नागरिकों को उपलब्ध जानकारियों के अनुसार जल कार्य । (जीवनी मंडी ) जो कि 250 एम एल डी की स्थापित क्षमता के सापेक्ष 180 एम एल डी और जल कार्य-।।(सिकंदरा जलकल)जो कि 144 एम एल डी क्षमता के सापेक्ष 90 एमएलडी शोधित जल महानगर की जल आपूर्ति के लिये उपलब्ध करवाते थे,अब कार्यरत नहीं रह गये हैं। जलकार्य-। (जीवनी मंडी) का उपयोग यमुना जल के शोधन के लिये बिल्कुल ही बन्द हो चुका है।

# आगरा के खेरागढ़ में परचून गोदाम में लगी आग, गोदाम की छत गिरने से बाल-बाल बचे दमकलकर्मी

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** खेरागढ़ कस्बे में गुरूवार सुबह परचून के एक गोदाम



में लगी भीषण आग में लाखों रुपये कीमत का सामान जलकर राख हो गया। इस आग को बुझाने में फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को भी मुश्किल आई क्योंकि गोदाम तक पहुंचने के लिए एक दुकान तोड़कर रास्ता बनाना पड़ा। गोदाम की छत गिरने से दमकलकर्मी बाल-बाल बचे। यह अग्निकांड कस्बा खेरागढ़ में राधा पैलेस मार्केट के पास के एक गोदाम में हुआ है। इस गोदाम में परचून का सामान भरा हुआ था। माना जा रहा है कि विद्युत श?र्ट सर्किट के कारण आग लगी क्योंकि जिस समय आग लगी, उस समय गोदाम बंद था।

गोदाम से धुआं उठते देख आसपास के लोगों ने शोर मचाया। एकत्रित लोगों ने पुलिस को सूचना दी। फायर ब्रिगेड की गाड़ी के आने से पहले लोग अपने स्तर से ही आग पर काबू पाने का प्रयास करते रहे। पहली दमकल आई भी तो उसे वापस लौटना पड़ा क्योंकि उसमें पानी ही नहीं था। इसके बाद फायर ब्रिगेड की दूसरी गाड़ी मौके पर पहुंची और गोदाम पर पानी फेंकना शुरू किया।

आग पर काबू पाने के लिए गोदाम के अंदर घुसे दमकल कर्मी उस समय बाल-बाल बच गए, जब अचानक से गोदाम की छत भरभराकर नीचे आ गिरी। इसके बाद आग पर काबू पाने के लिए एक अन्य दुकान की दीवार को जेसीबी मंगवाकर तोड़ा गया ताकि गोदाम तक पहुंचने का रास्ता बन सके।

गोदाम में लगी आग से आसपास की दुकानों के मालिक भी डर गए थे और सभी अपनी-अपनी दुकानों से सामान निकालने में जुट गए थे। जिस गोदाम में आग लगी हुई थी, वहां भारी भीड़ एकत्रित हो गई थी। कई घंटे बाद आग पर काबू पाया जा सका।

# महाकुंभ के यात्रियों की सुविधा व सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त

अवधनामा संवाददाता



**उरई (जालौन)।** महाकुंभ मेला में जाने वाले यात्रियों को सुविधा, सुरक्षा व सेवा के लिए जिला प्रशासन कमर कस कर तैयार हो चुका है। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार ने महाकुंभ 2025 की तैयारियों को लेकर विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में देश भर से महाकुंभ में पहुँचने वाले श्रद्धालुओं की जनपद में सेवा, सुरक्षा व सुविधा को लेकर पुलिस, रेलवे, परिवहन सहित आदि विभागों द्वारा की गई तैयारी पर गहन चर्चा कर सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए है। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि प्रयागराज में महाकुंभ को लेकर बड़ी संख्या में देशभर से श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है, ऐसे में जालौन जनपद से गुजरने के दौरान उन्हें किसी प्रकार की दिक्कत और परेशानी न हो इसको लेकर स्थानीय प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए है। उन्होंने कहा कि श्रद्धालु सुगमता के साथ अपनी यात्रा कर सके इसके लिए उनकी सुविधा का पूरा ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि रेल एवं सड़क मार्ग की सुरक्षा को लेकर पुलिस एवं विभागीय अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर ग्राम सुरक्षा समिति को सक्रिय कर उनके माध्यम से भी सुरक्षा व्यवस्था पर पूरा नज़र रखी जा रही है।उन्होंने कहा कि स्टेशन, बस स्टैंड आदि स्थानों पर मुख्य गेट से चेकिंग का प्रबंध किया जाए, साथ ही जनपद से सटे राज्यों की पुलिस से भी समन्वय स्थापित कर सुरक्षा पर पैनी नजर रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि स्टेशन, बस स्टैंड पर श्रद्धालुओं को सुविधा के लिए, सुविधा केंद्र स्थापित किए जाएंगे जहां वालंटियर श्रद्धालुओं को सभी प्रकार की जानकारी मुहय्या कराएंगे साथ ही किसी प्रकार की समस्या या शिकायत पर समन्वय स्थापित कर अधिकारी निस्तारण करेंगे। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सदर उप जिलाधिकारी आदि संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि रेलवे स्टेशन स्थित गांव में स्कूल या डिग्री कॉलेज चिन्हित कर वहां पर श्रद्धालुओं को रुकने की समुचित व्यवस्था के साथ साफ सफाई अलाव की आदि की व्यवस्था हो। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सड़क मार्ग पर हर 100 मीटर के अंतराल पर आपातकालीन नंबर भी पेंट कराएं एवं बाहर से आने वाले लोगों का सत्यापित सत्यापन करें व संदिग्ध व्यक्तियों पर पैनी नजर रखें। उन्होंने कहा कि होटल में रहने वाले हर एक व्यक्ति का वेरिफिकेशन कर रजिस्टर में भी उनके आधार नंबर आईडी अंकित करें जिससे उनकी पहचान हो सके। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं के जनपद आगमन पर सड़क मार्गों पर होर्डिंग लगवा कर जगह जगह स्वागत आदि की व्यवस्था की जाए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सोशल मीडिया पर भ्रामक प्रचार करने वालों पर 24 घंटे नजर रखी जाएगी व झूठी, भ्रामक पोस्ट पर कार्यवाही होगी।

## राष्ट्रीय युवा दिवस पर चंबल मैराथन का पांचवां संस्करण

अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में चंबल संग्रहालय द्वारा आयोजित चंबल मैराथन का पांचवां संस्करण 12 जनवरी 2025 को आयोजित किया जाएगा। इस अनूठी मैराथन की तैयारियां जोरों पर हैं, जिसमें प्रतिभागियों के जोश और आयोजन की भव्यता ने इसे खास बना दिया है। चंबल मैराथन की शुरुआत सुबह 8 बजे इटावा के डॉल्फिन सफारी, सहसो से होगी और यह पांच नदियों के संगम पंचनद पर समाप्त होगी। मैराथन का मार्ग बल्हे गढ़िया, हरके पुरा, चंबल आश्रम हुकुमपुरा, जायघा, मई, और जगम्मनपुर जैसे ऐतिहासिक स्थलों से गुजरते हुए न केवल धावकों को रोमांचित करेगा, बल्कि चंबल क्षेत्र के प्राकृतिक और सांस्कृतिक महत्व को भी उजागर करेगा। इस आयोजन में औरैया, इटावा, जालौन, भिंड, मुरैना, ग्वालियर, धौलपुर, आगरा और अन्य क्षेत्रों के सैकड़ों धावक भाग लेंगे। चंबल संग्रहालय के महानिदेशक डॉ. शाह आलम राना ने बताया कि चंबल मैराथन का मुख्य उद्देश्य इस क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देना और चंबल के बीहड़ों गांवों, प्राकृतिक सौंदर्य, और ऐतिहासिक महत्व को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना है। 42.195 किमी की इस मैराथन का रूट इटावा, भिंड, और जालौन जिलों के गांवों और जंगलों से होकर गुजरेगा। डॉ. राना ने कहा, इस आयोजन के माध्यम से धावकों को चंबल अंचल की अनोखी विशेषताओं का अनुभव होगा। यहां की सरसों के पीले फूल, बलखाती नदियां, औषधीय पौधों से भरे जंगल, प्रवासी पक्षियों के झुंड, और मगरमच्छों व डॉल्फिन की अठखेलियां धावकों को एक अलग अनुभव प्रदान करेंगी। चंबल मैराथन केवल एक खेल आयोजन नहीं है, बल्कि यह चंबल क्षेत्र की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहरों को उजागर करने का प्रयास भी है। बीहड़ों से होकर गुजरने वाले इस मार्ग में प्रतिभागी उन स्थानों को देख सकेंगे, जो कभी डाकुओं और बागियों की शरणगाह हुआ करते थे।

## सपा सैनिक प्रकोष्ठ की मासिक बैठक संपन्न हुई



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** आवास विकास समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय पर सैनिक प्रकोष्ठ की मासिक बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता श्री के के यादव जिला अध्यक्ष द्वारा की गई आज की बैठक के प्रभारी जिला उपाध्यक्ष रमेश चंद कटेरिया जी रहे बैठक का संचालन जिला महासचिव अमित कुमार ने किया। बैठक को सफल बनाने के लिए विस्तार पूर्वक चर्चा की सैनिक प्रकोष्ठ के पदाधिकारी को बैठक में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। जिला अध्यक्ष श्री ने संगठन की विस्तार देते हुए विवेक शर्मा को जिला सचिव, बलवीर शर्मा को जिला कार्यकारिणी सदस्य योगेश कुमार को जिला सदस्य आदि पदाधिकारी बनाकर जिम्मेदारी दी। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव जी के चाचा राजपाल सिंह का निधन हो जाने पर सैनिक प्रकोष्ठ के सभी पदाधिकारीगण 2 मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। बैठक में उपस्थित - प्रदेश सचिव रामाधार सिंह यादव,प्रदेश सदस्य छोटे सिंह यादव,वेद लाल यादव,जिला उपाध्यक्ष,राजेंद्र सिंह,सर्वेश कुमार,रघुवीर सिंह, बहादुर सिंह,कश्मीर सिंह,जिला सचिव बलवीर सिंह शर्मा,वेद प्रकाश गौतम,भूपेंद्र सिंह,शंभू दयाल,योगेश कुमार,विवेक शर्मा दीप सिंह, बलराम सिंह यादव,राजीव सिंह यादव, अशोक यादव आदि उपस्थित रहे।

## आबकारी विभाग ने औचक निरीक्षण किया

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** फर्रुखाबाद आबकारी आयुक्त, उ॰ के आदेश एवं जिलाधिकारी, फर्रुखाबाद के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी फर्रुखाबाद के पर्यवेक्षण में प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत आज आबकारी निरीक्षक क्षेत्र- 3 सचिन त्रिपाठी मय स्टाफ द्वारा थाना मोहम्मदाबाद क्षेत्रांतर्गत फुटकर आबकारी दुकानों का औचक निरीक्षण किया। स्टाक रजिस्टर, Online Payment, CCTV कैमरा POS मशीन से बिक्री का परीक्षण किया गया। जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण/बिक्री/परिवहन की रोकथाम हेतु प्रवर्तन कार्य निरंतर जारी रहेगा।

## मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के संबंध मे हुई बैठक

**अंबेडकरनगर।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के संबंध में बैठक आयोजित किया गया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत तहसीलो में प्राप्त आवेदन पत्रों का शासनादेश में दिए गए निर्देशों के क्रम में जांच पूर्ण करते हुए 16 जनवरी 2025 तक निस्तारित करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी महोदय द्वारा समस्त तहसीलदारों को निर्देशित किया गया कि अपने अधीनस्थ समस्त कार्मिकों की कार्यशाला आयोजित कर मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दें, जिससे कोई भी आवेदन तहसील स्तर से लंबित न रहे।बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, उप जिलाधिकारी, समस्त तहसीलदार तथा संबंधित विभाग के अधिकारी/ कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

# गांव में दलितों ने ठाकुरों को दी चेतावनी सड़क पर लिखा प्रवेश वर्जित

अवधनामा संवाददाता



- रूपये का लेनदेन बदला जातीय संघर्ष में
- दो पक्ष आपस में भिड़े थाने पर किया हंगामा

**गोरखपुर।** सहजनवां थाना क्षेत्र के सेमरा में रूपये के लेनदेन को लेकर दलित और ठाकुरों का पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनो पक्षों की तरफ से सैकड़ों ग्रामीण कारवाई करने की मांग लोग थाने में हंगामा किया। पुलिस ने दोनो पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मिली जानकारी से थाना क्षेत्र के सेमरा निवासी दिवाकर पुत्र स्व मोलहु और अभिनाश सिंह पुत्र महेंद्र सिंह के बीच रूपये के लेनदेन को लेकर 4 दिसंबर को विवाद कर दिए थे। जिसको लेकर दर्जनों की संख्या में दलित समुदाय के लोग ठाकुर जाति के घर पर चढ़ आए थे। जिसको लेकर दोनो पक्षों में ठस बनी हुई थी। उसी ठस को लेकर आरोप था कि टिंकू पुत्र श्रीराम को ठाकुर जाति के लोग बंधक बना कर मारा पीटा। इसके बाद कार्रवाई को लेकर दोनो पक्ष के सैकड़ों ग्रामीण थाने पर आकर हंगामा करने लगे। पुलिस ने तहरीर लेकर थाने से बाहर किया। बाहर जाने के बाद भी दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए। पुलिस ने किसी तरह दोनों पक्षों को भगाया। दोनो पक्षों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

वही दलित जाति के लोगो ने गांव की सड़क पर स्लोगन लिखा है कि दलित बस्ती में ठाकुरों का प्रवेश वर्जित है। इस संदर्भ में थानेदार विशाल उपाध्याय ने कहा की दोनो पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## इतिहास और विकास के संगम पर गोरखपुर महोत्सव का आज से आगाज

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** गोरखपुर इतिहास और गर्वानुभूति कराने वाले विरासत से समृद्ध है तो बीते सात सालों से यहां का विकास नजीर पेश कर रहा है। इतिहास और विकास के संगम पर साल दर साल गोरखपुर की ब्रांडिंग का बड़ा मंच बन रहे गोरखपुर महोत्सव का इस वर्ष आगाज शुक्रवार (10 जनवरी) को हो रहा है। रामगढ़ताल के सामने स्थित चम्पा देवी पार्क में गोरखपुर महोत्सव का शुभारंभ शुक्रवार को प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह करेंगे। जबकि औपचारिक समापन समारोह में 12 जनवरी (रविवार) को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सानिध्य प्राप्त होगा। महोत्सव 16 जनवरी तक जारी रहेगा। बीते सालों की भांति इस साल भी गोरखपुर महोत्सव कला, संस्कृति, ज्ञान, विज्ञान, मेधा, मनोरंजन और रोजगार का मंच देने के लिए तैयार है। गोरखपुर महोत्सव की खासियत यह भी है कि यह हाल के छह-सात सालों में गोरखपुर की विकसित पहचान को एक उत्सवी मंच दे रहा है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2017 से गोरखपुर ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में प्रगति की नई उड़ान भरी है। कभी पिछड़ेपन का दंश झेलने वाले इस जिले ने विकास के नए प्रतिमान स्थापित किए हैं। शानदार इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, बेहतरीन रोड और एयर कनेक्टिविटी, खाद कारखाना, पिपराइच चीनी मिल, एम्स, रीजनल मेडिकल रिसर्च सेंटर, आयुष विश्वविद्यालय, चिड़ियाघर, वाटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स जैसे अनेक प्रोजेक्ट्स की सौगात पाने के साथ निखरे रामगढ़ताल की अगुवाई में एक नए टूरिस्ट सेंटर के रूप में भी ख्याति बटोर रहा है। विकास और रोजगार के साथ यहां की कला, संस्कृति भी लगातार संरक्षित और समृद्ध हुई है। इन सबको समेटते हुए गोरखपुर महोत्सव एक आईना के रूप में है। यह महोत्सव कला, संस्कृति, पर्यटन व रोजगार का भी सशक्त मंच बना है।

## अनाधिकृत प्लाटिंग पर गरजा प्रशासन का बुलडोजर



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** बगैर नक्शा पास कराए अवैध ढंग से की जा रही प्लाटिंग पर निर्मित व निर्माणाधीन आवासों उरई विकास प्राधिकरण द्वारा बुलडोजर चलाकर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई है। विकास प्राधिकरण उरई के सचिव ने बताया कि जिलाधिकारी/उपाध्यक्ष के निर्देशन में उरई विकास प्राधिकरण के क्षेत्रान्तर्गत हो रहे अवैध निर्माणों पर प्रभावी नियंत्रण / रोकथाम के दृष्टिगत मौजा उरई ग्रामीण में बम्बी के आगे जालौन रोड पर स्थित गाटा सं0 47 में राजकुमार विश्वकर्मा, महेश प्रसाद, दिनेश कुमार व दीपक कुमार विश्वकर्मा द्वारा लगभग 6 एकड़ में प्राधिकरण से बिना तलपट मानचित्र स्वीकृत कराये अनाधिकृत तरीके से की जा रही प्लाटिंग पर उरई विकास प्राधिकरण द्वारा जे0सी0बी0 से ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी।

## नेत्रहीन बच्चों से मिलकर हालचाल जाना

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी ने नेत्रहीन बच्चों के विद्यालय का दौराकर वहां के बच्चों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना व उन्हे बिस्कुट,फल,मिष्ठान एवं सर्दी से बचाव हेतु गर्म कपड़ो का वितरण किया गया।

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने लहरियापूर्वा स्थित नेत्रहीन विद्यालय का दौरा किया और वहां के बच्चों के बीच गर्म वस्त्र, मिठाई, बिस्कुट, फल और अन्य जरूरी सामग्री का वितरण किया। जिलाधिकारी ने विद्यालय के बच्चों से मिलकर उनका हाल चाल लिया एवं उन्हें ठंड से बचने के लिए गर्म कपड़े स्वेटर आदि प्रदान किए सहित मिठाई,बिस्कुट फल आदि के पैकेट का बितरण किया जिससे बच्चों के चेहरे पर खुशी का भाव दिखाई दिए ।जिलाधिकारी श्री पांडे ने विद्यालय के शिक्षकों से बच्चों की पढ़ाई और अन्य जरूरतों के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए प्रशासन हरसंभव सहायता प्रदान करेगा

## देश में जनहित की योजनाओं का काम सिर्फ कांग्रेस ने किया है



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में कांग्रेस महासचिव/प्रभारी, उत्तर प्रदेश कांग्रेस अविनाश पाण्डेय के नेतृत्व व प्रदेश अध्यक्ष अजय राय जी की अध्यक्षता में बाराबंकी के कांग्रेसजनों की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में लोगों को सम्बोधित करते हुये वक्ताओं ने कहा कि पार्टी नीतियों घर घर पहुंचाना होगा जिससे आप लोगों को कांग्रेस से जोड़ा जा सके। देश और प्रदेश कि भाजपा सरकार साम्प्रदायिक राजनीत कर सत्ता में रहना चाहती है। इस सरकार को गरीब मजदूर और किसान बेरोजगारों से कोई सरोकार नहीं। देश में जनहित की योजनाओं का काम सिर्फ कांग्रेस ने किया है। इस दौरान संगठन सृजन पर व्यापक चर्चा हुई। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता पी. एल. पुनिया . सांसद किशोरी लाल शर्मा, राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर, परेश महासचिव समशुल हसन उमरा, अनीस रजा खान, विधायक वीरेंद्र चौधरी, बाराबंकी लोकसभा सांसद तनुज पुनिया के साथ सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# इमामी ने पुरूषों की ग्रूमिंग को दी बोल्ड और नई पहचान : स्मार्ट एण्ड हैण्डसम

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** इमामी लिमिटेड ने पुरूषों के लिए अपने जाने-माने ब्राण्ड 'फेयर एण्ड हैण्डसम' को नई पहचान देते हुए इसे 'स्मार्ट एण्ड हैण्डसम' के रूप में रीब्राण्ड किया है। इसके साथ ही कंपनी ने बॉलीवुड के जाने-माने एक्टर कार्तिक आर्यन को अपना नया ब्राण्ड अम्बेसडर बना लिया है।

यह रीब्रांडिंग बहुत अधिक मायने रखती है, ब्राण्ड तकरीबन दो दशकों से मेल ग्रूमिंग मार्केट में अपनी स्थिति को मजबूत बनाए हुए है और उपभोक्ताओं की बदलती पंसद के साथ अपने आप में बदलाव लाता रहा है। आज के दौर में उपभोक्ता ऐसे नए प्रोडक्ट्स एवं समाधानों को अपना रहे हैं, जिनके साथ वे अपने आप को अच्छी तरह मेंटेन कर सकें, अपने लुक में निखार ला सकें। नए प्रोडक्ट लॉन्च और ब्राण्ड के नए चेहरे कार्तिक आर्यन के साथ हमें विश्वास है कि स्मार्ट एण्ड हैण्डसम के रूप में यह नई पहचान तेज़ी से विकसित होते मेल ग्रूमिंग मार्केट में एक बेहतरीन ग्रूमिंग समाधान के रूप में हमारी स्थिति को और अधिक मजबूत बनाएगी।'' श्री मोहन गोयंका, वाईस चेयरमैन और होलटाईम डायरेक्टर, इमामी लिमिटेड ने कहा। आज के युवा पुरूष अपनी त्वचा की देखभाल एवं ग्रूमिंग को प्राथमिकता देते हैं और स्मार्ट एण्ड हैण्डसम उनकी बदलती ज़रूरतों को पूरा करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। 'हर रोज़ हैण्डसम कोड' पुरूषों को ऐसे ग्रूमिंग समाधान उपलब्ध कराने की ब्राण्ड की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जो उनके आत्मविश्वास और व्यक्तित्व में निखार लेकर आएगा। ब्राण्ड के लिए युवाओं का सिर्फ अच्छा दिखना ही मायने नहीं रखता, बल्कि यह भी ज़रूरी है कि वे रोज़ाना अपने आप में भरपूर आत्मविश्वास महसूस करें। यह नई पहचान मेल ग्रूमिंग के लिए ब्राण्ड के समग्र दृष्टिकोण को दर्शाती है, जो उनकी सम्पूर्ण देखभाल के लिए आधुनिक समाधान लेकर आता है।

रीब्रांडिंग के साथ नई पैकेजिंग पर एक खास स्टेटमेन्ट दिखाई देता है ''फेयर एण्ड हैण्डसम इज़ नाओ स्मार्ट एण्ड हैण्डसम' जिससे उपभोक्ताओं में ब्राण्ड की पहचान और इसके प्रति भरोसा और मजबूत होगा।

## बिना हेल्मेट नहीं मिलेगा पेट्रोल

**फर्रूखाबाद।** फर्रूखाबाद में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने तथा हेल्मेट न पहनने के कारण सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी महोदय द्वारा दिनांक 26-01-2025 से '' नो हेल्मेट, नो फ्यूल '' की रणनीति लागू की गयी है। उल्लेखनीय है कि जनपद फर्रूखाबाद में वर्ष 2024 में 390 सड़क दुर्घटनाओं में 213 व्यक्तियों की मृत्यु हुई है, जबकि वर्ष 2023 में 401 सड़क दुर्घटनाओं में 197 व्यक्तियों की मृत्यु हुई थी। एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत ने जानकारी दी कि केन्द्रीय मोटर यान अधिनियम-1988 की धारा-129 एवं उ0प्र0 मोटर यान नियमावली-1998 के नियम-201 के अनुसार सभी मोटर साइकिल चालकों एवं सवारियों के लिये भारतीय मानक ब्यूरो (बी0आई0एस0) द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप प्रोटेक्टिव हेडगियर (हेल्मेट) पहनना अनिवार्य है।

## चालकों को जागरूक कर डग्गामार बस पकड़ी

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी फर्रुखाबाद डॉक्टर वी के सिंह के निर्देशन में मनाये जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत आज दिनांक 09-01-2025 को परिवहन कार्यालय फर्रुखाबाद में बस, ऑटो, ई-रिक्शा तथा टैक्सी चालकों एवं उनके यूनियन के पदाधिकारियों के साथ सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में 32 प्रतिभागी उपस्थित रहे। यूनियन पदाधिकारियों एवं चालकों को संबोधित करते हुए एआरटीओ प्रशासन वी एन चौधरी ने बताया की बस, ऑटो, ई-रिक्शा तथा टैक्सी आम जनता के आवागमन के साधन के रूप में संचालित होती है, अतः सभी चालकों को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करते हुए सावधानी के साथ वाहन चलाना चाहिए ताकि सड़क पर चलने वाले व्यक्ति एवं वाहन में बैठी हुई सवारी सुरक्षित रहे। सभी परिवहन यानो के स्वामियों एवं चालकों को अपने प्रपत्रों की जांच करते रहना चाहिए ताकि किसी दुर्घटना की स्थिति में बीमा कंपनी से क्लेम मिल सके। वाहन की फिटनेस जांच नियमित अंतराल पर कराएं । नशा, नींद तथा तेज रफ्तार में कभी भी वाहन न चलाएं । वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें तथा मोबाइल फोन का प्रयोग बिल्कुल भी ना करें। परिवहन विभाग द्वारा समय-समय पर चालको हेतु स्वास्थ्य जांच कार्ड बनाए जाते हैं जिनके माध्यम से राजकीय चिकित्सालय में निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है ताकि चालक स्वस्थ स्थिति में ही वाहन चलाएं।

## सर्किल रेट निर्धारित न होने पर सौंपा ज्ञापन

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवां से दोहरीघाट जा रही रेलवे लाइन की भूमि के अधिग्रहण के लिए सहमति पत्र पर हस्ताक्षर तथा किसानों को नोटिस न दिए जाने पर तहसील क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक गांव के किसानों ने भूमि अधिग्रहण का सर्किल रेट से अधिक निर्धारित न किए जाने पर सहमति प्रपत्र पर हस्ताक्षर करने से इंकार करने के साथ नोटिस न दिए जाने पर तहसील पर प्रदर्शन कर एसडीएम दीपक गुप्ता को ज्ञापन सौप कर किसानों ने आरोप लगाया है कि रेलवे विभाग द्वारा उज्जीखोर ,रहीमाबाद,बनगांवा, सहिजना, भपसा, अड़ीलापार, तीनहरा,कैली, बनौड़ा,बेलवाडाड़ी,कटका, जोन्हिया, हरिबंशपुर के किसानों की भूमि रेलवे विभाग द्वारा अधिग्रहण करने की प्रक्रिया की जा रही है। विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी कार्यालय ने वृहस्पतिवार को इन सभी गांव के किसानों को सहमति प्रपत्र पर हस्ताक्षर करने के लिए बुलाया गया था। लेकिन रेलवे ने किसान की भूमि लेने के लिए सर्किल रेट निर्धारित नहीं किया। ओने पौने दामों में खरीदना चाहता है। जिससे आक्रोशित किसानो प्रपत्र पर हस्ताक्षर करने के इंकार कर दिया। किसानों ने मांग किया कि जब तक रेलवे द्वारा सर्किल रेट से अधिक निर्धारित नहीं करता है। तब तक सहमति प्रपत्र पर हस्ताक्षर नहीं करेंगे। भूमि अधिग्रहण नहीं होने देंगे। प्रदर्शन करने वालो में सुरेश यादव, धर्मेंद्र सिंह, रणविजय यादव, आलोक, सोलंकी, हरिकेश द्विवेदी, संदीप सोलंकी, हरिमोती, रामसेवक, मान्धाता सिंह, अभय यादव, कंचन सिंह, सीताराम निषाद,पृथ्वीराम सिंह,प्रभुनाथ,कुशल,अमित, यशवंत सिंह सहित कई गावो के किसान मौजूद रहे।

# मोतीचक ब्लॉक का डीएम ने किया निरीक्षण

## केयर टेकरों की भुगतान के बारे में ली जानकारी, निरीक्षण से दिखे संतुष्ट

अवधनामा संवाददाता



मोतीचक ब्लॉक का निरीक्षण करते डीएम

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने गुरुवार को वार्षिक निरीक्षण कार्यक्रम के तहत मोतीचक ब्लॉक का निरीक्षण किए। निरीक्षण के दौरान डीएम ने एकङ्कएक कार्यालय का हाल जाना तथा जिम्मेदारों से पूछताछ किया। डीएम को ब्लॉक प्रमुख अर्चना सिंह व खंड विकास अधिकारी रामानंद वर्मा ने गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। इसके बाद जिलाधिकारी ने लेखागार कक्ष, एनआरएलएम विभाग, मनरेगा की जानकारी लिया। लेखागार में लिपिक हरिओम शुक्ला से योजनाओं से संबंधित रजिस्टर को देखा। इसके बाद ब्लॉक परिसर, प्रमुख कक्ष, बीडीओ आवास का निरीक्षण किया। साथ ही परिसर में पुराने बिल्डिंग जो बीएसएनएल टॉवर व ब्लॉक में खड़ी पुरानी जीप के बारे में जानकारी लिया। इसपर बीडीओ को उक्त जीप को नीलाम करने का निर्देश दिया। इसके बाद डीएम ने ब्लॉक प्रमुख के साथ परिसर में वृक्षारोपण किया। तत्पश्चात बीडीओ कक्ष में बैठक कर विकास कार्यों की समीक्षा किया। इस दौरान डीएम ने संचालित योजनाओं की गहनता से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिया।

इस दौरान सामुदायिक शौचालयों में नियुक्त केयर टेकर के मानदेय भुगतान की जानकारी लेने पर संबंधित द्वारा बताया गया कि माह अक्टूबर तक का भुगतान किया गया है अवशेष के संबंध में संतोषजनक उत्तर नहीं मिलने पर भविष्य के लिए आगाह किया गया कि लापरवाही किसी भी स्तर पर क्षम्य नहीं होगी। डीएम ने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को हर हाल में मिले। आवास, पेंशन, शौचालय, पीएम सम्मान निधि, समाज कल्याण विभाग, फॉर्मर रजिस्ट्री, ई केवाईसी आदि की भी समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान डीडीओ कल्पना मिश्रा, पी.डी. जगदीश त्रिपाठी, डीसी एनआरएलएम आर पी मिश्रा, एडीसीओ राजेश कुमार यादव, बीडीओ रामानंद वर्मा, एपीओ आलोक यादव, एडीओ पंचायत राजकुमार, एडीओ आईएसबी बिंदा देवी, शशि प्रभा सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि संदीप सिंह, सचिव समरजीत सिंह, सीडीपीओ प्रभारी विभा शाही, मो. जान अली सहित तमाम अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## पंचायतीराज उपनिदेशक ने महिला प्रधानों के अधिकारों के बारे में दी जानकारी

**गोरखपुर।** पंचायतीराज के उप निदेशक हिमांशु ठाकुर ने राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के अंतर्गत सहजनवां ब्लाक मुख्यालय पर जूम मीटिंग में प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रधानों को संबोधित करते हुए कहा कि महिला प्रधानों के अधिकारों के कटौती का समय समाप्त हो गया।उनकी पहचान उनके नाम और पद से ही होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय ने पंचायती राज व्यवस्था को लेकर कुछ दिशा निर्देश जारी किए है।उसके तहत अब महिला प्रधानों को दबाया नहीं जाना चाहिए। पंचायती व्यवस्था के तहत ग्राम पंचायतों में प्रधान के रूप में कई महिलाएं चुनकर आई है।लेकिन उनको सिर्फ दिखावे के रूप में प्रयोग किया जाता है और उनके जगह प्रतिनिधि के रूप में पुत्र/पति कार्य करते है।लेकिन अब नहीं चलेगा। इसके अलावा उप्र पंचायती राज अधिनियम की धारा 15 में वर्णित ग्राम पंचायत के कार्य, धारा 95 1(6) के तहत प्रधानों को हटाने तथा ग्राम प्रधानों को स्वयं आयकर रिटर्न भरने आदि की जानकारी दी। मौके पर एडीओ पंचायत रामधारी प्रसाद, ग्राम प्रधान मदन मुरारी गुप्ता, विजय कुमार, जयप्रकाश, सुशील सिंह, एई सूर्य प्रकाश वर्मा, लोकेश सहित कई ग्राम प्रधान व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## समाजवादी छात्र सभा एवं समाजवादी शिक्षक सभा ने किया मासिक बैठक का आयोजन



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** समाजवादी छात्रसभा की मासिक बैठक का आयोजन जिलाध्यक्ष हर्ष गंगवार ने कायमगंज विधानसभा में जिला पंचायत सदस्य कृष्णपाल सिंह यादव के प्रतिष्ठान पर किया गया बैठक की अध्यक्षता प्रभारी ओमप्रकाश यादव जिला सचिव ने की समाजवादी छात्र सभा के ज़िलाध्यक्ष ने प्रदेश अध्यक्ष छात्रसभा विनीत कुशवाह के निर्देश पर आयोजित बैठक को आज प्रातः श्रद्धेय नेताजी के अनुज भ्राता श्री राजपाल यादव का गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में लंबे इलाज के बाद निधन हो जाने के कारण सभी पदाधिकारियों ने मौन धारण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित कर मीटिंग को स्थगित कर दिया। इस दौरान ग्राम चिलौली प्रधान शिवम यादव,ज़िला महासचिव राहुल यादव,रवि यादव सह-मीडिया प्रभारी,दीपक गंगवार,वीके गंगवार,अरविंद यादव,विपुल गंगवार,निर्दोष मौर्य,डा.विवेक,शिवम गंगवार,मयंक गंगवार,अनमोल गंगवार,शिवा गंगवार,विक्रांत गंगवार,प्रियांशु गंगवार,कुलदीप शाक्य,गुलफाम अहमद,सलमान अहमद,अनुपम कुमार,दीपक माथुर,सुमित यादव,कुलदीप यादव,विकास,सचिन यादव आदि समाजवादी छात्रसभा के कार्यकर्ता मौजूद रहे। वही *समाजवादी शिक्षक सभा की मासिक बैठक* शिक्षक सभा के जिला अध्यक्ष अरविंद यादव के निज निवास स्थित कैंप कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रभात कुमार यादव प्रदेश सचिव समाजवादी शिक्षक ने की। इस बैठक में जिला अध्यक्ष शिक्षक सभा अरविंद यादव ने कहा कि पीडीए के लोगों को एकत्रित करके जन-जन तक पार्टी से लोगों को जोड़ने की अपील करें।

## सूचना

समन बनाम कायम मुकाम कानूनी मुद्दअलेह मुतवफा (आर्डर 22 कायदा 4) न्यायालय एफ0टी0सी0-द्वितीय/सिविल जज, जू.डि.सहारनपुर.वाद सं0-292 सन 2006 1. धूम सिंह पुत्र बख्तावर सिंह 2. श्रीमती सुभाषना पत्नी धूम सिंह 3. धर्मपाल पुत्र बख्तावर सिंह 4. प्रवेश कुमार पुत्र धर्मपाल...(बनाम) 6/1- श्रीमती हिमांशी बेवा जयवीर 6/2.ओरस नाबालिग पुत्र जयवीर आयु 5 वर्ष 6/3.शानवी नाबालिग पुत्री,जयवीर,आयु 3 वर्ष 6/2 व 6/3 जेरे विलायत व जेरे परवरिश अपनी प्राकृतिक माता श्रीमती हिमांशी नि.ग्राम छपरहेडी परगना व तहश व ज़ि.सहारनपुर हरगाह वादी ने बनाम मुद्दई एक नालिश इस अदालत में बतारीख मुद्दाअलेह के रूजू की थी, जो बाद को फोत हो गया और हरगह मुद्दई मजकूर ने एक दरख्वास्त इस अदालत में गुजारनी है, जिसमें वह लिखता है कि आप मुतवफ्का मजकूर के कायम कानूनी है और चाहता है कि आप बजाय मुद्दाअलेह बनाये जायें अतः तारीख़ वास्ते समात उक्त आवेदन 15/1/ 2025 नियत हुई है लिहाज़ा आपको हुक्म होता कि आप असालतन या वकालतन नियत तिथि पर न्यायालय में हाज़िर हो कर जवाब देही दावा करें ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय सुना जायेगा एवं फैसला होगा दि. 9.1.25 को अदालत की मुद्रा सहित जारी आज्ञा से मुंसरिम

# पोषण भी, पढ़ाई भी प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

*अवधनामा संवाददाता*

**रुदौली अयोध्या।** रुदौली ब्लॉक के सुभाष चन्द्र अग्रवाल सभागार में बाल विकास परियोजना रुदौली की तरफ से तीन दिवसीय पोषण भी, पढ़ाई भी प्रशिक्षण कार्यक्रम का




गुरुवार को प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ 7 जनवरी से किया गया था जो 9 दिसंबर को संपन्न हुआ।

त्रिदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में 73 रुदौली व 27 मवई ब्लाक की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा प्रतिभाग किया गया जिसमें प्रतिदिन आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रारंभ बाल्यावस्था देखभाल, बच्चों एवं महिलाओं के पोषण और परामर्श, गर्भवती महिलाओं की देखभाल स्तनपान, दिव्यांग बच्चों की देखभाल विषय पर विस्तृत रूप से विषय विशेषज्ञ द्वारा बताया गया ।प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी अयोध्या अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि प्रथम दिवस से लेकर तृतीय दिवस तक पोषण भी पढ़ाई के प्राप्त प्रशिक्षण को धरातल पर अमल करने के लिए प्रेरित किया। टीचिंग लर्निंग मटेरियल के बारे में बताया गया कि कम लागत में आंगनबाड़ी कैंप में बच्चों को कैसे पढ़ाया व सिखाया जाए इस बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई । बाल विकास योजना अधिकारी रुदौली श्रीमती रेनू यादव द्वारा जन्म से 05 तक के बच्चों के तीन प्रकार के कुपोषण की पहचान गंभीर अतिकुपोषित ,,नाटापन , सेम का किस प्रकार से चिन्हित किया जाए तथा उनके निवारण के विषय पर कार्यकत्रियों को ग्रोथ मॉनिटरिंग डिवाइस के माध्यम से बताया । मुख्य सेविका सिद्धि धात्री पाण्डेय ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को स्तनपान के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया व बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण पर बता कर उससे संबंधित भ्रांतियां को दूर किया। श्रीमती राधा वर्मा द्वारा बच्चों एवं किशोरी महिलाओं में एनीमिया के विषय जानकारी दी ।

कार्यशाला में सभी कार्यकत्रियों द्वारा भारत सरकार के पोर्टल पर ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज की तथा प्री टेस्ट हुआ पोस्टेड टेस्ट किया व प्रशिक्षण कार्यक्रम में ब्लॉक कॉर्डिनेटर द्वारा सभी कार्यकर्ताओं को ऑनलाइन टेक्निकल कार्यों में सहयोग किया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम से मुख्य सेविका नीलम वर्मा,राधा वर्मा, सरिता सचान सहित काफी संख्या आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रही।

## पूर्व मुख्यमंत्री के जन्मदिन को मनाये जाने को लेकर हुई बैठक

**मया बाजार अयोध्या।** बहुजन समाज पार्टी की मुखिया उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री मायावती का 69 वां जन्मदिन कार्यक्रम बहुजन समाज पार्टी जन कल्याणकारी दिवस के रूप में हर्षो उल्लास के साथ जिला मुख्यालय पर 15 जनवरी को मनाएगी। भारी भीड़ इकट्ठा करने के दृष्टिकोण से जिले के सभी विधानसभा क्षेत्र में कार्यकर्ता बैठक जारी है बृहस्पतिवार को गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की बैठक राम महर पकरैला के एक इंटर कॉलेज के मैदान में अयोध्या मंडल के प्रभारी दिलीप कुमार विमल की अध्यक्षता में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने कहा कि पिछड़े समाज को सबसे ज्यादा राजनीतिक भागीदारी बहुजन समाज पार्टी ने ही दिया है इतिहास गवाह है बहुजन समाज पार्टी के बनने से पहले देश की कोई भी राजनीतिक पार्टी अति पिछड़े समाज को राजनीतिक भागीदारी नहीं दिया जिससे पिछड़े समाज में राजनीतिक चेतना का अभाव रहा लेकिन बहुजन समाज पार्टी संगठन एवं सरकार में उचित भागीदारी देकर पिछडे समाज का जहां सम्मान बढ़ाया वहीं राजनीतिक चेतना भी पैदा किया है यही नहीं पिछड़े समाज में जन्मे संतों गुरुओं महापुरुषों के नाम से दर्जनों जन कल्याणकारी योजनाओं को चलाकर संतो गुरुओ का भी आदर व सम्मान किया है पिछड़े समाज के साथ-साथ समाज के सभी गरीब लोगों को बहुजन समाज पार्टी में आकर मजबूत करना चाहिए,, मंडल प्रभारी दिलीप कुमार विमल ने कहा की गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र के सभी पोलिंग बूथ से भारी संख्या में बहुजन समाज पार्टी के समर्थक कार्यक्रम में शामिल होंगे इसके लिए डोर टू डोर जनसंपर्क एवं गांव में चौपाल आयोजित किया जाएगा बैठक में बहुजन समाज पार्टी के प्रभारी महेंद्र प्रताप आनंद जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार पासी मोहम्मद मुस्लिम शेख हरिश्चंद्र निषाद वीरेंद्र गौतम राम भारत वर्मा रविंद्र कुमार भारती ग्राम प्रधान बंशीधर ग्राम प्रधान लक्ष्मी चंद्र ग्राम प्रधान हरिनाथ राव इंद्रसेन यादव पवन कुमार मिश्रा लल्लन प्रसाद पासवान विश्वनाथ कुमार राम सुभीत जितेंद्र पाल विनोद कुमार अशोक वर्मा पूर्व जिला पंचायत सदस्य राम सुभावन भारती ओम प्रकाश गौतम मनोरम पप्पू कुमार राव जगदीश प्रसाद झारखंड गौतम सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# महाकुंभ को लेकर बनाए जा रहे टेंट सिटी का हुआ निरीक्षण

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा के साथ महाकुंभ-2025 के अन्तर्गत मकर संक्रांति सहित अन्य स्नान पर्वों पर अयोध्या में लाखों की संख्या में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं हेतु बेहतर आश्रय व्यवस्था के दृष्टिगत पर्यटन निगम द्वारा बनायी जा रही टेन्ट सिटी/आश्रय स्थलों का भौतिक निरीक्षण किया।

मण्डलायुक्त ने उदया तिराहे के समीप पूर्व में निर्मित पार्किंग स्थल में बनायी जा रही टेंट सिटी का निरीक्षण करते हुए कहा कि सभी व्यवस्थाएं 13 जनवरी 2025 से पूर्व पूर्ण कर ली जाय। महाकुंभ प्रयागराज से अयोध्या पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को अयोध्या की विशिष्टताओं के अनुरूप टेन्ट सिटी में व्यवस्था हो यह सुनिश्चित किया जाय। निरीक्षण के दौरान पर्यटन निगम के अधिकारियों द्वारा बताया गया कि लगभग साढ़े पांच एकड़ में फैली टेन्ट सिटी के अन्तर्गत पार्किंग, किचन, डायनिंग एरिया सहित सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी। मण्डलायुक्त ने कहा कि टेन्ट सिटी



में प्रकाश हेतु लगने वाली लाईटें वार्म लाइट हो तथा सभी सुरक्षा मानकों का अनुपालन भी सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा नगर निगम व सम्बंधित एजेंसी आपस मे समन्वय कर यहां पर निकलने वाले कूड़े आदि का बेहतर प्रबंधन भी सुनिश्चित कराये।

साकेत पेट्रोल पम्प के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग लखनऊ अयोध्या के किनारे पर्यटन निगम द्वारा बनाये जा रहे आश्रय स्थल का भी भौतिक निरीक्षण में सभी तैयारियों को शीघ्र पूर्ण करते हुए संचालन प्रारम्भ करने के निर्देश दिये।

गौरतलब है कि पर्यटन निगम द्वारा अयोध्या में महाकुम्भ के दौरान तीन स्थलों यथा-उदया तिराहे के समीप लगभग 4000 व्यक्तियों हेतु 200 टेंट की व्यवस्था की गयी है, जिसमें खान-पान एवं प्रवास व्यवस्था होंगी। इसके अलावा 02 स्थलों पर आश्रम स्थल/रैन बसेरा बनाया जा रहा है, जिसमें बालू घाट तिराहे के समीप लगभग 2000 व्यक्तियों हेतु व स्फटिक शिला के समीप 1000 के व्यक्तियों की क्षमता वाला आवासीय टेन्ट बनाया गया है तथा इसके अतिरिक्त नगर निगम अयोध्या द्वारा भी पूर्व से विभिन्न स्थानों पर रैन बसेरे/आश्रय स्थल संचालित है।

# सावित्रीबाई फुले के साथ फातिमा शेख ने भारत का पहला स्कूल खोल था: वसीह हैदर



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** भारत देश की प्रथम मुस्लिम महिला शिक्षिका और समाज सुधारक समाज सेविका ज्योतिबा फुले व सावित्रीबाई फुले जी के संग मिलकर पहला स्कूल खोलने वाली फातिमा शेख की जयंती पर आजाद समाज पार्टी और भीम आर्मी भारत एकता मिशन ने गन्ना दफ्तर में उनकी फोटो पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके संघर्ष के बारे बताया गया। पूर्व जिलाध्यक्ष आजाद समाज पार्टी वसीह हैदर एडवोकेट ने बताया कि की आज हम लोगों को माता शेख फातिमा के जीवन और उनके द्वारा शिक्षा के लिए किए गए संघर्ष से हम सभी लोगों को खासकर मुस्लिम महिलाओं को अपने जीवन और परिवार में शिक्षा का दीपक जलाना है और उससे अपने आपको और समाज को भी रोशन करना है और पूरे समाज को शिक्षित करना है क्योंकि एक बच्चे का पहली शिक्षक उनकी माता होती है इसलिए सभी माता बहनों को शिक्षा पर जोर देने की आवश्यकता है,महिलाएं चाहे तो पूरे समाज में परिवर्तन शिक्षा से कर सकती है। जैसा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्रशेखर आजाद ने भी पार्टी और संगठन का निर्माण लोगो को जागरूक करने के उद्देश्य से किया है।दीपक भास्कर विधानसभा अध्यक्ष दरियाबाद ने कहा कि आज की स्थिति को देखते हुए सभी महिलाओं को शिक्षित होना चाहिए जिससे अपने और अपने बच्चों के भविष्य को सुधार सके और समाज की दिशा और दशा में बदलाव हो सके।

# नियमों को ताक पर रखकर सूर्या कंस्ट्रक्शन प्लांट चलाया जा रहा

*अवधनामा संवाददाता*

**मसौली बाराबंकी।** सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम प्यारेपुर सरैया मे बीते एक वर्ष से संचालित सूर्या कंस्ट्रक्शन प्लांट मे नियम कानून को ताक पर रखकर किये जा रहे कार्य से ग्रामीणों का जीना हराम है प्लांट से उड़ने वाली धूल से ग्रामीण बीमार हो रहे है बुधवार को ग्रामीणों के साथ प्लांट पहुंचे ग्राम प्रधान इंदु कुमार पर जान से मारने के लिए हाइड्रो मशीन से दौड़ा लिया। बताते चले कि ग्राम प्यारेपुर सरैया मे बीते एक वर्ष से सड़क बनाने के लिए सूर्या कंस्ट्रक्शन प्लांट लगा हुआ है क्रेशर डस्ट के लिए शासन के नियमों को ताक पर रखकर क्रेशर चलाए जा रहे हैं। आबादी के निकट चल रहे क्रेशर से उड़ने वाली धूल से लोग बीमारियों का शिकार हो रहे हैं, इसकी जानकारी प्रशासन को होने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। क्रेशर मशीन जब चलती है तो दूर-दूर तक ध्वनि प्रदूषण भी फैलाती है। ऐसा नहीं है कि इसकी



शिकायतें अधिकारियों तक नहीं पहुंच रही हों। शिकायतों के बाद भी प्रदूषण नियंत्रण विभाग व खनिज विभाग के अफसरों को यह दिखाई नहीं देता।

**जान से मारने की नियत से चलाया हाइड्रो मशीन**

गांव मे फैल रहे प्रदूषण से परेशान ग्रामीणों की शिकायत पर प्लांट पहुंचे ग्राम प्रधान इंदु कुमार ने प्लांट संचालन का काम देख रहे रजनीश से शिकायत करने पर रजनीश आग बगुला होते हुए हाइड्रो चालक से मशीन चला कर जान से मारने की नियत से दौड़ा लिया। भयभीत ग्राम प्रधान अपने अधिवक्ता साथियो एव ग्रामीणों के साथ थाना सफदरगंज मे प्लांट संचालक के विरुद्ध तहरीर दी है।

**ये हैं प्लांट संचालन के नियम**

प्लांट संचालक शासन नियमों का पालन नहीं कर रहा है। नियमानुसार डस्ट को बाहर जाने से रोकने के लिए डस्ट अरेस्टर होना चाहिए। जहां पर प्लांट संचालित है उस क्षेत्र के तीन ओर बड़ी दीवार होना चाहिए। पर्यावरण सुरक्षा की दृष्टि से सघन पौधरोपण क्षेत्र में होना अनिवार्य है। नियम के तहत स्टोन क्रेशर में सुबह और शाम पानी का छिड़काव होना अनिवार्य है जिससे डस्ट न उड़े। क्रेशर के पास घनी आबादी न हो इसके साथ ही नदी के किनारे प्लांट संचालित होना चाहिए।

## विधानसभा उपचुनाव को लेकर पुलिस बल ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

**मिल्कीपुर अयोध्या।** मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गया है। सर्किल के थाना कोतवाली इनायत नगर, थाना कुमारगंज और खण्डासा थाना क्षेत्र के मतदान केंद्रों पर पुलिस टीम पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान बूथों पर लाईट, शौचालय, पानी की व्यवस्था देखी गई और अधूरे कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए गए। मिल्कीपुर में 10 जनवरी से 17 जनवरी के बीच नामांकन होना है और 5 फरवरी को मतदान होगा । इसे देखते हुए प्रशासन जोर-शोर से तैयारी में जुट गया हैं ।मतदान केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण किया जा रहा है। मतदान केंद्रों पर मिली कमियों को ठीक करने के लिए संबंधित ग्राम पंचायत सचिव एवं ग्राम प्रधान को दुरुस्त करने के लिए वार्ता की गई। प्रभारी निरीक्षक थाना खण्डासा संदीप कुमार सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के दर्जनभर मतदान केंद्रों का पुलिस पार्टी के साथ निरीक्षण किया।

## कमरे में फांसी के फंदे से लटकता मिला महिला का शव



**निचलौल (महराजगंज)।** नेपाल के गोबरहिया में शादी हुई ठूठीबारी की लड़की ने बीती रात फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची नेपाल के गोबरहिया पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर पीएम के लिए नवल परासी भेज दिया है। वहीं सूचना मिलते ही परिजन ठूठीबारी से नवलपरासी के लिए रवाना हो गए हैं। ठूठीबारी के कालीगंज निवासी चंदन ने बताया कि करीब छ वर्ष पूर्व मृतका बहन नेहा की शादी नेपाल के सरावल गांव पालिका के गोबरहिया निवासी सुनील कुमार से हुई थी। दोनों से दो बच्चे है। बड़ी लड़की चार व छोटी तीन वर्ष की है। दोनों का गृहस्थ जीवन सुखी पूर्वक चल रहा था। अभी करीब दो महीने पूर्व पति सुनील विदेश गया हुआ है। इन दिनो सास बहु और देवर से किसी बात को लेकर घर में अनबन चल रहा था। बुधवार की रात खाना खाकर घर के सभी लोग अपने कमरे में चले गए। मृतका नेहा भी अपने दोनो बच्चों को लेकर कमरे चली गई। करीब 11 बजे किसी काम से जगी तो घर में दोनो बच्चों की आवाज सुनाई दी। जिस पर कमरा खोलकर देखा तो मृतका नेहा घर की कुंडी से लटकती दिखाई दी। जिस पर चीखने चिल्लाने लगी। जिससे घर के अगल बगल के लोगों की भारी भीड़ इकट्ठी हो गई। इस बाबत गोबरहिया नेपाल के चौकी इंचार्ज माधव प्रसाद पोखरेल ने बताया कि शव को पीएम के लिए नवलपरासी भेजा गया है। अग्रिम कार्यवाही रिपोर्ट आने के बाद की जाएगी।

## शिविर में 75 बस चालकों का हुआ नेत्र परीक्षण



**महराजगंज।** सड़क सुरक्षा माह के तहत गुरुवार को यातायात नियमों की जानकारी दी जा रही हैं। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी विनय कुमार ने बताया कि गुरुवार को जिलाधिकारी के निर्देशानुसार 75 बस चालकों का नेत्र और स्वास्थ्य परीक्षण चिकित्सा विभाग के सहयोग से आयोजित शिविर में किया गया। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने चालकों को आवश्यक परामर्श प्रदान किया। सड़क सुरक्षा माह को प्रभावी बनाने के लिए परिवहन कार्यालय में मोटर ट्रांसपोर्ट यूनियन के साथ बैठक आयोजित की गई। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में यूनियन के सदस्यों को अपने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने और उन्हें जागरूक करने के निर्देश दिए गए।सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत अब तक विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। इनमें प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर यातायात नियमों का प्रचार-प्रसार किया गया। साथ ही हेलमेट और सीटबेल्ट जागरूकता अभियान भी चलाया गया। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा की बैठक का आयोजन हुआ, जिसमें सभी विभागों को यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिए गए। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि वाहन चलाते समय हेलमेट और सीटबेल्ट का उपयोग अनिवार्य रूप से करें और शराब का सेवन कर वाहन न चलाएं। इन प्रयासों का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं को कम

## मिशन शक्ति फेज- 05 के तहत महिलाओ को जागरूक किया गया

**बाराबंकी।** मिशन शक्ति फेज-05 के दृष्टिगत जनपद पुलिस के समस्त थानों द्वारा जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन कर किया गया जागरूक। प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति फेज-05 के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन में बाराबंकी पुलिस के समस्त थानों की महिला बीट अधिकारी द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं को महिला सम्बन्धी साइबर अपराध के सम्बन्ध में जागरुक कर महिला एवं बच्चों से सम्बन्धित समस्याओं व घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पाक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध व महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी गई।

# विकसित भारत संवाद में प्रतिभाग करेंगी कालेज की शिक्षिका



*अवधनामा संवाददाता*

**शाहजहाँपुर।** एलबीजेपी इण्टर कालेज की शिक्षिका सोमी वसीम जैदी ने जनपद में बेहतर कीर्तिमान स्थापित किया है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पथप्रदर्शक युवा आइकन के रूप में उन्हें चयनित किया गया है। सम्मान के साथ उन्हें 11 और 12 जनवरी 2025 को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित होने वाले विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद 2025÷ में विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। यह आयोजन न केवल युवाओं को सशक्त बनाने का एक मंच है, बल्कि प्रधानमंत्री के उस दृष्टिकोण को साकार करने का भी प्रयास है, जिसमें भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।इस ऐतिहासिक कार्यक्रम की सबसे बड़ी खासियत यह है कि देश के चुने हुए प्रतिभाशाली युवा प्रतिनिधियों को ÷विकसित भारत÷ की परिकल्पना पर अपने विचार और समाधान सीधे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अन्य प्रतिष्ठित नेताओं के समक्ष प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। संवाद के दौरान देश के 10 प्रमुख विषयों पर चर्चा की जाएगी, जो भारत के समग्र विकास और प्रगति के लिए केंद्रीय हैं। प्रधानमंत्री के साथ 12 केंद्रीय मंत्री और कई सांसद भी इस कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे, जो इसे और भी ऐतिहासिक बना देगा। सोमी वसीम जैदी को विशेष रूप से 11 जनवरी को इन विचार-विमर्शों में भाग लेने और युवा प्रतिभागियों के साथ अनौपचारिक संवाद करने के लिए आमंत्रित किया गया है। उनके नेतृत्व और अनुभवों का उपयोग युवाओं को प्रेरित करने के लिए किया जाएगा, ताकि वे अपने विचारों को अधिक प्रभावी ढंग से प्रस्तुत कर सकें और भारत के विकास में सक्रिय भूमिका निभा सकें। उनका यह योगदान निश्चित रूप से युवाओं के आत्मविश्वास को बढ़ाएगा और उन्हें राष्ट्रीय विकास के प्रति अधिक समर्पित बनाएगा। यह आयोजन पारदर्शिता, लोकतांत्रिक दृष्टिकोण और योग्यता-आधारित चयन प्रक्रिया का एक उदाहरण है, जो सरकार की युवाओं को नेतृत्व की भूमिका में लाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। प्रधानमंत्री का यह दृष्टिकोण कि एक लाख युवाओं को राजनीति और नागरिक जीवन में नेतृत्वकारी भूमिका में लाया जाए, इस कार्यक्रम के माध्यम से मजबूत होता नजर आएगा।संवाद के आयोजक, नितेश कुमार मिश्रा, संयुक्त सचिव, युवा मामलों के विभाग, ने इसे युवाओं के लिए एक ऐतिहासिक मंच बताया है। उनके अनुसार, सोमी वसीम जैदी जैसी युवा आइकन की उपस्थिति इस कार्यक्रम को और भी प्रेरणादायक बनाएगी। यह आयोजन प्रधानमंत्री के ÷सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र को और सशक्त करेगा, साथ ही युवाओं को राष्ट्रीय विकास की मुख्यधारा में शामिल करने के प्रयासों को बढ़ावा देगा।

## स्वदेशी उद्यमी महोत्सव में सैकड़ों मेलार्थियों ने लिया भाग




**बाराबंकी।** स्वदेशी उद्यमी महोत्सव के अंतर्गत 9 जनवरी को महोत्सव पंडाल में आयोजित सुंदरकाण्ड पाठ ने श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। इस आयोजन में सैकड़ों मेलार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और भगवान श्रीराम की कृपा और हनुमान जी की भक्ति का अनुभव किया। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए प्रमुख अतिथियों में कुटुंब प्रबोधन के कृष्ण कुमार, अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के जिला संयोजक संतोष कुमार शर्मा, साहित्य परिषद की जिला अध्यक्ष प्रो. अनीता सिंह, गुरु गोबिंद शाखा के शाखा कार्यवाह एडवोकेट शैलेश, गट नायक हृदय नारायण, केशव शाखा के मुख्य शिक्षक दीपक और स्वदेशी जागरण मंच के स्वावलंबी प्रशिक्षक राजनाथ उपस्थित रहे। इसके अलावा, नगर संयोजक उज्जवल मौर्या, ब्लॉक संयोजक सिरौली गौसपुर अजय वर्मा, नगर सह संयोजक हर्षित, सूर्य प्रकाश सहदेव, अजीत और राधाकांत ने भी अपनी उपस्थित दर्ज कराई। कार्यक्रम के दौरान संयोजकों ने स्वदेशी आंदोलन और आत्मनिर्भरता के महत्व पर प्रकाश डाला। आयोजन की सफलता पर संयोजक विश्वजीत शर्मा और संतोष शर्मा ने सभी अतिथियों और मेलार्थियों का आभार व्यक्त किया और स्वदेशी उद्यमिता के प्रति सभी को प्रेरित किया। यह आयोजन न केवल आध्यात्मिक दृष्टि से बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक समरसता के लिए भी प्रेरणादायक रहा। स्वदेशी उद्यमी महोत्सव की इस कड़ी ने भारतीय संस्कृति और आत्मनिर्भरता के संदेश को मजबूती से प्रस्तुत किया।


# महाकुंभ और मकरसंक्रांति को लेकर एडीजी और कमिश्नर का दौरा



**महराजगंज।** प्रयागराज में 13 जनवरी से शुरू हो रहा है महाकुंभ और मकर संक्रांति पर गुरु गोरखनाथ मंदिर में आयोजित होने वाले खिचड़ी मेले को सकुशल संपन्न कराने और यात्रियों के सुरक्षित एवं आसान परिवहन को सुनिश्चित करने के दृष्टिगत एडीजी और कमिश्नर ने भारत-नेपाल सीमा की सुरक्षा का जायजा लिया और नेपाल के अधिकारियों के साथ बैठक की।

13 जनवरी से प्रयागराज में महाकुंभ और 14 जनवरी से गोरखपुर में प्रसिद्ध खिचड़ी मेला की शुरुआत होगा, जिसको लेकर भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। दोनो आयोजनों के सकुशल एवं सुरक्षित आयोजन को सुनिश्चित करने और दोनों मेले में आने वाले श्रद्धालुओं सहित अन्य यात्रियों के सुरक्षित एवं आसान आवागमन को सुनिश्चित करने हेतु आज एडीजी गोरखपुर, कमिश्नर और डीआईजी गोरखपुर भारत-नेपाल के सोनौली सीमा पर पहुंचे और आगामी महाकुंभ को लेकर नेपाल के अधिकारियों के साथ एक बैठक की। एडीजी जोन गोरखपुर सीमा की सुरक्षा को लेकर नेपाल प्रशासन के अधिकारियों से अपेक्षित सहयोग का अनुरोध करते हुए एक-दूसरे के साथ समन्वय की बात कही । साथ ही साथ उन्होंने सीमा पर सुरक्षा के लिए एसएसबी समेत अन्य सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट रहने के भी निर्देश दिए । उन्होंने संवेदनशील मार्गों पर सीसीटीवी और ड्रोन के माध्यम से निगरानी करने के लिए भी कहा। उन्होंने नेपाल और भारत की सतर्कता एवं आसूचना तंत्र को सक्रिय करते हुए नियमित रूप से महत्वपूर्ण सूचनाओं को साझा करने और उसके अनुरूप प्रभावी कार्यवाही करने पर जोर देने का निर्देश दिया। बैठक से पूर्व जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने सभी अधिकारियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर पुलिस के जवानों ने एडीजी को गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया। बैठक के बाद एडीजी ने नेपाल प्रशासन के अधिकारियों को स्मृति चिन्ह भी भेंट किया। बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों के अतिरिक्त एसएसबी 22वीं वाहिनी और 66वीं वाहिनी के कमांडेंट, उपायुक्त कस्टम सहित अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## पोखरी किनारे कटान से सड़क का हो रहा नुकसान



### ठूठीबारी के टोला सड़कहवा गांव के पोखरी में हो रही कटान

*अवधनामा संवाददाता*

**निचलौल (महराजगंज)।** कस्बे से रामनगर वाया किसुनपुर जाने वाले मुख्य मार्ग का अस्तित्व खतरे में दिखाई दे रहा है। सड़क किनारे हो रहे लगातार कटान से ग्रामीणों को चिंता सता रही है। समय रहते जिम्मेदारों ने ध्यान नहीं दिया गया तो वो दिन दूर नही की लगभग 60 हजार की आबादी करीब के दर्जन भर गांव के लोगो का आवागमन प्रभावित हो जाएगा। कस्बे से रामनगर वाया किसनपुर करीब साढ़े तीन किमी सड़क पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा सड़क मार्ग बनवाया गया है। इस सड़क से करीब 60 हजार की आबादी का सुचारू रूप से आवागमन होता है। इसी रोड पर धमौली गांव में सीएचसी अस्पताल संचालित है। जहां रोज दो सौ से अधिक लोग पहुंच कर स्वास्थ सुविधा का लाभ ले रहे हैं। इसके साथ ही सैकड़ों से अधिक संख्या में स्कूली बच्चों का पैदल आवागमन होता है। वहीं दर्जनों प्राइवेट वहां, टैंपो, जीप स्कूली वाहन, ट्रैक्टर का भी आना जाना होता है। ठूठीबारी स्टैंड से पश्चिम रामनगर बाया किसुनपुर जाने वाले सड़क की कस्बे से करीब पांच सौ मीटर इस रोड पर सड़कहवा गांव के उत्तर पोखरी है।पोखरी का दक्षिणी किनारा सड़क से सटा हुआ है। जहां हर रोज कटान हो रहा है। जिससे लोगो की नींद हराम हो गई है। रोज दिन सड़क से करीब सैकड़ों पशु नहाने के साथ पीने के पानी के लिए पोखरे में उतरती है जिससे धीरे धीरे कटान बढ़ता जा रहा है। गांव के पूर्व प्रधान राजेश सिंह, राधेश्याम पांडेय, बबलू पांडेय, मनोज गौड़, तारकेश्वर चौधरी, लक्ष्मी चौधरी, सनकु चौधरी, राकेश चौधरी, अमेरिकन साहनी, ठगई प्रसाद, गजेंद्र चौधरी, नरसिंह राहुबंस, कन्हई चौधरी आदि ने बताया कि सड़क की सुरक्षा के लिए पोखरी के किनारे रिटर्निंग वाल के साथ सीढ़ियों का निर्माण करा दिया जाय तो सड़क सुरक्षित हो जाएगा।

# बीजेपी जिलाध्यक्ष पद की दौड़ में कई दिग्गज नेता

*अवधनामा संवाददाता*

**महाराजगंज।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर पार्टी कार्यालय पर गहमागहमी बनी रही। नव नियुक्त मंडल अध्यक्षों और जिला प्रतिनिधियों को अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों ने रिझाना शुरू किया जैसे जैसे दिन गुजर रहा था सरगर्मी बढ़ती ही जा रही थी। लोग एक दूसरे से जानकारी ले रहे थे कि कौन होगा नया जिलाध्यक्ष।

कई पूर्व जिलाध्यक्ष भी इस दौड़ में शामिल रहे। अध्यक्ष पद के लिए 10 बजे से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हुई। नामांकन में शामिल होने के लिए दावेदार और उनके समर्थक पहुंचने लगे । जिला संगठन के चुनाव अधिकारी ओंकार केशरी और जिले के सहचुनाव अधिकारी बबलू यादव के देखरेख में होने वाली नामांकन प्रक्रिया की निगरानी के लिए चुनाव पर्यवेक्षक उत्तर प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह को भी आना था किन्हीं कारणों से



वह नहीं पहुंच सके। सह चुनाव अधिकारी बबलू यादव ने बताया कि कुल 31 पर्चे बिके जिसमे से 29 लोगो ने ही नामांकन किया। पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी संजीव शुक्ला के अनुसार पार्टी के जिलाध्यक्ष पद के लिए नामांकन पार्टी कार्यालय पर नामांकन हुआ। उन्होंने बताया कि पार्टी के निर्धारित मानक पूरा करने वाले दो बार के सक्रिय सदस्य ही पद के लिए नामांकन कर सकेंगे। नामांकन के बाद पूरी सूचना और नामांकन पत्र प्रदेश चुनाव अधिकारी डा. महेंद्रनाथ पांडेय के पास भेजा जाएगा। दावेदारी करने वालो ने अपना नामांकन जिला चुनाव अधिकारी ओंकार केशरी को दिया। इस अवसर पर पनियरा विधायक ज्ञानेंद्र सिंह सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया जिला अध्यक्ष संजय पांडेय,पूर्व जिलाध्यक्ष समीर त्रिपाठी परदेसी रविदास, अरुण शुक्ला, प्रदीप सिंह, अजय कुमार श्रीवास्तव, प्रभाकर द्विवेदी, जितेंद्र पाल,दुर्गा अग्रहरी, संतोष सिंह,गोलू सिंह सहित सभी नव नियुक्त मंडल अध्यक्ष, पूर्व मंडल अध्यक्ष,अन्य जिला पदाधिकारी मौजूद रहे।

## भव्य रूप से मनाया जायेगा गणतंण दिवसः जिलाधिकारी

**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस समारोह 2025 एवं उत्तर प्रदेश दिवस मनाया जाने की तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक नवीन कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गयी। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों तथा संभ्रांत नागरिकगणों से कहा कि सभी को मिलकर राष्ट्रीय पर्वों को पूर्ण निष्ठा, समर्पण और पूरे मनोयोग से मानना है। नगर मजिस्ट्रेट द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने नगर निगम के अधिकारियों को महापुरुषों की प्रतिमाओं की साफ सफाई एक सप्ताह पहले ही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी विद्यालयों में गणतंत्र दिवस अच्छे से मनाया जाए और बच्चों को महापुरुषों के संबंध में बताया जाए। गणतंत्र दिवस एवं उत्तर प्रदेश दिवस से संबंधित कार्यक्रम 12 जनवरी को तथा 23 जनवरी से प्रारंभ होकर 26 जनवरी तक अनवरत रूप से चलते रहेंगे।

# सर्द रात में ठिठुरते बदन पर जब युवाओं ने डाला कम्बल, तो हुई दुआओं की बारिश




निहाल चौधरी

- गरीब संस्था फाउंडेशन ने जरूरतमंदों को ऊनी वस्त्र व कम्बल किया वितरित
- सर्दी में ठिठुरते गरीबों के चेहरे पर लाई मुस्कान

**इटवा सिद्धार्थनगर।** आज के आधुनिक युग में जहां एक तरफ युवा तरुणाई पर संवेदनहीन होने का प्रश्न चिन्ह लगता जा रहा है वहीं दूसरी तरफ आज भी बहुत युवा ऐसे हैं जो इस तकाज़े को गलत साबित करते हैं। कुछ ऐसी ही पहल की इटवा के युवाओं ने जिन्होंने सर्द रातों में फुटपाथ व गांवों में ठिठुरते गरीब व मेहनतकशों के बदन पर जब कम्बल डाला तो उन्हें सहसा विश्वास नहीं हुआ कि आज के जमाने में ऐसे लोग भी हो सकते हैं जिन्हें दूसरों की परिस्थितियों का एहसास होता है।

इटवा तहसील क्षेत्र में गरीब संस्था फाउंडेशन के इंद्रीग्रांट टोला बढ़ेपुरवा निवासी पप्पू शाह के साथ अबू बकर, रहीम शाह, अखलाख, पिंटू शाह, कयूम शाह, शहाबुद्दीन शाह, नसीबुल्लाह शाह, छोटू खान, निज़ामुद्दीन शाह, नसीबुल्लाह शाह, गुलाम हसन, डॉ अशोक मौर्य, ताहिर खान, बीडीसी अवधेश सिंह, शिवा यादव, अशरफ शाह, हबीबुर्रहमान, अफजल खान, अब्दुर्रहमान सद्दाम चौधरी आदि के साथ तहसील क्षेत्र के प्रमुख चौराहों रेन बसेरों में कम्बल वितरण कर सर्दी में ठिठुरते गरीबों असहायों के चेहरे पर मुस्कान ला दी। युवाओं ने कम्बल वितरण कर खुले आसमां के नीचे रात गुजारते गरीबों को यह एहसास दिलाया कि समाज में मानवता ख़त्म नहीं हुई है और आज भी समाज में एक दूसरे के दर्द को महसूस करने वाले लोग मौजूद हैं।

### सर्द रातों में ठिठुरने को मजबूर

ठण्ड क्या होती है ये कोई उनसे पूछे जो सर्द रातों में खुले आसमां के नीचे किसी तरह अपने बदन को सिकोड़कर रात गुजारने को मजबूर होते हैं। ऐसी स्थिति में यदि ऐसे मजलूम लोगों को कोई भी ऊनी वस्त्र मिल जाए तो उनके मुंह से दुआओं की बारिश होना लाजिमी है। कुछ ऐसी पहल की पप्पू शाह के साथ युवाओं ने विभिन्न चौराहों व सार्वजनिक आशियानों पर जाकर ठिठुरते लोगों को कम्बल वितरण किया। गरीब संस्था फाउंडेशन के लोगों में पप्पू शाह कहना है कि प्रति वर्ष खुद के संसाधनों से ऊनी वस्त्र व् कम्बल वितरण किया जाता है और तहसील क्षेत्र में अन्य समाजसेवी व कई परिवार प्रेरणा लेते हुए ठण्ड के मौसम में गरीबों असहायों को गर्म कपड़ों कम्बल आदि प्रदान करने लगे हैं जो अच्छा संकेत है। हमें भी उनकी परिस्थितियों का एहसास होना चाहिए।

# बढ़नी में जल्द ही बनेगा 50 बेड का अस्पताल : विधायक

अवधनामा संवाददाता



- बढ़नी ब्लॉक की पीएचसी में भवन बनाने की मिली थी स्वीकृति
- सीएमओ ने शासन को पत्र लिखकर बढ़नी में सीएचसी की आवश्यकता बताई

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** जिले के नगर पंचायत बढ़नी अन्तर्गत बढ़नी पीएचसी को सीएचसी में उच्चीकृत होने का सपना वर्षों से देख रही 77 ग्राम पंचायतों की आबादी को शीघ्र ही खुशखबरी मिलने वाली है। शोहरतगढ़ एसडीएम ने मंगलवार को पीएचसी पर जाकर वहां सभी संभावनाओं पर एमओआईसी व अन्य जिम्मेदारों से बात की। इसी सम्बन्ध में शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा मुख्यमंत्री से भी मिल चुके हैं। सीएमओ ने शासन को पत्र लिखकर बढ़नी में सीएचसी बनने की आवश्यकता बताई।

सीमावर्ती क्षेत्र बढ़नी ब्लॉक में 77 ग्राम पंचायतें हैं व आबादी 190460 है। ब्लॉक क्षेत्र में बढ़नी, अकरहरा, भुतहवा व मोहनकोला में पीएचसी है। बढ़नी को छोड़कर किसी पर भी चिकित्सक की तैनाती नहीं है। बढ़नी को छोड़कर जिले के लगभग सभी ब्लॉक मुख्यालयों पर सीएचसी है। बढ़नी में पूर्व के जनप्रतिनिधियों द्वारा दिलचस्पी न लेने के कारण पीएचसी का उच्चीकरण नहीं हो पाया। 2022 में जब विनय वर्मा विधायक बने तो उन्होंने बढ़नी में पीएचसी को सीएचसी में तब्दील करवाने के लिए प्रयास करना शुरू किया। कई बार इसके लिए वह मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री व विभाग के अधिकारियों से मिले भी, लेकिन पर्याप्त जमीन न होने का हवाला देकर उनकी मुहिम परवान नहीं चढ़ सकी। उन्होंने अधिकारियों पर दबाव बनाया तो पीएचसी के पास की जमीन सीएचसी निर्माण की स्वीकृति तहसील प्रशासन ने दे दी, लेकिन कार्रवाई आगे नहीं बढ़ी। मंगलवार को एसडीएम चन्द्रभान सिंह पीएचसी गयें। उन्होंने एमओआईसी डॉ0 अविनाश चौधरी से सीएचसी निर्माण के सम्बन्ध में बात की। डॉ0 अविनाश चौधरी ने बताया कि चकबंदी में अस्पताल विस्तार के नाम से 0.417 हेक्टेयर जमीन खतौनी में दर्ज है। उसी पर सीएचसी निर्माण के लिए प्रयास किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में पहले शोहरतगढ़ के विधायक विनय वर्मा जिला व तहसील प्रशासन सीएचसी निर्माण के लिए जमीन न उपलब्ध होने की बात कहते रहे, जिसके कारण सीएचसी निर्माण में देरी हुई। अब मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रक्रिया आगे बढ़ रही है। शीघ्र ही बढ़नी ब्लॉक के लोगों को सीएचसी की सुविधा मिलेगी। इस सम्बन्ध में लोकप्रिय विधायक विनय वर्मा ने कहा कि सरकारी योजनाओं के प्रति यह लापरवाही अति गम्भीर है। मैं शासन से जिले के लिए योजनाएं लेकर आता हूं और यहां पर अधिकारी अनदेखी करते है। शासन द्वारा क्षेत्र की जनता को हरी झंडी मिल गई है। बढ़नी में जल्द ही 50 बेड का अस्पताल बनेगा।

## खो-खो वर्ल्डकप में रविंद्र गुर्जर स्पोर्ट मैनेजर नियुक्त

**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** खुनियांव ब्लॉक में बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालय में सहयक अध्यपाक के पद पर तैनात रविंद्र गुर्जर को दिल्ली में 13 जनवरी से आयोजित होने वाले खो-खो विश्व कप में स्पोर्ट्स मैनेजर नियुक्ति किया गया है। जिला व्यायाम शिक्षक उपेंद्र नाथ उपाध्यक्ष ने बातया कि रविंद्र गुर्जर इससे पहले भी खो-खो कि राष्ट्रीय प्रतियोगिता में रैफरी रह चुके है। विभाग में इन्हें त्वरित एवं स्पष्ट निर्णय के लिए जाना जाता है। जिला समन्वयक बालिका शिक्षा एवं खो-खो संघ के जिला सचिव सुरेंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि रविंद्र गुर्जर के चयन बेसिक शिक्षा विभाग के लिए गौरव की बात हैद्य रविंद्र गुर्जर के चयन पर बीएसए देवेंद्र कुमार पांडेय, खंड शिक्षा अधिकारी खुनियांव ओम प्रकाश मिश्रा समेत समस्त व्यायाम शिक्षक, अनुदेशक संघ, शिक्षा मित्र संघ, प्राथमिक शिक्षक संघ, राष्ट्रीय शैक्षिक संघ, उच्च प्राथमिक शिक्षक संघ, यूनाइटेड टीचर संघ, ओलिंपिक संघ, वॉलीबॉल संघ, एथलेटिक संघ, क्रीड़ा भारती के पदाधिकारियों ने रविंद्र गुर्जर को स्पोर्ट मैनेजर नियुक्त होने पर बधाई दी है।



## नगर पंचायत बढ़नी में करीब 80 जगहों पर जल रहा अलाव

**बढ़नी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** नगर पंचायत बढ़नी में ठंड से लोगों को निजात दिलाने के लिए करीब 80 जगहों पर अलाव जलवाया गया है, सर्द हवाओं से नगर में आने वाले लोग ठंड से निजात पा सके इसके लिए नगर पंचायत में व्यवस्था चाक चौबंद बताई जा रही है। नगर पंचायत बढ़नी के चेयरमैन सुनील अग्रहरि ने बताया कि नगर में करीब 80 जगहों पर गलन भरी ठंड से लोगों को निजात दिलाने के लिए अलाव जलवाया गया है। कहा कि नगर के लोगों सहित राहगीरों को ठंड से राहत दिलाने के लिए नगर के चौक, चौराहों और तिराहों पर व्यवस्थित अलाव जलवाया जा रहा है जिससे ठंड से लोगों का बचाव किया जा सके। कहा कि नगर के लोगों को ठंड से बचाव हेतु हर संभव प्रयास किया जा रहा है जिससे किसी को ठंड से हानि न पहुंचे।



## स्वास्थ्य शिविर में 165 महिलाओं की हुई जांच

### सीएचसी सिरसिया में पीएमएसएमए दिवस पर गर्भवती महिलाओं का हेल्थ चेकअप



अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के सीएचसी सिरसिया में बुधवार को गर्भवती महिलाओं के लिए स्वास्थ परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। अधीक्षक डॉ.शैलेन्द्र मणि ओझा के अगुवाई में चिकित्सा टीम के द्वारा प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत कुल 165 गर्भवती महिलाओं का हेल्थ चेकअप करते हुए इलाज तथा चिकित्सीय परामर्श दिया गया। इस दौरान मीना, रेखा, रेनू, हिमांशी, आरती, पूनम आदि कुल 10 महिलाओं में खून की कमी पाए जाने के कारण आयरन सुक्रोज की डोज दी गई तथा अन्य 74 उच्च जोखिम वाले महिलाओं को चिन्हित करते हुए चिकित्सीय इलाज किया गया। डॉ ओझा ने बताया कि उच्च जोखिम होने का मुख्य कारण उच्च रक्त चाप, फीटस का बेड़ा होना, गंभीर एनिमिया, प्लेसेंटा का विकृत होना आदि होता है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से गर्भावस्था के शुरुआती दिनों में ही उच्च जोखिम वाले खतरे के लक्षण को चिन्हित करते हुए गर्भावस्था के प्रारंभिक दिनों में ही चिकित्सीय इलाज एवं परामर्श देते हुए अथवा उच्च चिकित्सालय पर संदर्भित करते हुए जच्चा और बच्चा को सुरक्षित किया जा सकता है। इस दौरान डा. सिद्धार्थ, डॉ श्रेया, डॉ सवीहा, प्रेम कुमार त्रिपाठी, रुपम पाठक, सविता मौर्या, अर्चना चौधरी, कु. वर्षा सागर, रेखा पांडे, कृष्ण गोपाल पांडे, रविंद्र कुमार, अश्वनी अग्रहरि आदि शामिल रहे।

## युवा उधमियों के हौसलों को मिलेगी नयी उड़ान

**अंबेडकरनगर।** स्व रोजगार अपनाने के लिए संचालित अभियान से युवा उद्यमियों के हौसलों को नई उड़ान मिलेगी। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी अभियान के तहत संचालित इस योजना में युवाओं को अपना स्व रोजगार शुरू करने के लिए पांच लाख रुपये तक का ऋण बिना ब्याज के उपलब्ध कराया जाएगा। जिले में इस योजना से सात सौ युवाओं को लाभान्वित करने का लक्ष्य तय किया गया है। अब तक तीन महिलाओं सहित चार लोगों ने योजना के तहत ऋण के लिए आवेदन किया है।योजना के तहत सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 15 प्रतिशत, पिछड़ा वर्ग के लिए 12.5 प्रतिशत, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व दिव्यांगों के लिए 10 प्रतिशत का अंशदान निर्धारित किया गया है। इस योजना का लाभ पाने के लिए वहीं लोग आवेदन कर सकते हैं, जिन्होंने पीएम स्वनिधि के अतिरिक्त प्रदेश व केंद्र की सरकार के द्वारा ऋण अथवा पूंजी उत्पादन का लाभ न लिया हों।

## पुलिस उपमहानिरीक्षक ने बार्डर क्षेत्र का किया निरीक्षण



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** भारत नेपाल की सीमा खुनुवा बार्डर पर पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र दिनेश कुमार पी द्वारा गुरुवार को औचक निरीक्षण किया गया। पुलिस उपमहानिरीक्षक दिनेश कुमार पी ने कहा कि भारत नेपाल की खुली सीमा होंने के कारण से सुरक्षा कर्मियों के लिए बार्डर की निगरानी चुनौतीपूर्ण होता है जिसके लिए हमेशा चौकन्ना रहने की जरूरत है। पुलिस उपमहानिरीक्षक सिद्धार्थनगर पुलिस अधीक्षक अभिषेक महाजन के साथ मानव तस्करी, संदिग्ध व्यक्तियों, नशीली दवाओं, अवैध शराब व अन्य वस्तुओं की तस्करी की रोकथाम के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस उपमहानिरीक्षक दिनेश कुमार पी के साथ एसपी सिद्धार्थनगर अभिषेक महाजन, सीओ अरुण कान्त सिंह, थानाध्यक्ष शोहरतगढ़ विन्देश्वरी मणि त्रिपाठी, चौंकी इंचार्ज खुनुवा सर्वेश कुमार यादव, एस एस बी निरीक्षक उमेश कुमार सिंह, कस्टम निरीक्षक अक्षय यादव सहित बार्डर पर तैनात सुरक्षाकर्मी मौजूद रहे।

## डीएम ने धीमी प्रगति पर जताई कड़ी नाराजगी



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** गनेशपुर कोटिया से सिंहोरवा सम्पर्क मार्ग पर निर्माणाधीन गेट निर्माण कार्य एवं प्रकाश व्यवस्था कार्य का जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर द्वारा कार्य की धीमी प्रगति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए समय से एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्माण कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया।

## संविधान गौरव अभियान के तहत मंडलीय कार्यशाला हुई आयोजित, पदाधिकारियों को दी गई जिम्मेदारियां

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** भनवापुर विकास क्षेत्र के ग्राम चौखड़ा स्थित पंचायत भवन में भाजपाइयों द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। इसमें आगामी 11 जनवरी से 25 तक चलने संविधान गौरव अभियान कार्यक्रम की योजना बनाई गई।

बृहस्पतिवार को आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय व डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया।मुख्य वक्ता नगर पंचायत बढ़नी चाफा चेयरमैन धर्मराज वर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी बाबा साहेब डा.भीमराव अम्बेडकर व संविधान की विशेषता हेतु आगामी 11 जनवरी से 25 तक स्कूल, कालेज, शिक्षण संस्थानों में हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान विषय पर क्विज, निबंध व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन होगा। 25 जनवरी को सभी बूथ व मंडल पर पार्टी के कार्यकर्ता व आमजन के साथ भारतीय संविधान के प्रस्ताव एवं नीति निर्देशक तत्व को पढ़ेंगे। इसलिए सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अभी से जुट जाए। वही बेवा स्थित पंचायत भवन पर डुमरियागंज भाजपा मण्डल की कार्यशाला आयोजित हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पार्टी के वरिष्ठ नेता और भनवापुर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि लवकुश ओझा ने इस अभियान के महत्व पर बात की। उन्होंने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य संविधान के प्रति सम्मान और इसके महत्व को जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि यह अभियान डॉ. भीमराव अंबेडकर के योगदान को जन-जन तक पहुंचाने और भारतीय संविधान की महत्ता को समझाने के लिए है। मंडल अध्यक्ष अमरेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य संविधान के प्रति सम्मान और इसके महत्व को जन-जन तक पहुंचाना है। इस दौरान अजय अग्रहरि, लालजी शुक्ला, वासुदेवधर दुबे, महंत अशोक दास, प्रेम पाण्डेय, धर्मेश पाण्डेय, मकेश्वर पाण्डेय, कन्हैया गुप्ता, डंपू पाण्डेय, विनय पाठक सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## भाकियू (टिकैत) के ब्लाक अध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई मासिक बैठक

अवधनामा संवाददाता



**बांसी सिद्धार्थनगर।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की मासिक बैठक ब्लॉक अध्यक्ष बांसी सम्पूरन की अध्यक्षता में गुरुवार को ब्लॉक परिसर में हुई। इस दौरान किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने किसानों की समस्याओं को लेकर दस सूत्रीय मांग पत्र खण्ड विकास अधिकारी को सौंपा।

दिये गये मांग पत्र में लिखा है कि गोनहाडीह में सचिवालय जाने का रास्ता खराब है निर्माण कराने,तेजगढ़ में शहीद चन्द्रशेखर आजाद पार्क का गेट टूटा है मरम्मत कराने, सभी ग्राम पंचायतों में खूली बैठक कराने जगली जानवर व छुट्टा पशुओं द्वारा किसानों की फसलों का नुकसान कर रही है जिन्हें पकड़वाकर उचित व्यवस्था कराने, ग्राम पंचायत सतवाढ़ी में में आंगनवाड़ी केन्द्र अधूरा है पूर्ण कराने, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, वृद्धा पेंशन जांच कर ही लगाया जाए आदि माग की है। बैठक में किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने बारी-बारी से किसानों की समस्याओं को लेकर अपने-अपने विचार रखे।

बैठक में भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार ने अरबिन्द कुमार शुक्ला को जिला संरक्षक के पद पर नियुक्त किया। इस दौरान किसान यूनियन के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया।

बैठक में मण्डल अध्यक्ष बस्ती महेन्द्र चौधरी, तहसील अध्यक्ष बांसी घनश्याम चौरसिया, जिला प्रचार मंत्री राजाराम लोधी जिला कोषाध्यक्ष श्यामचंद, जिला संगठन मंत्री मोहम्मद राशीद ब्लाक महासचिव बांसी देवीदीन हरिश्चंद्र चौधरी, राम सवारें चौधरी अरविंद चौधरी जिला सचिव उपेंद्र कुमार यादव सहित तमाम किसान यूनियन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सड़क निर्माण कार्य का डीएम ने किया निरीक्षण



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** विकास खण्ड शोहरतगढ़ के अन्तर्गत ग्राम सभा पकड़ी पिच रोड से ग्राम पिपरपतिया तक सड़क निर्माण कार्य का जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर द्वारा निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर द्वारा सड़क को खोदवाकर देखा गया तथा स्टीमेट एवं एम.बी. से मिलान किया गया। सब ठीक पाया गया। सड़क के किनारे पटरी नही बनी थी जिस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए पटरी बनवाने का निर्देश दिया।

## डीएम ने सेतु निगम के पुल का किया निरीक्षण

**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने पूर्व माध्यमिक विद्यालय गौरा रोहारी एवं ग्राम पंचायत दैजी में मनरेगा कार्यों तथा ब्लॉक कुदरहा के ग्राम शिवपुर में गौशाला एवं कुआनो नदी पर स्थित गुनार कछुआरे घाट पर सेतु निगम के निर्माणाधीन पुल का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होने पूर्व माध्यमिक विद्यालय ग्राम गौरा रोहारी एवं ग्राम पंचायत दैजी में मनरेगा कार्यों को देखा और पाया कि प्रथम में विद्यालय की बाउंड्री एवं द्वितीय में चकमार्ग पर मिट्टी का कार्य चल रहा है। ईंट का ध्वनि परीक्षण सही पाया गया। ड्राप परीक्षण में कुछ ईंट टूटी पर अधिकांश अक्षत रहीं। कार्य की गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त किया तथा दोनों स्थलों पर आनलाईन उपस्थिति मार्किंग की व्यवस्था देखा। विद्यालय की बाउंड्री का कार्य सूचना पट्ट के अनुसार आज पूर्ण होना था, पर अभी 2-3 दिवस का कार्य शेष बताया गया है। ब्लॉक कुदरहा के ग्राम शिवपुर गौशाला के निरीक्षण में उन्होने पाया कि सामान्य रखरखाव ठीक है।

## डीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर की अध्यक्षता मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के क्रियान्वयन, संचालन एवं अनुश्रवण के लिए गठित डिस्ट्रीक प्रोग्राम मैनेजमेंट यूनिट (डीपीएमयू) की बैठक सिद्धार्थ सभागार में सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 को उपायुक्त उद्योग द्वारा योजना के विषय में विवरण देते हुये अवगत कराया गया कि योजना के प्रथम चरण में रु. 5.00 लाख तक की परियोजनाओं हेतु 04 वर्षो तक 100 प्रतिशत ब्याज मुक्त तथा कोलेटरल गारन्टी मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जायेगा। पूर्वांचल क्षेत्र के आवेदकों को परियोजना लागत का 10 प्रतिशत स्वयं का अंशदान बैंक में जमा करना होगा, जो परियोजना ऋण के साथ मुक्त किया जायेगा। योजना की पात्रता में आयु सीमा 21 से 40 वर्ष, शैक्षिक योग्यता न्यूनतम कक्षा 8 उत्तीर्ण तथा कौशल प्रशिक्षण प्राप्त होना अनिवार्य है। कौशल प्रशिक्षण से तात्पर्य विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, ओडीओपी प्रशिक्षण योजना, एससी/एसटी/ओबीसी प्रशिक्षण योजना/उप्र कौशल विकास मिशन के अन्तर्गत प्रशिक्षित अथवा आईटीआई उत्तीर्ण/पॉलीटेक्निक उत्तीर्ण/खादी ग्रामोद्योग विभाग योजनान्तर्गत आवेदन पत्र केवल आनलाईन ही प्राप्त किये जा रहें हैं।

## डीआईजी बस्ती ने भारत-नेपाल के बढ़नी सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

अवधनामा संवाददाता



**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** भारत-नेपाल सीमा पर बढ़ती सुरक्षा चुनौतियों को देखते हुए, डीआईजी बस्ती रेंज दिनेश कुमार पी. और पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अभिषेक महाजन ने बढ़नी बॉर्डर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कस्टम अधीक्षक बढ़नी और सीमा सुरक्षा बल (एसएसबी) के अधिकारियों और जवानों से सीमा पर तैनात सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। डीआईजी ने सीमा पार अपराध, तस्करी और अन्य सुरक्षा खतरों को रोकने के लिए प्रभावी उपाय करने पर जोर दिया।

बढ़नी कस्टम अधीक्षक आरजीराम और एस.दूबे के साथ बढ़नी बॉर्डर पर, डीआईजी ने सीमा पर होने वाली अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए कस्टम जांच को और अधिक प्रभावी बनाने पर चर्चा की। उन्होंने एसएसबी कमांडेंट, डिप्टी कमांडेंट विकास सिंह और असिस्टेंट कमांडेंट उमेश जाधव से सीमा पर तैनाती और गश्त को बढ़ाने के निर्देश दिए। डीआईजी ने कहा, भारत-नेपाल सीमा की सुरक्षा सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है। हम सीमा पर किसी भी तरह की अवांछित गतिविधि को बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने सभी सुरक्षा अधिकारियों को सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना देने के निर्देश दिए। इस दौरे के दौरान, डीआईजी ने सीमा पर तैनात सभी सुरक्षा बलों की हौसला अफजाई की और उनके कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि सीमा सुरक्षा में सभी को मिलकर काम करना होगा। इस मौके पर सीओ सदर अरुणकांत सिंह, कस्टम अधीक्षक बढ़नी आरजीराम, एस.दूबे, शिवपूजन सिंह इंस्पेक्टर, एसएसबी डिप्टी कमांडेंट विकास सिंह, असिस्टेंट कमांडेंट उमेश जाधव, इंस्पेक्टर रामदास, ढेबरुआ थाने की पुलिस, थाना प्रभारी, बढ़नी चौकी प्रभारी, अमला यादव सहित पुलिस और एसएसबी के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

## भीषण ठंड से जनजीवन हुआ अस्त व्यस्त


**अंबेडकरनगर।** अंबेडकरनगर में लगातार ठंड में इजाफा हो रहा है। ठंड से बचने के लिए लोग अलाव और गर्म कपड़े का सहारा ले रहे हैं। शनिवार दोपहर को कुछ देर के लिए धूप तो हुई, लेकिन सोमवार सुबह से फिर सर्द हवाओं के बीच आसमान में छाए बादल ने ठंड को बढ़ा दिया है, जिसे समूचा जिला ठंड से ठिठुर रहा है। रविवार सुबह से आसमान में बादल छाए हुए है और सर्द हवाएं भी चल रही है। ठंड से बचने के लिए लोग जहां-तहां दुबके हुए है। सुबह के समय जो लोग वाहन लेकर घर से बाहर निकले। वह ठंड से बचने के लिए गंतव्य से पंहुचने के लिए जगह-जगह अलाव का सहारा लिए। सर्द हवा चलने एवं धूप न निकलने से ठंड का प्रकोप जारी रहा।रविवार होने के कारण स्कूल और सरकारी कार्यालय बन्द होने से जरूर लोगों को राहत मिली। रविवार को कुछ देर के लिए धूप तो निकला, जिससे लोगों को उम्मीद थी कि सोमवार को धूप निकलेगा, लेकिन भीषण कोहरा और ठंड मौसम का मिजाज जारी है। खराब मौसम के चलते लोग बाजारों का रुख कम कर रहे है।

## नक्सलवाद अभी जिंदा है

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह बार-बार दावा करते रहे हैं कि मार्च, 2026 तक नक्सलवाद का अस्तित्व खत्म कर दिया जाएगा। इस लड़ाई में हमारे जांबाज जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। नक्सलवाद घुटने टेक रहा है, नक्सली आत्मसमर्पण कर रहे हैं। एक दिन ऐसा होगा कि नक्सलवाद का नामलेवा भी शेष नहीं रहेगा। देश चाहता है कि गृहमंत्री का दावा एक दिन साकार हो, चरितार्थ हो, क्योंकि नक्सलवाद भी एक खास किस्म का आतंकवाद है, लेकिन छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के अंबेली गांव में नक्सलियों ने आईईडी विस्फोट करके जिस तरह 8 जवानों और एक वाहन चालक को 'शहीद' किया है, वह रुह कंपा देने वाला हमला है। यह अप्रैल, 2023 के बाद का सबसे बड़ा, घातक हमला है और 2025 का पहला जानलेवा हमला है। छत्तीसगढ़ के ही दंतेवाड़ा क्षेत्र में 26 अप्रैल, 2023 को आईईडी विस्फोट करके 10 पुलिसकर्मियों को 'शहीद' किया गया था। इस बार सुरक्षा बल अबूझमाड़ के जंगल में एक सफल ऑपरेशन में 5 नक्सलियों को मार कर लौट रहे थे। हालांकि 'रोड ओपनिंग पार्टी' रास्ते को साफ करती चल रही थी। काफिले में कुछ और वाहन भी थे, जो वैकल्पिक रास्ते पर चले गए। नक्सलियों ने एक वाहन को निशाना बनाया और विस्फोट में वाहन के परखच्चे उड़ गए। बताया जाता है कि हमले में करीब 70 किलोग्राम विस्फोटक का इस्तेमाल किया गया। लिहाजा बेहद महत्वपूर्ण और गंभीर सवाल है कि 'रोड ओपनिंग पार्टी' इतने विस्फोटक को देख और पकड़ क्यों नहीं सकी? यदि रास्ते को गंभीरता से साफ किया जाता, तो विस्फोटक पकड़ में आ सकता था और उसे निरस्त, निष्प्रभावी किया जा सकता था। यह स्पष्ट लापरवाही, अनदेखी थी, जिसने हमारे जवानों की जिंदगी छीन ली। अब एक बार फिर बहस शुरू होगी कि सुरक्षा बलों की आवाजाही सडक़ मार्ग के बजाय हवाई उड़ान के जरिए क्यों नहीं हो सकती?

यह सवाल फरवरी, 2019 के पुलवामा (कश्मीर) आतंकी हमले के बाद भी उठा था, जिसमें हमारे 40 सुरक्षाकर्मियों को 'शहीद' कर दिया गया था। बीजापुर जिले में इस बार का विस्फोट इतना ताकतवर था कि वाहन के पुर्जे 400 मीटर दूर तक बिखर गए। वाहन का एक हिस्सा करीब 30 फुट दूर पेड़ पर लटका मिला। घटनास्थल पर ही करीब 10-12 फुट गहरा और चौड़ा गड्ढा बन गया। जवानों के शव भी क्षत-विक्षत हो गए। नक्सली विस्फोट करके भाग निकले। धमाका होते ही रोड ओपनिंग पार्टी के जवानों ने मोर्चा संभाल लिया, लेकिन शहादत तो हो चुकी थी। यह हमला ही साबित करता है कि नक्सलवाद अभी जिंदा है। उनकी रणनीति कारगर साबित हो रही है। उनके पास हथियार और हत्यारे विस्फोटक हैं, लिहाजा सवाल है कि 2026 तक नक्सलियों का बिल्कुल खात्मा कैसे संभव है? बीते साल 2024 में 287 नक्सली मारे गए, करीब 1000 गिरफ्तार किए गए, 837 ने आत्मसमर्पण किया, लेकिन हमारे जवान भी 'शहीद' हुए हैं। हमारे लिए यह चिंताजनक बात है। नक्सलवाद अब भी देश के 30 जिलों में मौजूद है। इनमें 8 जिले छत्तीसगढ़ के हैं। दंतेवाड़ा और बस्तर क्षेत्र तो नक्सलियों के गढ़ माने जाते रहे हैं। नक्सलवाद के कारण करीब 94 फीसदी वारदातें और मौतें इन्हीं जिलों में होती हैं। इस हमले में जो जवान 'शहीद' हुए हैं, वे जिला रिजर्व गार्ड के थे। यह राज्य पुलिस की ही एक ईकाई है, लेकिन हमें वे घटनाएं भी याद हैं, जब 6 अप्रैल, 2010 को नक्सलियों ने एक ही हमले में सीआरपीएफ के 76 जवानों को मौत की नींद सुला दिया था।

## हिंदी है हम वतन है फिर हिंदी राष्ट्रभाषा क्यों नहीं



संजीव ठाकुर

हिंदी संवैधानिक रूप से तो भारत की राजभाषा है, पर इसे राष्ट्रभाषा नहीं बनाया गया है विषय चिंतनीय है। देश में व्यवहारिक रूप से हिंदी को कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक को सर्वोपरि सम्मान नहीं मिल पाया है जिसकी हिंदी भारत में सर्वाधिक हकदार भाषा है। यह अलग बात है कि भारत देश में अलग-अलग प्रांतों में अलग-अलग भाषाएं बोली जाती है और स्वतंत्रता के बाद भारत सरकार ने 22 भाषाओं को संवैधानिक रूप से मान्यता प्रदान की है, पर हमारी हिंदी सर्वाधिक बोली जाने वाली तथा लिखी जाने वाली भाषा है। देश में हिंदी बोलने तथा पढ़ने वालों की संख्या लगभग 65 से 70 करोड़ है, यह भाषा की बहुलता कथा विविधता ही है जिसके कारण भाषाई विवाद की स्थिति उभरी है, और सर्वाधिक नुकसान हिंदी को उठाना पड़ा है। वर्ष 2008 में विश्व हिंदी सम्मेलन न्यूयॉर्क (अमेरिका) में भारतीय साहित्यकारों, कवियों को चिंतकों, प्रोफ़ेसर, चिंतकों, पत्रकारों ने बड़े जोर शोर से संयुक्त राष्ट्र संघ की अधिकारिक भाषा बनाने हेतु र मान्यता देने के लिए पुरजोर कोशिश की थी। कोशिश तो हमेशा की जानी चाहिए और यह बड़ी ही सार्थक पहल भी थी, पर इसके पूर्व भारत के हिंदी साहित्य के विद्वानों को हिंदी को पहले अपने देश में राष्ट्रभाषा का दर्जा दिलवाने के लिए प्रयास किया जाना चाहिए। भारतेंदु हरिश्चंद्र जी ने भी कहा है,

**निज भाषा उन्नति अहै सब उन्नति के मूल।**
**बिनु निज भाषा ज्ञान के मिटत ना हिय को शूल।**

देश में भाषाई विविधता के कारण हिंदी को सर्वाधिक नुकसान उठाना पड़ा है ।इसके अलावा कुछ स्वार्थी राजनीतिक के लोग नहीं चाहते कि हिंदी को सर्वोच्च सम्मान मिले और इसके लिए विभिन्न प्रकार के विरोध एवं आंदोलन भी करते रहे हैं, इसके अलावा लोगों को उकसा कर जन आंदोलन का रूप भी देने का प्रयास करते रहे हैं जो अत्यंत निंदनीय है।

देश के स्वतंत्रता आंदोलन में भी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों में यह महसूस किया था कि हिंदी दक्षिण भारत के कुछ क्षेत्रों को छोड़कर सबसे ज्यादा लोगों की संपर्क भाषा थी। देश के विभिन्न भाषा भाषी लोग हिंदी भाषा में ही संपर्क कर के अपने संदेश तथा सूचना एक दूसरों को प्रदान किया करते थे,और हिंदी भाषा के संपर्क सूत्रों के चलते ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने अथक मेहनत कर हिंदी की सहायता से स्वतंत्रता प्राप्त की थी। हिंदी की सार्वभौमिक स्थिति एवं बड़े समुदाय द्वारा बोले जाने वाली भाषा के रूप में स्थापित होने के बाद इसे राजभाषा का दर्जा देने का निर्णय लिया गया था। हिंदी एक व्यापक भाषा है जिस की लिपि देवनागरी होने के कारण अत्यंत सरल एवं आवश्यकता अनुसार दूसरी भाषाओं को और उनके शब्दों को बड़ी सुगमता से आत्मसात करने की क्षमता तथा विशालता है। हिंदी देशवासियों की भावनात्मक भाषा भी है इसका देश की एकता तथा अखंडता में एक का बड़ा योगदान रहा है। हिंदी एक बड़ी सक्षम तथा विशाल भाषा का दर्जा भी रखती है। पूर्व राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद जी ने भी कहा कि हिंदी चिरकाल से ऐसी भाषा रही है जिस जिस ने मात्र विदेशी होने के कारण किसी शब्द का बहिष्कार नहीं किया। 14 सितंबर 1949 को संविधान की सभा ने एकमत से हिंदी को भारत की राजभाषा बनाए जाने का निर्णय भी लिया इसीलिए भारत में हर वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाने का संकल्प लिया गया। हिंदी दिवस मनाए जाने का एकमात्र उद्देश्य इसके व्यापक प्रचार-प्रसार एवं राजकीय प्रयोजनों में इसके ज्यादा से ज्यादा उपयोग को बढ़ावा देने का है। केंद्रीय सरकारी कार्यालयों में देखा गया है कि वहां पर स्लोगन दीवारों पर लिखे गए हैं कि हिंदी का उपयोग लिखने एवं पढ़ने के लिए ज्यादा से ज्यादा करें। विडंबना यह है कि भारत में ही हिंदी के प्रचार-प्रसार की हमें आवश्यकता पड़ रही है। यद्यपि ऐसा होना नहीं चाहिए। हिंदी को राष्ट्रभाषा बना कर इसका अनिवार्य रूप से उपयोग शासकीय कार्यालयों तथा जनसभाओं में किया जाना चाहिए देश के पूरे प्रदेशों में इसको समान रूप से स्वीकृत भाषा का दर्जा दिया जाना चाहिए। हमने इंग्लैंड, अमेरिका, स्विजरलैंड और अन्य देशों की यात्राएं भी है पर वहां कहीं भी उनकी अपनी भाषा के उपयोग के लिए कार्यालय में स्लोगन लिखा जाना नहीं देखा गया,तो भारत में ही क्यों। सवाल इसलिए उठता है कि हमारे दक्षिण तथा कुछ अन्य राज्यों में हिंदी को हिकारत की नजर से देख कर हिंदी वासियों से दूरी बनाई रखी जाती है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

**लोकसभा और राज्यों के विधानसभाओं के चुनाव का कोई नियत समय नहीं होता है। यह सांसदों और विधायकों के विश्वास मत और सरकार की मंशा के अधीन होता है। इसके अलावे पंचायत और नगर पालिकाओं के चुनाव को भी यदि इसमें शामिल कर लिया जाए तो ऐसा लगता है जैसे देश एक चुनावी दुश्चक्र में फंस गया हो। इससे न केवल प्रशासनिक और नीतिगत निर्णय प्रभावित होते हैं, बल्कि राष्ट्रीय संपत्ति और जनता के पैसों का भी नुकसान होता है।**

# एक देश एक चुनाव : राष्ट्र की आवश्यकता



गिरिराज सिंह

'एक देश एक चुनाव' पर बनी उच्च स्तरीय कमिटी की सिफारिशों को केन्द्रीय केबिनेट ने मंजूर कर लिया है। हमारी सरकार की इच्छा अगले पांच वर्षों में इसे सारे देश में लागू करने की है। यह कोई राजनैतिक मुद्दा नहीं बल्कि राष्ट्र की महती आवश्यकता है। यह बात कानून एवं कार्मिक मामलों की स्थायी संसदीय समिति की रिपोर्ट 2015 में भी उजागर हुई है। इस पर नीति आयोग, विधि आयोग व चुनाव आयोग की पहल भी होती रही है। राष्ट्रपति के अभिभाषण से लेकर प्रधानमंत्री के अनेक वक्तव्यों में भी यह मुद्दा चर्चा के केंद्र में रहा है। 'एक देश एक चुनाव' की संभावनाओं पर विचार करने हेतु पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद जी की अध्यक्षता में गठित आठ सदस्यीय समिति ने भी इस पर अपनी संस्तुति प्रदान की है, जिसे हमारी सरकार ने मान लिया है। हालाँकि इस प्रस्ताव का बीजारोपण सर्वप्रथम 1983 ई. में चुनाव आयोग ने किया था जिसे उस समय की सरकार ने निरस्त कर दिया था। फिर 1999 ई. में लॉ कमीशन ने इसका सुझाव दिया जिसपर 2002 में बाजपेयी सरकार द्वारा गठित संविधान समीक्षा आयोग या वेंकटचलईया समिति ने इसका व्यापक समर्थन किया। आगे 2014 में हमारी सरकार के सत्ता में आने के बाद यह मुद्दा चर्चा के केंद्र में आया जिसकी पूर्णाहुति है पूर्व राष्ट्रपति कोविंद जी ने नेतृत्व में बनी आठ सदस्यीय समिति की संस्तुति और इसपर केन्द्रीय केबिनेट की मंजूरी।

**एक देश एक चुनाव क्या है :** किसी भी जीवंत लोकतंत्र में चुनाव एक आवश्यक प्रक्रिया है। भारत जैसे विशाल देश में अबाध चुनावी प्रक्रिया सम्पन्न कराना हमेशा से एक टेढ़ी खीर रहा है। लोकसभा और राज्यों के विधानसभाओं के चुनाव का कोई नियत समय नहीं होता है। यह सांसदों और विधायकों के विश्वास मत और सरकार की मंशा के अधीन होता है। इसके अलावे पंचायत और नगर पालिकाओं के चुनाव को भी यदि इसमें शामिल कर लिया जाए तो ऐसा लगता है जैसे देश एक चुनावी दुश्चक्र में फंस गया हो। इससे न केवल प्रशासनिक और नीतिगत निर्णय प्रभावित होते हैं, बल्कि राष्ट्रीय संपत्ति और जनता के पैसों का भी नुकसान होता है। इसलिए नीति निर्धारकों का यह विचार है कि क्यों न लोकसभा, विधान सभाओं और पंचायत व नगरपालिकाओं के चुनाव साथ-साथ करवाएं जाएँ। इस प्रकार 'एक देश एक चुनाव' लोकसभा और विधानसभाओं तथा स्थानीय निकायों के चुनावों को साथ-साथ करवाये जाने का वैचारिक उपक्रम है। इस संदर्भ में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद जी की अध्यक्षता में बनी उच्च स्तरीय समिति की सिफारिश है कि चुनाव दो चरणों में कराए जाएं। पहले चरण में लोकसभा और राज्य विधान सभाओं के चुनाव कराएं जाएं तथा दूसरे चरण में नगरपालिकाओं और पंचायतों के चुनाव हों।




इन्हें पहले चरण के चुनावों के साथ इस तरह से कॉर्डिनेट किया जाए कि लोकसभा और विधानसभा के चुनाव के सौ दिनों के भीतर इन्हें पूरा किया जाए। इसके लिए कुछ विधानसभाओं के कार्यकाल में कटौती करनी होगी और कुछ के कार्यकाल में विस्तार करना होगा। एक देश एक चुनाव के मुद्दे पर इस उच्च स्तरीय समिति ने कुल 47 राजनैतिक दलों से बातचीत की। इसमें कांग्रेस और लेफ्ट पार्टियों समेत केवल 15 दलों ने विरोध जताया जबकि 32 दलों ने इस पर अपनी सहमति प्रदान की। लेकिन सवाल उठता है कि यह एक देश एक चुनाव इतना आवश्यक क्यों है?

**एक देश एक चुनाव आवश्यक क्यों :** चुनावों की बारंबारता के कारण बार-बार आदर्श आचार सहिंता यानी मॉडल कोड ऑफ़ कंडक्ट लगाना पड़ता है। इससे सरकार आवश्यक नीतिगत निर्णय नहीं ले पाती है और विभिन्न योजनाओं-परियोजनाओं की गतिविधियाँ प्रभावित होती है। यहाँ बताते चलें कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद सत्ताधारी दल, मंत्रियों या लोक प्राधिकारियों द्वारा किसी नियुक्ति प्रक्रिया, परियोजना की घोषणा, वित्तीय मंज़ूरी या नई स्कीमों आदि की शुरुआत की मनाही रहती है। जिससे सत्ताधारी दल को चुनाव में अतिरिक्त लाभ न मिले। लेकिन भारत में चुनावों की अधिकता-बारंबारता के कारण यह कई बार आवश्यक विकासत्मक परियोजनाओं को भी रोक देता है जिससे विकास बाधित होता है। यदि देश में एक ही बार लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव संपादित किये जाएँ तो अधिकतम तीन महीने ही आदर्श आचार संहिता लागू रहेगी, बांकी के चार साल नौ महीनें तो निर्बाध रूप से विकासात्मक परियोजनाओं को संचालित किया जा सकता है। अतः देश को विकास के पथ पर तीव्रता से अग्रसर करने हेतु वन नेशन वन इलेक्शन आवश्यक है।

एक देश एक चुनाव के पक्ष में दूसरा प्रमुख तर्क यह है कि इससे चुनावों पर होने वाले भारी खर्च में कमी आएगी और राष्ट्रीय कोष में वृद्धि होगी। दिनों-दिन चुनावी व्यय में होने वाली वृद्धि इस बात का सबूत है कि चुनावों में बढ़ता बेतहाशा खर्च देश की आर्थिक सेहत के लिए नुकसानदेह है। ज्ञात हो कि 1952 के प्रथम आम चुनाव में जहाँ मात्र 10 करोड़ रूपये खर्च हुए थे वहीं 2009 के आम चुनाव में 11 सौ करोड़ रूपये खर्च किये गये और 2014 के चुनाव में यह चुनावी व्यय बढ़कर लगभग 4 हज़ार करोड़ रूपये हो गया। हद तो तब हो गई कि 2019 के आम चुनाव का खर्च विभिन्न मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार 55 से 60 हज़ार करोड़ रूपये बताया जा रहा है। वहीं कई मीडिया रिपोर्ट्स का यह दावा है कि 2024 के आम चुनाव का कुल खर्चा लगभग 1.35 लाख करोड़ है जो कि जो कि पुरे विश्व के किसी भी देश की चुनावी खर्चे में सर्वाधिक है। एक आकलन के मुताबिक पांच सालों में देश में होने वाले समस्त चुनावों यथा लोकसभा, विधानसभा और स्थानीय निकायों के चुनावों का कुल खर्चा यदि जोड़ा जाए तो यह लगभग 2.5 से तीन लाख करोड़ रूपये होगा। अतः इसे कम करने के लिए एक देश एक चुनाव का विचार सर्वोत्तम है। साथ ही तीसरी बात यह कि एकसाथ लोकसभा और विधान सभाओं के चुनाव होने से काले धन पर रोक लगेगी और भ्रष्टाचार पर लगाम कसने में भी मदद मिलेगी। यह चुनाव सुधार की दिशा में भी कारगर कदम सिद्ध होगा। चौथी बात यह कि वन नेशन वन इलेक्शन से कर्मचारियों के मूल कृत्यों के निर्वहन में तीव्रता आएगी साथ ही लोगों के सार्वजनिक जीवन के व्यवधान में भी कमी आएगी। विदित है कि हमारे यहाँ चुनाव कराने हेतु शिक्षकों एवं सरकारी सेवा में कार्यरत कर्मचारियों की सेवा ली जाती है जिससे उनका मूल कार्य प्रभावित होता है। इतना ही नहीं चुनाव सुरक्षित हो तथा अवांछनीय तत्वों द्वारा इसे प्रभावित न किया जाए इसके लिए कुल मिलाकर लगभग डेढ़ करोड़ चुनावकर्मी और सुरक्षाबल की तैनाती की जाती है। इससे शिक्षा एवं सुरक्षा व्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है तथा देश के अन्य आवश्यक कामकाज भी प्रभावित होते हैं।

# हिंदी केवल एक भाषा ही नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति परंपरा

**हर साल विश्व हिंदी दिवस 10 जनवरी को मनाया जाता है। दोनों दिनों का मकसद हिन्दी को प्रोत्साहित करना है। विश्व हिंदी दिवस का उद्देश्य वैश्विक स्तरपर इसे बढ़ावा देना है।14 सितंबर के दिन 1949 में संविधान सभा ने हिंदी को भारत की राजभाषा बनाने का फैसला किया था। इस दिन की याद में राष्ट्रीय हिंदी दिवस मनाया जाता है। जबकि विश्व हिंदी दिवस का मकसद विश्व में हिंदी को बढ़ावा देना है। 10 जनवरी, 2006 को भारत सरकार ने इसे विश्व हिन्दी दिवस के रूप में मनाए जाने की घोषणा की थी। पहले विश्व हिन्दी सम्मेलन का आयोजन 10 जनवरी, 1975 को नागपुर में किया गया था।**



किशन भावनानी

वैश्विक स्तरपर इंग्लिश मंदारिन के बाद, हिंदी विश्व की तीसरी सबसे अधिक बोलने वाली भाषा है।10 जनवरी 2025 को जहां विश्व में हिंदी दिवस मनाया जा रहा है, वही 14 सितंबर को भारत में हिंदी दिवस के रूप में भी मनाया जाता है, क्योंकिहिंदी को 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा में राजभाषा बनाने का फैसला किया था।वैश्विक स्तरपर हिंदी को लेकर पहला आयोजन 10 जनवरी 1974 को महाराष्ट्र के नागपुर में किया गया था, इस सम्मेलन में 30 देशों के 122 प्रतिनिधियों ने भाग लिया था। साल 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने प्रथम विश्व हिंदी सम्मेलन का उद्घाटन किया था। साल 2006 में तत्कालीन भारतीय प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी। हिंदी हमारी एक राजभाषा है और उत्तर भारत के कई राज्यों में प्रमुख रूप से बोली जाती है। हिंदी भारत के अलावा भारत के पड़ोसी देशों पाकिस्तान, बांग्लादेश नेपाल, श्रीलंका में भी बोली जाती है, इसके अलावा दुनियाँ के कई देशों में यह भाषा लोकप्रिय है और मॉरीशस जैसे देशों में भी बोली जाती है। हिंदी को जन-जन की भाषा के रूप में भी जाना जाता है औए इस भाषा को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देने के लिए हिंदी दिवस के अवसर पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। हर साल दो बार हिंदी दिवस मनाया जाता है। चूँकि हिंदी केवल एक भाषा ही नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति परंपरा व जीवन शैली का अभिन्न हिस्सा है, इसलिए मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से, इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, विश्व हिंदी दिवस 10 जनवरी 2025, हिंदी भाषा सभी समुदायों धर्मो संस्कृतियों को एक सूत्र में बांधने का कार्य करती है।

साथियों बात अगर हम हिंदी भाषा को गहराई से जानने की करें तो, (1) राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने हिन्दी को जनमानस की भाषा कहा था। वह चाहते थे कि हिन्दी राष्ट्रभाषा बने। उन्होंने 1918 में आयोजित हिन्दी साहित्य सम्मेलन में हिन्दी को राष्ट्र भाषा बनाने के लिए कहा था। आजादी मिलने के बाद लंबे विचार-विमर्श के बादआखिरकार 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा में हिन्दी को राज भाषा बनाने का फैसला लिया गया। हिन्दी को राष्ट्रभाषा बनाए जाने के विचार से बहुत से लोग खुश नहीं थे। कइयों का कहना था कि सबको हिंदी ही बोलनी है तो आजादी के क्या, मायने रह जाएंगे, ऐसे में मत बंटने से हिंदी नहीं बन पाई देश की राष्ट्रभाषा। (2) इंग्लिश और मंदारिन के बाद हिंदी विश्व की तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है। (3) विश्व हिंदी दिवस और हिंदी दिवस में अंतर है, भारत में हिंदी दिवस 14 सितंबर को होता है। वहीं हर साल विश्व हिंदी दिवस 10 जनवरी को मनाया जाता है। दोनों दिनों का मकसद हिन्दी को प्रोत्साहित करना है। विश्व हिंदी दिवस का उद्देश्य वैश्विक स्तरपर इसे बढ़ावा देना है।14 सितंबर के दिन 1949 में संविधान सभा ने हिंदी को भारत की राजभाषा बनाने का फैसला किया था। इस दिन की याद में राष्ट्रीय हिंदी दिवस मनाया जाता है। जबकि विश्व हिंदी दिवस का मकसद विश्व में हिंदी को बढ़ावा देना है। 10 जनवरी, 2006 को भारत सरकार ने इसे विश्व हिन्दी दिवस के रूप में मनाए जाने की घोषणा की थी। पहले विश्व हिन्दी सम्मेलन का आयोजन 10 जनवरी, 1975 को नागपुर में किया गया था। अभी तक पोर्ट लुईस, स्पेन, लंदन, न्यूयॉर्क, जोहानसबर्ग आदि सहित भारत में विश्व हिन्दी सम्मेलनों का आयोजन किया जा चुका है। (4) दुनिया की सबसे प्रसिद्ध ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी (शब्दकोश) हर साल भारतीय शब्दों को जगह दे रही है। ऑक्सफोर्ड ने आत्मनिर्भरता, चड्डी, बापू, सूर्य नमस्कार, आधार, नारी शक्ति और अच्छा शब्द को भी अपने प्रतिष्ठित शब्दकोश में जगह दी है। 'अरे यार!', भेलपूरी, चूड़ीदार, ढाबा, बदमाश, चुप, फंडा, चाचा, चौधरी, चमचा, दादागीरी, जुगाड़, पायजामा, कीमा, पापड़, करी, चटनी, अवतार, चीता, गुरु, जिमखाना, मंत्र, महाराजा, मुग़ल, निर्वाण, पंडित, ठग, बरामदा जैसे शब्द भी इसमें शामिल हैं। (5) दक्षिण प्रशांत महासागर क्षेत्र में फिजी नाम का एक द्वीप देश है जहां हिंदी को आधिकारिक भाषा का दर्जा दिया गया है। (6) भारत के अलावा मॉरीशस, फिलीपींस, नेपाल, फिजी, गुयाना, सुरिनाम, त्रिनिदाद, तिब्बत और पाकिस्तान में कुछ परिवर्तनों के साथ ही सही लेकिन हिंदी बोली और समझी जाती है। (7) हिंदी में उच्चतर शोध के लिए भारत सरकार ने 1963 में केंद्रीय हिंदी संस्थान की स्थापना की। देश भर में इसके आठ केंद्र हैं। (8) अभी विश्व के सैंकड़ों विश्वविद्यालयों में हिन्दी पढ़ाई जाती है और पूरी दुनिया में करोड़ों लोग हिन्दी बोलते हैं। अमेरिका में लगभग एक सौ पचास से ज्यादा शैक्षणिक संस्थानों में हिंदी का पठन-पाठन हो रहा है।(9) भारत फिजी के अलावा मॉरीशस, फिलीपींस, अमेरिका, न्यूजीलैंड, यूगांडा, सिंगापुर, नेपाल, गुयाना, सुरिनाम, त्रिनिदाद, तिब्बत, दक्षिण अफ्रीका, सूरीनाम यूनाइटेड किंगडम, जर्मनी और पाकिस्तान में कुछ परिवर्तनों के साथ ही सही लेकिन हिंदी बोली और समझी जाती है। (10) हिंदी का नाम फारसी शब्द 'हिंद' से लिया गया है, जिसका अर्थ है सिंधु नदी की भूमि। फारसी बोलने वाले तुर्क जिन्होंने गंगा के मैदान और पंजाब पर आक्रमण किया, 11वीं शताब्दी की शुरुआत में सिंधु नदी के किनारे बोली जाने वाली भाषा को 'हिंदी' नाम दिया था। यह भाषा भारत की आधिकारिक भाषा है और संयुक्त अरब अमीरात में एक मान्यता प्राप्त अल्पसंख्यक भाषा है। साथियों बात अगर हम हिंदी भाषा को एक भाषा नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति परंपरा वह जीवन शैली के लिए अभिन्न हिस्सा होने की करें तो, हिंदी केवल एक भाषा नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, परंपरा और जीवन शैली का अभिन्न हिस्सा है। यह हमारी पहचान है, और हम सभी हिंदी बोलकर अपनी सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित रखते हैं। हिंदी भाषा का इतिहास बहुत पुराना है और यह हमारे साहित्य, कला, और फिल्म उद्योग का अभिन्न हिस्सा है। हिंदी फिल्मों के माध्यम से यह भाषा न केवल भारत में बल्कि पूरे विश्व में लोकप्रिय हुई है। बॉलीवुड ने हिंदी को वैश्विक स्तर पर एक पहचान दिलाई है। दुनिया भर में हिंदी बोलने वाले लोगों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। भारत में लगभग 44 प्रतिशत लोग हिंदी बोलते हैं और यह संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। इसके अलावा, नेपाल पाकिस्तान, बांगलादेश, श्रीलंका जैसे देशों में भी हिंदी बोली जाती है। आजकल हिंदी का प्रभाव वैश्विक स्तर पर बढ़ रहा है, और विभिन्न देशों में हिंदी सीखने वाले छात्रों की संख्या में वृद्धि हो रही है। यह हमारे लिए गर्व की बात है कि हिंदी भाषा अब न केवल भारत में बल्कि विदेशों में भी लोगों के बीच संवाद का माध्यम बन गई है। हिंदी भाषा की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह सभी समुदायों, धर्मों और संस्कृतियों को एक सूत्र में बांधने का कार्य करती है।




# नये भारत के निर्माण में प्रवासी भारतीयों की शक्ति लगे

**विश्व बैंक के आंकड़ों से पता चला है कि 2024 में भारत को प्रवासी भारतीयों से 129 बिलियन डॉलर का धन मिला है। यह अब तक का सबसे ज्यादा है। भारत की विकास गाथा लिखने के साथ परोपकारी कार्य करने के लिए प्रवासी भारतीयों द्वारा भेजे गए धन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रवासी भारतीयों को अपनी सांस्कृतिक विरासत को अक्षुण्ण बनाए रखने के कारण ही साझा पहचान मिली है। उनकी सफलता का श्रेय उनकी परम्परागत सोच, सांस्कृतिक मूल्य, शैक्षणिक योग्यता एवं प्रतिभा को दिया जाना चाहिए। वैश्विक स्तर पर सूचना तकनीक के क्षेत्र में क्रांति में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है।**



ललित गर्ग

प्रवासी भारतीय दिवस भारत के विकास में प्रवासी भारतीय समुदाय के योगदान को चिह्नित करने के लिए हर साल 9 जनवरी को मनाया जाता है। 1915 में इसी दिन महात्मा गांधी, सबसे बड़े प्रवासी के रूप में दक्षिण अफ्रीका से भारत लौट थे और भारत के स्वतंत्रता संग्राम का नेतृत्व किया। यह दिवस भारत सरकार का एक प्रमुख, दूरगामी एवं उद्देश्यपूर्ण कार्यक्रम है, जो विदेशों में बसे भारतीयों को भारत के साथ जोड़ने और आपस में संवाद करने का एक मंच प्रदान करता है। इस वर्ष का 18वां प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन 8 से 10 जनवरी 2025 के बीच ओडिशा राज्य सरकार के सहयोग से भुवनेश्वर में आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष के इस दिवस की थीम है विकसित भारत में प्रवासी भारतीयों का योगदान। यह थीम भारत को आत्मनिर्भर और विश्वस्तरीय विकसित राष्ट्र बनाने में प्रवासी भारतीयों के योगदान को रेखांकित करती है। क्योंकि प्रवासी भारतीय आज वैश्विक व्यवस्था में एक महत्वपूर्ण और विशिष्ट शक्ति बन गया है, जो हर क्षेत्र में एक ऊर्जावान और आत्मविश्वासी समुदाय के रूप में विकसित होकर भारत का गौरव बढ़ा रहा है और विभिन्न देशों में उच्च पदों पर स्थापित होकर विश्व मामलों में शानदार योगदान दे रहा है। प्रवासी भारतीयों ने असाधारण समर्पण, प्रतिभा कौशल, लगन और कड़ी मेहनत का प्रदर्शन करते हुए कला, साहित्य, संस्कृति, राजनीति, खेल, व्यवसाय, शिक्षा, फिल्म परोपकार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी सहित जीवन के सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट बनने के लिए कई चुनौतियों को पार किया है।

दुनिया में सर्वाधिक प्रवासी भारतीय हैं। वर्तमान में खाड़ी देशों में लगभग 8.5 मिलियन भारतीय रहते हैं जो दुनिया में प्रवासियों की सबसे बड़ी आबादी है। संयुक्त राज्य अमेरिका में लगभग 4 मिलियन भारतीय हैं। यहाँ मैक्सिको के बाद भारतीयों की दूसरी सबसे अधिक आबादी है। इसके अतिरिक्त कनाडा, यूनाइटेड किंगडम, मलेशिया, मॉरीशस, श्रीलंका, सिंगापुर, नेपाल सहित अन्य देशों में प्रवासी भारतीयों की बड़ी आबादी रहती है। विदेशों में रहते हुए भी प्रवासी भारतीय अपने देश, अपनी माटी, अपनी संस्कृति एवं अपनी जड़ों से जुड़े हुए हैं। आज की तारीख में भारतीय नई शक्ति के तौर पर अन्तर्राष्ट्रीय पटल पर अपना लोहा मनवा चुके हैं। विश्व बैंक की रिपोर्ट में बताया गया है कि पूरी दुनिया में सबसे अधिक पैसा भारतीयों ने अपने देश भेजा है। विश्व बैंक के आंकड़ों से पता चला है कि 2024 में भारत को प्रवासी भारतीयों से 129 बिलियन डॉलर का धन मिला है। यह अब तक का सबसे ज्यादा है। भारत की विकास गाथा लिखने के साथ परोपकारी कार्य करने के लिए प्रवासी भारतीयों द्वारा भेजे गए धन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रवासी भारतीयों को अपनी सांस्कृतिक विरासत को अक्षुण्ण बनाए रखने के कारण ही साझा पहचान मिली है। उनकी सफलता का श्रेय उनकी परम्परागत सोच, सांस्कृतिक मूल्य, शैक्षणिक योग्यता एवं प्रतिभा को दिया जाना चाहिए। वैश्विक स्तर पर सूचना तकनीक के क्षेत्र में क्रांति में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। प्रवासी भारतीयों की ताकत को देखते हुए और उन्हें अपनी जड़ों से जोड़ने के लिए 2002 में एनडीए की अटल बिहारी वाजपेयी सरकार ने हर वर्ष 9 जनवरी को प्रवासी भारतीय दिवस मनाने का निर्णय किया था।



नौकरी, उद्योग, व्यापार और दूसरे कई कारणों से अपना देश छोड़कर दूसरे देशों में रहने वालों में भारतीयों की आबादी दुनिया में सर्वाधिक है। अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा और कई अन्य देशों में भारतीय वहां की सरकारों में मंत्री और सांसद तो निर्वाचित हुए ही हैं बल्कि नीति निर्धारक विभागों में उच्च पदों पर आसीन हैं। भारतीयों की खासियत है कि वे जिस भी देश में गए उन्होंने वहां की संस्कृति और संविधान को आत्मसात कर लिया। वहां के व्यापार, उद्योग, चिकित्सा क्षेत्र आदि में महत्वपूर्ण योगदान दिया। भले ही प्रवासी भारतीयों ने वहां का सब कुछ आत्मसात कर लिया है लेकिन वह भारत माता की माटी की सुगन्ध को नहीं भूले। उनकी रगों में भारत की संस्कृति एवं संस्कार रचे-बसे हैं।

प्रवासी भारतीयों के समर्थन से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता एक वास्तविकता बन सकती है। भारत ने नवंबर 2017 में अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय में न्यायमूर्ति दलवीर भंडारी की पुनर्नियुक्ति के लिए संयुक्त राष्ट्र में दो-तिहाई मत हासिल कर अपने राजनयिक प्रभाव का प्रदर्शन किया। यह कोई छोटी बात नहीं है कि दुनिया के कोने-कोने में भारतवंशी और प्रवासी भारतीयों की राजनीतिक, आर्थिक और कारोबारी क्षेत्रों में तेजी से बढ़ती ऊंचाइयां भारत के तेज विकास के मद्देनजर महत्वपूर्ण हो गई हैं। दुनिया के अनेक देशों में कई और भारतवंशी राजनेता अपने-अपने देशों को आगे बढ़ाते हुए विश्व के समक्ष भारत के चमकते हुए चेहरे हैं। साथ ही ये विश्व मंच पर भारत के हितों के हिमायती भी हैं और हरसंभव तरीके से भारत के विकास में अपना अहम योगदान देते हुए भी दिखाई दे रहे हैं। इतना ही नहीं, दुनिया के विभिन्न देशों में राजनीति की ऊंचाइयों पर पहुंचने के साथ-साथ भारतवंशी व प्रवासी भारतीय वैश्विक आर्थिक व वित्तीय संस्थानों आईटी, कम्प्यूटर, मैनेजमेंट, बैंकिंग, वित्त आदि के क्षेत्र में भी बहुत आगे हैं। इसमें कोई दो मत नहीं है कि भारतवंशियों और प्रवासी भारतीयों के लिए विदेशों की नई संस्कृति में ढलकर इस तरह की सफलता हासिल करना आसान नहीं होता है। ऐसे विभिन्न क्षेत्रों के चमकते सितारे अपनी चमक का लाभ मातृभूमि भारत के लिए भी विस्तारित कर रहे हैं। गौरतलब है कि अमेरिका सहित दुनिया के विभिन्न देशों में भारत को विकास की डगर पर आगे बढ़ाने के लिए भारत हितैषी संगठन काम कर रहे हैं। पिछले वर्ष 2023 में भारत की जी-20 की अध्यक्षता और विगत 9-10 सितंबर को नई दिल्ली में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन को सफल बनाने में प्रवासी भारतीयों के संगठन 'इंडियास्पोरा' का अभूतपूर्व योगदान रहा है। विदेश मंत्रालय (एमईए) के अनुसार, इस वर्ष प्रवासी भारतीय दिवस पर भुवनेश्वर में आयोजित सम्मेलन में 50 से अधिक देशों के प्रवासी भारतीय भाग ले रहे हैं। निश्चित ही प्रवासी भारतीयों की सामूहिक शक्ति और क्षमता राष्ट्र के समावेशी विकास को और बल प्रदान करेगी।

# अधिकार दिवस के रूप में मना फार्मासिस्ट अधिकार दिवस

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** यूथ फार्मासिस्ट फेडरेशन का तीसरा स्थापना दिवस गुरुवार को फार्मासिस्ट अधिकार दिवस के रूप में मनाया गया। वन विभाग परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में औषधि आयुक्त बृजेश कुमार ने कहा कि फार्मासिस्ट हमारे परिवार के सदस्य हैं। फार्मासिस्टों को औषधि विभाग का पूरा संरक्षण रहेगा। मरीजों को अच्छी दवाएं मिले, नकली औषधियों को रोका जाए, इसका प्रयास हम सभी लोग मिलकर करेंगे। औषधि निरीक्षक निलेश शर्मा और संदेश मौर्य ने सभी फार्मासिस्टों को अपडेट रहने की सलाह दी और कहा कि एडीआर, साइड इफेक्ट, डोज, प्रयोग, इंटरेक्शन की जानकारी आप सभी को होनी चाहिए जिससे जनता को फायदा हो सके। इस अवसर पर अर्बन आरोग्य मंदिर में फार्मासिस्ट की नियुक्ति, रोजगार का सृजन सहित 14 सूत्रीय मांगों के साथ मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा गया है और 10 फार्मासिस्ट ने रक्तदान किया।

वन विभाग में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुनील यादव ने कहा कि फार्मासिस्ट दवाओं के सुरक्षित और प्रभावी उपयोग पर विशेषज्ञ मार्गदर्शन प्रदान करते हैं, पुरानी बीमारियों के प्रबंधन में मदद करते हैं और रोगियों को निर्धारित उपचार, औषधि लेने के तरीके आदि के पालन के महत्व के बारे में शिक्षित करते हैं। कम्युनिटी फार्मासिस्ट, हॉस्पिटल फार्मासिस्ट जहां मरीजों के उपचार में प्रमुख भूमिका निभाते हैं वहीं क्लिनिकल फार्मासिस्ट फार्माकोविजिलेंस, दवाओं के प्रभाव, दुष्प्रभाव आदि पर कार्य करते हैं। फार्मासिस्ट की योग्यता के अनुसार उनके अधिकारों के सशक्तिकरण और जनहित में प्रयोग किए जाने की जरूरत है। फार्मेसिस्ट की पहुँच और विशेषज्ञता सार्वजनिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने, रोग निवारण अभियानों का समर्थन करने और जेनेरिक दवाओं की सिफारिश के माध्यम से रोगियों के लिए प्रभावी समाधान प्रदान करने में अत्यंत महत्वपूर्ण है। यूथ फार्मासिस्ट फेडरेशन के अध्यक्ष आदेश कृष्ण, महासचिव देवेंद्र कुमार के अनुसार देश में 42,000 से अधिक फार्मासिस्ट शिक्षण संस्थान हैं, जहां प्रतिवर्ष लाखों फार्मासिस्ट डिप्लोमा, बैचलर, मास्टर, पीएचडी, डॉक्टर ऑफ फार्मेसी के रूप में प्रशिक्षित हो रहे हैं।फेडरेशन के महामंत्री अशोक कुमार ने बताया कि आज पूरे प्रदेश में स्थापना दिवस मनाया गया।

लखनऊ में सैंकड़ों की संख्या में जुटे फार्मासिस्ट ने सबसे पहले उत्तर प्रदेश फार्मासिस्ट फेडरेशन के अध्यक्ष सुनील यादव के जन्मदिन पर जनसेवा का संकल्प लिया है। इस अवसर पर फार्मेसिस्ट फेडरेशन के संरक्षक केके सचान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जेपी नायक, महामंत्री अशोक कुमार, उपाध्यक्ष राजेश सिंह, सुभाष श्रीवास्तव, शिव करन, रिटायर विंग के अध्यक्ष जय सिंह सचान, सचिव ओपी सिंह, संगठन मंत्री आरपी सिंह, यूथ विंग के संरक्षक उपेंद्र यादव, अध्यक्ष आदेश, महासचिव देवेंद्र, अजीत, संगठन मंत्री अफजल अहमद, प्रभारी संयोजन,

उपाध्यक्ष अनूप आनंद, प्रवीण यादव, शालिनी, अनुराधा, मधु, डीपीए के मंत्री कपिल वर्मा, श्रवण सचान, रजत यादव ने जानकारियां साझा की।

# बर्फीली हवाओं की रफ्तार थमी, कई इलाकों में धूप खिलने से गलन से राहत

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पिछले दो-तीन दिनों से चल रही तेज रफ्तार पछुआ हवाएं बृहस्पतिवार से मद्धिम हुईं। कई इलाकों में सुबह हुई गुनगुनी धूप और पछुआ थमने के असर से फौरी तौर पर गलन से थोड़ी राहत हुई। हालांकि तराई समेत अन्य कुछ जगहों पर बृहस्पतिवार को सुबह घना कोहरा छाया रहा। प्रयागराज समेत कुछ जिलों में दृश्यता शून्य तक जा पहुंची। राजधानी लखनऊ में बृहस्पतिवार को सुबह से ही हल्की धूप खिली और गलन से तात्कालिक तौर पर राहत मिली। यहां रात के पारे में 4 डिग्री तक की गिरावट दर्ज की गई। शुक्रवार सुबह लखनऊ में हल्के से मध्यम कोहरा छाने के आसार है।

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है कि प्रदेश में शुक्रवार तक रात के पारे में हल्की गिरावट आएगी। शनिवार से पश्चिमी विक्षोभ के असर से रात का पारा फिर से चढ़ेगा। कुल मिलाकर इस हफ्ते तापमान में उतार चढ़ाव जारी रहेगा।

**प्रयागराज समेत कुछ जिलों में दृश्यता शून्य तक जा पहुंची**

**यहां है घना कोहरा छाने की संभावना :** प्रतापगढ़, चंदौली, वाराणसी, संत रविदास नगर, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संतकबीरनगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, बाराबंकी, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अम्बेडकरनगर, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर संभल, बदायूं एवं आसपास इलाकों में घना कोहरा छाने की संभावना है।

# मृतक माधव के परिजनों को मुआवजा व मकान दे सरकार

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के महानगर रमेश सैनी के नेतृत्व में गत 4 जनवरी महाविद्या कॉलोनी एफ सेक्टर थाना गोविंद नगर नगर निगम की लापरवाही से खुले पड़े नाले में 8 वर्षीय इकलौते मासूम माधव पुत्र मोहन वर्मा (नाई) डूब कर अकाल मृत्यु हो जाने से आहत पीड़ित परिवार के साथ जिलाधिकारी कार्यालय मथुरा पर प्रदर्शन कर उपजिलाधिकारी मांट प्रांजया सिंह को जिलाधिकारी के नाम खुला मांग पत्र सौंपा खुले मांग पत्र में पीड़ित परिवार जो 20 बरस से किराए पर रह रहा है कोई स्थाई निवास हेतु एक आवास एवं परिवार में पांच बेटियों को सर्व शिक्षा अभियान के तहत और केंद्र सरकार की जनहितकारी मनसा अनुरूप बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत विद्यालयों में प्रवेश कराने, मासूम बालक के आहत परिवार को 10 लख रुपए की आर्थिक सहायता दिलाने की बात रमेश सैनी ने प्रमुखता से रखी साथ ही कहा कि आज 5 दिन बीत जाने के बाद भी प्रशासन का कोई भी जिम्मेदार/सक्षम अधिकारी पीड़ित परिवार के आंसू पोंछने व संवेदना व्यक्त करने तक नहीं पहुंचा ये प्रशासन की संवेदनशीलता का हाल है।

इस मौके पर लुकेश कुमार राही, एवं डॉ. राजेंद्र राजेंद्र प्रसाद पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, महानगर सचिव मुकेश सैनी समाजवादी पार्टी ने संयुक्त रूप से परिवार को चहुमुखी न्याय दिलाने के लिए प्रशासन से तत्काल कदम उठाने की मांग की इस दौरान मोहन वर्मा, आकाश बाबू, बलवीर सिंह, बनवारी लाल सविता, पीतम सैनी, ओमपाल सिंह सैनी, श्याम सुन्दर, विनोद कुमार सविता,गौरी शंकर, राजेंद्र पाल, रिषि पाल, योगेश सविता आदि उपस्थित रहे।

# सीएम योगी से मिले जिला पंचायत अध्यक्ष

## जनपद में विकास की धार देने के लिए सीएम से मिलकर जिला पंचायत अध्यक्ष ने की चर्चा

अवधनामा संवाददाता



**मथुरा।** जिले के विकास को रफ्तार देने के उद्देश्य से बुधवार को जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से औपचारिक भेंट मुलाकात की। भेंटवार्ता के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष ने मथुरा जिले के पिछड़े हुए गांवों में विकास कराने की ओर सीएम का ध्यान आकृष्ट कराया। इस दौरान उनके साथ उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सदस्य ठाकुर ओमप्रकाश मौजूद रहे।

मथुरा के विकास को लेकर प्रत्यनशील रहने वाले एवं सरल स्वभाव के धनी जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने जिले के विकास को और तेज करने के लिए सीएम से मुलाकात की है। सीएम योगी ने भी सोशल मीडिया के जरिए जिला पंचायत अध्यक्ष से हुई भेंटवार्ता की तस्वीर लोगों के साथ साझा की। वहीं

**सीएम योगी ने सोशल मीडिया पर साझा की जिला पंचायत अध्यक्ष से हुई शिष्टचार मुलाकात की तस्वीर**

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव अपनी दो दिवसीय धार्मिक यात्रा पर परिवार सहित मथुरा आयें, जहां उनका जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की एवं उनको श्रीबांकेबिहारी की तस्वीर पटुका प्रसादी भेंट की है।

जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने बताया कि सीएम योगी आदित्यनाथ का कान्हा की नगरी मथुरा पर ध्यान केन्द्रित है, मुलाकात के दौरान मथुरा जिले की सड़क, बिजली, पेयजल परियोजनाओं सहित अन्य योजनाओं पर चर्चा हुई है। उन्होंने बताया सीएम योगी ने उनकी बातों पर गौर करते हुए जिले के विकास को गति देने के साथ ही अन्य योजनाओं के संचालन का आश्वासन दिया जिससे जिले को विकास की गति को रफ्तार भी मिले।

### मध्यप्रदेश के सीएम को जिला पंचायत अध्यक्ष ने भेंट की श्रीबांकेबिहारी की तस्वीर

- बुधवार की देरशाम दो दिवसीय दौरे पर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने परिवार सहित रमणरेती स्थित उदासीन श्रीगुरु कार्ष्णि आश्रम पहुंचे जहां हरदेवानंद महाराज, नागेंद्र महाराज के अलावा संतों ने उनका स्वागत किया। मथुरा रात्रि विश्राम के बाद गुरुवार सुबह श्रीकृष्ण जन्मभूमि के दर्शन किए। जहां जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने उनसे मुलाकात की, उन्हें श्रीबांकेबिहारी महाराज की तस्वीर व ठाकुरजी की प्रसादी एवं पटुका भेंट किया। इस दौरान मथुरा पुलिस प्रशासन के आलाधिकारी मौजूद रहे।

# 15 दिन में साक्ष्यों सहित स्पष्टीकरण देने को कहा

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** बिना सूचना पर अनुपस्थित रहने वाले जनपद के विभिन्न प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत चार शिक्षक-शिक्षिकाओं को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए 15दिन में स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए हैं। जबकि एक प्रधानाध्यापक को मानव सम्पदा पोर्टल पर शिक्षकों की उपस्थिति समय से दर्ज नहीं कराने पर सात दिन में स्पष्टीकरण देने को कहा है। अनुपस्थित शिक्षकों का जवाब संतोष जनक नहीं मिलने पर सेवा समाप्ति की कार्रवाही हो सकती है।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय नन्द नगरिया, विकास खण्ड-मॉट की प्रधानाध्यापक पिंकी कुमारी को मानव सम्पदा पोर्टल पर शिक्षकों की उपस्थिति अपलोड नहीं करने पर एक सप्ताह में स्पष्टीकरण मांगा है। उन्होंने उच्च प्राथमिक विद्यालय संकेत नंदगांव के

**संतोष जनक उत्तर नहीं होने पर हो सकती हैसेवा समाप्ति की कार्रवाई**

सहायक अध्यापक धर्मेन्द्री को चार वर्ष नौ माह से, प्राथमिक विद्यालय सिरथला नंदगांव के सहायक अध्यापक भुवनेश्वर कुमार को एक वर्ष तीन माह से प्राथमिक विद्यालय नगला चमारान राया के

सहायक अध्यापक युग्वेन्द्र के दो वर्ष से, प्राथमिक विद्यालय इब्राहिम बलदेव के सहायक अध्यापक अंजुल शर्मा के 3 वर्ष 9 माह से बिना किसी सूचना / स्वीकृत अवकाश के लगातार अनुपस्थित चल रहे हैं। कृत्य सरकारी आचरण नियमावली के विपरीत होने के कारण आपको निर्देशित किया जाता है के 15 दिवस के अन्दर अपना स्पष्टीकरण साक्ष्यों सहित अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। यदि आपके द्वारा प्रस्तुत किया गया स्पष्टीकरण सन्तोषजनक नहीं देने पर आपके विरूद्ध सेवा समाप्ति की कार्रवाई की जा सकती है।

# गणतंत्र दिवस परेड में 'विश्व एक परिवार' का संदेश देगी सीएमएस की झाँकी

अवधनामा संवाददाता




**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल आगामी 26 जनवरी को गणतन्त्र दिवस परेड में 'परमपिता है एक, विश्व परिवार हमारा है' विषयक झाँकी प्रदर्शित करने जा रहा है। सी.एम.एस. की यह झाँकी साढ़े सात अरब विश्वासियों को एकता, प्रेम व सौहार्द का संदेश देने के साथ ही 'सर्वधर्म समभाव', 'वसुधैव कुटुम्बकम' एवं 'जय जगत' का अलख जगायेगी। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि सी.एम.एस. की यह झाँकी वर्तमान समय में अत्यन्त प्रासंगिक है। सी.एम.एस. की झाँकी यह गणतन्त्र दिवस परेड में यह संदेश देगी कि हम सब एक ही परमपिता परमात्मा की संतान है और हमें अपने देश की महान सभ्यता, संस्कृति एवं 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना के अनुरूप विश्व समाज को सुन्दर एवं सुरक्षित बनाने का प्रयत्न करना चाहिए।

श्री खन्ना ने बताया कि चार भागों में है, और सभी भाग एक अनूठे ढंग से 'विश्व एक परिवार' का संदेश दे रहे हैं। झाँकी के प्रथम भाग में एक ग्लोब के ऊपर प्रभु श्री राम, महात्मा बुद्ध, ईसा मसीह, मोहम्मद साहब, गुरु नानक देव एवं बहाउल्लह आदि विभिन्न धर्मावतारों को प्रदर्शित करते हुए संदेश दिया गया है कि सभी धर्मों का स्रोत एक ही परमपिता परमात्मा है। झाँकी के द्वितीय भाग में अनेकता में एकता प्रदर्शित करते हुए एक ही छत के नीचे मन्दिर, मस्जिद, गिरजाघर, गुरुद्वारा, बौद्ध विहार, बहाई मन्दिर आदि विभिन्न पूजा स्थल दिखाये गये हैं। इसी छत के नीचे सी.एम.एस. छात्र 'परमपिता है एक, विश्व परिवार हमारा है,'गीत पर नृत्य प्रस्तुत कर रहें हैं। झाँकी के तृतीय भाग में एक विद्यालय को प्रदर्शित किया गया है, जहाँ भावी पीढ़ी को सर्वधर्म समभाव एवं जय जगत अर्थात समस्त मानवता का कल्याण हो, की शिक्षा दी जा रही है। यह भाग संदेश दे रहा है कि स्कूल समाज का प्रकाश केन्द्र है, जो भावी पीढ़ी को उच्च जीवन मूल्यों के साथ आदर्श विश्व नागरिक बनाकर सामाजिक विकास में अहम भूमिका निभा रहा है।

# फार्मर रजिस्ट्री लेकर परेशान हैं मथुरा के ढाई लाख किसान

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** फार्मर रजिस्ट्री किसानों और तीन विभागों के कर्मचारियों के लिए सिरदर्द बन गई है। राजस्व, कृषि और पंचायत के कर्मचारी रात-रात भर जागकर किसानों का पंजीकरण करा रहे हैं। 10 ब्लॉकों में 2 लाख 59 हजार किसानों की फार्मर रजिस्ट्री बननी है, अब तक सिर्फ 36 हजार किसानों की आईडी बनी है। जिला प्रशासन ने फार्मर रजिस्ट्री में पंजीकरण बढ़वाने के लिए रात में भी कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी है। जो रात-रात भर जागकर निगरानी कर रहे हैं। साथ ही सभी की समीक्षा रिपोर्ट भी हर दिन ली जा रही है।

उन्होंने बताया कि प्रत्येक सीएससी पर रोजाना 100 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री कराने का लक्ष्य प्रशासन ने रखा है। ऐसे में ठंड के बीच सुबह जल्दी ही किसान जनसुविधा केंद्र पहुंच जाते हैं, लेकिन पोर्टल की सुस्ती

**तीन विभाग के लिए भी बनी सिरदर्द**

के कारण 15-20 रजिस्ट्री ही बड़ी मुश्किल से हो पाती है। इसी कारण अभी तक जिले में 13 प्रतिशत ही आंकड़ा पहुंच पाया है।

जिला कृषि रक्षा अधिकारी सुबोध कुमार ने बताया कि मोबाइल नंबर या ई-मेल आईडी पोर्टल पर दर्ज करानी होती है। अधिकतर किसान मोबाइल नंबर डालते हैं। इसके बाद ओटीपी काफी देर तक नहीं आता है। किसान सीएससी पर ही खड़े रहते हैं। कई बार ओटीपी तब आता है, जब किसान रात में खेत पर अपनी फसल की रखवाली कर रहे होते हैं।

इस वजह से फार्मर रजिस्ट्री का काम भी पिछड़ रहा है। जनसुविधा केंद्र के संचालकों ने बताया कि दिन में वेबसाइट धीमी चलती है। रात में जो किसान ओटीपी बता पा रहे हैं, उनकी रजिस्ट्री हो जाती है।

# क्यूसीबीएस बेस प्रक्रिया के तहत कंसल्टेंट सलेक्शन में पारदर्शिता बिल्कुल नहीं

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** जैसा कि आज सामने आ रहा है की एनर्जी टास्क फोर्स में नए सिरे से पूर्वांचल व दक्षिणांचल को निजीकरण करने के लिए ट्रांजैक्शन एडवाइजर (कंसल्टेंट) रखने के लिए क्वालिटी कम कास्ट बेस सलेक्शन (क्यूसीबीएस) प्रक्रिया के आधार पर टेंडर जारी करने के लिए रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल आरएफपी की अनुमति दी गई है जिसमें कंसल्टेंट को भाग लेने के लिए उसका न्यूनतम 500 करोड़ और अधिकतम 2000 करोड़ का टर्नओवर होना जरूरी है यानी कि यह तो तय हो गया कि पूरे देश में जो 4 बिग कंसलटेंट कंपनियां है वही भाग ले पाएंगे सबसे चौंकाने वाला मामला यह है की मनचाहे कंसलटेंट का चुनाव किया जाना बहुत आसान हो गया है क्योंकि 80व 20 के आधार पर कंसलटेंट का चयन किया जाएगा जिसमे फाइनेंशियल बिड केवल

**उपभोक्ता परिषद में उत्तर प्रदेश सरकार के सामने उठाया महत्वपूर्ण सवाल**

20 नंबर की होगी और 80 नंबर का एक्सपीरियंस प्रस्तुतिकरण पर नंबर जो उच्चाधिकारियों के हाथ में होगा जिसको ज्यादा नंबर दे दिया उसकी दर चाहे जितनी अधिक हो चाहे वह न्यूनतम हो अधिकतम भी हो एल-1 टेंडर से मतलब नहीं रहेगा उसको आसानी से टेंडर मिल जाएगा टेंडर की प्रक्रिया शुरू होते ही पारदर्शिता का अभाव सामने आ गया है।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा सबसे पहले उत्तर प्रदेश सरकार को या बताना चाहिए कि जब एनर्जी टास्क फोर्स में 5 दिसंबर को पूरी प्रक्रिया पर अनुमोदन दिया गया उसमें अनेको ऐसे मामलों का खुलासा हुआ जिससे निजीकरण के फल स्वरूप नई बनने वाली कंपनियों को लेने वाले उद्योगपतियों का फायदा सामने आया क्या उसकी कोई जांच सरकार कराएगी? और नहीं कराएगी तो अब पुनः उद्योगपतियों को ही फायदा देने के लिए आगे कार्यवाही को क्यों बढ़ाया जा रहा है सभी को पता है निजीकरण ना तो किसानों के हित में है ना उपभोक्ताओं के हित में है न ही बेरोजगारों के हित में है तो फिर किसके हित में है इस पर पहले सरकार को अपना मत स्पष्ट करना चाहिए। उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष ने कहा वर्ष 2019 में जब के आधार पर उत्तर प्रदेश में बिलिंग व आईटी के कार्यों के लिए क्यूसीबीएस व्यवस्था को लागू किया गया था तो उपभोक्ता परिषद के अनुरोध पर तत्कालीन ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा ने पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष को निर्देश जारी करके इस व्यवस्था को समाप्त करने पूरे मामले की जांच कराने व दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई का निर्देश दिया था आज वही व्यवस्था एनर्जी टास्क फोर्स में अनुमोदित की जा रही है।

# प्रदेश सरकार बिजली निगमों के सुधार की बात करके निजीकरण

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पावर ऑफिसर्स एसोसिएशन की प्रांतीय कार्य समिति की आज एक आवश्यक बैठक दक्षिणांचल व पूर्वांचल को निजीकरण करने के लिए, ट्रांजैक्शन एडवाइजर कंसलटेंट को रखने के लिए एनर्जी टास्क फोर्स में अनुमति दिए जाने के विरोध में पूरे प्रदेश में दलित व पिछड़े वर्ग के अभियंताओं में भारी रोष है एसोसियेशन ने कहा सरकार यदि इसे सुधार मॉडल मानती है तो सबसे पहले उत्तर प्रदेश सरकार को यह बताना चाहिए कि सुधार मॉडल में दलित व पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण की क्या व्यवस्था है आरक्षण समाप्त करके देश में सुधार की बात करना बाबा साहब की संवैधानिक व्यवस्था पर बड़ा कुठाराघात है जिसे दलित व पिछड़े वर्ग के अभियंता कार्मिक बर्दाश्त नहीं करेंगे।

जल्दी पूरे प्रदेश में संगठन के बैनर तले काली पट्टी बांधकर विरोध प्रक्रिया को संवैधानिक तरीके से आगे बढ़ाया जाएगा किसी भी सूरत में निजीकरण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा उसके लिए करो मरो की तर्ज पर लड़ाई को दलित व पिछड़े वर्ग के अभियंता लड़ेंगे। पावर ऑफिसर एसोसिएशन के सभी सदस्य संवैधानिक तरीके से अपनी लड़ाई लड़ने के लिए वचनबद्ध हैं बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने कहा था बिजली का निजीकरण नहीं होना चाहिए उसे हमेशा सार्वजनिक क्षेत्र में रहना चाहिए लेकिन जिस प्रकार से कार्यवाही को आगे बढ़ाया जा रहा है उससे यह सिद्ध हो रहा है की बाबा साहब के सिद्धांतों पर कुठाराघात करने की कोशिश की जा रही है। उत्तर प्रदेश पावर ऑफिसर्स एसोसिएशन के कार्यवाहक अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा महासचिव अनिल कुमार संगठन सचिव बिंदा प्रसाद ट्रांसमिशन अध्यक्ष सुशील कुमार वर्मा एक प्रभाकर अजय कुमार ने कहा जिस प्रकार से निजीकरण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा रहा है।

# टीएमयू के सीसीएसआईटी में बिखरे प्रतिभा के रंग

## ग्रुप डांस में आदित्य एंड ग्रुप रहा विजेता, सोलो डांस में भूमिका गुलाटी रहीं अव्वल

अवधनामा संवाददाता







**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ कंप्यूटिंग साइंसेज़ एंड इन्फॉर्मेशन टेक्नालॉजी- सीसीएसआईटी में क्रिएटिव क्लब और फ्री थिंकर्स क्लब के संयुक्त तत्वावधान में रिज़ोल्यूशन एंड रिवोल्यूशन 2025-द नेक्स्ट चैप्टर- संकल्प और क्रांति 2025 अगला अध्याय पर संकल्प कार्ड सजावट, नृत्य प्रदर्शन, कविता पाठ, गायन और क्रिसमस ट्री सजावट आदि की प्रतियोगिताएं हुईं। ग्रुप डांस में आदित्य एंड रुप विजेता, जबकि गुंजन एंड रुप द्वितीय स्थान पर रहा। सोलो डांस में भूमिका गुलाटी अव्वल रहीं। युगल नृत्य में रीति और अन्वेषा प्रथम रहीं। गायन में ऋषभ कश्यप प्रथम और ऋषभ गोला द्वितीय स्थान पर रहे। हस्तनिर्मित कार्ड सजावट में गौरव पहले स्थान पर और विशाखा द्वितीय स्थान पर रहीं। कविता में प्रथम पुरस्कार अन्वेषा को मिला। क्रिसमस ट्री सजावट में यशविका भारद्वाज ने बाजी मारी, जबकि आदित्य आनंद को द्वितीय पुरस्कार दिया गया। इससे पहले सीसीएसआईटी के डीन प्रो. राकेश कुमार द्विवेदी ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित एवम् माल्यार्पण करके सीसीएसआईटी के सभागार में कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सीसीएसआईटी के डीन प्रो.

**युगल नृत्य में प्रथम रहीं रीति और अन्वेषा**

द्विवेदी ने छात्र जीवन में संकल्पों और क्रांतियों के महत्व पर जोर देते हुए आत्म-प्रतिबद्धता के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल में डॉ. संदीप वर्मा, डॉ. हिना हाशमी, सुश्री स्वाति चौहान आदि शामिल रहे। संचालन स्टूडेंट्स जिया सिंह और प्रत्यक्षा पुंज ने किया। अंत में सीसीएसआईटी के फ्री थिंकर्स क्लब की कोऑर्डिनेटर डॉ. सोनिया जयंत ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सीसीएसआईटी के विभागाध्यक्ष डॉ. शंभू भारद्वाज, कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के फ्री थिंकर्स क्लब की कोऑर्डिनेटर डॉ. इंदु त्रिपाठी, सीसीएसआईटी के क्रिएटिव क्लब की कोऑर्डिनेटर मिस शिखा गंभीर, स्टूडेंट्स कोऑर्डिनेटर्स संयम जैन, मीनाक्षी, स्नेहा भटनागर आदि मौजूद रहे।

# भाजपा जिलाध्यक्ष के लिए जिला प्रवक्ता सचिन ने किया नामांकन

अवधनामा संवाददाता



**मथुरा।** देश की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्षों की घोषणा होने के उपरांत नगर और जिला स्तर पर अध्यक्ष पद के चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ हुई जिसमें मथुरा भाजपा जिलाध्यक्ष पद के लिए 9 जनवरी गुरुवार को नामांकन दाखिल किया गए। बुधवार को दोपहर बाद मथुरा पहुंचे महानगर चुनाव अधिकारी विमल शर्मा ने भाजपा जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष पद के लिए आवेदन प्राप्त किये। संगठनात्मक चुनाव के चार चरण पूरे हो चुके हैं।जिलाध्यक्ष पद की चुनाव प्रक्रिया को प्रारम्भ करते हुए गुरुवार को 11 बजे भाजपा जिला कार्यालय पर पांचवें चरण में जिलाध्यक्ष पद की चुनाव प्रक्रिया शुरू की गयी।12 बजे से 2.00 बजे तक नामांकन दाखिल किये गए। जिला चुनाव अधिकारी ने बताया कि पार्टी की वैचारिक पृष्ठभूमि से जुड़े होने के साथ दो बार के सक्रिय सदस्य ही नामांकन कर सकते हैं। जिलाध्यक्ष बनने के लिए 60 वर्ष से अधिक उम्र भी नही होनी चाहिए।भाजपा प्रवक्ता सचिन चतुर्वेदी ने भी महानगर अध्यक्ष पद हेतु अपना आवेदन सौंपा सुबह ही अपने समर्थक कार्यकर्ताओ के साथ ही सचिन चतुर्वेदी ने अपनी दावेदारी पेश की जिला चुनाव अधिकारी संजय शर्मा व जिला सह चुनाव अधिकारी कुंजबिहारी चतुर्वेदी ने सक्रिय भूमिका निभाई। जिला चुनाव अधिकारी विमल शर्मा ने सभी नामांकन प्राप्त किये।

# शिकायतों के निस्तारण में जनपद को मिला प्रथम स्थान

- आवेदक की सन्तुष्टि ही निस्तारण का मानक: डीएम
- प्रदेश की रैंकिंग में जिले को मिले 97.69 प्रतिशत अंक

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** समन्वित जन शिकायत प्रणाली (आईजीआरएस) शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। आईजीआरएस प्रणाली के अन्तर्गत जनपद को माह दिसम्बर 2024 में जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायतों के निस्तारण में प्रदेश में प्रथम स्थान मिला है। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देशन में जनपद को दूसरी बार यह उपलब्धि प्राप्त हुयी है। अब तक जनसुनवाई पोर्टल पर 35 हजार 385 सन्दर्भ प्राप्त हुये है जिसके सापेक्ष जनपद द्वारा 34 हजार 371 सन्दर्भों का निस्तारण कराया जा चुका है। शेष सभी 1014 सन्दर्भ समय सीमा के अन्दर लम्बित है। जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त जन शिकायतो के निस्तारण की स्थिति बेहद शानदार रही है।



जनसुनवाई पोर्टल पर प्रदेश की रैंकिंग में भी जिले को 97.69 प्रतिशत अंक मिले है। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देशों के क्रम में एडीएम/नोडल अधिकारी आईजीआरएस अंकुर श्रीवास्तव ने माह दिसम्बर 2024 में जिन अधिकारियों के सन्दर्भ जनसुनवाई पोर्टल पर डिफाल्टर पाये गये, सम्बन्धित सभी अधिकारियों को माह दिसम्बर, 2024 में चेतावनी /स्पष्टीकरण जारी किये गये। साथ ही

**सरकारी कर्मियों ने निस्तारण में दिखाई रुचि**

आईजीआरएस पोर्टल के नोडल अधिकारी अंकुर श्रीवास्तव ने बताया कि शिकायतों के निस्तारण में अब तक मुख्यमंत्री सन्दर्भ में 1167 के सापेक्ष 1124, जिलाधिकारी सन्दर्भ में 6741 के सापेक्ष 6153, पुलिस अधीक्षक सन्दर्भ में 9722 के सापेक्ष 9661, भारत सरकार सन्दर्भ में 2029 के सापेक्ष 1954 मामलों का निस्तारण हो चुका है। बाकी बचे मामले समय सीमा के अन्दर है। सभी विभागो के अधिकारियो ने जनसुनवाई पोर्टल के शिकायतों का निस्तारण कराने में रुचि दिखाते हुये समय सीमा के अन्दर 08 जनवरी 2025 तक 35 हजार 385 मामलों को निस्तारित करा दिया है। जिले में 1014 सन्दर्भ समय सीमा के अन्दर लंबित है।

जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश के क्रम में सम्बन्धित सभी अधिकारियों को यह भी निर्देश दिये गये कि आवेदन निस्तारण करते समय एक बार आवश्यक रुप से शिकायतकर्ता से निस्तारण की सन्तुष्टि एवं असन्तुष्टि जान ली जाये। ताकि मुख्यमन्त्री कार्यालय द्वारा फीडबैक लेते समय शिकायतकर्ता द्वारा असन्तुष्टि व्यक्त न की जाये। जिलाधिकारी द्वारा निरन्तर इस बात पर बल दिया जा रहा है कि आवेदक शिकायत के निस्तारण से सन्तुष्ट हो। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी द्वारा प्रत्येक माह 60 सन्दर्भों पर ग्रेडिंग करते हुये निस्तारण की गुणवत्ता की जांच जनसुनवाई पोर्टल पर की जा रही है। साथ ही जनपद के समस्त अधिकारियों को निर्देश दिये गये है कि निस्तारण की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कमी नही होनी चाहिये। अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित अधिकारी के विरुद्ध कडी कार्यवाही की जायेगी। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी द्वारा आईजीआरएस टीम के नोडल अधिकारी अंकुर श्रीवास्तव, सह नोडल ज्ञानेन्द्र विक्रम एवं तकनीकी सदस्य ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अंशुल खरे के कार्यों की प्रशंसा की है।

# पाली खेल महोत्सव में जिले के खिलाड़ियों को वंचित करने का आरोप

- युवाओं ने लामबंद होकर डीएम को भेजा शिकायती पत्र

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** नगर पंचायत पाली द्वारा आयोजित पाली खेल महोत्सव में ललितपुर की कबड्डी टीम को खेलने की अनुमति दिये जाने की मांग करते हुये कुछ युवाओं ने लामबंद होकर जिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र भेजा है। डीएम को भेजे पत्र में उन्होंने बताया कि नगर पंचायत पाली द्वारा सरकारी बजट पर पाली खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। बताया कि कार्यक्रम अध्यक्ष नगर पंचायत चेयरमेन मनीष कुमार तिवारी व संयोजक एसडीएम/ईओ हैं। बताया कि खेल महोत्सव में कार्यक्रम खेल प्रभारी पुष्पेन्द्र ठाकुर को बनाया गया है। आरोप है कि उक्त खेल महोत्सव में जितनी भी टीमें प्रतिभाग कर रहीं हैं, वह बाहर की हैं और जिले की एक भी टीम को शामिल नहीं किया



गया है। बताया कि फर्जी तरीके से एक टीम को ललितपुर की टीम बनाकर दर्शाया जा रहा है और उसमें भी सभी खिलाड़ी बाहर के हैं। बताया कि खेल महोत्सव का उद्देश्य जिले के खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने का है, लेकिन खेल महोत्सव में जिले के खिलाड़ियों को वंचित रखते हुये बाहरी खिलाड़ियों का अवसर प्रदान किया जा रहा है। युवाओं ने आरोप लगाया कि खेल प्रभारी ने ललितपुर के खिलाड़ियों के खेलने को लेकर सख्ती से मना कर दिया है। ऐसे में युवाओं ने डीएम से खेल महोत्सव पाली में ललितपुर के युवाओं की टीम को प्रतिभाग कराये जाने की मांग उठाते हुये पूरे खेल महोत्सव के आयोजन की जांच कराये जाने की मांग उठायी है। शिकायती पत्र देते समय मनोज कुमार, अर्जुन कुमार, गौरव, रामकिशोर, नारसिंह, रविन्द्र, नंदराम, रामकिशोर, उदय नारायण, देवेश, राजेन्द्र, अभिषेक कुमार, बादल, अर्जुन पाण्डेय, अभिषेक, नरेश, विष्णु, बृजबिहारी, सौरभ, दीपक आदि मौजूद रहे।

# जिला जज ने वृद्धाश्रम का किया निरीक्षण



**ललितपुर।** जिला जज/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आलोक कुमार पाराशर ने पं.दीनदयाल उपाध्याय वृद्धाश्रम का औचक निरीक्षण किया। जिला जज ने विजिट में वृद्ध पुरुष, महिला कक्षों, भोजन-शाला का निरीक्षण किया। वृद्धजनों से बातलाप किया गया तथा उनसे किसी भी प्रकार की समस्या की शिकायत के बारे में पूंछा गया तो किसी प्रकार की समस्या से अवगत नहीं कराया गया। भोजनशाला में साफ-सफाई पायी गयी तथा मीनू के अनुसार कढ़ी, चावल, रोटी परोसी गयी। पं.दीनदयाल उपाध्याय वृद्धाश्रम में विजिट के दौरान अपर जिला जज प्रथम गुलाब सिंह, अपर जिला जज/सचिव यशवन्त कुमार सरोज, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विभान्शु सुधीर, केयरटेकर/प्रबंधक दामोदर शर्मा, सेवादार स्नेहलता निगम, अजय बहादुर, ज्योति व न्यायालय से रोहित राठौर व विकास कुशवाहा मौजूद रहे।

# मूंगफली क्रय केन्द्रों का संचालन फिर से कराये प्रशासन : भाकिसं

- किसान नेताओं ने प्रदर्शन कर डीएम के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** भारतीय किसान संघ ने जिले में मूंगफली खरीद को लेकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। किसानों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मांग की कि क्रय केंद्रों पर मूंगफली की खरीद शुरू की जाए। किसानों का आरोप है कि 19 दिसंबर से अचानक क्रय केन्द्र बंद कर दिए गए, जिसके चलते सैकड़ों किसानों की मूंगफली बिकने से रह गई और वह आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। भारतीय किसान संघ के प्रांत उपाध्यक्ष केहर सिंह बुंदेला के नेतृत्व में सैकड़ों किसान कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे। यहां उन्होंने एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि जिले में पहले मूंगफली खरीदने के लिए केंद्र खोले गए थे, लेकिन केंद्रों पर खरीदी कम हुई और व्यापारियों की मूंगफली खरीद ली गई। 19 दिसंबर से क्रय



केंद्रों को अचानक बंद कर दिया गया, जबकि अधिकारियों ने यह आश्वासन दिया था कि जिन किसानों के नंबर 19 दिसंबर से पहले लग चुके हैं, उनकी मूंगफली खरीदी जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं किसानों का कहना है कि क्रय केन्द्रों पर व्यापारियों ने फर्जी तरीके से अपनी मूंगफली बेच दी और किसानों की मूंगफली बिना खरीदी के रह गई। इस कारण किसानों को बाजार में अपनी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है। किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि जिनकी मूंगफली खरीदी गई थी, उन्हें अभी तक सिक्सआर (स्मॉल इंडिविजुअल क्रेडिट रेटिंग) नहीं दिए गए हैं। इससे किसानों को परेशानी हो रही है और उन्हें अपनी उपज का भुगतान भी नहीं मिल रहा है। किसान संघ के नेताओं ने प्रशासन से मांग की कि तत्काल क्रय केन्द्रों पर मूंगफली की खरीदी शुरू की जाए और जिन किसानों की मूंगफली पहले खरीदी जा चुकी है, उन्हें शीघ्र सिक्सआर दिया जाए। इस दौरान जिला प्रवक्ता नवीन जैन, रामकिशोर कौशिक, अनिल कुमार, रामदास, राघवेंद्र, हरपाल प्रजापति, सोहन लाल सहित अन्य किसान मौजूद रहे। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की जाती है, तो वह आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

# इंसुलेटर बस्ट होने से चार घंटे प्रभावित रहा यातायात

- ढाई घंटे देरी से चली इण्टरसिटी एक्सप्रेस

अवधनामा संवाददाता

**सुमेरपुर हमीरपुर।** भीमसेन खैराङ जंक्शन के मध्य दपसौरा एवं हमीरपुर रोड रेलवे स्टेशन के मध्य ओएचई लाइन का इन्सुलेटर ब्रस्ट हो जाने से चार घंटे तक यातायात ठप रहा। कानपुर से प्रयागराज जा रही चित्रकूट इंटरसिटी एक्सप्रेस ढाई घंटे अलग अलग स्टेशनों पर खड़ी रही। रेलवे सूत्रों के अनुसार भीमसेन खैराङ जंक्शन के मध्य पड़ने वाले हमीरपुर रोड एवं दपसौरा रेलवे स्टेशन के मध्य करीब 11:00 बजे ओएचई लाइन का इन्सुलेटर ब्रस्ट हो गया। इससे यातायात ठप हो गया। रेलवे की इलेक्ट्रॉनिक टीम सूचना मिलते ही मरम्मत के लिए मौके पर पहुंची और 3:00 बजे के बाद आपूर्ति बहाल कराकर यातायात शुरू कराया। कानपुर से प्रयागराज जा रही इंटरसिटी एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय पर पतारा रेलवे स्टेशन में दोपहर 12:11 बजे पहुंची। रूट बाधित होने के कारण इसको पतारा में 1:28 बजे तक रोक कर रखा गया। यहां से इसको 1:39 बजे घाटमपुर के लिए रवाना किया गया। यह घाटमपुर 1:48 बजे पहुंची। यहां पर इसको 57 मिनट रोककर रखा गया। इसके बाद इसे घाटमपुर से 2:45 बजे हमीरपुर रोड के लिए रवाना किया गया। हमीरपुर रोड में आठ मिनट रोकने के बाद इसको यमुना साउथ बैंक स्टेशन के लिए रवाना किया गया। कस्बे में यह अपने निर्धारित समय से करीब ढाई घंटे की देरी से 3:35 बजे यहां पहुंची। इससे यात्री परेशान रहे। स्टेशन मास्टर अमानुद्दीन ने बताया कि दपसौरा एंव हमीरपुर रोड के मध्य कुछ समस्या आई थी। इस वजह से इंटरसिटी सहित माल गाड़ियों को अलग-अलग स्टेशनों पर रोका गया था। कार्य पूर्ण होने के बाद रूट को बहाल कर दिया गया है।आरपीएफ के घाटमपुर चौकी इंचार्ज राजकुमार ने बताया कि ओएचई लाइन का इंसुलेटर ब्रस्ट हो गया था। जिससे रेलवे आवागमन बाधित हुआ था। करीब चार घंटे की मरम्मत के बाद आवागमन बहाल हो गया है।

# एलयूसीसी से ठगे गये निवेशकों ने उठायी रुपये वापस कराने की मांग

- अभिकर्ताओं का उत्पीड़न भी बंद किये जाने की मांग

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** गुरुवार को एलयूसीसी में रकम जमा कर ठगे जाने का आरोप लगाते हुये ठगी पीड़ितों की आवाज संगठन के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट परिसर में एकजुट होकर प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने एलयूसीसी व अन्य चिटफंड कंपनियों के अभिकर्ताओं के उत्पीड़न को रोकने की मांग की और चिटफंड कंपनियों से पीड़ितों का भुगतान गारंटी कानून के तहत कराए जाने की अपील की। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश सिंह के नेतृत्व में 100 से अधिक कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया और उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि कई चिटफंड कंपनियों ने अनियमित जमा योजनाओं और पोंजी स्कीम्स के तहत लोगों से पैसे जमा कराए थे, जिन्हें भारत सरकार और राज्य सरकार ने प्रतिबंधित कर दिया



था। संगठन ने सरकार से ठगी पीड़ितों के जमाधन की वापसी के लिए प्रभावी कदम उठाने की अपील की। इस बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि सरकार ने अतिरिक्त जिलाधिकारी राजस्व एवं वित्त को जमाकर्ता हित संरक्षण अधिकारी नियुक्त किया है और विभिन्न जिलों में भुगतान के लिए पटल व विंडो खोले गए हैं। हालांकि, कुछ निवेशक अभी भी अपने आवेदन सक्षम अधिकारियों के पास नहीं दे रहे हैं, जिससे अभिकर्ताओं पर नाजायज दबाव डाला जा रहा है। संगठन ने बताया कि कुछ पुलिसकर्मी भी चिटफंड कंपनियों के अभिकर्ताओं को उत्पीड़ित कर रहे हैं, जिससे वे आत्महत्या तक के कदम उठा रहे हैं या अपने घरों से पलायन कर रहे हैं। सभी चिटफंड कम्पनियां बंद हो चुकी हैं और उनके प्रबंधक जेलों में हैं या फरार हैं, लेकिन इसके बावजूद एजेंट्स को परेशान किया जा रहा है। संगठन ने सरकार से मांग की है कि ठगी पीड़ितों को समुचित भुगतान की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और एजेंटों का उत्पीड़न रोका जाए। प्रदर्शन के दौरान जिलाध्यक्ष अर्चना, महासचिव अमजद खान, रामचरन, सियाराम, दिलीप, सन्तोष कुमार, महेंद्र, मनोज, अजय, बाबूलाल, सोनू, मुकेश, नरेश, सलमान खान, खुशीलाल, जगदीश, सुरेश कुमार सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# किसानों ने गड्ढा खोदकर बाईपास किया बंद

अवधनामा संवाददाता

**सुमेरपुर हमीरपुर।** अंडरपास निर्माण के लिए बाईपास वाले रास्ते को किसानों ने गड्ढा खोद दिया।जिससे इस रास्ते में आवागमन ठप हो गया है। इससे लोग परेशान है।

देवगांव पत्योरा मार्ग में रेलवे के गेट संख्या 41 में अंडर पास का निर्माण हो रहा है। रेलवे ने आवागमन के लिए बगल के किसानों के खेतों का एक वर्ष का एग्रीमेंट करके 10 मीटर चौड़ा रास्ता बनाया था। इस रास्ते से पत्योरा, शिवरामपुर, मलिहाताला, छोटा कछार, बड़ा कछार आदि गांव के लोग आते जाते थे। खेत मालिक देवनाथ सिंह व नीरज सिंह ने बताया कि अंडर पास बना रही कार्यदाई संस्था ने 30 नवंबर 2024 तक का एग्रीमेंट करके साढ़े तीन लाख रुपया किराया दिया था। एक दिसंबर को अवधि समाप्त होने पर उन्होंने एक माह तक कोई अवरोध नहीं पैदा किया। लेकिन एक माह गुजर जाने के बाद जब कार्यदाई संस्था ने किराया देने से मना कर दिया तब उन्होंने अपने खेत में बनाए गए रास्ते को खोद दिया है।

पत्योरा निवासी अरविंद सिंह, रामप्रकाश,शुभम सिंह,अरविंद निषाद, कृष्णा निषाद आदि ने बताया कि रास्ता अवरुद्ध होने से आवागमन में तमाम मुसीबतें हो रही हैं। लोग रेलवे पटरी फांद कर गुजरने को मजबूर हो रहे हैं। इससे हादसे का खतरा बना रहता है। इस संबंध में जब कार्यदाई संस्था के अधिकारियों से बात की गई।तो उन्होंने कुछ भी बताने से इनकार कर दिया। आरपीएफ घाटमपुर चौकी इंचार्ज एसआई राजकुमार ने बताया कि मामले की जानकारी नहीं है।वह मौके पर जाकर देखकर मामले से उच्चाधिकारियों को अवगत कराएंगे।

# श्रीनवलसा गौड़ मेला में पहुंच रहे श्रद्धालु

- मेले में रौनक, जमकर खरीददारी कर रहे लोग

अवधनामा संवाददाता

**बांसी (ललितपुर)।** श्रीनवलसा गौड़ मेला में खरीदारों की भीड़ बढ़ी, मेला में मनहारी, बर्तन और हरमाल की दुकानों पर ग्राहकों और झूला, चकरी, जम्पिंग, मिक्की माउस पर बच्चों की भीड़ दिखी। मकर संक्रान्ति के अवसर पर कस्बा के श्री हनुमान जी टौरिया मंदिर मेला मैदान पर चल रहे श्रीनवलसा गौड़ मेला महोत्सव बांसी में गुरुवार की भीड़ रही। यह मेला नये साल से शुरु होकर मंकर संक्रांति तक चलता है। यह मेला गुड़, मिट्टी से बने हुए बर्तन, काठ के खिलौने के लिए ख्याति प्राप्त है। बुजुर्गों के अनुसार ब्रिटिश हुकूमत के दौरान गांव में प्लेग की भयंकर महामारी फैली हुई थी, महामारी से बस्ती में हाहाकार मच गया था, जिससे रोज मौतें हो रही थी। वैद्य, हकीम किसी की भी दवा काम नहीं कर रही थी, किवदंती है कि किसी ग्रामीण को सपने में बाबा



नवलसा गौड़ महाराज ने दर्शन दिए और उन्होंने कहा कि हमारे दरबार में मेले का आयोजन किया जाए, यह बात उस ग्रामीण ने सुबह सभी को बताई और सपने के अनुसार ग्रामीणों ने मकर संक्रांति पर्व पर मेला का आयोजन करने का निर्णय लिया और श्रीनवलसा गौड़ महाराज का यश गान किया। मकर संक्रांति के स्नान के साथ महामारी से निजात मिल गया, तब से इस मेले के लगाने का सिलसिला निरंतर जारी है। इस मेला का आयोजन मंदिर मेला समिति ही सदैव से करती आ रही है। इस प्रांगण में श्री संकटमोचन टौरिया सरकार की प्राचीन चमत्कारी मूर्ति विराजमान है जो कि अति दुर्लभ मूर्ति है। श्रीनवलसा गौड़ महाराज का चबूतरा बना हुआ है। नवलसा बाबा के दरबार में रक्षा बंधन पर्व पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु बाबा को भुजरियां समर्पित करने दूर-दराज से ग्रामीण आते हैं। मेला महोत्सव के दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालु बाबा के दर्शन करने आते हैं और रोग-दोष-कष्ट व्याधा से निजात पाने की कामना करते हैं, मेला में साल दर साल भव्यता बढ़ती जा रही है।

# महाकुंभ सनातन संस्कृति उत्सव-2025 में युवाओं की हो अहम भागेदारी

**सुलतानपुर।** सरकार महाकुंभ की अलौकिक छटा को बिखेरने में प्रयासरत है, वहीं भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अंश द्विवेदी ने महाकुंभ उत्सव-2024-25' में जनपद के इच्छुक सभी ग्रामीण/शहरी युवाओं को ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने की अपील है। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में लगने वाले 2025 का महाकुंभ सनातन संस्कृति का जीता-जागता उदाहरण है। जहां हिंदू जगतगुरुओं के चारों पीठाधीश्वर सहित साधु-संत के अलावा युवाओं का आगाज हो रहा है वहीं युवाओं को बढ़ चढ़कर पर्व में भागीदारी लेना चाहिए, और संगम में स्नान करने से जीव धन्य होगा। एक मुलाकात में यह उक्त बातें भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अंश द्विवेदी ने कहीं। उन्होंने यह भी कहा कि जिले भर के युवा इस गौरव शाली उत्सव में प्रतिभाग कर उत्तर प्रदेश ही नहीं वल्कि पूरे भारत देश की माटी को चमकाने का काम करेगा।

# स्थानांतरित पुलिस अधीक्षक को किया सम्मानित

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री रवीन्द्र त्रिपाठी के नेतृत्व व्यापारी पदाधिकारी व व्यापारियों ने जनपद से स्थानांतरित पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा जी को सम्मानित किया। प्रदेश महामंत्री के साथ व्यापारी पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक श्री वर्मा को माला पहनानकर अंग वस्त्र पहनाकर प्रशंसा पत्र व धन्यवाद पत्र देकर सम्मानित किया। प्रदेश महामंत्री रवींद्र त्रिपाठी के संयोजन में व्यापारियों की तरफ से पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा के आयोजित विदाई समारोह में प्रदेश महामंत्री रवींद्र त्रिपाठी ने कहा कि श्री सोमेन वर्मा जी बहुत ही सरल स्वभाव के मिलनसार तथा आम जनता की पीड़ा सुनने वाले थे। इनके कार्यकाल में बड़ी बड़ी आपराधिक घटी जिसका वास्तविक खुलासा हुआ। प्रशंसा पत्र में व्यापारियों ने लिखा है किआपके कुशल नेतृत्व में बेहतर कानून व्यवस्था कायम रही पूरे समाज के साथ-साथ व्यापारी समाज भी अपने को सुरक्षित महसूस कर रहा था। जनपद सुल्तानपुर में भरत सर्राफ के यहां हुई लूट की घटना का, सुरेश सोनी के साथ हुई लूट का आपके नेतृत्व में वास्तविक खुलासा हुआ। व्यापारी का लगभग सत प्रतिशत माल बरामद हुआ, जिसके लिए वे आपको पूरे प्रदेश के व्यापारियों की तरफ से धन्यवाद देते हैं तथा भूरी भूरी प्रशंसा करते हैं। आप निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़े ऐसी मंगल कामना करते हैं।आप स्वस्थ रहें और इसी प्रकार आप जहां तैनात रहें।आपके नेतृत्व में आम जनमानस अमन चैन एवं खैरियत से अपना काम करें।उक्त मौके पर प्रदेश संगठन मंत्री अनूप श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष रमेश अग्रहरि, जिला उपाध्यक्ष जय भारत मिश्र, तहसील अध्यक्ष सदर राजेंद्र कसौधन, सत्यनारायण मोदनवाल ,प्रदीप कुमार अग्रहरि, कृष्ण शंकर मिश्रा उर्फ सज्जन मिश्र, शाश्वत त्रिपाठी, रोहित यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# आई.जी.आर.एस. रैंकिंग में एक बार फिर जिला टाप पर

अवधनामा संवाददाता

- जनपद को मिले शत प्रतिशत अंक

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली (जनसुनवाई) की माह दिसम्बर -2024 में आई.जी. आर.एस. पोर्टल पर किए गए कार्यों के संबंध में रैंकिंग जारी की गई है, जिसमें पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर के नेतृत्व में, प्रदेश के जनपदों की रैंकिंग में जनपद हमीरपुर को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

आई.जी.आर.एस. में की गई शिकायतों के निस्तारण में हमीरपुर को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ । जनपद के 14 में से 09 थाने प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रदेश स्तर पर जारी रैंकिंग में हमीरपुर को 115/115 फीसदी अंक मिले है। आई.जी.आर.एस. सेल में नियुक्त प्रभारी आई.जी.आर.एस. सेल उ.नि. प्रिंस दिक्षित, कम्प्यूटर ऑपरेटर सुनैना, म.का. आपेक्षा, का. वीरेंद्र कुमार, म.का. प्रिया यादव व का. अंकित पाण्डेय, शिकायतकर्ताओं से फीडबैक प्राप्त कर कार्यवाही भी की गई।

पुलिस अधीक्षक हमीरपुर के द्वारा प्राप्त प्रकरणों की सर्किलवार समीक्षा कर गुणवत्ता की जांच कराई गयी । उन्होंने सम्पूर्ण समाधान दिवस पर पुलिस और राजस्व विभाग की टीमों को मिलकर भूमि विवादों जैसी समस्याओं का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण समाधान करने के लिए प्रेरित किया। आई.जी.आर.एस. प्रणाली में न केवल शिकायतों का समाधान किया गया, बल्कि शिकायतकर्ताओं से फीडबैक लेकर उनकी संतुष्टि को भी प्राथमिकता दी गई। इस प्रक्रिया से हमीरपुर पुलिस केवल समस्याओं का समाधान नहीं करती, बल्कि यह सुनिश्चित करती है कि समाधान संतोषजनक हो।

पुलिस अधीक्षक द्वारा आई.जी.आर.एस. सेल में नियुक्त कर्मचारी व थानों पर नियुक्त आईजीआरएस कर्मचारियों को भविष्य में इसी प्रकार मेहनत और लगन से कार्य कर जनशिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु उत्साहवर्धन किया गया।

# एनसीआरएमयू ने किया पूर्व शाखा मंत्री का सेवानिवृत्ति पर सम्मान

धनामा संवाददाता



**टूंडला।** कामरेड बसंतलाल, मुख्य लोको निरीक्षक टूंडला को उनकी 38 वर्षों की गौरवपूर्ण रेल सेवा के साथ-साथ यूनियन में समय-समय पर दिए गए बहुमूल्य योगदान के लिए सम्मानित किया गया। मैन्स यूनियन की तीनों शाखाओं द्वारा मैकेनिकल शाखा कार्यालय पर आयोजित सम्मान समारोह में फूल-मालाओं एवं शील्ड व शॉल देकर उनका स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन शाखा मंत्री सरदार सिंह ने किया तथा अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष सतीश कुमार और दीपक शर्मा ने की। वक्ताओं में शाखा मंत्री जयकिशन अजवानी ने बताया कि बसंतलाल जी एक नेक, ईमानदार, और यूनियन के प्रति पूरी तरह समर्पित रहे। उन्होंने रेलकर्मियों के हित में अधिकारियों से कई महत्वपूर्ण कार्य करवाए, जिसके लिए कर्मचारी उनकी सराहना करते हैं। इस अवसर पर यादवेंद्र सिंह, बहुजन समाज पार्टी के आगरा मंडल के जोन इंचार्ज और कोऑर्डिनेटर, लोको शाखा के शाखा मंत्री सरदार सिंह, शाखा अध्यक्ष सतीश कुमार,मैन्स शाखा के शाखा मंत्री अमित पाल सिंह परमार, संयुक्त शाखा मंत्री कैलाश चंद, दीपक शर्मा, अरविंद मीना, सोमेश यादव, बी.एल. मीना, कृष्ण कुमार मीना, मनोज कुमार मीना, नाहर सिंह मीना, के.पी. सिंह, सुनील कुमार,वशी अहमद ,ग्यासी राम, रमेश छौंगा, आदि उपस्थित रहे।

# सात सूत्रीय मांगों को लेकर किसानों ने सीएम को भेजा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता

- अनशन की दी चेतावनी

**मौदहा हमीरपुर।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक दल के एक दर्जन से अधिक कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को भेजते हुए किसानों एवं मजदूरों की विभिन्न प्रकार की समस्या पर तहसील एवं जनपदीय अधिकारियों की नाकामी से आहत होकर सात सूत्री मांगे पूरी करने की मांग की है।

गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष राजा राम निषाद ने उप जिलाधिकारी के कार्यालय पहुंचकर अपनी समस्याओं का बखान करते हुए सात सूत्रीय मांगों में बताया की किसान कृषि विभाग द्वारा डीएपी खाद एंव यूरिया खाद समय पर सही ढंग से उपलब्ध न कराई जाने व जंगली जानवर, अन्ना गोवंश, नीलगाय, सूअर, हिरन आदि के द्वारा किसानों की फसलें बर्बाद कर रहे है जिसपर उचित कदम उठाकर कारवाई करने की मांग की है। वहीं के अलावा वन विभाग द्वारा निश्चित जगह पर संरक्षित किया जाए और जनपद की नदियों में जलधारा रोक कर मशीनों द्वारा रातों-रात मोरम निकली जा रही है जिससे दिनों दिन जलस्तर नीचे गिरता जा रहा है। जिसपर रोक लगाया जाए व सरकारी समितियों में यूरिया खाद की उपलब्धता बराबर सुनिश्चित करने व जिले के किसान दिवस मुख्यालय सभागार में मनाने के लिए तथा किसानों के किसान क्रेडिट कार्ड द्वारा लिए गए कर्ज को समय से वापस नहीं कर पा रहा जिस बैंक किसानों के ऊपर दबाव बना रहे हैं।जिससे किसान बुरी तरह आहत एवं परेशान है। शीघ्र किसानों की समस्या को निस्तारण करने की जोरदार मांग की अन्यथा की स्थिति में आगामी फरवरी माह में कलेक्ट्रेट परिसर गोल चबूतरा में आमरण अनशन एवं अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन आरंभ कर आर पार की लड़ाई लड़ने के लिए सभी कृषको ने चेतावनी दी है, जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। इस दौरान एक दर्जन से अधिक किसान उपस्थित रहे।

# विजय हजारे ट्रॉफी में भी छाए मोहम्मद शमी, हरियाणा के खिलाफ झटक लिए तीन विकेट

मोहम्मद शमी ने गुरुवार को विजय हजारे ट्रॉफी में बंगाल के लिए खेलते हुए हरियाणा के खिलाफ मैच में दमदार प्रदर्शन किया। भारतीय टीम में वापसी के लिए कड़ी मेहनत कर रहे मोहम्मद शमी की नजरें आगामी इंग्लैंड और चैंपियंस ट्रॉफी के लिए चुनी जाने वाली स्क्वॉड में जगह बनाने पर हैं। तेज गेंदबाज शमी 2023 में हुए वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल के बाद से टीम से बाहर चल रहे हैं। पिछले साल उनके एड़ी की सर्जरी भी हुई थी, जिसके कुछ महीने बाद उन्होंने व्हाइट बॉल क्रिकेट में वापसी की है। शमी ने नॉकआउट मुकाबले में हरियाणा के खिलाफ 10 ओवर में 61 रन देते हुए तीन विकेट लेकर टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। शमी को




पहली सफलता छठे ओवर में मिली। उन्होंने हरियाणा के ओपनर हिमांशु राणा को आउट किया। पहले स्पेल में शमी ने 6.67 की इकॉनमी से रन लुटाए लेकिन डेथ ओवर में उन्होंने अच्छी वापसी की और दिनेश बाना, अंशुल कंबोज को पवेलियन का रास्ता दिखाया।

तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने टखने की चोट से उबरने के बाद बंगाल के लिए तीनों फॉर्मेट रणजी ट्रॉफी, सैयद मुश्ताक अली टी20 और विजय हजारे वनडे में प्रभावशाली प्रदर्शन किया जिससे उनकी टीम इंडिया में वापसी की उम्मीद बढ़ गई थी। शमी सोशल मीडिया पर भी लगातार अपनी ट्रेनिंग के वीडियो शेयर करते रहते हैं।

## विराट कोहली पर बयान देना नाना पाटेकर को पड़ा भारी, फैंस ने लिए मजे, वायरल हो रहे मीम्स

विराट कोहली हाल ही में खत्म हुई बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉपी में खराब फॉर्म में दिखे थे। सीरीज के पहले टेस्ट में कोहली के बल्ले से शतक निकला था इसके बाद के बाकी चारों मैचों में कोहली बुरी तरह फ्लॉप हुए थे। इसी बीच बॉलीवुड के मशहूर एक्टर नाना पाटेकर ने भारतीय बल्लेबाज पर बयान देते हुए कहा था कि अगर कोहली जल्दी आउट हो जाते हैं तो उन्हें खाना खाने का मन नहीं करता है। वहीं नाना के इस बयान के बाद सोशल मीडिया पर फैंस जमकर मजे ले रहे हैं। साथही कई मजेदार मीम्स भी वायरल हो रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज की 9 पारियों में कोहली ने कुल 190 रन बनाए थे, जिसमें एक शतक भी शामिल रहा था। इस हिसाब से कोहली 9 में से 8 पारियों में जल्दी आउट होकर पवेलियन लौटे थे। अब कोहली का जल्दी आउट होने को फैंस नाना पाटेकर के बयान से जोड़ रहे हैं।

# हिमा दास ने 18 साल की उम्र में रच दिया था इतिहास, मना रहीं 24वां जन्मदिन

भारतीय एथलीट हिमा दास आज यानी की 09 जनवरी को अपना 24वां जन्मदिन मना रही हैं। हिमा दास को ढिंग एक्सप्रेस के नाम से भी जाना जाता है। वह भारतीय एथलीट हैं और विशेष रूप से 400 मीटर दौड़ में अपनी शानदार उपलब्धियों के लिए जानी जाती हैं। जिंदगी के सारे संघर्षों को मात देकर हिमा दास ने देश के लिए ऐतिहासिक मेडल हासिल किया। तो आइए जानते हैं उनके जन्मदिन के मौके पर एथलीट हिमा दास के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

असम के नागौन जिले में 09 जनवरी 2000 को हिमा दास का जन्म हुआ था। बता दें कि हिमा दास को गांव की गलियों से निकालकर अंतरराष्ट्रीय स्तर लाने का श्रेय उनके बचपन के कोच निपुन दास को जाता है। निपुन दास ने हिमा दास के परिवार को मनाया और उनको ट्रेनिंग के लिए उन्हें गुवाहाटी ले आए।



***करियर***

बता दें कि हिमा दास ने अंडर-20 के 400 मीटर दौड़ में गोल्ड मेडल जीतकर खेल की दुनिया में अपना नाम बनाया। इसके बाद हिमा दास चर्चा में आ गई और महज 18 साल की उम्र में गोल्ड मेडल जीतने के बाद उनका नाम गूंजने लगा। उन्होंने 51.46 सेकंड का समय लेकर गोल्ड मेडल जीता और दिलचस्प बात यह थी कि यह हिमा दास का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं था।

दिसंबर 2020 में गुवाहाटी में राष्ट्रीय अंतर-राज्यीय चैंपियनशिप में 51.13 सेकंड का समय लेते हुए उन्होंने अंडर - 20 चैंपियनशिप को बेहतर बनाया। फिलहाल हिमा दास 400 मीटर में 50.79 सेकेंड का बेस्ट रिकॉर्ड रखती हैं। साल 2018 में उन्होंने यह रिकॉर्ड इंडोनेशिया के जकार्ता में एशियाई खेलों में बनाया था। इस दौरान हिमा दास ने रजत पदक जीता था।

***दो महीने में 7 स्वर्ण पदक***

गोल्ड पदक जीतना एक अविश्वसनीय उपलब्धि है, लेकिन 2 महीने में 7 पदक जीतना असाधारण है। उन्होंने जुलाई और अगस्त 2019 में यूरोपीय सर्किट टूर और विश्व चैंपियनशिप में हिस्सा लिया। इन स्पर्धाओं में हिमा दास के कुल पदकों की संख्या 7 थी। यह सभी मेडल गोल्ड थे। जिनमें से 5 गोल्ड मेडल 200 मीटर में और दो 400 मीटर स्प्रिंट में थे।

***एशियाई खेलों में 2 स्वर्ण और 1 रजत***

हिमा दास ने साल 2018 में 18 साल की उम्र में जकार्ता-पालेमबांग एशियाई खेलों में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने 2 गोल्ड मेडल और 1 रजत पदक जीता। 200 मीटर की धावक भी और असमिया ने एशियाई खेलों के दौरान 400 मीटर स्पर्धाओं में भी हिस्सा लिया। हिमा दास ने पहले क्वालिफिकेशन हीट के दौरान और फिर फाइनल रजत पदक जीतने के दौरान 2 बार व्यक्तिगत भारतीय राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा।

# इस खिलाड़ी के भविष्य पर मंडरा रहा खतरा! वनडे-टेस्ट दोनों से हो सकता है बाहर

टीम इंडिया के ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा के लिए बुरी खबर है। दरअसल, जडेजा बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉपी सीरीज के बाद सभी फॉर्मेट से बाहर हो सकते हैं। बताया जा रहा है कि टीम मैनेजमेंट पिछले कुछ समय से उनके प्रदर्शन से खुश नहीं है। टीम 2027 वनडे वर्ल्ड कप के लिए एक मजबूत कोर बनाने की कोशिश कर रही है और मैनेजमेंट को यकीन नहीं है कि जडेजा इस प्रोफाइल में फिट बैठता है या नहीं। जडेजा अब टेस्ट और वनडे खेलते हैं 2024 टी20 वर्ल्ड कप जीतने के साथ उन्होंने रिटायरमेंट का ऐलान कर दिया था। जबकि आखिरी वनडे उन्होंने वर्ल्ड कप 2023 फाइनल के रूप में खेला था। फिलहाल, जडेजा लोअर ऑर्डर




में बतौर ऑलराउंडर फिट नहीं बैठ रहे हैं, जिसकी कमी भारत को पिछले कुछ समय से खल रही है। बल्ले से वह वनडे में काफी संघर्ष करते हुए दिख रहे हैं। हाल के दिनों में उनके स्ट्राइक रोटेशन और दबाव को कम करने की क्षमता पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। उनका रिप्लेसमेंट माने जा रहे अक्षर पटेल बैट और गेंद दोनों से धाकड़ प्रदर्शन दे रहे हैं।

श्रीलंका दौर पर गौतम गंभीर के कोचिंग करियर की शुरुआत हुई थी तो रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे सीनियर खिलाड़ियों को टी20 वर्ल्ड कप के तुरंते बाद टीम में शामिल किया गया था, लेकिन वहां जडेजा नहीं थे। उनकी टीम मैनेजमेंट ने रियान पराग, अक्षर पटेल और वॉशिंगटन सुंदर जैसे अन्य स्पिन-गेंदबाजी ऑलराउंडर्स को मौका दिया था। वहीं बीजीटी के पहले मुकाबले में भी जडेजा और अश्विन को आराम दिया गया था उनकी जगह वॉशिंगटन सुंदर को जगह दी गई थी। अश्विन ने बीजीटी2024 के बीच ही संन्यास ले लिया था।

बीसीसीआई के एक सूत्र ने टाइम्स ऑफ इंडिया को बताया कि, गंभीर फॉर्मेट के अनुसार कोर टीम बनाने को लेकर बहुत दृढ़ रहे हैं। अब तक, उन्होंने लंबे फॉर्मेट के साथ बहुत ज्यादा छेड़छाड़ नहीं की है, लेकिन वनडे वर्ल्ड कप के लिए एक मजबूत बेस बनाने के लिए उनके पास स्पष्ट दृष्टिकोण है। वह कुछ और पहचाने गए खिलाड़ियों को मौका देने के इच्छुक हैं।

## जल्द होगी मोहम्मद शमी की वापसी

क्रिकेट फैंस मोहम्मद शमी का क्रिकेट मैदान पर बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वर्ल्ड कप 2023 फाइनल के बाद से शमी लगातार इंटरनेशनल क्रिकेट से दूर चल रहे हैं। इस आईसीसी टूर्नामें भी वह चोट के साथ खेले थे। टूर्नामेंट खत्म होने के बाद उन्होंने सर्जरी जरूर करवाई, लेकिन उनकी फिटनेस को लेकर समस्या बनी रही। बीजीटी टेस्ट सीरीज में भी टीम इंडिया में उनकी कमी खली लेकिन अब फैंस का इतंजार खत्म होने वाला है। दरअसल, रिपोर्ट्स के अनुसार शमी इंग्लैंड के खिलाफ आगामी घरेलू लिमिटेड ओवर सीरीज में वापसी कर सकते हैं। इस सीरीज में वह बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए चैंपियंस ट्रॉफी में भी अपनी जगह पक्की कर सकते हैं। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, नेशनल क्रिकेट अकादमी की मेडिकल टीम शमी पर कड़ी नजर रखे हुए है। सर्जरी के बाद उनके घुटने में हल्की सी सूजन आ गई थी।

# विराट कोहली का घरेलू क्रिकेट से किनारा, आईपीएल 2025 के बाद इंग्लैंड सीरीज के लिए विदेश में करेंगे ट्रेनिंग

विराट कोहली इस समय आउट ऑफ फॉर्म चल रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेली गई टेस्ट सीरीज में भी वह ज्यादा अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके। इसके बाद उनकी बल्लेबाजी साथ ही उनके खेलने की तकनीक पर भी काफी सवाल उठे। कई क्रिकेट पड़िंतों ने उन्हें फॉर्म में आने के लिए घरेलू क्रिकेट में हिस्सान लेनी की भी सलाह दी लेकिन ऐसा होता दिख नहीं रहा है।


दरअसल, विराट कोहली अब इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में खेलेंगे और फिर चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में टीम इंडिया का प्रतिनिधित्व करते दिखेंगे। चैंपियंस ट्रॉफी के बाद आईपीएल 2025 होगा और फिर टीम इंडिया इंग्लैंड रवाना होगी जहां टेस्ट सीरीज का आयोजन किया जाएगा। इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली टेस्ट सीरीज भारत के लिए काफी अहम




होने वाला है साथ ही इस टेस्ट सीरीज के लिए विराट कोहली के टेस्ट भविष्य का भी आकलन हो सकता है।

अब इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले इस टेस्ट सीरीज की तैयारी के लिए विराट कोहली आईपीएल 2025 के बाद काउंटी क्रिकेट खेलते हुए नजर आ सकते हैं। रेव स्पोर्ट्ज की एक रिपोर्ट के अनुसार कोहली इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज की तैयारी के लिए इसमें खेल सकते हैं। वैसे आईपीएल 2025 का फाइनल मैच 25 मई को खेला जाएगा। इंग्लैंड के खिलाफ भारत का पहला टेस्ट मैच 20 जून से शुरू होगा। अगर आरसीबी आईपीएल के फाइनल में पहुंचती है तो कोहली के पास काउंटी क्रिकेट खेलने और अंग्रेजी स्थिति के अनुकूल होने के लिए लगभग 14 दिन होंगे, लेकिन क्या इतना वक्त उनके लिए काफी होगा ऐसा लगता नहीं है।

## शूजित सरकार की अगली फिल्म के साथ बॉलीवुड में डेब्यू करेगी वंदे भारत एक्सप्रेस, मुंबई स्टेशन पर शुरू होगी शूटिंग



वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन जल्द ही पर्दे पर आने वाली है, क्योंकि बुधवार को पश्चिमी रेलवे ने पहली बार सेमी-हाई-स्पीड ट्रेन के इस्तेमाल को मुंबई सेंट्रल स्टेशन पर कमर्शियल प्रोडक्शन और शूटिंग के लिए अनुमति दी है, समाचार एजेंसी प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया (पीटीआई) ने अधिकारियों के हवाले से बताया। पुरस्कार विजेता फिल्म निर्माता शूजित सरकार शूटिंग के लिए वंदे भारत ट्रेन का इस्तेमाल करने वाले पहले निर्देशक बन गए हैं, जो मुंबई सेंट्रल स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर पांच पर आयोजित की गई।

अपने फैसले के पीछे के तर्क को स्पष्ट करते हुए पश्चिम रेलवे के अधिकारियों ने कहा कि मुंबई-अहमदाबाद रूट पर संचालित दो वंदे भारत ट्रेनों में से एक बुधवार को नहीं चलती है। यह रखरखाव के लिए स्टेशन यार्ड या कार शेड में खड़ी रहती है। एक अधिकारी ने कहा कि हमने नीति दिशानिर्देशों के अनुसार फिल्म की शूटिंग के लिए इस नॉन-प्लेइंग ट्रेन के इस्तेमाल की अनुमति दी है।

उन्होंने कहा कि रेलवे ने फिल्म शूटिंग से गैर-किराया बॉक्स राजस्व में लगभग 23 लाख रुपये कमाए, जो एक दिन पहले मुंबई और अहमदाबाद के बीच अपनी एकल यात्रा के दौरान सेमी-हाई-स्पीड ट्रेन द्वारा कमाए गए 20 लाख रुपये से थोड़ा अधिक है।

पश्चिमी रेलवे के मुख्य पीआरओ विनीत अभिषेक ने कहा, हम अक्सर निर्धारित दिशानिर्देशों के अनुसार व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए ट्रेनों, स्टेशनों और अन्य रेलवे परिसरों को अनुमति देते हैं। यह पहली बार है कि वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को फिल्म शूटिंग के लिए अनुमति दी गई है। उन्होंने कहा कि यात्रियों को असुविधा न हो, यह सुनिश्चित करते हुए इसी तरह की अनुमति दी जाएगी।

अभिषेक ने कहा कि रेलवे की फिल्म शूटिंग से गैर-किराया राजस्व उत्पन्न होता है जिसका उपयोग रेलवे की संपत्ति और सुविधाओं के विकास के लिए किया जाता है। उन्होंने फिल्म बिरादरी से शूटिंग के लिए रेलवे का उपयोग करने की अपील करते हुए कहा, पश्चिमी रेलवे वाणिज्यिक शूटिंग के लिए अनुमति देने की त्वरित और सुविधाजनक प्रक्रिया के लिए एकल-खिड़की प्रणाली का पालन करता है।

अभिषेक ने कहा कि फिल्मों में ट्रेनों को दिखाना पारस्परिक रूप से लाभकारी है क्योंकि यह दृश्य कहानियों को यथार्थवादी अनुभव देता है क्योंकि भारतीयों का ट्रेनों के साथ सकारात्मक और भावनात्मक जुड़ाव है। पश्चिमी रेलवे ने चालू वित्त वर्ष में फिल्म शूटिंग से गैर-किराया बॉक्स राजस्व में करीब 1 करोड़ रुपये कमाए हैं।

रेलवेमैन, गैसलाइट, हीरोपंती 2, ब्रीथ इनटू शैडोज, ओएमजी 2, बेबी डॉल और एक विलेन रिटर्न्स जैसी फिल्में हाल के वर्षों में पश्चिमी रेलवे के तहत शूट की गई कुछ फिल्मों के अलावा एक वेब सीरीज भी है।

# बॉलीवुड में अपनी एक अलग छाप छोड़ चुके हैं फरहान अख्तर बिना पिता की मदद के फिल्मों में शुरु किया था सफर

फरहान अख्तर बॉलीवुड में एक फुल पैक धमाके की तरह काम करते हैं। वे एक प्रतिभाशाली अभिनेता, निर्देशक, निर्माता, लेखक और कमाल के गायक भी हैं। फरहान का फिल्मों में सफर काफी रोमांचक रहा है। बॉलीवुड में उन्होंने बहुत ही कम समय में अपनी मेहनत से उन्होने फिल्मी दुनिया में अपनी एक अलग पहचान बना ली है। फरहान का जन्म 9 जनवरी 1974 को मुंबई में हुआ था और वे अपना 51 वां जन्मदिन मना रहे हैं। फरहान बॉलीवुड के मशहूर लेखक और कवि जावेद अख्तर के बेटे हैं, उनकी माँ का नाम हनी ईरानी है, जोकि एक बॉलीवुड अभिनेत्री है। उनकी बहन जोया अख्तर भी निर्देशक और लेखिका हैं।

अभिनेता फरहान ने फिल्म इंडस्ट्री में एक कदम आगे बढ़ते हुए एक्सेल एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन हाउस बनाया। जिसमें उनके पार्टनर रितेश सिधवानी हैं। साल 2001 में फरहान अख्तर ने दिल चाहता है बनाई। इस फिल्म का लेखन व निर्देशन फरहान ने किया। इंडस्ट्री में आते ही उन्होंने अपना लोहा मनवाया। आमिर खान, अक्षय खन्ना और सैफ अली खान जैसी नई तिकड़ी को फरहान ने अपनी फिल्म दिल चाहता है में लिया। फिल्म के कॉन्सैप्ट को खूब पसंद किया गया। नतीजा ये हुआ कि बॉक्स ऑफिस पर फिल्म हिट हुई और फरहान की पहली ही फिल्म ने बेस्ट फीचर फिल्म हिंदी की श्रेणी में नेशनल अवॉर्ड जीता। फिल्मों में



फरहान ने अपना सफर बतौर निर्देशक 2001 में आई फिल्म दिल चाहता है से शुरू किया था। जिसकी कहानी उनके पिता जावेद अख्तर ने ही लिखी थी। जिसके बाद उन्होंने अपनी फिल्म प्रोड्यूस की, फरहान ने 1986 में आई अमिताभ बच्चन स्टारर फिल्म डॉन का रीमेक बनाया। यह फिल्म उस साल कि सबसे सफल फिल्म रही और आखिरकार वह 2008 में आई फिल्म रॉक ऑन से एक अभिनेता के रूप में उभर कर आए जिसमें उनकी काफी सराहना की गई थी साथ ही फिल्म में उनके द्वारा गाए गए गानों की भी तारीफ हुई। बॉलीवुड बैकग्राउंड से होने के बावजूद उन्होंने कभी किसी का सहारा नहीं लिया और अपने दम पर अपनी पहचान बनाई। फराहन को आमिर खान को रंग दे बसंती मिलने से पहले यह फिल्म ऑफर हुई थी, लेकिन उन्होंने मना कर दिया था, जिसका अफ़सोस उन्हें आज भी है। दिल चाहता है, रॉक ऑन, जिन्दगीं ना मिलेगी दोबारा, दिल धड़कने दो, मिल्खा सिंह, कार्तिक कालिंग कार्तिक, डॉन, शादी के साइड इफेक्ट्स, तलाश, फुकरे और लक बाई चांस उनकी कुछ बेहतरीन फिल्मों में से हैं।

उन्हेंने डॉन फिल्म शाहरुख खान को ऑफर करते हुए साफ कह दिया था कि वह डॉन में ऋतिक रोशन को लेना चाहते थे। लेकिन इस रोल के लिए मैच्योरिटी चाहिए जिसके लिए सिर्फ आप फिट बैठते हैं। इस प्रोजेक्ट पर दोनों की सहमति बनी और जब ये फिल्म बड़े पर्दे पर रिलीज हुई तो इसने बॉक्स ऑफिस के कई रिकॉर्ड तोड़ डाले। फरहान ने साल 2008 में एक नई कहानी पर काम करना शुरू किया। ये कहानी थी रॉक ऑन की। अभिषेक कपूर ने रॉक ऑन फिल्म को डायरेक्ट किया और पहली बार फरहान ने पर्दे पर बतौर ऐक्टर करियर की शुरुआत की। फिल्म के लिए फरहान ने करियर का दूसरा नेशनल अवॉर्ड जीता।

फरहान तलाकशुदा हैं। उन्होंने साल 2017 में पत्नी अधुना भबानी से अलग होने का फैसला लिया। फरहान से 6 साल बड़ी अधुना एक हेयर स्टाइलिस्ट हैं दोनों का 3 साल तक अफेयर चला और फिर साल 2000 में इस कपल ने शादी कर ली। दोनों की शादी 16 साल चली। दोनों की दो बेटियां हैं शाक्या और अकीरा। फरहान और अधुना के तलाक की वजह ऐक्ट्रा मैरिटल अफेयर को बताया जाता है। ऐक्टर का नाम उनकी को-स्टार श्रद्धा कपूर से लेकर अदिति राव हैदरी संग भी जुड़ चुका है। वहीं अधुना को लेकर बताया जाता है कि वह अब निकोलो मोरिया को डेट कर रही हैं। निकोलो बॉलिवुड ऐक्टर डीनो मोरिया के भाई हैं।

***फराहन अख्तर से जुड़े रोचक तथ्य***

1 -फराहन अख्तर फिल्म शोले को 50 बार देख चुके हैं, लेकिन उन्हें यह दीवार से बेहतर नहीं लगी।

2-अख्तर ने फिल्म फिल्म दिल चाहता है का निर्देशन तब किया था जब उनकी माँ ने उन्हें घर से निकलने की धमकी दी थी। फराह अपने माँ को अपना सबसे बड़ा आलोचक मानते हैं।

3-फिल्म जिंदगी मिलेगी ना दुबारा में फराहन ने काफी एडवेंचर किये। लेकिन उन्हें अपनी असल जिंदगी में कॉकरोच से बेहद डर लगता है।

# महेंद्र कपूर की आवाज को आज भी मिस करते हैं संगीतप्रेमी, मोहमद रफी से प्रभावित होकर शुरू किया था गायन

एक बेहतरीन पार्श्वगायक के तौर पर महेंद्र कपूर का नाम बॉलीवुड में आज भी याद किया जाता है। अपने रूमानी गीतों से उन्होंने लगभग पांच दशक तक श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। पार्श्वगायक महेंद्र कपूर का जन्म ठीक 91 साल पहले 9 जनवरी 1934 को अमृतसर में हुआ था। संगीत की ओर बचपन के दिनों से ही महेंद्र कपूर का रूझान था। महेंद्र कपूर ने संगीत की प्रारंभिक शिक्षा हुस्नलाल-भगतराम, उस्ताद नियाज अहमद खान, उस्ताद अब्दुल रहमान खान और पंडित तुलसीदास शर्मा से हासिल की थी।

मशहूर गायक मोहम्मद रफी से प्रभावित होकर महेन्द्र कपूर भी उन्हीं की तरह पार्श्वगायक बनना चाहते थे। अपने इसी सपने को पूरा करने के लिये महेंद्र कपूर मुंबई आ गये। 1958 में प्रदर्शित व्ही शांताराम की फिल्म नवरंग में महेंद्र कपूर ने सी.रामचंद्र के सगीत निर्देशन में आधा है चंद्रमा रात आधी से बतौर गायक अपनी पहचान बना ली। इसके बाद महेंद्र कपूर ने कभी पूछे मुड़कर नहीं देखा और सफलता की नयी उंचाइयों को छुआ और एक से बढ़कर एक गीत गाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

लगभग पाँच दशकों के करियर में उन्होंने विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं में 25,000 गाने गाए। जिनमें चलो एक बार फिर से अजनबी बन जाएँ हम दोनों (गुमराह), नीले गगन के ताले (हमराज़) जैसे यादगार हिट शामिल हैं, लेकिन वे मनोज कुमार की फ़िल्म उपकार में मेरे देश की धरती के




साथ देशभक्ति गीतों के पर्याय बन गए।

महेंद्र कपूर कम उम्र में वे गायक मोहम्मद रफ़ी से प्रेरित थे। उन्होंने अपनी खुद की एक शैली बनाई और मेट्रो मर्फी अखिल भारतीय गायन प्रतियोगिता जीती, जिसके कारण 1958 में वी. शांताराम की नवरंग में पार्श्व गायक के रूप में उनकी शुरुआत हुई, जिसमें उन्होंने सी. रामचंद्र के संगीत निर्देशन में आधा है चंद्रमा रात आधी गाया। उन्होंने बीते दिनों के कई हिट गाने गाए, और सबसे उल्लेखनीय हैं बीआर चोपड़ा की फिल्मों (धूल का फूल, गुमराह, वक्त, हमराज़, धुंध आदि) और महान अभिनेता/निर्देशक मनोज कुमार (उपकार, पूरब और पश्चिम आदि) के लिए गाए गए गाने। उनको भारत की जीवंत आवाज़ के रूप में जाना जाता है। पवारोट्टी की तरह, महेंद्र के पास भी एक बहुत बड़ी आवाज़ थी और एक खूबसूरत स्वर ताल थी। इसी वजह से उन्हें उनके सभी संगीतकार और प्रशंसक पसंद करते थे। अंग्रेजी में संगीत रिकॉर्ड करने वाले वह पहले भारतीय पार्श्व गायक थे। उन्होंने ओह सैली प्लीज हेल्प मी और आई एम फीलिंग ब्लू गाया, जो किसी भारतीय गायक के लिए एक अद्भुत उपलब्धि थी। उन्हें प्रसिद्ध बोनी एम समूह ने पाकिस्तान के मुसरत के साथ हिंदी में अपने गाने गाने के लिए कहा और उन्होंने एवरहिट पॉप एल्बम एम-3 रिकॉर्ड किया। उन्होंने भारत में लगभग हर भाषा में गायन किया है, और देशभक्ति, रोमांटिक, भजन, कव्वाली, नट जैसे लगभग हर तरह के गीतों को गाया और कवर किया है, और टीवी सीरियल महाभारत का शीर्षक गीत उनके पहले से ही ताज पहनाए गए मुकुट में एक और पंख है। उन्होंने गुजराती, पंजाबी और मराठी फिल्मों में सबसे ज्यादा गाने गाए। मराठी में वे दादा कोंडके की सभी फिल्मों में उनकी आवाज होने के कारण बहुत लोकप्रिय थे। दादा कोंडके की बोलचाल की शैली से जुड़े होने के बावजूद मराठी फिल्मों के लिए उनका गायन केवल दादा कोंडके की फिल्मों तक ही सीमित नहीं था। उनके बेटे रोहन कपूर एक अभिनेता/गायक हैं। उन्होंने कुछ फिल्मों में अभिनय किया 1980 के दशक में यश चोपड़ा की फासले (1985) और लव 86 (1986), प्रकाश मेहरा की इमानदार जैसी फिल्मों में काम किया और बाद में अपने पिता के साथ स्टेज शो किए और एक अच्छे प्रशिक्षित गायक हैं। उन्होंने भारत और ब्रिटेन में कई एल्बम बनाए। महेंद्र कपूर को दुनिया भर में उनके लाखों प्रशंसक भारत की आवाज़ के रूप में पूजते हैं। 27 सितम्बर 2008 को हृदय गति रुकने से उनकी मृत्यु हो गई, उनके परिवार में पत्नी, तीन बेटियाँ और एक बेटा हैं।

# प्रीतीश नंदी के निधन से आहत फिल्म जगत

## करीना कपूर समेत अन्य सितारों ने जताया शोक

एजेंसी



**मुंबई।** दिग्गज फिल्म निर्माता, चित्रकार और पत्रकार प्रीतीश नंदी के निधन से फिल्म जगत आहत है। करीना कपूर खान, अनिल कपूर, अनुपम खेर के साथ ही अन्य सितारों ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा कर शोक जताया।

सोशल मीडिया पर सक्रिय अभिनेता अनुपम खेर ने एक पोस्ट साझा करते हुए बताया कि वह इस खबर से बहुत दुखी हैं। उन्होंने प्रीतीश को यारों का यार कहकर याद किया। इंस्टाग्राम पर अभिनेता ने एक पुरानी तस्वीर के साथ लिखा, अपने सबसे प्रिय और करीबी दोस्तों में से एक प्रीतीश नंदी के निधन के बारे में जानकर बेहद दुखी और स्तब्ध हूं! अद्भुत कवि, लेखक, फिल्म निर्माता और एक साहसी और अद्वितीय संपादक/पत्रकार! वह मुंबई में मेरे शुरुआती दिनों में मेरा सपोर्ट सिस्टम और ताकत का एक बड़ा सोर्स थे। हमने बहुत सी चीजें साझा कीं। वह उन सबसे निडर लोगों में से एक थे जिनसे मैं मिला। जीवन में मैंने उनसे बहुत सी चीजें सीखीं। इधर बीच हमारी मुलाकात नहीं हो पाई थी। लेकिन एक समय था जब हम हमेशा मिलते रहते थे!

अभिनेता ने आगे लिखा, मैं कभी नहीं भूल पाऊंगा जब उन्होंने मुझे फिल्मफेयर के कवर पर और सबसे महत्वपूर्ण रूप से द इलस्ट्रेटेड वीकली पर रखकर मुझे आश्चर्यचकित कर दिया था। वह यारों के यार की सच्ची परिभाषा थे! मैं तुम्हें और हमारे साथ बिताए दिनों को याद करूंगा मेरे दोस्त।


चमेली' में प्रीतीश नंदी के साथ काम कर चुकीं अभिनेत्री करीना कपूर खान ने फिल्म से जुड़ी एक तस्वीर को इंस्टाग्राम पर साझा कर निर्माता को श्रद्धांजलि दी। तस्वीर में अभिनेत्री नंदी के साथ गुफ्तगू करती दिखीं। अभिनेता अनिल कपूर ने पोस्ट साझा कर बताया कि उन्हें इस खबर से झटका लगा है। उन्होंने लिखा, मेरे प्रिय मित्र प्रीतीश नंदी के निधन से मैं स्तब्ध और दुखी हूं। एक निडर संपादक, एक साहसी व्यक्ति और अपने वचन का पक्का आदमी, उसने किसी और की तरह ईमानदारी का परिचय नहीं दिया। मुझे अभी भी एक वीकली कवर शूट याद है, जिसकी उन्होंने योजना बनाई थी। जब मुझे असहज महसूस हुआ, तो उन्होंने तुरंत इसे रद्द कर दिया, यह कहते हुए कि यदि आप खुश नहीं हैं, तो मैं इसे प्रकाशित नहीं करूंगा। उस इशारे ने विश्वास और सम्मान पर बनी दोस्ती की शुरुआत की थी। मेरा दिल उनके परिवार के लिए दुखी है। मैं हमेशा उनकी उपस्थिति, उनकी आवाज और उनके द्वारा किए गए हर काम में दिखाई गई निडरता को याद करूंगा।

अभिनेत्री सोफी चौधरी ने एक्स पर लिखा, प्यार के साइड इफेक्ट्स' के दौरान आपको जानना सौभाग्य की बात थी। एक फिल्म निर्माता और पत्रकार/संपादक के रूप में आप साहसी और अद्वितीय थे। मैं हमेशा आपके बारे में गर्मजोशी से सोचूंगी। परिवार के लिए प्यार और प्रार्थना।

अभिनेता संजय दत्त ने इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन पर लिखा, हमने एक रचनात्मक और अच्छे इंसान को खो दिया। प्रीतीश नंदी सर, हम आपको मिस करेंगे।

# नागालैंड में एचआईवी/एड्स की दर राष्ट्रीय औसत से अधिकः रिपोर्ट

एजेंसी



**कोहिमा।** राज्य के आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 में कहा गया है कि नागालैंड में 15 से 49 साल के उम्र के लोगों में एचआईवी/एड्स की दर 1.36 प्रतिशत है, जो पूरे देश में 0.2 प्रतिशत की दर से काफी ज्यादा है।

आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 के अनुसार सामान्य आबादी में एचआईवी/एड्स की दर 1.61 प्रतिशत है। सर्वेक्षण में कहा गया है कि नागालैंड में 2006 से 2023 तक लगभग 16 लाख रक्त नमूनों की जांच के बाद कुल 33,396 व्यक्ति एचआईवी पॉजिटिव पाए गए।

2023-24 के दौरान परीक्षण किए गये कुल रक्त नमूनों में से 1.17 प्रतिशत एचआईवी पॉजिटिव पाए गए। इसके अलावा, एचआईवी पॉजिटिव पाए गए 14.83 प्रतिशत मरीजों का उपचार चल रहा है।

वर्ष 2023-24 के दौरान 14 वर्ष से कम आयु के जिन बच्चों के रक्त की जांच की गई, उनमें से 2.06 प्रतिशत बच्चे एचआईवी पॉजिटिव पाए गए। सर्वेक्षण रिपोर्ट में कहा गया है कि 14 वर्ष से कम आयु के एचआईवी पॉजिटिव बच्चों में 53.70 प्रतिशत लड़के और 46.30 प्रतिशत लड़कियां थीं। अक्टूबर 2007 से नवंबर 2023 तक 14 वर्ष से कम आयु के कुल 1,385 बच्चे (2,099 प्रतिशत) एचआईवी पॉजिटिव पाए गए। आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट में बताया गया है कि एंटीरेट्रोवायरल थेरेपी सेंटर (एआरटीसी) में कुल 26,419 एचआईवी पॉजिटिव मरीज रजिस्टर्ड थे। इनमें से 21,110 एंटीरेट्रोवायरल थेरेपी (एआरटी) पर थे जबकि एआरटी पर कुल 3,116 मरीजों की मौत हो गई।

इसमें यह भी बताया गया है कि एचआईवी पॉजिटिव कुल 6,205 पुरुष, 6,332 महिलाएं, 12 ट्रांसजेंडर/ट्रांससेक्सुअल व्यक्ति, तथा 370 लड़कियों सहित 748 बच्चे एआरटी पर हैं।

### क्विक न्यूज

#### दिल्ली में केजरीवाल ताकतवर, देशद्रोही कहना ठीक नहीं : संजय राउत

**महाराष्ट्र।** शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने गुरुवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी की स्थिति को लेकर राजनीतिक दल असमंजस में हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी दोनों ही प्रमुख दल हैं और दिल्ली में आम आदमी पार्टी की ताकत सबसे अधिक है। उन्होंने बताया कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी अच्छे मार्जिन से जीत रही है और यह स्थिति पार्टी के कार्यकर्ताओं के लिए अहम है, जो उन्हें आगे चलकर उत्साहित करेगी। इसके साथ ही उन्होंने इस बात पर भी नाराजगी जताई कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी गठबंधन में हैं। वहीं, उन्होंने कांग्रेस नेता अजय माकन के अरविंद केजरीवाल को देशद्रोही बताने की निंदा की। कहा कि केजरीवाल को देशद्रोही करार देना ठीक नहीं है। हम इस बयान से सहमत नहीं हैं, क्योंकि केजरीवाल और आम आदमी पार्टी भी इंडिया ब्लॉक के सम्माननीय सदस्य हैं, जिसका नेतृत्व कांग्रेस कर रही है।

#### शंभू बॉर्डर पर किसान ने निगला जहर

**चंडीगढ़।** शंभू बॉर्डर पर चल रहे आंदोलन में एक किसान ने सल्फास निगल लिया। किसान की पहचान रेशम सिंह (55) जिला तरनतारन पहूविंड के तौर पर हुई है। जानकारी के मुताबिक रेशम सिंह शंभू और खनौरी बॉर्डर पर 11 महीने से आंदोलन के बावजूद सरकार की तरफ से इसका समाधान न निकालने से नाराज था। अंतिम समाचार मिलने तक किसान की हालत गंभीर बनी हुई है। किसान रेशम सिंह को पटियाला के राजिंदरा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बॉर्डर पर मौजूद साथी किसानों ने बताया कि सुबह लंगर स्थल के पास ही किसान ने सल्फास निगला। जैसे ही इस बारे में किसानों को पता चला तो उन्हें तुरंत मौके पर प्राथमिक सहायता दी गई।

## सिरसा के डबवाली में देह व्यापार का धंधा, पुलिस की निष्क्रियता पर सवाल

**सिरसा।** जिले के डबवाली में देह व्यापार का गंदा कारोबार चरम पर है और पुलिस ने आंखों पर पट्टी बांधी हुई है। प्रेम नगर इलाके में जब स्थानीय महिलाएं और मोहल्ले के लोग इस अवैध कारोबार के खिलाफ धरने पर बैठे, तो मामला मीडिया तक पहुंचा। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि देह व्यापार में शामिल लोग खुलेआम धमकियां देते हैं, लेकिन पुलिस अब तक कोई ठोस कदम उठाने में नाकाम रही है। डबवाली में पहले भी लूटपाट के कई मामले सामने आए थे, जिनमें सेक्स रैकेट के सदस्य शामिल थे, लेकिन पुलिस ने कभी इस पर सख्त एक्शन नहीं लिया। अब जब यह धंधा फिर से तेज हो गया है, तो लोगों का मानना है कि कहीं न कहीं पुलिस की इन अपराधियों के साथ मिलीभगत हो सकती है। इस मामले के मीडिया में आने के बाद अब पुलिस पर दबाव बढ़ गया है।

## तेज रफ्तार बस और ट्रक के बीच जोरदार टक्कर, चार लोगों की मौत- 30 से अधिक घायल

एजेंसी

**चेन्नई।** तमिलनाडु के रानीपेट में गुरुवार को ट्रक और बस के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई और 30 घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रानीपेट पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान मंजूनाथ, कृष्णप्पा, शंकरन और सोमशेखरन के रूप में हुई है। घायलों को स्थानीय अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहां तीन की हालत गंभीर बताई गई है। मृतकों के शव रानीपेट सरकारी अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद उनके परिजनों को सौंप दिए जाएंगे।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि कर्नाटक राज्य परिवहन निगम (केएसआरटीसी) की बस का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। बता दें कि इससे पहले 26 दिसंबर को चेन्नई-त्रिची हाईवे पर चेंगलपट्टू जिले के पदलम के पास एक सड़क दुर्घटना में व्यक्ति और उसके दो बच्चों की मौत हो गई थी। उनकी कार एक वाहन से टकरा गई थी, जिससे ये हादसा हो गया था।

मृतकों की पहचान गणपति (40), उनकी बेटी हेमा (13) और बेटे बाला (10) के रूप में हुई थी। इस हादसे में गणपति की पत्नी सरन्या (35), उनकी बहन जया (30) और उनकी बेटी दिव्या (3) घायल हो गई थी। उन्हें इलाज के लिए चेंगलपट्टू सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

वहीं, 12 दिसंबर को कोयंबटूर जिले के मदुक्कराई में एक कार और ट्रक के बीच टक्कर हो गई थी। इस हादसे में केरल निवासी एक दो महीने के बच्चे समेत तीन लोगों की मौत हो गई थी। मृतकों की पहचान जैकब अब्राहम (60), उनकी पत्नी शीबा (55) और उनके पोते आरोन (2 महीने) के रूप में हुई थी। जैकब की बेटी अलीना (21), आरोन की मां घायल हो गई थी।

# ...................दिल्ली विधानसभा चुनाव...................

## आपने दिल्ली में लगवाए होर्डिंग्स, बीजेपी से पूछा सीएम का नाम

एजेंसी




**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के साथ ही राजनीतिक दलों के बीच पोस्टर वॉर शुरू हो गया है। आम आदमी पार्टी ने राष्ट्रीय राजधानी की सड़कों पर होर्डिंग्स लगवाए हैं, जिसमें भाजपा से मुख्यमंत्री के नाम को लेकर सवाल पूछा गया है। साथ ही उसे गाली-गलौज पार्टी भी बताया है।

आम आदमी पार्टी के इस होर्डिंग में एक तरफ अरविंद केजरीवाल की तस्वीर लगाई गई है, जबकि दूसरी तरफ प्रश्न चिन्ह छपा हुआ है। होर्डिंग में सबसे ऊपर लिखा है कि दिल्ली का सीएम कौन? इसके बाद अरविंद केजरीवाल की फोटो के साथ आम आदमी पार्टी का नाम लिखा है। जबकि दूसरी तरफ प्रश्न चिन्ह के साथ गाली-गलौज पार्टी लिखा है।

आम आदमी पार्टी की तरफ से यह होर्डिंग दिल्ली के वजीरपुर फेस-1 अशोक विहार में लगाया गया है। इसके अलावा एक अन्य होर्डिंग शादीपुर डिपो में लगाया गया है।

इससे पहले आम आदमी पार्टी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो पोस्ट कर बीजेपी से सवाल पूछा था। वीडियो में पूछा गया कि बिना दूल्हे का घोड़ा किसका है। क्या यह घोड़ा भाजपा का है? भाजपा का है तो दूल्हे का नाम बताएं।

वीडियो को कैप्शन दिया, भाजपा वालों, तुम्हारा दूल्हा कौन है। इस वीडियो के जरिए आप सीएम चेहरे को लेकर सवाल उठा रही है।

आम आदमी पार्टी के वीडियो पर भाजपा ने भी नया पोस्टर जारी किया था। आम आदमी पार्टी के खिलाफ इस पोस्टर में भाजपा ने कहा, आप-दा जाएगी, भाजपा आएगी।

बता दें कि दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीख का मंगलवार को ऐलान किया गया। दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों पर एक ही चरण में 5 फरवरी को वोट डाले जाएंगे, जबकि नतीजे 8 फरवरी को घोषित किए जाएंगे।

दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और आम आदमी पार्टी (आप) के बीच कड़ा मुकाबला माना जा रहा है। कांग्रेस भी अपने उम्मीदवार उतार रही है। जिस इंडिया ब्लॉक में आप और कांग्रेस शामिल हैं, उसके ही सहयोगियों टीएमसी और सपा ने सत्ताधारी आम आदमी पार्टी (आप) को दिल्ली विधानसभा चुनाव में समर्थन देने का फैसला किया है।

## कोई व्यवस्था नहीं थी, काउंटर खुलते ही मची भगदड़'

### चश्मदीदों ने बयां किए तिरुपति हादसे के हालात

एजेंसी

**तिरुपति।** आंध्र प्रदेश के तिरुपति में हुई भगदड़ में 6 लोगों की मौत हो गई। घटना के चश्मदीदों ने जो बताया, वह हैरान कर देने वाला है। एक महिला ने कहा कि टिकट लेने के लिए भीड़ काफी ज्यादा इकट्ठी हो गई थी। उसने कहा कि पहले से टिकट खरीद लेने के लिए कोई व्यवस्था नहीं बनाई गई थी। जैसे ही पुलिसकर्मियों ने टिकट वितरण के लिए दरवाजा खोला, लोगों की भीड़ वहां टूट पड़ी।

महिला ने कहा कि उसके परिवार के 20 सदस्य वहां मौजूद थे, जिसमें से 6 घायल हो गए। महिला ने कहा कि वहां बड़ी संख्या में पुरुष श्रद्धालु भी थे, जो टिकट के लिए दौड़ पड़े थे। इस कारण भी कई महिला श्रद्धालुओं को चोटें आईं, जिनका इलाज किया जा रहा है।

श्रद्धालु ने बताया कि काफी भीड़ होने के कारण भगदड़ मची। जैसे ही पुलिसकर्मियों ने दरवाजा खोला, लोग टिकट खरीदने के लिए टूट पड़े। टोकन पहले खरीद लेने की कोई व्यवस्था ही नहीं थी। मेरे परिवार के 20 लोगों में 6 घायल हैं। हम 11 बजे लाइन में खड़े हुए थे। कतार में इंतजार करने के दौरान हमें दूध और बिस्किट दिया गया। पुरुषों की भीड़ टोकन खरीदने के लिए दौड़ पड़ी, इसमें कई महिलाएं घायल हो गईं। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

हादसे में मृतक महिला मल्लिका के पति ने भी घटना का खौफनाक मंजर बयां किया। उसने बताया कि जब उसकी पत्नी और दूसरे लोग वैकुंठ द्वार दर्शन टिकट खरीदने की कोशिश कर रहे थे, तभी भगदड़ मच गई।

## श्रीलंकाई नौसेना ने तमिलनाडु के दस मछुआरों को गिरफ्तार किया, नाव जब्त

एजेंसी



**चेन्नई।** तमिलनाडु के कराईकल से दस भारतीय मछुआरों को गुरुवार तड़के श्रीलंकाई नौसेना ने गिरफ्तार कर लिया। नौसेना ने मछुआरों की नाव भी जब्त कर ली है। मछुआरों को आगे की पूछताछ और जांच के लिए श्रीलंकाई नौसेना के कांकेसंथुराई शिविर में ले जाया गया है। 16 जून 2024 से अब तक श्रीलंकाई नौसेना ने कथित तौर पर तमिलनाडु के 425 मछुआरों को गिरफ्तार किया है और 58 महंगी मशीनीकृत नौकाओं को जब्त किया है। इनमें से अनेक मछुआरे अभी भी श्रीलंका की जेलों में बंद हैं। इन्हें रिहा कराने की मांग को लेकर व्यापक विरोध प्रदर्शन भी किए जा रहे हैं, तथा सरकार से हस्तक्षेप की मांग की जा रही है। हाल ही में श्रीलंका की यात्रा के दौरान, केंद्रीय विदेश मंत्री ने श्रीलंका सरकार के समक्ष यह मुद्दा उठाया था। कहा था कि वह मछुआरों की गिरफ्तारियां तथा नाव जब्त करने की कार्रवाई को रोकें। हालांकि, इन चर्चाओं के बावजूद, गिरफ्तारियां जारी रहीं, जिससे मछुआरा समुदाय में भय बढ़ता गया।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने केंद्रीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर को लिखे पत्र में श्रीलंकाई नौसेना द्वारा हिरासत में लिए गए सभी भारतीय मछुआरों और उनकी मशीनीकृत नौकाओं की रिहाई के लिए तत्काल राजनयिक प्रयास करने का आग्रह किया।

24 दिसंबर को लिखे अपने पत्र में मुख्यमंत्री स्टालिन ने श्रीलंकाई नौसेना द्वारा गिरफ्तार किए गए 17 मछुआरों की रिहाई के लिए हस्तक्षेप की मांग की थी। मुख्यमंत्री स्टालिन ने कहा कि लगातार गिरफ्तारियां और हमले तमिलनाडु के मछुआरों के जीवन को अनिश्चित और खतरनाक बना रहे हैं जो पूरी तरह से पारंपरिक जल में मछली पकड़ने पर निर्भर हैं।

## पश्चिम बंगाल के रहने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार, लूटे गए मोबाइल और अवैध हथियार बरामद

एजेंसी

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट में थाना बिसरख पुलिस और तीन शातिर लुटेरे बदमाशों के बीच बीती रात चेकिंग के दौरान मुठभेड़ हुई। जिनमें दो बदमाशों को गोली लगने के बाद और एक बदमाश को कांबिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया। यह तीनों बदमाश पश्चिम बंगाल के रहने वाले हैं और लूट और चोरी के मामलों में पहले भी जेल जा चुके हैं। इनके पास से लूट के 9 मोबाइल, अवैध हथियार और चोरी की बाइक बरामद हुई है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 8 जनवरी की देर रात थाना बिसरख पुलिस चौकी गौर सिटी-1 के सामने चार मूर्ति के पास बैरियर लगाकर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल, जिस पर तीन व्यक्ति सवार थे, सामने से आते दिखाई दिए। पुलिस टीम ने उनको रुकने का इशारा किया। लेकिन वह नहीं रुके और तेज गति से मोटरसाइकिल को कैप्सूल गोल चक्कर की तरफ जाने वाली सर्विस रोड पर भागने लगे।

पुलिस टीम ने उनका पीछा शुरू किया और अन्य पोस्ट पर तैनात पुलिस कर्मियों को इसकी जानकारी दी। इसके बाद सामने से भी पुलिस टीम को आता देखकर मोटरसाइकिल सवार व्यक्तियों की मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर निर्माणाधीन बिल्डिंग के पास फिसलकर गिर गई और उन्होंने अवैध असलहे से पुलिस टीम पर फायर कर दिया। पुलिस टीम द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में दो बदमाश गोली लगने से घायल हो गए, जिनकी पहचान मेहमीदुल हक (28), निवासी जिला कूच बिहार पश्चिम बंगाल और मोक्सेदुल हुसैन (22), निवासी जिला कूच बिहार पश्चिम बंगाल के रूप में हुई है।

तीसरे बदमाश अजीदुल उर्फ गुड्डू (19), निवासी कूच बिहार पश्चिम बंगाल को कांबिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया।

# सांसद प्रियंका चतुर्वेदी के समर्थन में उतरे एलन मस्क, कहा- बात तो सही है

एजेंसी



**नई दिल्ली।** पाकिस्तानी ग्रूमिंग गैंग ने ब्रिटेन की सियासत में हलचल पैदा कर दी है। भारत में भी इस मुद्दे पर बात हो रही है।

गौरतलब है कि जब शिवसेना (उद्धव गुट) की नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने पाकिस्तानी ग्रूमिंग गैंग को लेकर एक पोस्ट किया तो टेस्ला के मालिक एलन मस्क ने इसपर प्रतिक्रिया दी। दरअसल, पाकिस्तान के इस गैंग को ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर समेत कुछ लोग एशियन ग्रूमिंग गैंग भी बता रहे हैं। इस बात पर प्रियंका चतुर्वेदी ने आपत्ति जाहिर की। उनकी आपत्ति पर एलन मस्क ने भी सहमति जताई।

प्रियंका गांधी ने एक्स पर लिखा, ब्रिटेन में ये एशियन ग्रूमिंग गैंग नहीं है, बल्कि पाकिस्तानी ग्रूमिंग गैंग हैं. एशियाई लोगों को एक बहुत ही दुष्ट राष्ट्र के लिए क्यों दोषी ठहराया जाना चाहिए?' शिवसेना बीटी सांसद की इस बात पर एलन मस्क ने सहमति जताते हुए कहा, हां प्रियंका चतुर्वेदी की बात सही है।

प्रियंका चतुर्वेदी ने ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर की उस टिप्पणी पर प्रतिक्रिया दी, जिसमें उन्होंमे पाकिस्तान गैंग को एशियाई गैंग बताया था।

ब्रिटेन में पाकिस्तानी पुरुष गैंग श्वेत लड़कियों का शिकार करता है। इनका काम ब्रिटिश मूल की नाबालिग लड़कियों को फंसाना और उनके साथ दुष्कर्म करना और उन्हें नशे की लत लगाना होता है। दावा किया गया है पाकिस्तानी मूल के युवा पहले छोटी बच्चियों के साथ दोस्ती शुरू करते हैं। दोस्ती करने के बाद उनका भरोसा जीतकर उनका यौन शोषण करते हैं।

# टैक्स चोरी का लगा आरोप

## अमेरिका में कम वेतन पर नौकरी देने वाले भारतवंशी डॉक्टर का लाइसेंस रद्द

एजेंसी



**वॉशिंगटन।** अमेरिका में एक भारतवंशी चिकित्सक का मेडिकल लाइसेंस स्थायी तौर पर रद कर दिया गया। उन पर दो भारतीय महिलाओं को कम वेतन पर नौकर रखने और दुव्यर्वहार का आरोप लगाया गया था।

न्यू जर्सी के कोलोनिया में रुमेटोलाजी प्रैक्टिस करने वाली डॉ. हर्षा साहनी को गलत टैक्स रिटर्न दाखिल करने के आरोपों में भी दोषी ठहराया गया है। साहनी को सितंबर 2023 से चिकित्सा अभ्यास से अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया था, क्योंकि राज्य ने उनकी आपराधिक याचिका के मद्देनजर उनका लाइसेंस रद करने के लिए एक प्रशासनिक कार्रवाई की थी।

अटॉर्नी जनरल प्लैटकिन ने कहा कि आज लाइसेंस रद करने की घोषणा के बाद मामले का पटाक्षेप हो गया है। एक चिकित्सक ने देखभाल और करुणा को बनाए रखने की शपथ ली थी, जबकि उसने अपने वित्तीय लाभ के लिए कमजोर पीड़ितों का शोषण किया।

चिकित्सा पेशे में इस तरह के आपराधिक आचरण और मानवता के प्रति घोर उपेक्षा के लिए कोई जगह नहीं है। उपभोक्ता मामलों के प्रभाग के निदेशक कैरी फैस ने कहा, डॉ. साहनी ने जिन महिलाओं को अवैध रूप से आश्रय दिया था, उनके साथ किए गए व्यवहार ने चिकित्सा पेशे के सबसे बुनियादी नियमों का उल्लंघन किया। अभी कुछ दिन पहले अमेरिका में एक कंपनी के कर्मचारी द्वारा अपने ही बॉस पर चाकू से हमला करने का मामला सामने आया था। एंडरसन एक्सप्रेस इंक के अध्यक्ष पर ऑफिस की मीटिंग के दौरान हमला कर दिया गया था। हमला करने वाले शख्स को गिरफ्तार कर लिया गया।

इस घटना के पीछे का मकसद पता लगाने के लिए आरोपी के सोशल मीडिया हैंडल खंगाले जा रहे हैं।

### बच्चे पैदा करो, 81 हजार रुपये लो... इस देश में 25 साल से कम उम्र की लड़कियों के लिए खास ऑफर

**नई दिल्ली।** रूस के कारेलिया में 25 वर्ष से कम उम्र की छात्राओं को स्वस्थ बच्चे को जन्म देने पर 100,000 रूबल (लगभग 81,000 रुपये) की पेशकश की गई है। द मॉस्को टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, यह नीति देश की गिरती जन्मदर को सुधारने के लिए लागू की गई है। यह योजना 1 जनवरी से प्रभावी है। इसमें केवल वही महिलाएं पात्र होंगी, जो स्थानीय विश्वविद्यालय या कॉलेज में नियमित छात्रा हो, 25 वर्ष से कम उम्र की हो और कारेलिया की निवासी हो। कानून में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि बोनस उन माताओं को नहीं मिलेगा जो मृत बच्चे को जन्म देती हैं। हालांकि, यह स्पष्ट

### अफगानिस्तान नहीं बनेगा भारत के लिए खतरा

**नई दिल्ली।** भारत निकट भविष्य में अफगानिस्तान की विकास परियोजनाओं में फिर से मदद करने पर विचार कर सकता है। दो दिन पहले भारत ने पाकिस्तान की तरफ से अफगानिस्तान पर हुए हमले की कड़ी निंदा की थी। अब विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने तालिबान सरकार के कार्यवाहक विदेश मंत्री आमीर खान मुतक्की से मुलाकात की है। यह मुलाकात दुबई में हुई। अगस्त, 2021 में तालिबान की सत्ता पर काबिज होने के बाद भारतीय विदेश सचिव की वहां के विदेश मंत्री से यह पहली मुलाकात है। मुतक्की ने आश्वस्त किया है कि उनकी सरकार भारत की सुरक्षा चिंताओं को लेकर संवेदनशील हैं। बैठक में द्विपक्षीय मुद्दों पर बात हुई। इस बात के साफ संकेत है कि तालिबान के आने के बाद अफगानिस्तान में जिन भारतीय परियोजनाओं पर काम बंद हो गया था, अब उन पर नए सिरे से काम शुरू हो सकता है।भारत अफगानी नागरिकों को अनाज, दवाओं की नई खेप भी भेज सकता है।

# मण्डलायुक्त ने किया कार्यभार ग्रहण

**शासन की योजनाओं को पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाना, भूमि विवादों का त्वरित एवं स्थायी निराकरण कराना प्राथमिकताओं में शामिल : मण्डलायुक्त**

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** नवागत मण्डलायुक्त विवेक ने बृहस्पतिवार को मण्डल मुख्यालय पहुंचकर अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। मूल रूप से बिहार निवासी विवेक 2009 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। इससे पूर्व वह शासन में सचिव, गृह विभाग के पद पर कार्यरत थे। श्री विवेक पूर्व में जनपद देवरिया, अम्बेडकर नगर, अयोध्या, सुल्तानपुर में जिलाधिकारी के पद पर तथा शासन में विभिन्न पदों पर कार्यरत रहे हैं। नवागत मण्डलायुक्त विवेक ने अपना कार्यभार ग्रहण करने के उपरान्त अपने कार्यालय सभागार में मीडिया प्रतिनिधियों से वार्ता के दौरान कहा कि चूंकि इस मण्डल में गांवों की संख्या अधिक है और यहाँ भूमि से सम्बन्धित विवाद भी अधिक संख्या में हैं, इसलिए भूमि विवादों का त्वरित व स्थायी निराकरण प्राथमिकता के अधार पर कराया जायेगा, तथा छोटे-छोटे विवादों पर विशेष ध्यान देकर मौके पर ही निस्तारित कराया जायेगा, ताकि भविष्य में किसी भी विपरीत परिस्थिति उत्पन्न होने की संभावना को समाप्त किया जा सके। उन्होंने कहा कि आजमगढ़ में यातायात व्यवस्था को सुगम और सुदृढ़ बनाये जाने के सम्बन्ध में दिये गये सुझावों और प्रस्तावों का परीक्षण कर उस पर कार्यवाही की जायेगी। मण्डलायुक्त ने यह भी कहा कि शासन की योजनाओं को पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने पर उनकी खास नजर रहेगी। सभी शासकीय योजनाओं का क्रियान्वयन शासन की मंशा के अनुरूप सुनिश्चित कराया जायेगा। नवागत मण्डलायुक्त विवेक के स्थानीय सर्किट हाउस पहुंचने पर जिलाधिकारी, आजमगढ़ नवनीत सिंह चहल ने बुके भेंट कर उनका स्वागत किया तथा औपचारिक रूप से उन्हें मण्डलायुक्त का पदभार हस्तांरित किया।

इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा, मुख्य विकास अधिकारी परीक्षित खटाना, एसपी ग्रामीण चिराग जैन, अपर आयुक्त-प्रशासन शमशाद हुसैन, अपर जिलाधिकारी- प्रशासन राहुल विश्वकर्मा, सीआरओ विनय गुप्ता, एसपी सिटी शैलेन्द्र लाल, सीओ सिटी गौरव शर्मा, संयुक्त विकास आयुक्त धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, संभागीय खाद्य नियन्त्रक, अपर निदेशक अभियोजन, संभागीय परिवहन अधिकारी सहित अन्य मण्डलीय/ जनपदीय अधिकारियों द्वारा तथा जनपद की सीमा पर उपजिलाधिकारी, सदर सुनील कुमार धनवन्ता व अन्य अधिकारियों द्वारा बुकें भेंट कर नवागत मण्डलायुक्त का स्वागत किया गया।

# राष्ट्र के लिए चिंतित हुए संतगण मानस भास्कर



**नंदेश्वर महादेव मंदिर पर श्री राम कथा चतुर्थ दिवस**

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** वार्ड नंबर 54 नंदगांव कॉलोनी में नंदेश्वर महादेव मंदिर पर श्री राम कथा चतुर्थ दिवस पर वाचक द्वारा श्री राम चन्द्र जी के बाल काण्ड के बारे में बताया गया। वाराणसी से पधारे पंडित मानस भास्कर विद्यासागर जी महाराज एवं महंत पंडित श्रीकांत पांडे के सहयोग में पंडित मुकेश तिवारी, सुमन शास्त्री, संजय तिवारी रहे। आज कथा में भगवान श्री राम के बालकाण्ड चरित्र का वर्णन करते हुए महाराज जी ने बताया कि हमारे देश में जब अत्याचार पाप, भ्रष्टाचार फैलने लगा तब धर्म पर संकट छाने लगा और धर्म आहत हुआ तो अपने देश एवं राष्ट्र को सुरक्षित रखने के लिए संत जन चिंतित हुए। किसी राजनेता को नहीं संत को चिंता हुई। जिस समय संत विश्वामित्र अपने धर्म के लिए यज्ञ कर रहे थे तो ताड़का, सुबाहु,मारीच ने यज्ञ को बिगाड़ना चाहा लेकिन विश्वामित्र जैसे संत ने धर्म रूपी यज्ञ को श्री राम का सहारा लेकर यज्ञ को पूर्ण किया। इसलिए हमारा भारत वर्ष ऋषि प्रधान देश है। संत प्रधान देश भारत जहां धर्म के द्वारा एकता अखंडता और आपस में प्रेम सद्भाव होकर की सब लोग रहते है। आज की कथा में राम और सीता का मिलन प्रेम वाटिका तक कथा को सुनाया। इस कथा में हजारों श्रद्धालु भक्तों ने भाग लिया। यज्ञ समिति के सभी सदस्य सरोज, योगेश, रवि, संजय सभी लोगों ने एवं समस्त पदाधिकारी एवं पुजारी और भक्ति रस गानों ने भाग लिया। श्री राम कथा की पांचवें दिन राम की विवाह का संगीतमय में वर्णन हुआ।

## 4 साल के पोते के संग उमरा करने चले 60 साल के दादा



**प्रयागराज।** बहादुरगंज मोहल्ले के डॉक्टर अशफाक जिनकी उम्र 60 साल है अपने पोते अंजलान 4 वर्ष के साथ मुसलमान का सब से पवित्र स्थल मक्का मदीना की जियारत (उमरा) करने के लिए रवाना हुए। मोहल्ले के तमाम लोगों ने गले मिलकर हाथ मिलाकर मुसाफा किया और मुबारकबाद दी। डॉ अशफाक साहब धार्मिक जानकार हैं और लोगों की मदद करते हैं। तमाम बीमार लोग इनके पास आकर दुआ करते हैं। डॉक्टर अशफाक साहब को कुछ लोग बाबा भी कहते हैं। कुछ लोग हजरत भी कहते हैं। अशफाक साहब से लोगों ने मुल्क में अमन शांति भाईचारा के लिए दुआ करने के लिए भी कहा। रुखसत करने वालों में इरशाद उल्ला, मोहम्मद यासीन, फिरोज भाई, शकील अंसारी, इदरीश कुरैशी, शमशाद अहमद, अशर, आफताब, इखलाक, असलम, सबा नियाज़, अफरीन, मोहम्मद महफूज़ शामिल रहे।

# मसाला उद्योग का किया गया स्थलीय निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** जिला उद्यान अधिकारी डा. सीमा सिंह राणा ने बताया कि अपर मुख्य सचिव द्वारा गठित कमेटी जिसमें सदस्य डॉ0 सर्वेश कुमार संयुक्त निदेशक (उद्यान) लखनऊ, पवन कुमार प्रधानाचार्य राजकीय खाद्य विज्ञान प्रशिक्षण केन्द्र वाराणसी, कन्सल्टेन्ट डा0 आमीन कन्ट्रोलर्स प्रा0लि0 नोयडा समिति शामिल हैं, ने प्रदत्त निर्देश के अनुपालन में मेसर्स एचबीआर एग्रो फूड प्राइवेट लिमिटेड सतहरिया के अनुदान की द्वितीय किश्त अवमुक्त किये जाने से पूर्व मसाला उद्योग का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान कम्पनी मालिक ने बताया कि मसला उद्योग स्थापित करने में कुल लागत 11.00 करोड आयी है जिसके लिए उद्योग नीति 2023 के तहत रजिस्ट्रेशन कराया गया। इसमें 35 प्रतिशत अनुदान की धनराशि अनुमन्य है, के सापेक्ष प्रथम किस्त प्राप्त हो चुका है। रविन्द्रनाथ जी ने बताया कि कम्पनी द्वारा 5 टन प्रतिदिन विभिन्न प्रकार के करीब 39 तरह के मसाले तैयार किये जा रहे है। यूनिट वर्तमान में संचालित एवं सभी मशीने क्रियाशील पायी गयी। जून 2024 से यह मशाला उद्योग संचालित है। मशाला उत्पादन किया जा रहा है। वर्तमान में कम्पनी में 27 कार्मिक कार्य करते हैं। इस दौरान कम्पनी के ओनर रविन्द्रनाथ सिंह, जनरल मैनेजर उपेन्द्र सिंह, सन्तोष दुबे आदि उपस्थित रहे।

## धर्म, संस्कृति एवं अध्यात्म का संगम है कुंभ: महामंडेलश्वर वैष्णो नंद गिरि



**प्रयागराज।** श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़ा की श्रीश्री 1008 महामंडलेश्वर वैष्णो नंद गिरि ने कहा कि कुंभ स्नान मोक्ष प्राप्ति का साधन है। प्राचीन काल से ही ऋषि मुनियों ने मानव शरीर को अतिदुर्लभ बताया है। मानव शरीर पाकर मोक्ष प्राप्ति के साधन का उपाय परम धर्म है। सदग्रंथ, संत एवं पूर्वजों के बताए मार्ग पर चलने से जीवन उन्नति की ओर आगे बढ़ता है। गुरुवार को मौजगिरि आश्रम में महामंडलेश्वर श्रीश्री 1008 वैष्णो नंद गिरि ने बताया कि प्रयागराज में त्रिवेणी संगम पर 13 जनवरी से 26 फरवरी तक महाकुंभ का आयोजन किया गया है। 144 वर्ष बाद यह पूर्ण महाकुंभ है। प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन एवं नासिक में कुंभ का आयोजन होता है। कुंभ स्नान सनातन धर्म का एक महत्वपूर्ण धार्मिक व आध्यात्मिक आयोजन है। यह आयोजन धर्म की एकता और सांस्कृतिक विरासत का वृहद आयोजन है। मान्यता है कि कुंभ मेले में स्नान करने से सभी पापों का नाश हो जाता है और मोक्ष की प्राप्ति होती है।

## कुम्भ में मुक्त विश्वविद्यालय के जागरूकता शिविर का भूमि पूजन आज

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के महाकुंभ मेला क्षेत्र में अनंत माधव मार्ग सेक्टर 7 महाकुंभनगर स्थित दूरस्थ शिक्षा जागरूकता शिविर का भूमि पूजन 10 जनवरी को दोपहर 12:00 बजे कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम करेंगे। यह जानकारी देते हुए दूरस्थ शिक्षा जागरूकता शिविर के नोडल अधिकारी डॉ अनिल कुमार सिंह भदौरिया ने बताया कि शिविर के माध्यम से महाकुंभ क्षेत्र में दूरस्थ शिक्षा का प्रचार प्रसार किया जाएगा।

# भाजपा ने बुनकरों को अब तक छला: डॉ. महबूब

अवधनामा संवाददाता



**मुबारकपुर,आजमगढ़।** प्रदेश में फिर सुशासन आएगा। ला एण्ड आर्डर की देवी बहन मायावती की सरकार बहुजन समाज पार्टी की फिर एक बार बनेगी और वह मुख्यमंत्री बनेंगे। कानून ब्यवस्था का राज बहन मायावती की सरकार में सबसे बेहतर रहा। उनके मुख्य मन्त्रित्व काल में एक भी दंगा नहीं हुआ। वह सुशासन के लिए जानी जाती हैं।

उक्त बातें बृहस्पतिवार को बसपा नेता नेत्र सर्जन डाक्टर महबूब आजमम अन्सारी ने कहा वह अपने निजी आवास पर मुबारकपुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे। वह विगत दिवस लखनऊ में बहन मायावती बसपा सुप्रीमो से मिलने के बाद लौट कर आए। बहन मायावती के साथ अपनी भेंट व वार्ता पश्चात प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने ने मुबारकपुर की जनता को कहा कि बुनकरों को अब तक छला गया है। मुबारकपुर में सरकार ने जो धन खर्च कर बस स्टेशन बनाया वह सरकार नहीं बल्कि जनता का धन खर्च कर केवल दिखावा है।

इसी तरह विपणन केन्द्र बना बुनकर हाट लगना था जो नहीं हुआ। बुनकर बाहुल्य कस्बा एक बार फिर से ला एण्ड आर्डर की देवी कही जाने वाली बहन मायावती पर भरोसा करें। बुनकरों को बिजली रेट बढ़ा दिया गया। यही नहीं बकाया बिजली बिल जमा नहीं किया गया तो उस पर ब्याज लगा दिया जाता है जो सही नहीं है।पिछला विधानसभा का चुनाव बसपा खराब प्रदर्शन का जवाब देते हुए कहा कि अल्पसंख्यक सत्ता परिवर्तन करने के वोट दिया।सत्ता परिवर्तन नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि वह खानदानी बसपाई है। मुझे बहन मायावती ने आशीर्वाद दिया है। मैं संगठन को मजबूत करने के लिए काम करूंगा। बहन मायावती जी के आशीर्वाद से मेरे अन्दर नयी उर्जा का संचार हूआ है। नेत्र सर्जन के रूप में सदैव मैंने समाज सेवा करता रहा। सरकारी सेवा छोड़ कर मैं आया हूं। यह जानकर बहन मायावती काफी खुश हुई और अपना फोटो साझा किया जबकि वह किसी के साथ फोटो शेयर नहीं करती। आगामी विधानसभा चुनाव 2027 में बसपा सुप्रीमो मायावती का सुशासन और ला एण्ड आर्डर बेहतर बनाने के लिए बसपा से जुड़ना होगा तभी प्रदेश के सर्व समाज का भला होगा। और प्रदेश विकास की गति पकड़ेगा।

## आजमगढ़ गैंगस्टर कोर्ट में पेश हुए सपा विधायक रमाकांत

**आजमगढ़।** राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो उ0प्र0, लखनऊ ने अभियुक्त रमाकान्त यादव विधायक सपा व इसके 15 सदस्यों को हत्या व अपमिश्रित देशी शराब बनाकर लाइसेन्सी देशी शराब की दुकान पर बेचने आदि जैसे जघन्य अपराध में (आई0 एस0-133,2025 अन्तर्राज्यीय गैंग) के रूप में सूचीबद्ध किया गया। बुधवार को राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो उ0प्र0 लखनऊ द्वारा अभियुक्त रमाकान्त यादव पुत्र श्रीपति यादव निवासी चकगंज अलीशाह सरावां थाना दीदारगंज उम्र करीब 60 वर्ष द्वारा अपने गैंग के सदस्यों के साथ मिलकर आपराधिक गतिविधियों से अधिक धन कमाने के उद्देश्य से जनपद आजमगढ़, जौनपुर व लखनऊ में हत्या व अपमिश्रित देशी शराब बनाकर लाइसेन्सी देशी शराब की दुकान पर बेचने आदि जैसे जघन्य अपराध कारित करता है।

## संक्षिप्त समाचार

### अमरावती ग्रुप ने वितरित किया कंबल



**जौनपुर।** पंडित स्व. निधि नारायण पांडेय की स्मृति में अमरावती ग्रुप द्वारा कंबल वितरण किया गया। इस मौके पर सैकड़ों जरूरतमंदों को गर्म वस्त्र दिया गया। अमरावती ग्रुप के रजनीकांत मिश्र ने कहा देश को खुशहाल और गरीबों के चेहरे पर मुस्कान तभी आ सकती है जब समाज के सभी सक्षम लोग जमीन पर उतर उनकी हर संभव मदद करें। रवि प्रकाश पांडेय ने से कहा कि सबसे सार्थक दान वहीं है जों पानें वाले चेहरों पर खुशी ला सकें।असहायों और निर्धनों की सेवा करने से भगवान प्रसन्न होते है इसलिए इस तरह का आयोजन करके हम लोगों को अपार सुख की अनुभूति होती है। विशिष्ट अतिथि के रूप में कुंवर वीरेन्द्र प्रताप सिंह, चेयरमैन मनोरमा मौर्या ने भी अपने विचार व्यक्त किये। पूर्व प्रधान हरदीपुर मुन्ना पांडेय ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### नाबालिग लड़की से छेड़खानी, युवक गिरफ्तार

**जौनपुर (जफराबाद)।** क्षेत्र के समोपुर खुर्द गांव में बुधवार की रात को एक नाबालिग लड़की से छेड़खानी करने वाले युवक गिरफ्तार कर लिया गया।उसको चालान भेज दिया गया। आजमगढ़ के बरदह क्षेत्र के दशमणा गांव निवासी करन राजभर पुत्र कलपु राजभर 19 वर्ष के गांव की लड़की का ऊक्त गांव में ननिहाल है।लड़की अपने नाना के घर आयी थी।करन राजभर भी आ धमका।रात को वह किशोरी के नाना के घर मे जाकर छेड़खानी करने लगा।किशोरी शोर मचाने लगी।उसी समय लोग पहुँच गए।उनके सूचना पर थानाप्रभारी जयप्रकाश यादव मय फोर्स मौके पर पहुंच गए।उन्होंने आरोपी करन को गिरफ्तार कर लिया।पीड़िता की तहरीर पर आरोपी के ऊपर मुकदमा दर्ज किया गया है।

### नहर में बहता मिला गुमशुदा युवती का शव

**जौनपुर।** सरपतहां थाना क्षेत्र के बासूपुर गांव से गुमशुदा युवती का शव घर से लगभग 2 कि.मी. दूर नहर में मिला। युवती का शव मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतका के पिता श्रीराम पुत्र रामसरन ने बताया कि उसकी पुत्री आरती (20) मानसिक रूप से विक्षिप्त थी जिसका उपचार बनारस के एक अस्पताल से चल रहा था। बीते मंगलवार को आरती घर वालों से बिना कुछ बताये गायब हो गयी थी।परिवार वाले गांव के आस-पास और रिश्तेदारों के यहां खोजबीन में लगे थे। गुरुवार की सुबह थाना क्षेत्र के समसुद्दीनपुर गांव के पास नहर में एक युवती का शव मिलने की सूचना मिली। मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव की शिनाख्त आरती के रूप में की। नहर में शव मिलने की सूचना पाते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतका के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुये शव को अन्त्य परीक्षण हेतु भेज दिया। इस बाबत पूछे जाने पर थानाध्यक्ष मनोज सिंह ने बताया कि मृतका के पिता के अनुसार युवती विक्षिप्त थी जिसकी दवा चल रही थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### खेल विद्यार्थियों के लिए चतुर्मुखी विकास में सहायक



**आजमगढ़।** डॉ पी पी यादव सठियाव आजमगढ़ आरके नर्सिंग पैरामेडिकल कॉलेज सूरज साथिया आजमगढ़ के विद्यार्थियों का आर ग्रुप इंस्टीट्यूशन के तत्वाधान में खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का प्रारंभ आर ग्रुप के संस्थापक डॉ प्रेम प्रकाश यादव ने फीता काटकर किया इस अवसर पर डॉक्टर प्रेम प्रकाश यादव ने खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के चरणों की विकास में खेल का अहम योगदान होता है खेल के माध्यम से विद्यार्थियों का शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। इस अवसर पर खिलाड़ियों द्वारा परेड भी किया गया जिसकी सलामी संस्थापक डॉक्टर प्रेम प्रकाश यादव द्वारा लिया गया। इस प्रतियोगिता में आरके नर्सिंग पैरामेडिकल कॉलेज की प्रधानाचार्य परवीन खान प्रवक्ता प्रिंस पटेल आरती गुप्ता दुर्ग सिंह पूजा यादव सूर्य प्रकाश यादव आंसर विश्वकर्मा आदर्श विश्वकर्मा अमित यादव दीपक यादव वंशिका तथा आर के पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर राजकुमार गुप्ता एवं संस्था के निदेशक डॉक्टर विशाल यादव भी उपस्थित रहे या प्रतियोगिता आज से प्रारंभ होकर 13 जनवरी तक चलेगी।

### एचएमपी वायरस से घबराने की जरूरत नहीं, सावधानी बरतें- डॉ. डी.डी. सिंह'

**आजमगढ।** चीन में शुरू हुआ एचएमपी वायरस का कहर अब भारत तक पहुंच चुका है। कर्नाटक में दो मामलों की पुष्टि हो चुकी है। वहीं महाराष्ट्र सरकार ने एडवाइजरी जारी कर दी है। केरल, उत्तर प्रदेश एवम अन्य राज्यों में भी निगाह रखी जा रही है। ह्यूमन मेटा न्यूमो वायरस (एचएमपीवी) फेफड़ों को प्रभावित कर रहा है। इसके चलते फ्लू जैसा संक्रमण होता है। यह वायरस ठंड के मौसम में ज्यादा नुकसान पहुंचा सकता है। प्रभावित व्यक्ति के सीधे संपर्क में आने से इस वायरस का खतरा हो सकता है। जहां तक इसके लक्षणों का सवाल है तो इसमें खांसी, बुखार, गले में खराश, नाक का बहना या नाक का जाम हो जाना आदि है। कुछ केस में सांस लेने में तकलीफ भी हो सकती है।

## हेलमेट-सीटबेल्ट न लगाने वालों को दिए गुलाब के फूल



**सोनभद्र।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा जागरूकता माह के तहत नौवें दिन परिवहन विभाग की ओर से सड़क पर ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों को जागरूक किया। हेलमेट नहीं पहने वाले बाइक सवार, सीट बेल्ट नहीं लगाने वाले कार सवारों को गुलाब का फूल देकर और माला पहना कर उन्हें नियम तोड़ने का अहसास दिलाया गया। इस दौरान अधिकारियों ने कहा कि हेलमेट व सीटबेल्ट लगाने से हादसे कम होंगे। जिला मुख्यालय स्थित स्वर्ण जयंती चौक पर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन धनवीर यादव व यातायात प्रभारी निरीक्षक अविनाश सिंह के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा को लेकर रोज एट रोड कार्यक्रम चलाया गया। वाहन चालकों से अनुरोध किया गया कि खुद भी यातायात नियमों का पालन करें और अपने जान-पहचान के लोगों को भी जागरूक करें। कहा गया कि जरूरी नहीं है कि सड़क दुर्घटना आपकी गलती से ही हो। बताया गया कि आगे चलने वाली गाड़ियों से उचित दूरी बनाकर चलें। एआरटीओ ने बताया कि वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है। उल्लंघन करने पर चालान के साथ-साथ ड्राइविंग लाइसेंस भी तीन माह के लिए निलंबित किया जाता है। नो हेलमेट नो फ्यूल के आदेश के क्रम में समस्त पेट्रोल पम्प मालिकों को निर्देश दिया गया है कि नियम विरुद्ध किसी को पेट्रोल न दिया जाए। एआरटीओ ने बताया कि परिवहन आयुक्त ब्रजेश नारायण सिंह के निर्देश के क्रम में एक जनवरी से 31 जनवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। जिस क्रम में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान यातायात प्रभारी निरीक्षक अविनाश सिंह, एसआई कृष्णा कुमार शुक्ला, परिवहन विभाग सिपाही आशुतोष प्रताप सिंह सिंह, हेमंत गौतम आदि रहे।

# तकनीक बनी हथियार, 2,750 एआई सीसीटीवी संदिग्ध गतिविधियों पर रख रहे नजर

- महाकुम्भ की सुरक्षा को बनाए गए 123 वॉच टावर, तैनात हुए स्नाइपर
- 51 हजार पुलिस कर्मियों में डाला महाकुम्भ में डेरा, चप्पे-चप्पे पर नजर

### मुख्य धार्मिक स्थलों पर कड़ी की सुरक्षा

**प्रयागराज।** अखाड़ा क्षेत्र, बड़े हनुमान मंदिर, परेड मैदान, वीआईपी घाट, अरैल, झूसी, और सलोरी जैसे संवेदनशील स्थानों पर विशेष वॉच टावर बनाए गए हैं। यहां तैनात जवान आधुनिक हथियारों और उपकरणों से लैस हैं।

अवधनामा संवाददाता

**महाकुंभ नगर।** दिव्य और भव्य महाकुम्भ को पूरी तरह सुरक्षित बनाने के लिए प्रबंधन ने कड़े सुरक्षा इंतजाम किए हैं। इस बार एआई तकनीक को पुलिस ने अपना हथियार बनाया है। 2700 से ज्यादा एआई सीसीटीवी महाकुम्भ नगर में लगाए गए हैं। वह सीधे संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखेंगे और उसकी रिपोर्ट कंट्रोल रूम को देंगे। मेले के दौरान 37,000 पुलिसकर्मी और 14,000 होमगार्ड तैनात किए गए हैं। इसके साथ ही एनएसजी, एटीएस, एसटीएफ और अन्य सुरक्षा एजेंसियां भी चौकसी बरत रही हैं। सीसीटीवी और खुफिया एजेंसियों की निगरानी में हर कोना सुरक्षित है। यहां तक कि मेले में परिंदा भी पर नहीं मार पाएगा।

पूरे मेला क्षेत्र में अब तक 123 वॉच टावर बनाए गए हैं, जहां स्नाइपर, एनएसजी, एटीएस और सिविल पुलिस के जवान तैनात हैं। वॉच टावरों को इस तरह डिज़ाइन किया गया है कि इनसे दूरबीन की मदद से पूरे क्षेत्र की निगरानी की जा सके। हर वॉच टावर पर अत्याधुनिक हथियारों और उपकरणों से लैस सुरक्षाकर्मी मौजूद हैं। सभी वॉच टावरों को ऊंचाई और रणनीतिक स्थानों पर स्थापित किया गया है ताकि सुरक्षा में कोई चूक न हो। पुलिस के साथ जल पुलिस और फायर ब्रिगेड भी पूरी तरह मुस्तैद हैं। महाकुंभ मेले के डीआईजी वैभव कृष्ण ने बताया कि महाकुंभ में देश-विदेश से करीब 45 करोड़ श्रद्धालु, स्नानार्थी, कल्पवासी और पर्यटक आने की संभावना है। ऐसे में उनकी सुरक्षा के लिए चप्पे-चप्पे पर सख्त निगरानी रखी जा रही है। मेले के सभी जोन और सेक्टर में अलग-अलग स्थानों पर वॉच टावर बनाए गए हैं। प्रवेश के सात मुख्य मार्गों पर भी सुरक्षा के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं।

# महाकुंभ में बकरूबा महराज की प्रथम पुण्यतिथि पर भंडारा आयोजित



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** महाकुंभ के अवसर पर गुरुवार को शक्तिपीठ मां चामुण्डा देवी धाम के मंहत रहे सतीश चंद्र शुक्ल बकरुआ महराज की प्रथम पुण्यतिथि पर प्रयागराज महाकुंभ स्थित कैम्प में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य बदल शुक्ला ने विधिवत मंत्र उच्चारण के साथ वैदिक रीति रिवाज से प्रारंभ किया। इस मौके पर स्वर्गीय शुक्ला की विचारधाराओं पर चर्चा की गई और उनके सिद्धांतों पर चलने का संकल्प भी लिया गया। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार उमेश पाण्डेय ने बकरूवा महराज के जीवन को समाज एवं गरीबों के लिए अंतिम क्षण तक सेवारत होना बताया और कहा कि उनकी कमी सदैव समाज को खटकती रहेगी जिसकी भरपाई संभव नहीं है। इसके पूर्व वीरेंद्र हॉस्पिटल प्राइवेटअस्पताल में मरीजों को फल भी वितरित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जगद्गुरु स्वामी अच्युत प्रपन्नाचार्य जी महराज रहे और अपने आशीर्वचन से सर्वे भवंतु सुखिनः की कामना की। आचार्य अमर मिश्रा, आचार्य गणेश मिश्रा, आचार्य बादल शुक्ला, मिथलेश मिश्रा, सुंदरम शुक्ला, आदर्श मिश्रा, प्रभाकर तिवारी, अनुपम शुक्ला, पिंटू मिश्रा, लवकुश मिश्रा, आकाश शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# जगत तारन महाविद्यालय में वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** जगत तारन महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन आज किया गया। वाद विवाद का विषय द वीजन का विकसित भारत @ 2047 विल कम ट्रू था। इसमें कुल 10 टीमों के 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया। 10 प्रतिभागी ने पक्ष में मत रखा और 10 प्रतिभागियों ने विपक्ष में मत रखा।

छात्राओं ने समावेशी विकास संपोषित विकास प्रभावपूर्ण शासन व्यवस्था आई की असमानता गरीबी निवारण पर्यावरण का संरक्षण आदि विभिन्न पहलुओं के द्वारा अपने तर्कों को प्रस्तुत किया। छात्राओं ने युवा, किसान, महिलाएं और गरीब वर्ग की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। पक्ष में तर्क रखने वाले प्रतिभागियों में प्रथम स्थान बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्रा आकांक्षा यादव ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्रा अर्चिता पांडे को प्राप्त हुआ।

विपक्ष में मत रखने वालों में प्रथम स्थान बीए प्रथम वर्ष की छात्रा शुभी तिवारी को प्राप्त हुआ। द्वितीय स्थान पर बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्रा वैष्णवी सिंह रही। कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका प्रोफेसर अर्चना पॉल एवं डॉ अर्पिता घोष ने अदा की। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर रीना यादव ने किया धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर शिखा दीक्षित ने किया। कार्यक्रम में अर्थशास्त्र विभाग के शोध छात्र आशीष सिंह, राहुल विश्वकर्मा, कुमारी अंजली मिश्रा एवं भूगोल विभाग के शोध छात्राएं प्रियंका, संध्या, रंजना एवं गरिमा उपस्थित थी।

# न्याय की मांग को लेकर चक्का जाम करने वालों पर पुलिस की टेढ़ी नजर

- 14 नामजद और 60-70 अज्ञात लोगों पर मुकदमा पंजीकृत

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** जनपद के पवई थाना क्षेत्र के गालिबपुर गांव के लोगों ने बुधवार को पवई-कलान मार्ग पर शव रखकर चक्का जाम कर दिया था। परिजनों की मांग पर पुलिस ने चार नामजद लोगों के खिलाफमुकदमा तो दर्ज किया ही साथ में सड़क पर शव रखकर प्रदर्शन कर रहे लोगों के खिलाफमुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने इस मामले में 14 नामजद और 60-70 अज्ञात लोगों पर मुकदमा पंजीकृत किया है। पवई थाना क्षेत्र के गालिबपुर गांव निवासी लालू (38) पुत्र ससेनु का उनके पट्टीदारों से भूमि को लेकर विवाद चल रहा था। लालू की पत्नी ने बताया कि दो दिन पूर्व पट्टीदारों से विवाद हुआ था। आरोप है कि विवाद के दौरान पट्टीदार ने लालू को जान से मारने की धमकी भी दी थी। इस बात को लेकर पट्टीदारों ने फिर सोमवार की रात करीब 11 बजे लालू के साथ मारपीट की। ग्रामीणों के हस्तक्षेप से मामला शांत हो गया लेकिन बाद में घर के पास सड़क पर लालू का शव मिला। ग्रामीणों ने इसकी सूचना लालू की पत्नी को दी। सूचना मिलते ही लालू की पत्नी अपने चार बेटियों के साथ घर पहुंच गई। इसकी सूचना पुलिस को दी थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराया तो पोस्टमार्टम रिपोर्ट में ठंड से मौत होने की पुष्टि हुई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट को लालू की पत्नी फर्जी बता रही है। पत्नी ने आरोप लगाया कि पोस्टमार्टम कर रहे चिकित्सक ने उसे पांच लाख रुपये देने की बात कही। पत्नी ने कहा कि जिस जमीन का विवाद चल रहा वह जमीन उनके बच्चों के नाम से किया जाए और दोषियों के खिलाफकार्रवाई कर मुझे न्याय दिया जाए। थानाध्यक्ष फूलपुर, सरायमीर, पवई व एसडीएम फूलपुर सुरेंद्र नरायण त्रिपाठी मौके पर पहुंचे और परिवार को समझाया और परिजनों के कहने पर चार लोगों के खिलाफमुकदमा पंजीकृत कर परिजनों को कॉपी सौंप दी गई है। इसके बाद फिर पोस्टमार्टम के लिए शव को भेजा गया। प्रशासन की इस कार्रवाई से संतुष्ट होकर परिजनों ने दो घंटे बाद जाम को समाप्त कर दिया। वहीं, इस मामले में पुलिस ने सड़क पर जाम लगाने को लेकर शनिदेव, सुरेंद्र, मुंशीलाल, रामदवर, रोहित, श्रीपति, गीता, शुभम, अभिषेक तिवारी, दीपक, विनोद, रोहित, रंजना, ममता व 60-70 अज्ञात लोगों पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। चिराग जैन, एसपी ग्रामीण ने बताया कि पुलिस व प्रशासन के विरुद्ध नारे लगाते हुए राज्य मार्ग अवरुद्ध किया गया। आम लोगों में दहशत फैलाया गया। इससे मौके पर काफी अफरा-तफरी का माहौल बन गया था। इसे लेकर 14 नामजद व 60-70 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

# एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस ने लॉन्च किया सस्टेनेबल वेल्थ 50 इंडेक्स फंड

**विकास**

**बीमा उद्योग में पहला स्वामित्व वाला इंडेक्स फंड होने के नाते एक्सिस मैक्स लाइफ सस्टेनेबल वेल्थ 50 इंडेक्स फंड एक क्वांटिटेटिव, फैक्टर-बेस्ड इंडेक्स तक विशेष पहुंच देता है**

**नई दिल्ली।** पहले मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के नाम से प्रसिद्ध एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड (एक्सिस मैक्स लाइफ/ कंपनी) ने एक्सिस मैक्स लाइफ सस्टेनेबल वेल्थ 50 इंडेक्स फंड लॉन्च किया है। यह पहला ऐसा फंड है, जो उन कंपनियों में निवेश करेगा, जो एक्सिस मैक्स लाइफ द्वारा विकसित प्रोप्रायटरी सस्टेनेबल यील्ड इंडेक्स के आधार पर लगातार कैश फ्लो प्रदान करती हैं। इस कस्टमाइज्ड इंडेक्स की गणना एवं इसे मेंटेन एनएसई इंडिसेज़ लिमिटेड करेगा।

एक्सिस मैक्स लाइफ के ईवीपी और चीफ इन्वेस्टमेंट ऑफिसर, सचिन बजाज ने कहा, एक्सिस मैक्स लाइफ सस्टेनेबल वेल्थ 50 इंडेक्स फंड के लॉन्च से हमारी प्रतिबद्धता और भी मजबूत होती है कि हम ऐसे निवेश विकल्प देंगे जो बदलते बाजार के हालात और निवेशकों की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए मूल्य आधारित हों। यह फंड एक अनोखे फैक्टर-आधारित इंडेक्स की ताकत का इस्तेमाल करता है जो हमारी आंतरिक पद्धति के आधार पर मजबूत नकदी प्रवाह वाली कंपनियों की पहचान करता है। हमें विश्वास है कि यह फंड हमारे पोर्टफोलियो में एक बेशकीमती जोड़ होगा और भारत की प्रमुख जीवन बीमा कंपनियों में हमारी स्थिति को मजबूत करेगा। एनएसई इंडेक्स लिमिटेड के सीईओ मुकेश अग्रवाल ने कहा, हमने एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस के साथ मिलकर इस कस्टमाइज्ड इंडेक्स को तैयार किया है, जो एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस की पद्धति पर आधारित है। इस कस्टमाइज्ड इंडेक्स की गणना और इसे मेंटेन एनएसई इंडिसेज़ लिमिटेड द्वारा किया जाएगा।

फंड का उद्देश्य- एक्सिस मैक्स लाइफ सस्टेनेबल वेल्थ 50 इंडेक्स फंड एक प्रोप्रायटरी इक्वल वेटेड फैक्टर-बेस्ड क्वांटिटेटिव इंडेक्स के आधार पर सर्वोच्च परफॉर्मेंस देने वाले 50 स्टॉक्स में निवेश करता है। इसे निफ्टी 500 यूनिवर्स से सबसे अच्छा परफॉर्म करने वाले स्टॉक्स की पहचान करने के लिए डिजाइन किया गया है, जिसमें गैर-आर्थिक कंपनियों के लिए फ्री कैश फ्लो यील्ड (एफसीएफ यील्ड) और वित्तीय कंपनियों के लिए डिविडेंड यील्ड का इस्तेमाल किया जाता है। इक्विटी- 80-100 प्रतिशत कैश और मनी मार्केट इंस्ट्रूमेंट्स: 0-20 प्रतिशत।

बीमा उद्योग में पहला स्वामित्व वाला इंडेक्स फंड होने के नाते एक्सिस मैक्स लाइफ सस्टेनेबल वेल्थ 50 इंडेक्स फंड एक क्वांटिटेटिव, फैक्टर-बेस्ड इंडेक्स तक विशेष पहुंच देता है और लंबे समय तक चलने वाले और मूल्य-आधारित निवेशों की मांग को पूरा करता है। यह मजबूत नकदी प्रवाह और लगातार विकास करने की क्षमता रखने वाली कंपनियों पर ध्यान केंद्रित करके स्थिरता और बेहतर प्रदर्शन की तलाश करने वाले ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करता है। यह फंड फिलहाल एक्सिस मैक्स लाइफ के ऑनलाइन यूएलआईपी प्रोडक्ट्स द्वारा उपलब्ध होगा, जिनमें ऑनलाइन सेविंग्स प्लान और फ्लेक्सी वेल्थ एडवांटेज प्लान शामिल हैं। और लॉन्च के बाद इसे अन्य प्रोडक्ट्स में भी बढ़ाया जाएगा।

एक्सिस मैक्स लाइफ ने ऑनलाइन सेविंग्स सेगमेंट में मार्केट लीडर के रूप में अपनी अलग पहचान बनाई है और इसके पैसिव इंडेक्स फंड्स जैसे निफ्टी स्मॉलकैप क्वालिटी इंडेक्स फंड, मिडकैप मोमेंटम इंडेक्स फंड और निफ्टी अल्फा 50 फंड के साथ शानदार सफलता हासिल की है।

## शाओमी इंडिया ने रेडमी 14C 5G को बाज़ार में उतारा और रेडमी नोट 15G सीरीज़ के लिए 1000 करोड़ की शानदार उपलब्धि हासिल



**लखनऊ।** देश के सबसे भरोसेमंद स्मार्टफोन X एआईओटी ब्रांड, शाओमी इंडिया ने आज बजट स्मार्टफोन सेगमेंट में इनोवेशन के मायने को बदलते हुए, रेडमी 14C 5G के ग्लोबल लॉन्च की घोषणा की। रेडमी 14C भारतीय ग्राहकों की लगातार बदल रही जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार है, जिसे अल्ट्राधुनिक फीचर्स और उम्दा परफॉर्मेंस के साथ-साथ बिजली की तरह तेज़ 5G कनेक्टिविटी की सुविधा प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। रेडमी नोट 14 5G सीरीज़ की सफलता रेडमी 14ह्न 5G के लॉन्च को और भी शानदार बनती है, जिसने भारत में सिर्फ़ दो हफ़्तों के भीतर 1000 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त करके बेमिसाल उपलब्धि हासिल की है जो ब्रांड पर ग्राहकों के अटूट भरोसे और प्यार को दर्शाता है।

रेडमी 14C 5G सही मायने में खूबसूरती और इनोवेशन का बेजोड़ संगम है। इसमें 600 nits की अधिकतम ब्राइटनेस के साथ 17.5 सेमी (6.88 इंच) का HD+ डॉट ड्रॉप डिस्प्ले लगाया गया है, जो स्ट्रीमिंग, गेमिंग या ब्राउज़िंग के दौरान जीवंत और तल्लीनता से देखने का अनुभव प्रदान करता है। इस डिवाइस में 4nm आर्किटेक्चर पर बना स्नैपड्रैगन 4 Gen 2 5G प्रोसेसर लगाया गया है, जो बेहतर कार्यक्षमता और प्रदर्शन सुनिश्चित करता है। 12GB RAM (6GB + 6GB एक्सटेंडेड) और 128GB UFS 2.2 स्टोरेज वाले इस डिवाइस में मल्टीटास्किंग, गेमिंग और ऐप नेविगेशन को संभालना बेहद आसान है। इसके अलावा, इसका माइक्रोएसडी कार्ड स्लॉट 1TB तक एक्सपेंडेबल स्टोरेज को सपोर्ट करता है, और इस तरह आपको अपनी ज़रूरतों के लिए भरपूर स्पेस की सुविधा मिलती है।

## कोटक महिंद्रा बैंक ने तीसरी बार वाणिज्यिक वाहन ड्राइवर्स के लिए सेहत का सफर स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया

**मुंबई।** कोटक महिंद्रा बैंक (कोटक) ने अपनी सीएसआर पहल 'सेहत का सफर' का तीसरा संस्करण लॉन्च करने की घोषणा की है। यह पहल वाणिज्यिक वाहन चालकों के स्वास्थ्य और भलाई को बेहतर बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई है। इस वर्ष यह पहल 45 स्थानों तक पहुंचेगी, जो पिछले संस्करण के 30 स्थानों की तुलना में अधिक है। इन मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविरों का लाभ लगभग 4000 ट्रक चालकों को मिलेगा।

ये स्वास्थ्य शिविर देश के बड़े परिवहन केंद्रों जैसे दुलियाजान, दुर्गापुर, पटना, दिल्ली, कोयंबटूर और भोपाल में आयोजित किए जाएंगे। इसका उद्देश्य ड्राइवरों के जीवन को बेहतर बनाना और उनके योगदान को सराहते हुए उनकी सेहत और भलाई का ख्याल रखना है। वाणिज्यिक वाहन चालकों का देश की अर्थव्यवस्था में अहम योगदान होता है, और यह पहल उनके प्रति कोटक की प्रतिबद्धता को मजबूत बनाती है।

इन शिविरों में, न केवल स्वास्थ्य जांच की जाएगी, बल्कि विशेषज्ञ काउंसलर उन्हें दैनिक जीवन में स्वस्थ आदतें अपनाने की जानकारी देंगे। इसके अलावा, ड्राइवर्स को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया जाएगा और उनके लिए कैसे आवेदन करना है, इसका मार्गदर्शन दिया जाएगा। हर शिविर में डॉक्टर्सफॉरयू के प्रशिक्षित डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ मौजूद होंगे, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ड्राइवर्स को बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं मिलें।

कोटक महिंद्रा बैंक के लॉजिस्टिक्स और इंफ्रास्ट्रक्चर के प्रेसिडेंट अमित मोहन ने कहा, ÷वाणिज्यिक वाहन ड्राइवर हमारी अर्थव्यवस्था का अहम हिस्सा हैं। वे घंटों काम करते हैं और अपनी सेहत पर ध्यान देने का समय नहीं निकाल पाते। सेहत का सफर के जरिए हमारा मकसद उनकी सेहत का ख्याल रखना और उन्हें जरूरी देखभाल और सहयोग प्रदान करना है। इस साल हमने इस पहल को 45 स्थानों तक ले जाने का लक्ष्य रखा है। हमें उम्मीद है कि यह और अधिक ड्राइवर्स की मदद करेगा और उन्हें स्वस्थ और सुरक्षित जीवन जीने में मदद करेगा।

सेहत का सफर की शुरुआत 2023 में हुई थी। पिछले दो वर्षों में इस पहल के तहत 60 मेडिकल कैंप लगाए गए, जिनसे अब तक 6,000 ड्राइवर्स की जिंदगी में सकारात्मक बदलाव आया है।

## इमामी ने पुरुषों की ग्रूमिंग को दी बोल्ड और नई पहचान

**कोलकाता।** इमामी लिमिटेड ने पुरूषों के लिए अपने जाने-माने ब्राण्ड 'फेयर एण्ड हैण्डसम' को नई पहचान देते हुए इसे 'स्मार्ट एण्ड हैण्डसम' के रूप में रीब्राण्ड किया है। इसके साथ ही कंपनी ने बॉलीवुड के जाने-माने एक्टर कार्तिक आर्यन को अपना नया ब्राण्ड अम्बेसडर बना लिया है आज के युवा पुरूष अपनी त्वचा की देखभाल एवं ग्रूमिंग को प्राथमिकता देते हैं और स्मार्ट एण्ड हैण्डसम उनकी बदलती ज़रूरतों को पूरा करने के लिए पूरी तरह से तैयार है।'आज के दौर में उपभोक्ता ऐसे नए प्रोडक्ट्स एवं समाधानों को अपना रहे हैं, जिनके साथ वे अपने आप को अच्छी तरह मेंटेन कर सकें, अपने लुक में निखार ला सकें। नए प्रोडक्ट लॉन्च और ब्राण्ड के नए चेहरे कार्तिक आर्यन के साथ हमें विश्वास है कि स्मार्ट एण्ड हैण्डसम के रूप में यह नई पहचान तेज़ी से विकसित होते मेल ग्रूमिंग मार्केट में एक बेहतरीन ग्रूमिंग समाधान के रूप में हमारी स्थिति को और अधिक मजबूत बनाएगी।'' श्री मोहन गोयंका, वाईस चेयरमैन और होलटाईम डायरेक्टर, इमामी लिमिटेड ने कहा।

## एनीमिया के दूसरे प्रकारों से कैसे अलग है एप्लास्टिक एनीमिया

**लखनऊ।** एप्लास्टिक एनीमिया एक दुर्लभ रक्त रोग है। इसमें बोन मैरो असामान्य स्टेम कोशिकाएं बनाता है यह रोग अक्सर पैतृक आधार पर चलता है और आमतौर पर इसका पता बचपन या किशोरवय में लगता है। एनीमिया में शरीर लाल रक्त कोशिकाओं को पर्याप्त मात्रा में नहीं बना पाता, जबकि एप्लास्टिक एनीमिया केवल एनीमिया नहीं है बल्कि इसे पैंसीटोपेनिया कहा जाता है यह एक मेडिकल स्थिति है जिसमें सभी प्रकार की रक्त कोशिकाओं की संख्या में महत्वपूर्ण कमी हो जाती है। इसमें ल्यूकोपेनिया में सफेद रक्त कोशिकाओं की कमी होती है। एनीमिया में लाल रक्त कोशिकाएं कम हो जाती हैं और थ्रॉम्बोसाइटोपेनिया में प्लेटलेट्स की कमी होती है। यह सभी समस्याएं बोनमैरो के पूरी तरह से काम बंद करने के कारण होती हैं।

केजीएमयू लखनऊ यूपी में डीएम क्लिनिकल हीमैटोलॉजी डॉ. एस.पी वर्मा कहते हैं एप्लास्टिक एनीमिया व्यक्ति के जीवन को काफी प्रभावित करता है। इसमें थकान महसूस होती है चक्कर आते हैं और रोजमर्रा के काम सामान्य रूप से करने में व्यक्ति थकावट महसूस करता है। इससे मरीज को गंभीर रक्तस्राव या बार-बार संक्रमण हो सकते हैं जिससे मरीजों को बार-बार अस्पताल में भर्ती होने और खून चढ़ाने की जरूरत पड़ती है। मेदांता हॉस्पिटल, लखनऊ में हीमैटोलॉजी विभाग के निदेशक डॉ. अंशुल गुप्ता कहते हैं एप्लास्टिक एनीमिया के मरीजों की उत्तेरजीविता दर 75-80 प्रतिशत है, लेकिन इस बीमारी का जल्दी से जल्दी इलाज कराना बहुत जरूरी है। कुछ गंभीर मामलों में पूरे बोनमैरो के ट्रांसप्लांट की जरूरत हो सकती है। इससे व्यक्ति के जीवित रहने की संभावना बढ़ सकती है। यह स्थिति व्यक्ति और उनके परिवारों के लिए चिंता का कारण हो सकती है, लेकिन यह एक ऐसी बीमारी है जिसका इलाज संभव है और इलाज का खर्च भी ज्यादा नहीं होता।

## अपोलोमेडिक्स अस्पताल ने दुर्लभ सर्जरी द्वारा 14 वर्ष बाद खोले जुड़े हुए जबड़े, पहली बार युवक ने खाया खाना

**लखनऊ।** अपोलोमेडिक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ में एक दुर्लभ और जटिल सर्जरी द्वारा 14 साल से बंद पड़े जबड़े को खोलकर मरीज को एक नई जिंदगी दी। बचपन की चोट के कारण रोगी का मुंह 5-6 साल की उम्र से ही पूरी तरह बंद था और उसके जबड़े आपस में जुड़ से गए थे जिस कारण रोगी पिछले 14 वर्षों से न ही खाना खा पा रहा था और न ही सही ढंग से कुछ बोल पा रहा था।

यह चुनौतीपूर्ण सर्जरी अस्पताल के प्लास्टिक, कॉस्मेटिक और पुनर्निर्माण सर्जरी विभाग के डायरेक्टर और प्रमुख डॉ. सुमित मल्होत्रा और प्लास्टिक सर्जरी कंसल्टेंट डॉ. सौरभ मोहिंद्रू की टीम ने की।

डॉक्टर सुमित मालहोत्रा ने मीडिया को इस मामले के बारे में बताते हुए कहा, ÷संत कबीर नगर, उत्तर प्रदेश के रहने वाले 19 वर्षीय आदित्य पिछले 14 वर्षों से बंद



जबड़े के साथ हमारे अस्पताल आए थे जो पिछले 14 वर्षों से कोई ठोस भोजन नहीं खा पा रहे थे और पूरी तरह से तरल आहार पर थे। इसने उनके विकास और बोलने की क्षमता को भी गंभीर रूप से प्रभावित किया। रोगी ने बहुत से अस्पतालों में दिखाया लेकिन उसे कोई संतोषजनक उपचार नहीं मिल सका।

यह मरीज हमारे पास डेंटल साइंसेज विभाग में आया। जांच में पाया गया कि बचपन में लगी चोट के कारण उसका टेम्पोरल मैंडिबल जॉइंट (Temporal Mandible Joint) क्षतिग्रस्त हो गया था, जिसके चलते जबड़ा पूरी तरह से बंद हो गया था। इसके बाद मरीज को प्लास्टिक सर्जरी विभाग में रेफर किया गया, जहां हमारी टीम ने अत्याधुनिक 'मसल फ्लैप' तकनीक का उपयोग करके इस बंद जोड़ का उपचार किया। इस तकनीक द्वारा जबड़े की नसों में सक्रिय रक्त आपूर्ति के साथ मांसपेशियों को जोड़कर यह सुनिश्चित किया गया कि जबड़े का जोड़ फिर से न जुड़ने पाए। यह प्रक्रिया, जो उत्तर भारत में बहुत ही कम होती है, एक अत्यंत जटिल सर्जरी है। डॉ. मल्होत्रा ने आगे बताया, हमारी तकनीक ने सुनिश्चित किया कि मरीज का जबड़ा सामान्य रूप से कार्य करे और भविष्य में इसमें कोई जटिलता न पैदा हो।

डॉ. सौरभ मोहिंद्रू ने कहा, सर्जरी के बाद, मरीज 14 वर्षों में पहली बार ठोस भोजन जैसे रोटी आदि खाने में सक्षम हुआ। सर्जरी से उसकी मुंह खोलने की क्षमता काफी बेहतर हुई है, जिससे भोजन और बोलने जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में सुधार हुआ है। ऐसी सर्जरी में टीम वर्क, सटीकता और विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है और हमें प्रसन्नता है कि हम सब कुछ एक साथ संयोजित कर मरीज की सामान्य जिंदगी बहाल करने में सफल हुए।

## हजरतगंज सोशल में आधुनिक ट्विस्ट के साथ लखनऊ के उत्तम स्वाद का अनुभव करें

**लखनऊ।** लखनऊ के केंद्र में स्थित हजरतगंज सोशल, एक अनूठा भोजन अनुभव प्रदान करता है जो शहर के प्रतिष्ठित स्वादों को सोशल की विशिष्ट रचनात्मकता के साथ सहजता से जोड़ता है। सोशल का लोकल हीरोज मेनू लखनऊ की समृद्ध पाक परंपराओं पर प्रकाश डालता है, जो क्लासिक व्यंजनों पर समकालीन रूप प्रदान करता है। मुर्ग चने और खस्ता जैसे नाश्ते के स्टेपल दिन के लिए माहौल बनाते हैं, जबकि अमचूर और अनार पापड़ी भल्ला, खस्ता मेथी चटनी चाट और आलू कमरख और आंवला की चाट जैसी आविष्कारशील चाट शहर के स्ट्रीट फूड कल्चर का जश्न मनाती हैं। ट्रफल ब्रोकोली मलाई टिक्का, नदरू की शम्मी, घी चिकन टिक्का और घुटवा कबाब जैसे कबाब मेनू में गहराई लाते हैं, साथ ही मटन, चिकन या सोया चाप में एपिक लाहौरी कढ़ाई वाली हार्दिक थाली भी। लखनवी कटहल बिरयानी और लखनवी मटन दम पुख्त बिरयानी जैसी खास बिरयानी और मावा और अनानास हलवा जैसी मिठाइयाँ परंपरा और रचनात्मकता का एक बेहतरीन संतुलन प्रदान करती हैं। हज़रतगंज सोशल एक ऐसा मेनू पेश करता है जो हर स्वाद को पूरा करता है, जिसमें परिचित क्लासिक्स के आरामदायक आकर्षण के साथ-साथ बोल्ड, इनोवेटिव फ्लेवर हैं। चटपटी चाट, स्वादिष्ट कबाब, स्वादिष्ट बिरयानी और स्वादिष्ट मिठाइयों के साथ, हर किसी के लिए आनंद लेने के लिए कुछ न कुछ है। अपने जीवंत माहौल और ताज़गी भरे पेय के साथ, हज़रतगंज सोशल बढ़िया भोजन, अच्छी संगति और अविस्मरणीय अनुभवों का आनंद लेने के लिए एकदम सही जगह बनाता है। 10 शहरों में सोशल की मौजूदगी ने इसे हर जगह खाने वालों द्वारा पसंद किए जाने वाले प्रतिष्ठित व्यंजनों का पर्याय बना दिया है।

## बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया लगातार दे रहा है बेहतरीन परफॉर्मेंस



**कानपुर/लखनऊ।** बीएमडब्ल्यू के लिए अब तक की सबसे ज़्यादा लग्जरी क्लास डिलीवरी (7,आई7, एक्स7,एक्सएम)। बीएमडब्ल्यू 7 सीरीज़ भारत में अपने सेगमेंट में सबसे आगे है। बीएमडब्ल्यू एक्स 7 लग्जरी क्लास की सेल में सबसे आगे है।इलेक्ट्रिक लग्जरी कार की सेल में भारत में लगातार तीसरे साल रहा दबदबा। बीएमडब्ल्यू आई एक्स भारत की सबसे ज़्यादा बिकने वाली लग्जरी ईवी है। बीएमडब्ल्यू आई7 अपनी श्रेणी में सबसे ज़्यादा बिकने वाली ईवी है। स्पोर्ट्स एक्टिविटी व्हीकल्स +16% की वृद्धि के साथ आगे बढ़ी। बीएमडब्ल्यू एक्स 5 की सबसे अधिक वार्षिक सेल दर्ज हुई। बीएमडब्ल्यू बीएमडब्ल्यू एक्स 1 सबसे ज़्यादा बिकने वाली एसएवी बनी। बीएमडब्ल्यू 3 सीरीज सबसे ज्यादा बिकने वाली सेडान रही। बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने सफलता का नया अध्याय लिखते हुए 11% की वृद्धि के साथ अब तक की सबसे ज़्यादा वार्षिक डिलीवरी की है। कंपनी द्वारा जनवरी.दिसंबर 2024 के बीच 15,721 कारें (बीएमडब्ल्यू और मिनी) और 8,301 मोटरसाइकिलें (बीएमडब्ल्यू मोटोराड) डिलीवर करने का कीर्तिमान बनाया गया। बीएमडब्ल्यू की 15,012 यूनिटें और मिनी की 709 यूनिटें बिकीं। बीएमडब्ल्यू ने क्यू 4 में सबसे ज़्यादा सेल (4,958 यूनिट्स +15%) दर्ज की, दिसंबर की सेल (2,244 यूनिट्स +17%) भी अब तक की सबसे अधिक थी। विक्रम पावाहए प्रेसिडेंट एवं सीईओए बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने कहा बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने भारत में इस साल अपनी अब तक की सर्वश्रेष्ठ सेल्स की और साथ ही 15,000 कारों की सेल का कीर्तिमान बना लिया है। लग्जरी कार सेगमेंट में हमारे पास रिटेल नेक्स्ट जैसी नई पहल और हमारे ग्राहकों के लिए बेहतरीन एक्सपीरिएंस तथा सेवाओं के साथ सबसे मज़बूत उत्पाद पोर्टफोलियो है।

बीएमडब्ल्यू भारत के लग्जरी कार बाज़ार में सस्टेनेबल इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लग्जरी क्लास और महत्वाकांक्षी प्रीमियम कॉम्पैक्ट सेगमेंट जैसे सेगमेंट्स में काफी आगे चल रही है। हमारी इस जबरदस्त सफलता का श्रेय ग्राहकों को खुशी प्रदान करने के हमारे दृढ़ संकल्प को जाता है। हम अपने डीलर पार्टनर्स और अपनी समर्पित टीम के साथ लग्जरी मोबिलिटी में नए मानक स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## मर्सिडीज़-बेंज ने भारत में इस साल अपने इतिहास की सबसे ज्यादा सेल दर्ज की, 2024 में हुई जबरदस्त वृद्धि

**पुणे।** भारत के सबसे डिज़ायरेबल लग्ज़री कार निर्माता मर्सिडीज़-बेंज ने इस साल भारत में अपने 30 सालों के इतिहास में सबसे ज्यादा सेल दर्ज की है। मर्सिडीज़-बेंज ने जनवरी-दिसंबर 2024 में सबसे अच्छी सेल दर्ज करते हुए अपने 'थ्री-स्टार' वाहनों की विशिष्टता बरकरार रखी और भारतीय बाजार में इसकी 'सबसे डिज़ायरेबल' लग्ज़री कार ब्रांड की पहचान को मजबूत बनाया। कंपनी ने जनवरी-दिसंबर 2024 की अवधि में 19,565 नई कारों की रिकॉर्ड बिक्री की है। बाजार की चुनौतीपूर्ण स्थितियों के बाद भी ब्रांड ने 12.4 प्रतिशत की जबरदस्त वृद्धि की।



मर्सिडीज़-बेंज ने भारत में 2024 की सभी चार तिमाहियों में 'सर्वश्रेष्ठ तिमाही' दर्ज करते हुए अब तक की सबसे अच्छी वार्षिक सेल दर्ज की है। जहाँ YTD Q4 2024 में वृद्धि दर 12% रही, वहीं ॥2 सेल 16% YoY ज्यादा दर्ज हुई, जिससे पूरे साल मर्सिडीज़-बेंज के स्थिर सेल्स परफॉरमेंस प्रदर्शित होती है। यह प्रदर्शन लगातार चुनौतीपूर्ण बाजार और मैक्रो-इकोनॉमिक चुनौतियों के बावजूद रहा। इस बेहतरीन सेल्स में नए लॉन्च किए गए और मौजूदा वाहन पोर्टफोलियो तथा बेहतर रिटेल ग्राहक अनुभव की महत्वपूर्ण भूमिका थी। मर्सिडीज़-बेंज के एंट्री, कोर और टॉप-एंड वाहन सेगमेंट की मांग मजबूत बनी रही, और नए एवं मौजूदा उत्पादों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। 2024 में मर्सिडीज़-बेंज ने 14 नए उत्पाद लॉन्च किए, जिनमें 9 आकर्षक टॉप-एंड वाहन भारतीय बाजार में उतारे गए, जिनकी ओर ग्राहक आकर्षित हुए और उनकी इच्छा उत्पन्न हुई, जो मर्सिडीज़-बेंज के उद्देश्य अनुरूप है। मर्सिडीज़-बेंज के BEV पोर्टफोलियो की मांग लगातार बहुत मजबूत बनी रही और इसने 94त्न साल दर साल की वृद्धि दर्ज की, तथा जनवरी-दिसंबर सेल्स में इसका योगदान बढ़कर 6% YTD तक पहुँच गया। 2024 में 4 नए BEV पेश किए गए, जिनमें श्वक्र 250+, 5-सीटर श्वत्तक्क स्ङ्क, 'मेड इन इंडिया' EQS SUV 580 और अल्ट्रा-लग्जुरियस मर्सिडीज़-मेबैक EQS SUV शामिल हैं। इसके अलावा BEV पोर्टफोलियो का विस्तार किया गया, जिससे मर्सिडीज़-बेंज के BEV पोर्टफोलियो की ओर ग्राहकों की रुचि बढ़ी। मर्सिडीज़-बेंज ने इस एक साल में सबसे ज्यादा संख्या में BEV बेचते हुए लग्ज़री BEV सेगमेंट में अपना दबदबा बना लिया।

## पीयूष बंसल ने 5 करोड़ रुपये में एनओओई की नियंत्रक हिस्सेदारी खरीदी

**लखनऊ।** शार्क टैंक इंडिया 4 में दर्शकों को उस वक्त एक ऐतिहासिक पल देखने का मौका मिला, जब पीयूष बंसल ने शो के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा चेक लिखा। उन्होंने प्रीमियम लाइफस्टाइल और एसेसरी ब्रांड एनओओई में नियंत्रण हिस्सेदारी खरीद ली। यह महत्वपूर्ण निवेश भारतीय स्टार्टअप्स पर शो के बढ़ते प्रभाव को दिखाता है। पीयूष सूरी और नितिका पांडे द्वारा शुरू किया गया एनओओई अपने स्टाइलिश और पर्यावरण के अनुकूल प्रोडक्ट्स के लिए दुनिया भर में मशहूर हो रहा है। इस ब्रांड को प्रतिष्ठित रेड डॉट डिज़ाइन अवार्ड जैसे सम्मान मिल चुके हैं और यह अब 9 देशों में मौजूद है। एनओओई एक बहुत ही खास नाम है और इसे नेवर ऑड ऑर इवेन वाक्य से लिया गया है। यह वाक्य उल्टा पढ़ने पर भी वही रहता है, इसे पैलेंड्रोम कहते हैं। यह नाम इस बात को दिखाता है कि एनओओई सभी लोगों को एक जैसा मानती है और दुनिया भर के लोगों



को अपनी ओर आकर्षित करना चाहती है। जब पीयूष ने इस कंपनी के बारे में सुना तो वे इसके नए उत्पादों और दुनिया के अलग-अलग देशों में फैलने की क्षमता से बहुत प्रभावित हुए। हालांकि, साथी शार्क अमन गुप्ता ने मज़ाक में पीयूष को ज़्यादा हिस्सेदारी रखने की सलाह दी, लेकिन 5 करोड़ रुपये में 51त्न इक्विटी का ऑफर फाउंडर्स के लिए बेहद आकर्षक साबित हुआ।

एनओओई के को-फाउंडर पीयूष सूरी ने डील पर अपनी खुशी का इजहार करते हुये कहा, ''यह सिर्फ एक डील नहीं है, बल्कि एक रोमांचक सफर की शुरूआत है। 'शार्क टैंक इंडिया' जैसे प्लेटफॉर्म ने हमारे जैसे व्यवसायों को बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने का मौका दिया है। पीयूष का निवेश एनओओई के लिए एक नए अध्याय की शुरुआत है, और हम उन्हें अपने साझेदार के रूप में पाकर बेहद उत्साहित हैं। उनकी विशेषज्ञता और मार्गदर्शन के साथ, हमें विश्वास है कि एनओओई नई ऊंचाइयों को छुएगा और अनगिनत उद्यमियों को अपने सपनों को पूरा करने का प्रयास करने के लिए प्रेरित करेगा।''

शार्क टैंक इंडिया के सीजन 4 ने शार्क्स का एक शानदार पैनल बनाया है। इनमें शामिल हैं पीपुल ग्रुप (Shaadi.com) के फाउंडर और सीईओ अनुपम मित्तल, बोट लाइफस्टाइल के को-फाउंडर और सीएमओ अमन गुप्ता, एम्क्योर फार्मास्युटिकल्स की एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर नमिता थापर, ओयो के फाउंडर और ग्रुप सीईओ रितेश अग्रवाल, लेंसकार्ट के को-फाउंडर और सीईओ पियुष बंसल, शुगर कॉस्मेटिक्स की को-फाउंडर और सीईओ विनीता सिंह, इनशॉर्ट्स के को-फाउंडर और चेयरमैन अजहर इकबाल, एको के फाउंडर और सीईओ वरुण दुआ, स्नैपडील और टाइटन कैपिटल के को-फाउंडर तथा यूनिकॉमर्स के प्रमोटर कुणाल बहल और वीबा/ वीआरबी कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के फाउंडर एवं मैनेजिंग डायरेक्टर विराज बहल। देखिये 'शार्क टैंक इंडिया 4', हर सोमवार से शुक्रवार, रात 8 बजे, सिर्फ सोनी लिव पर!

## फोनपे ने महाकुंभ में आने वाले लोगों के लिए एक अनोखा इंश्योरेंस लॉन्च किया

**प्रयागराज।** फोनपे ने एक अनोखे इंश्योरेंस कवरेज की घोषणा की, जिसे 13 जनवरी 2025 से 26 फरवरी 2025 तक उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में होने वाले आगामी महाकुंभ मेले में भाग लेने वाले यात्रियों के लिए डिजाइन किया गया है। इस कॉम्प्रिहेंसिव और अफोर्डेबल प्लान में दो विकल्प दिए गए हैं जो यात्रियों के एक बड़े समूह की आवश्यकताओं को पूरा करते है, इसमें शामिल है- बस या ट्रेन से यात्रा करने वाले व्यक्तियों के लिए ?59 प्रति यात्री इंश्योरेंस और घरेलू फ्लाइट से यात्रा करने वाले व्यक्तियों के लिए ?99 प्रति यात्री इंश्योरेंस।फोनपे ने ढ्ढष्टढ्ढष्टढ्ढ लोम्बार्ड के साथ मिलकर यात्रियों के लिए एक नया इंश्योरेंस प्लान लॉन्च किया है। यह इंश्योरेंस यात्रियों की जरूरतों को पूरा करने, वित्तीय सुरक्षा और मानसिक शांति प्रदान करने में मदद करेगा।इस इंश्योरेंस प्लान का उद्देश्य, भक्तों को अस्पताल में भर्ती होने, डॉक्टर से परामर्श, ओपीडी में इलाज कराने, पर्सनल एक्सीडेंट कवर, चेक-इन बैगेज के खो जाने, ट्रिप के कैंसिल होने, कनेक्टिंग फ्लाइट छूटने और मृत शरीर को घर लाने जैसी परेशानियों के लिए व्यापक कवरेज प्रदान करना है। यूजर फोनपे प्लेटफॉर्म पर 25 फरवरी 2025 तक इस प्लान का लाभ उठा सकते हैं। यह प्लान महाकुंभ मेले में यात्रा और ठहरने की पूरी अवधि के लिए सुरक्षा प्रदान करता है, जिससे लाखों भक्तों के लिए एक सुरक्षित और सुखद तीर्थ यात्रा सुनिश्चित होती है।इस लॉन्च पर, फोनपे इंश्योरेंस ब्रोकिंग सर्विसेज के ष्टश्वह्र विशाल गुप्ता जी, ने कहा कि- ÷हम महाकुंभ मेले जैसे महत्वपूर्ण आयोजन के लिए पहली बार एक विशेष इंश्योरेंस प्लान पेश करने पर खुशी महसूस कर रहे हैं।

## राधा फाउंडेशन ने आयोजित किया गया नेत्र शिविर और सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** लोहरता की पूर्व प्रधान स्वर्गीय राधा श्रीवास्तव की छठवीं पुण्य तिथि पर राधा फाउंडेशन की ओर से नेत्र शिविर और सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कैम्प में 164 मरीजों की जांच की गई। 55 मरीजों में मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए हैं।

शिविर में प्राइवेट वाहन चालकों की आंखों की जांच कर उन्हें जागरूक किया गया तथा बाइक चालकों को हेलमेट लगाने एवं गति सीमा में वाहन चलाने की सलाह दी गई।चार पहिया वाहन चालकों को सीटबेल्ट लगाने एवं घने कोहरे में धीमी गति से वाहन चलाने के लिए सचेत किया गया। प्राथमिक विद्यालय घाटमपुर की प्रधानाध्यापिका रेनू श्रीवास्तव और फाउंडेशन के अध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव ने शिविर का उद्घाटन किया। बड़ी संख्या में लोगों ने पूर्व प्रधान राधा श्रीवास्तव के कार्यकाल के विकास कार्यों की चर्चा करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व प्रधान रीता श्रीवास्तव, बालगोविंद द्विवेदी, रामसुख मिश्र, पवन तिवारी, रवीन्द्र श्रीवास्तव, सुरेन्द्र चन्द्र, विपिन श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे। नेत्र चिकित्सक विमल वर्मा,नेत्र परीक्षक पिंकी यादव, अनीता कश्यप, अजय सिंह व धनंजय ने मरीजों का नेत्र परीक्षण किया। शिविर में आए लोगों को सड़क सुरक्षा की शपथ भी दिलाई गई।

# मेजबान पडरौना ने बनारस को 65 रनों से हराया, फाइनल मैच आज

अवधनामा ब्यूरो




स्व. कृष्णा साहा व स्व. विमलेश मल्ल के चित्र पर माल्यार्पण करते नपा अध्यक्ष विनय

- स्व. कृष्णा साहा व स्व. विमलेश मल्ल की स्मृति में 17वें वर्ष क्रिकेट प्रतियोगिता का पांचवा दिन

**कुशीनगर।** पडरौना शहर के यूएनपीजी कॉलेज के खेल मैदान में पडरौना क्रिकेट क्लब द्वारा 17वें वर्ष स्व. कृष्णा साहा व स्व. विमलेश मल्ल की स्मृति में आयोजित क्वालिटी टीवीएस कप क्रिकेट प्रतियोगिता के पांचवें दिन गुरुवार को मेजबान पडरौना और बनारस के बीच ग्रुप बी का दूसरा मैच खेला गया। इसमें पडरौना की टीम ने बनारस को 65 रनों से पराजित किया। मैच में 72 रनों की शानदार पारी खेलते हुए एक बेहतरीन कैच लेने वाले पडरौना के इंजेश को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

पडरौना टीम के कप्तान चंदन गौड़ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। सलामी बल्लेबाज चंदन और अमन तिवारी पारी की शुरुआत की। 19 रन के स्कोर पर पडरौना का पहला विकेट गिरा। इसके बाद खेलने आए इंजेश ने तेज शुरुआत करते हुए न सिर्फ रन स्कोर में इजाफा किया, बल्कि 110 रनों की साझेदारी कर टीम को मजबूत स्थिति में लाकर खड़ा कर दिया। एक छोर पर इंजेश जमे रहे, लेकिन दूसरी छोर में आने वाले बल्लेबाज आसानी से विकेट गंवाते चले गए। निर्धारित 25 ओवर की गेंदबाजी में नौ विकेट खोकर पडरौना की टीम 188 रन बना सकी। इसमें इंजेश ने 72, सुजीत ने 33, चंदन ने 29, मेहताब ने 14 रनों का सर्वाधिक योगदान दिया। वहीं, बनारस की तरफ से गेंदबाजी करते हुए विशाल ने चार, आकाश व संजय ने दो-दो, नीलोप्लेन्दु ने एक विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बनारस की शुरुआत कुछ खास नहीं रही। महज 14 रन के स्कोर पर पहला विकेट गिरा। इसके बाद शुरुआती क्रम में चार बल्लेबाज आसानी से विकेट देकर चले गए। मध्य क्रम में बल्लेबाजी करने आए प्रशांत व दीपक ने पारी को संभाला और सम्मानजनक स्कोर तक टीम को पहुंचाया। जब इन दोनों का विकेट गिरा तो पूरी टीम ताश के पत्तों की तरह बिखर गई और 18वें ओवर की गेंदबाजी में 123 रन के स्कोर पर बनारस की टीम ऑल आउट हो गई। इसमें प्रशांत ने 47, दीपक ने 18 सौरभ ने 11 व अर्जुन ने 10 रनों का सर्वाधिक योगदान दिया। पडरौना की तरफ से गेंदबाजी करते हुए किशन व प्रिंस ने तीन-तीन, सुजीत ने दो, शिवेंद्र, मल्लू ने एक-एक विकेट हासिल किया। कमेंट्री प्रिंस तिवारी, अरशद राज व नजमुद्दीन ने की। स्कोरिंग अभिषेक गैरी व पंकज ने किया। इससे पूर्व प्रतियोगिता का शुभारंभ पडरौना नगर पालिका अध्यक्ष विनय जायसवाल, उनके प्रतिनिधि मनीष जायसवाल बुलबुल, आलोक श्रीवास्तव व अरूण श्रीवास्तव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया।

## जनसुनवाई के बाद डीएम के सामने पहुंच गये दो नाबालिग बच्चे



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** गुरुवार को कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई के दौरान डीएम ने सभी अधिकारियों को जनता की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में एक दर्जन से अधिक मामले आए। जनसुनवाई के बाद डी एम ने पी एम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति की समीक्षा की। जनसुनवाई के दौरान अपनी समस्या लेकर आए दो नाबालिग बच्चों को चाइल्ड हेल्पलाइन को सौंपते हुए जिला प्रोबेशन अधिकारी को बच्चों के माता-पिता से मिलकर उनकी समस्या का हल करने और स्पान्शरशिप योजना के अन्तर्गत फार्म भरवाने के निर्देश दिए। इस योजना में बच्चों को पढ़ाई और अन्य जरूरी खर्च के लिए 4000रु महीने मिलते हैं। जमीन के झगडे को लेकर दो नाबालिग बच्चे कलेक्ट्रेट में डी एम निशा अनंत के पास पहुंच गए। दोनों बच्चे संग्रामपुर थाने के अन्तर्गत अमटाही गांव के निवासी हैं। डी एम ने तत्काल मामले को गंभीरता से लिया। डीएम के निर्देश पर एस ओ संदीप राय ने गांव जाकर मामले का निस्तारण करा दिया है। बच्चों के माता-पिता की स्थिति मानसिक रूप से कमजोर बताई गई है। पड़ोसी राजेन्द्र ओझा की ओर से उनके घर के सामने बांधे गए बांस बल्ली को हटा दिया गया है।

# हाटा तहसील के वार्षिक निरीक्षण में मिली खामियां, डीएम ने लगाई फटकार

## साफ-सफाई न होने व तहसील में विभिन्न कंपनियों के लगे पोस्टर देख भड़के डीएम

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने हाटा का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तहसील परिसर में साफ सफाई न होने, जंगलों के फाटक पर मिट्टी जमे व विभिन्न कंपनियों के लगे पोस्टर देख भड़क गए।

- शासन की मंशा अनुरूप सुव्यवस्थित ढंग से करें कार्य : डीएम



हाटा तहसील में फाइलों को देखते डीएम

इस दौरान डीएम ने जिम्मेदारों की जमकर क्लास ली। 45 मिनट के निरीक्षण में लापरवाह अधिकारियों एवं कर्मचारियों में खलबली मची हुई थी।

जिलाधिकारी ने सर्व प्रथम तहसील से निर्गत होने वाले आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र तथा खतौनी/इंतखाब नकल जारी करने वाले पटलों पर पहुंच कर हकीकत से रूबरू हुए। इस दौरान उन्होंने संबंधित से पुछताछ भी की तथा तहसील भवन के अंतर्गत विभिन्न कंपनियों के लगे पोस्टर को देख नाराजगी व्यक्त की गई। भूलेख के निरीक्षण दौरान आरसी, अमीनो की संख्या तथा पंजिका का अवलोकन कर कारगुज़ारी का जायजा लेने सहित वसूली के संबंध में जानकारी ली गई। रिकॉर्ड रूम (राजस्व) के निरीक्षण दौरान बस्ता खुलवाकर विभिन्न पत्रावलियों का अवलोकन भी किया गया तथा सीसीटीवी कैमरा ऑन न होने एवं अग्निशमन यंत्र की रिफिलिंग तिथि पूछे जाने पर तहसीलदार द्वारा संतोषजनक जानकारी नहीं दिए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अपने कार्यों में सुधार लाए जाने का निर्देश दिए गए। उप जिलाधिकारी कोर्ट एवं तहसीलदार कोर्ट के निरीक्षण दौरान अलमारी में रखे पत्रावलियों को निकाल कर देखा गया एवं पुराने वादों की संख्या के संबंध में जानकारी ली गई। जिलाधिकारी ने आर-6 एवं आर-9 रजिस्टर का निरीक्षण किया साथ ही लंबित पत्रावलियों की भी जानकारी ली गई। इस दौरान तहसील के विभिन्न खिड़कियों पर धूल जमे हुए मिले तथा शौचालय में भी संतोषजनक सफाई नहीं मिलने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए भविष्य के लिए आगाह किया गया। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी कक्ष में अधिवक्ता गणों की समस्याएं भी सुनी जो रजिस्ट्री ऑफिस तहसील से अधिक दूरी पर होने के कारण तहसील परिसर में स्थापित कराए जाने की मांग की गई जिसे जिलाधिकारी द्वारा आश्वासन दिया गया। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि तहसील परिसर को साफ सुथरा रखने सहित जो भी कार्य हो नियमानुसार हो तथा शासन की मंशा अनुरूप सुव्यवस्थित तरीके से होनी चाहिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा, उप जिलाधिकारी हाटा सहित तहसीलदार नायब तहसीलदार व अन्य सभी पटल सहायक उपस्थित रहे।

### कोतवाली में खराब पड़े वाहनों को नीलामी के निर्देश



हाटा कोतवाली में पुराने मुकदमों की जानकारी लेते डीएम

जिलाधिकारी द्वारा कोतवाली हाटा का निरीक्षण गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी लेने उपरांत किया गया। इस दौरान कोतवाली परिसर का घूम घूम कर निरीक्षण किया गया, निरीक्षण दौरान खराब पड़े वाहनों की नीलामी किए जाने के निर्देश दिए गए साथ ही परिसर अंतर्गत मेस का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी ली गई। कोतवाली अंतर्गत माल के सत्यापन की जानकारी ली गई, तथा महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण कर संबंधित से आवश्यक पुछताछ भी गई। महिला उत्पीड़न से संबंधित पंजिका का अवलोकन जिलाधिकारी द्वारा किया गया, इस दौरान पुराने मामलों, पास्को एक्ट के तहत मुकदमे, हिस्ट्रीशीटर, चिन्हित माफियाओं आदि की जानकारी लेने उपरांत समस्याओं की जानकारी ली गई। जिसके क्रम में आवास की समस्या सीओ हाटा द्वारा बताया गया जिसके क्रम जिलाधिकारी द्वारा आवश्यक कार्यवाही हेतु आश्वासन दिया गया। इस दौरान सीओ हाटा कुंदन सिंह सहित सभी स्टाफ उपस्थित रहे।

# कांग्रेस ने बाबा साहेब को भारत रत्न से वंचित रखा : सुरेंद्र सिंह

अवधनामा संवाददाता



संविधान गौरव सम्मेलन को संबोधित करते सुरेन्द्र सिंह

- मथौली में संविधान गौरव सम्मेलन का हुआ आयोजन

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** संविधान गौरव सम्मेलन का आयोजन नगर पंचायत कार्यालय में मंडल अध्यक्ष अदालत प्रसाद आर्या की अध्यक्षता में गुरुवार को संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे क्षेत्रीय शिक्षण प्रकोष्ठ के संयोजक सुरेंद्र सिंह ने कहा कि संविधान निर्माण के समय कांग्रेस ने धर्म आधारित आरक्षण पर जोर दिया था, लेकिन बाबा साहेब ने सभी नागरिकों को समान अधिकार देने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहेब को उनके जीवनकाल में भारत रत्न से वंचित रखा और मरणोपरांत उन्हें दिल्ली में दो गज जमीन तक नहीं दी। बैठक को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष अदालत प्रसाद ने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के योगदान और संघर्ष को लेकर इन दिनों राजनीति हो रही है। इस बीच भाजपा संगठन ने संविधान गौरव अभियान शुरू करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के जरिए भाजपा देश की जनता को बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के संघर्ष, संविधान निर्माण और कांग्रेस द्वारा उनके साथ किए गए छल के बारे में जागरूक करेगी। यह अभियान 11 जनवरी से 25 जनवरी तक चलेगा। बैठक में पूर्व मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय, रामधनी चौरसिया, रामनिवास सिंह, विनोद शर्मा, रमाशंकर विश्वकर्मा, देवेंद्र तिवारी, हेमंत सिंह, विनय कुमार, प्रिंस जायसवाल, बलविंदर सिंह, लक्ष्मण वर्मा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## सेमिनार हाल में मिला चौकीदार का शव

**मुसाफिरखाना।** नगर के राजीव गांधी महिला पालीटेक्निक के तीसरी मंजिल पर बने सेमिनार हाल के अंदर बुजुर्ग चौकीदार का शव मिलने से हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में लिए भेज मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रथम दृष्टया मौत की वजह हार्ट अटैक बताई जा रही है। राजीव गांधी पॉलिटेक्निक में पिछले ढाई तीन साल से रामराज (55) पुत्र स्व. मुनेशर रामरायपुर चौकीदारी करता था। गुरुवार की सुबह पॉलिटेक्निक के तीसरे मंजिल पर स्थित सेमिनार हाल में रामराज का संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिला है। गुरुवार की सुबह स्टाफ जब सेमिनार हाल में पहुंचा तो शव देखते ही पूरे कैम्पस में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही मौके पर एसएचओ विवेक सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। उन्होंने बताया कि मौत की वजह प्रथम दृष्टया हार्ट अटैक बताई जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ स्पष्ट होगा।

## फॉर्मर रजिस्ट्री में लापरवाही पर दो सीएससी संचालकों पर गिरेगी गाज, पंजीकरण भी होगा निरस्त

अवधनामा ब्यूरो

- लापरवाही सामने आने पर उच्चाधिकारियों को सौंपा गया रिपोर्ट

**कुशीनगर।** फॉर्मर रजिस्ट्री में लापरवाही मिलने पर खड्डा क्षेत्र के दो सीएससी संचालकों पर गाज गिरना तय है। इन जनसेवा केंद्रों पर लापरवाही खुलकर सामने आई है जिससे किसानों का पंजीकरण प्रभावित हुआ। क्षेत्रीय लेखपाल के निरीक्षण में मिली कमियों को उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया गया है।

बता दें कि कृषक पंजीकरण अभियान में लापरवाही बरतने पर जनसेवा केंद्र रजिस्ट्रेशन आईडी 422252520016 के संचालक प्रवीण कुमार पाण्डेय ग्राम गड़हिंया बसंतपुर के खिलाफ कार्रवाई के आदेश। लेखपाल के निरीक्षण में उक्त केंद्र बंद मिला और संचालक ने रविवार को केंद्र खोलने से इनकार कर दिया, जिससे कृषकों को पंजीकरण में दिक्कत हुई। इस लापरवाही को लेकर रिपोर्ट संबंधित अधिकारियों को भेजी गई है। इसी क्रम में जनपद में चल रही फार्मर रजिस्ट्री योजना के तहत जन सेवा केन्द्रों का निरीक्षण करते हुए लेखपाल मुरली मनोहर पाण्डेय ने राजू कुमार चौरसिया जन सेवा केंद्र आईडी 330069360016 ग्राम अर्जुन छपरा व बसौली को कई बार कार्य करने के निर्देश दिए, लेकिन उन्होंने योजना में कोई रुचि नहीं दिखाई। उनके द्वारा न तो मीटिंग में भाग लिया और न ही रात्रि में कार्य करने से मना किया गया, इस पर आवश्यक कार्रवाई के लिए रिपोर्ट संबंधित अधिकारियों को भेजी गई है।

## जिले में पांच हजार से अधिक बढ़ी मतदाताओं की संख्या

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** विधानसभा की मतदाता सूचियों के प्रकाशन के बाद जिले में मतदाताओं की संख्या 1427897 हो गई है। पुनरीक्षण अभियान के बाद जिले में मतदाताओं की संख्या में साढ़े पांच हजार के आसपास संख्या में वृद्धि हुई है। 18-19 वर्ष के मतदाताओं की संख्या लगभग एक फीसदी है। पिछले पुनरीक्षण अभियान में जेंडर रेसिओ ठीक करने पर सबसे अधिक जोर दिया गया था। लिंगानुपात के मामले में गौरीगंज विधानसभा नम्बर एक पर है। गौरीगंज में लिंगानुपात 910, अमेठी विधानसभा में 900, जगदीशपुर विधानसभा में 892 और तिलोई विधानसभा में 900 है। पिछले पुनरीक्षण अभियान शुरू होने के पहले जिले की चार विधानसभाओं में मतदाताओं की संख्या 1422587थी। प्रकाशन के मतदाताओं की संख्या 1427897 हो गई है।

## शिक्षक ने टीबी का मरीज गोद लिया, पोषण किट सौंपी



**मुसाफिरखाना अवधनामा संवाददाता।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीबी मरीजों की मृत्यु दर को कम करने और अन्य व्यक्तियों को टीबी के संक्रमण से बचाने के लिए चलाए जा रहे सौ दिवसीय टीबी अभियान के तहत शिक्षक प्रदीप तिवारी ने भी गुरुवार को एक टीबी के मरीज को गोद लिया। शिक्षक प्रदीप ने गुरुवार को सीएचसी पहुंचकर क्षेत्र के गौतमपुर की एक टीबी मरीज को गोद लेकर उसे पोषण की किट डॉ अमित प्रताप सिंह और एसबीएल अरुण यादव की उपस्थिति में सौंपा। श्री तिवारी ने कहा कि वे अन्य शिक्षकों को भी टीबी के मरीजों को गोद लेने के लिए प्रेरित करेंगे। इस मौके पर मौजूद डॉ अमित ने कहा कि मरीजों की निःस्वार्थ सेवा से बढ़कर पुण्य का दूसरा कोई काम नहीं है।

## बृजेश उपाध्याय का निधन



**अमेठी।** जनपद के वरिष्ठ पत्रकार बृजेश उपाध्यक्ष के आकस्मिक निधन पर मीडिया जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। डी एम निशा अनंत ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। जिले के सभी पत्रकारों और मीडिया कर्मियों ने निधन पर गहरा दुःख जताया है और दिवंगत आत्मा की शांति को ईश्वर से प्रार्थना की है। बृजेश उपाध्याय लगभग चार दशकों से पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय थे। कई अखबारों में समाचार लेखन और प्रेषण के साथ उनके पास सभी प्रमुख अखबारों की एजेंसी भी थी। पिछले एक साल से अस्वस्थ चल रहे बृजेश उपाध्याय का गुरुवार को निधन हो गया। पत्रकार एसोसिएशन, प्रेस क्लब, श्रमजीवी पत्रकार संघ, ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन सहित सभी मीडिया संगठनों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

## पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में 5092 आवेदन

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** अनुदान पर सोलर रुफ टाप लगवाने के लिए अधिकारियों की ओर से पी एम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अन्तर्गत रजिस्ट्रेशन और प्लांट लगवाने पर सबसे अधिक जोर दिया जा रहा है। गुरुवार को डी एम ने योजना की प्रगति की समीक्षा की। परियोजना अधिकारी यूपी नेडा केशव चौरसिया ने बताया कि जनपद अमेठी में अब तक 15302 रजिस्ट्रेशन हुए हैं। जिसके सापेक्ष 5092 आवेदन हुए हैं। 237 प्लांट की स्थापना की गई है। यह योजना शासन की अति महत्वाकांक्षी योजना है । इस योजनांतर्गत सोलर रूफटॉप लगवाने पर अनुदान के साथ ही बिजली बिल से भी राहत मिलेगी। इस योजना के अंतर्गत 1 किलोवाट के सोलर रूफटॉप पर रुपए 45000, 2 किलोवाट पर रुपए 90000 व 3 किलो वाट व उसे अधिक किलोवाट के सोलर रूफटॉप पर रुपए 108000 तक की सब्सिडी सरकार द्वारा दी जा रही है। उन्होंने कहा कि इस योजना के अंतर्गत अपने घरों पर सोलर रूफटॉप लगवाए और अनुदान के साथ ही बिजली बिल से भी राहत पाए। परियोजना अधिकारी नेडा ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत प्लांट की अनुमानित लागत प्रति किलो वाट रुपए 65000 है। इस योजना के अंतर्गत लगाए गए सोलर पैनलों की कार्य क्षमता अवधि 25 वर्ष है। सोलर प्लांट कमीशनिंग के उपरांत सब्सिडी डीबीटी द्वारा सीधे लाभार्थी के खाते में भेजी जाएगी। इस प्लांट को लगवाने के लिए मात्र 7% की ब्याज दर से बैंक लोन की सुविधा भी उपलब्ध है। 3 किलो वाट का प्लाट मात्र रुपया 1800 की आसान ईएमआई पर लगवा सकते हैं।

## ब्लाक स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिताएं शुरू



**अमेठी/शाहगढ़ अवधनामा संवाददाता।** युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग की ओर से ब्लाक स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिताएं गुरुवार को शुरू हुई। पहले दिन राजापुर कौहार में एथेलेटिक्स एवं अन्य खेलों में ग्रामीण अंचल के खिलाड़ी उत्साह से शामिल हुए। ब्लाक प्रमुख सदाशिव यादव ने क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी रागिनी के साथ प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। बहोरखा के प्रधान रज्जन सिंह भदौरिया ने खिलाड़ियों को पुरस्कार, मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान किए। बालक वर्ग जूनियर स्तरीय 400 मीटर दौड़ में नितेश चौहान प्रथम, साहिल द्वितीय, मनीष कुमार तृतीय स्थान सीनियर बालक वर्ग 400 मीटर दौड़ में आशीष यादव प्रथम, आशीष शर्मा द्वितीय, पवन मिश्रा तृतीय,बालिका वर्ग की 100 मीटर दौड़ में किरन प्रथम, अंजली द्वितीय, खुशबू तृतीय तथा बालक वर्ग में विवेक प्रथम, अमित द्वितीय, अभिषेक तृतीय, बालक वर्ग 100 मीटर जूनियर स्तर की दौड़ में राज निर्मल प्रथम, अमित द्वितीय, विकास तृतीय, बालिका वर्ग किरन यादव प्रथम, आंशिक सिंह द्वितीय, खुशबू तृतीय स्थान पर रहे, बालक वर्ग जूनियर स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में विजेता करैया, उपविजेता बहोरखा टीम सब जूनियर बालक वर्ग वॉलीबॉल में बहोरखा विजेता पिछौरा



# सड़क सुरक्षा अभियान, एसपी ने वाहन चालकों को दिए गुलाब, आज से एक्शन मोड में आएगी पुलिस



**अमेठी।** मुख्य मंत्री के निर्देश पर जिले के सभी अधिकारी सड़क सुरक्षा अभियान में लग गए हैं। जागरूकता अभियान की डेट लाइन गुरुवार को समाप्त हो गई है। शुक्रवार से पुलिस प्रशासन एक्सन मोड में काम करेगा। यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वाले सभी प्रकार के वाहनों का चालान किया जाएगा। पुलिस जुर्माना भी ठोंकेगी। गुरुवार को गौरीगंज में सब्जी मंडी में यातायात प्रभारी के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम की कमान पुलिस अधीक्षक अर्पणा रजत कौशिक ने स्वयं संभाली और बिना हेलमेट के वाहन चला रहे बाइक चालकों को रास्ते में रोककर गुलाब के फूल भेंट किए और यातायात के नियमों का पालन करते हुए जीवन रक्षा के संदेश दिए।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह और महाकुंभ के दौरान सड़कों पर सुरक्षित यातायात के लिए मुख्य मंत्री गंभीर है। सीएम के निर्देश पर इस बार जनवरी माह में एक महीने का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस के साथ एन एच आई,लोक निर्माण विभाग , उत्तर प्रदेश परिवहन निगम और ए आर टी ओ को सड़क मार्गों पर सुरक्षित यातायात के लिए अलग अलग काम दिए गए हैं।

### मुख्य सड़कों के किनारे पेड़ों पर लगाए जायेंगे ट्री प्लेट

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** लोक निर्माण विभाग मुख्य सड़कों पर सुरक्षित यातायात के लिए जरूरी काम के लिए चिन्हांकन के काम में लगा हुआ है। ट्री प्लेट लगाने और सफेद पट्टी की पेंटिंग के लिए सड़कें चिंहित की जा रही है। गुरुवार की शाम अधिशासी अभियंता इंजीनियर रमेश चंद्र ने मातहत कार्मिकों के साथ वर्चुअल कर काम की प्रगति की समीक्षा की। एसपी अपर्णा रजत कौशिक भी लोगों को जागरूक करने सड़क पर उतर आई और बिना हेलमेट व सीट बेल्ट न लगाकर वाहन चलाने वाले चालकों को गुलाब का फूल देकर यातायात नियमो के पालन करने की अपील की। एसपी ने मानक से अधिक सवारी न बैठाने, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करने, नाबालिग को वाहन न चलाने देने, सीट बेल्ट लगाने, दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करने और वाहनों को ओवरलोड न चलाने के लिये लोगों को जागरूक किया। सर्वेश कुमार सिंह ए आर टी ओ, अमेठी ने कहा सड़क सुरक्षा अभियान के अन्तर्गत जागरूकता कार्यक्रम दस जनवरी तक करने का निर्देश था।शुक्रवार से जागरूकता अभियान के साथ लापरवाही करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध एक्सन भी लिया जाएगा। संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। जनवरी के पूरे महीने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा अभियान में सभी विभाग शामिल होंगे। स्कूलों में भाषण, निबंध, चित्रकला प्रतियोगिता आदि कार्यक्रम किए जायेंगे।

## फार्मर रजिस्ट्री आईडी न बनवाने पर किसान सम्मान निधि की अगली किश्त नहीं पायेंगे किसान



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** सर्द भरे मौसम में किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आई डी जारी करने के विशेष अभियान चल रहा है। डीएम निशा अनंत रोज प्रगति की समीक्षा कर रही हैं। फार्मर रजिस्ट्री आई डी के मामले में जनपद प्रदेश में तेरहवें स्थान पर है। गुरुवार को उप कृषि निदेशक ने एस डी ओ और अन्य विभागीय कार्मिकों के साथ वर्चुअल बैठक कर प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। गुरुवार तक प्रगति 26 फीसदी है। तिलोई तहसील में काम नम्बर एक पर है। अमेठी तहसील सबसे पीछे है। जिले में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लाभार्थियों की संख्या 242054 है। गुरुवार तक 62889 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आई डी तैयार की जा चुकी है। उपकृषि निदेशक ने कहा कि जो भी किसान फार्मर रजिस्ट्री आई डी नहीं बनवायेंगे, उनको प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की अगली किश्त नहीं मिलेगी। कृषि विभाग की अन्य योजनाओं के लाभ से भी वंचित होना पड़ सकता है।

# आरटीओ, यातायात पुलिस, शिक्षक, शिक्षिका व समाजसेवियों ने चलाया जागरूकता अभियान



- वाहन चालकों को सुरक्षित यातायात का सिखाया पाठ, नियम से चलने वालो को दिया गुलाब
- 11 जनवरी से चलेगा सघन अभियान जांचे जाएगे लांइसेंस, वाहनों के दस्तावेज, शीटबेल्ट, हेल्मेट व अनियंत्रित गति पर कटेगें चालान

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** दुर्घटनाओं के प्रतिशत को कम करने के लिए नगर में आरटीओ व यातायात पुलिस का रोडवेज बस स्टाप स्थित संयुक्त अभियान चलाया गया, अभियान में सैमफोर्ड स्कूल भी रहा शामिल, विद्यालय के प्रबंधक, शिक्षक, शिक्षिकाओ व समाजसेवियों ने भी दर्ज कराई उपस्थिति, यातायात निरीक्षक राम निरंजन व यात्री कर अधिकारी अश्वनी उपाध्याय के संयुक्त नेतृव में लांइसेंस, हेल्मेट, शीटबेल्ट व वाहन के दस्तावेज लेकर चलने वालो को गुलाब देकर उनका उत्साह बढ़ाया व जो नियम विरूद्ध यात्रा करते पकड़े गए उन्हें यातायात नियम के पाठ पढ़ाए गए, यात्रीकर अधिकारी अश्वनी उपाध्याय ने नियम विरूद्ध सफ़र करने वालो को सुझाते हुए कहाकि यदि आप नियम का पालन करगें तो आपको देखकर और लोग भी पालन करेगें, और आपके इस कृत्य को पुनीत कार्य के रूप में देखा जाएगा, यातायात निरीक्षक राम निरंजन ने कहाकि हम लोगों की सुरक्षा के लिए सड़क पर खड़े है, हमारा प्रयास दुर्घटनाओं का प्रतिशत शिफर करना है, हम वाहन चालको से अपील करते है की पुलिस के मांगने पर अपने वाहन के दस्तावेज दिखाए, पुलिस को देखकर ईधर, ऊधर न भागे इससे दुर्घटानाएं हो सकती है, पुलिस आपके सहयोग में खड़ी है, आपसे भी अपील है की पुलिस का सहयोग करें, अभिया में यातायात उप निरीक्षक नरेद्र बहादुर सिंह, जयप्रकाश, मुख्य आरक्षी अरविंद, मेजर बेलाल अहमद सहित होमगार्ड जवान, सैमफोर्ड विद्यालय के प्रबंधक, शिक्षक, शिक्षिका व समाजसेवी मौजूद रहे।

# पात्र लाभार्थियों का नाम छूटने पर सर्वेयर होंगे जिम्मेदार

- शासन के निर्देश पर परियोजना निदेशक ने सम्बंधित को जारी किया आवास प्लस 2024 के दिशा निर्देश।

अवधनामा संवाददाता

**सुलतानपुर।** शासन के निर्देश पर के क्रम में परियोजना निदेशक ए के सिंह ने सभी संबंधित अधिकारियों को आवास प्लस 2024 का सर्वे कराने का दिशा निर्देश जारी किया है। परियोजना निदेशक ने इसके लिए सभी संबंधित बीडीओ , सचिव और सर्वेयरों को निर्देशित किया है जल्द से जल्द ग्राम पंचायतों में सर्वेयर की मैपिंग एवं केवाईसी पूर्ण करते हुए सर्वे प्रारंभ कराएं। पीडी ए. के. सिंह ने बताया कि सर्वे पूर्ण करने के लिए भारत सरकार द्वारा 31 मार्च 2025 अंतिम तिथि बताई गई है परंतु शासन द्वारा 28 फरवरी 2025 तक सर्वे पूर्ण कर लेने के निर्देश दिए गए हैं जिससे शेष बचे एक माह में अन्य सभी औपचारिकताएं जैसे अपीलेट कमेटी, सत्यापन, इत्यादि समय से पूर्ण कराया जा सके। प्रत्येक ग्राम पंचायत में खुले बैठक का आयोजन किया जाए जिसमें सेल्फ सर्वे का व्यापक प्रचार प्रसार एवं सेल्फ सर्वे कैसे होगा इसकी जानकारी दी जाए। ध्यान रहे IGRS में पात्र किया गया कोई भी लाभार्थी न छूटने पाए। जीरो पॉवर्टी सर्वे में शामिल किए गए सभी परिवारों का नाम अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए। किसी भी पात्र व्यक्ति का नाम शामिल होने से न छूटने पाए इसका संपूर्ण उत्तरदायित्व सर्वेयर का होगा। अपात्र व्यक्ति को सर्वे में किसी भी दशा में शामिल न किया जाए। आवास प्लस 2018 की सूची से जो नाम ऑटो डिलीट हो गए थे अगर वह वर्तमान में पात्र हैं तो उनको भी शामिल किया जा सकता है। परियोजना निदेशक ने बताया कि सर्वे लाभार्थी के घर-घर जाकर ही किया जाना संभव हो सकेगा।

# सीएससी कार्य असंतोजनक पाए जाने पर होगा लाइसेंस निरस्त: जिलाधिकारी

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में फार्मर रजिस्ट्री के अंकन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य, अपर जिलाधिकारी वि0रा0 विशु राजा, जिला कृषि अधिकारी के साथ-साथ समस्त पंचायत सचिव, पंचायत सहायकों इत्यादि ने भी प्रतिभाग किया, जिलाधिकारी ने इस बैठक में कहा कि फार्मर रजिस्ट्री किसानों के हितार्थ हेतु अत्यंत अनिवार्य है, इसलिए इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए, इस कार्य को पूर्णतः गंभीरता से लें और मिशन मोड पर कार्य करें, साथ ही जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में ढाई से तीन लाख किसान हैं, परंतु केवल साठ हजार किसानों का ही फार्मर रजिस्ट्री हो पाया है, यह स्थिति अत्यंत असंतोजनक है।

उन्होंने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री एक ऐसी प्रणाली है, जिसमें किसानों की अलग-अलग भूमि विवरण की जानकारी को डिजिटल रूप से संग्रहित किया जाता है, इस प्रक्रिया के माध्यम से किसान अपनी भूमि का विवरण फसल की जानकारी जैसे जरूरी डाटा को सरकारी पोर्टल पर दर्ज कर सकते हैं, उसके बाद सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ सीधे किसानों तक पहुंचाया जा सकता है, उन्होंने कहा कि जो भी सीएससी इस कार्य को गंभीरता से नहीं कर रहे हैं या जिनकी प्रगति नगण्य है, उनका लाइसेंस निरस्त किया जाए। उन्होंने नारखी के बीएलई अजय प्रताप और बीएलई लोकेंद्र सिंह का अच्छा कार्य करने पर उनकी सराहना की, साथ ही त्रिलोकपुर, बेदीपुर सीएससी पर इस संबंध में असंतोंषजनक पाई गई, अंत में जिलाधिकारी ने कहा कि जिस भी सीएससी पर फार्मर रजिस्ट्री से संबंधित कार्य असंतोजनक पाया जाएगा, उसका लाइसेंस निरस्त कर दिया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### शशिकला उ.प्र. महिला एथलेटिक्स सब जूनियर की बनी कोच

**सुलतानपुर।** जिले के रामकली बालिका इंटरकालेज में कार्यरत व्यायाम शिक्षिका शशिकला मौर्य को उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स महिला सब जूनियर टीम का कोच नियुक्त किया गया है।11 से 14 जनवरी के मध्य झारखंड की राजधानी रांची में आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश महिला टीम एथलेटिक्स सबजूनियर संवर्ग की जिम्मेदारी राज्य क्रीड़ा संस्थान द्वारा दी गई है।नौ को सभी खिलाड़ी, कोच व मैनेजर संस्थान को अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे,अगला निर्देश मिलने पर टीम रवाना की जाएगी।जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर ने उनको कोच नियुक्त होने पर बधाई दी।क्रीड़ा सचिव दिलीप सिंह ने बताया कि शशिकला अपने समय की अच्छी एथलीट भी थी, साथ ही प्रधानाचार्या रीना सिंह, राजेश कनौजिया, मुनेंद्र मिश्र, सुरेश यादव, सुरेंद्र वर्मा, राहुल तिवारी, दिलीप कुमार सहित जिले के व्यायाम शिक्षक व खेल प्रेमियों ने बधाई दी है।

### अपना दल के जिला महासचिव विकास भवन के सामने करेंगे आमरण अनशन

**सुल्तानपुर।** भारतीय जनता पार्टी के सहयोगी दल अपना दल के जिला महासचिव ने विकास भवन के सामने आमरण अनशन करने की घोषणा की है। जिला महासचिव शिवेंद्र सिंह का कहना है कि मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई शिकायत के बावजूद जिला पंचायत राज अधिकारी की तरफ से अपेक्षित कार्रवाई नहीं की जा रही है। 2 वर्ष से शिकायत का गुणवत्तापूर्ण समाधान नहीं किया जा रहा है। जिला पंचायत राज विभाग में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार व्याप्त है और खुलेआम आरोपियों को अधिकारियों द्वारा संरक्षण दिया जा रहा है।

### डॉ. राधिका जिलोका ने शिकोहाबाद का नाम किया रोशन



**शिकोहाबाद।** डॉ राधिका जिलोका शाह, पुत्रवधु संजीव शाह ने पूरे उत्तर प्रदेश में एम डी एस डिग्री के प्रथम वर्ष में यूनिवर्सिटी टॉप कर जनपद का नाम रोशन किया है। जानकारी देते हुए संजीव शाह ने बताया कि डॉ राधिका प्रख्यात राजीव गांधी डेंटल यूनिवर्सिटी, दावानगिरी, कर्नाटका से अपनी बी डी एस की डिग्री पूरी कर वर्तमान में मथुरा के के डी डेंटल कॉलेज से एम डी एस मास्टर्स की पढ़ाई कर रही हैं, साथ ही राजधानी दिल्ली में डेंटल प्रैक्टिस की इंटर्नशिप भी कर रही हैं। डॉ राधिका की इस उपलब्धि पर, दोस्तों और समाज के वरिष्ठ लोगों ने बधाइयां और शुभकामनाएं दीं।

### रोटरी क्लब शिकोहाबाद द्वारा किया गया स्वेटर वितरण



**शिकोहाबाद।** रोटरी क्लब शिकोहाबाद द्वारा महाराजा अग्रसेन विद्यालय एवं रॉयल कृष्ण फाउंडेशन के बच्चों में स्वेटर वितरण किया गया। सर्दियों के मौसम को देखते हुए सामाजिक संस्थान रोटरी क्लब द्वारा ये नेक कदम उठाया गया, जिसमें लग भग 300 स्वेटर वितरित किए गए। इस मौके पर क्लब के अध्यक्ष डॉ संजीव आहूजा, सचिव रजत शाह एडवोकेट, एस एस खंडेलवाल, अनिल बंसल, प्रदीप बंसल, विनोद शाह, महेश जिंदल, सुधीर अग्रवाल, विपुल अग्रवाल, संजय गुप्ता, हरदीप गुप्ता, शिव कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### गौ सेवा आयोग सदस्य ने गौ शालाओं का निरीक्षण किया



**टूंडला।** गौ सेवा आयोग के सदस्य रमाकांत उपाध्याय ने गुरुवार को गौ आश्रय स्थल पहाड़ीपुर भोंडेला व फिरोजाबाद स्थित कान्हा गौ शाला का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि गौशालाओं में ठंडी को देखते हुए गोवंशों के लिए हरे चारे की व्यवस्था ठंडी से बचाव के लिए तिरपाल इत्यादि की व्यवस्था आदि हो, साथ ही साथ गौशालाओं में कीचड़ इत्यादि न हो, साफ-सफाई की भी व्यवस्था हो, अधिकारी इस बात को भली-भांति सुनिश्चित कर लें किसी भी तरह की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

### मुख्य पर्व व स्नान दिवस पर रहेगी अतिरिक्त वाहन की व्यवस्था

**बहराइच।** सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक, बहराइच ने बताया कि 13 जनवरी 2025 से प्रारम्भ हो रहे महाकुम्भ के दौरान मुख्य पर्व/स्नान के अवसर पर श्रद्धालुओं, यात्रियों, पर्यटकों को सुगम एवं सुचारू परिवहन व्यवस्था उपलब्ध कराने हेतु 13 जनवरी को पौस पूर्णिमा, 14 को मकर संक्रान्ति, 29 जनवरी को मौनी अमावस्या, 03 फरवरी को बसंत पंचमी, 12 को माघी पूर्णिमा व 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के अवसर पर भीड़ बढ़ने पर अतिरिक्त वाहनों की व्यवस्था की जायेगी। एआरएम ने बताया कि परिवहन के सम्बन्ध में अन्य जानकारी के लिए 7897542229 व 8726005912 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

**इकरा एजुकेशनल इंस्टीट्यूट नवादा, मक्खनपुर (फिरोजाबाद)**

**प्रवेश सूचना डीएलएड सत्र 2024 - 25**

**(मैनेजमेंट कोटे में 50 फीसदी सीटों पर प्रवेश उपलब्ध हैं।)**

ऐसे सभी अभ्यर्थी जो डी.एल.एड. सत्र 2024 - 2025 में प्रवेश हेतु इच्छुक हैं , वो अभ्यार्थी राज्य सरकार एवं एन.सी.टी.ई. के मानकानुसार निर्धारित शुल्क पर डी.एल.एड. सत्र 2024 - 25 में प्रवेश हेतु आवश्यक प्रपत्रों के साथ महाविद्यालय में अतिशीघ्र संपर्क करें ।

सचिव - मोहम्मद हमीद

मोबाइल. नं. 9837651407, 8979928979

E-mail id. - Iqrainstitute07@gmail.com

# संरक्षित गोवंशों को ठंड से बचाव हेतु मुकम्मल इंतजाम किए जाएं

- संरक्षित गोवंशों के स्वास्थ्य की बेहतर देखभाल हो: डीएम

अवधनामा संवाददाता



**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने विकास खंड सुल्तानगंज के ग्राम अहिरवा में संचालित वृहद गौ-आश्रय स्थल का स्थलीय निरीक्षण कर सचिव, ग्राम प्रधान को निर्देशित करते हुए कहा कि गौशाला की साफ-सफाई का आभाव है, गौशाला की नियमित रूप से सफाई कराई जाए, गोबर का उचित निदान किया जाये, संरक्षित गोवंशों को सर्दी से बचाव हेतु बाड़ों के चारों ओर पल्ली लगायी जाये, गौशालाओं में अलाव भी जलाये जायें। उन्होंने कहा कि संरक्षित गोवंशों को दोनों समय भरपूर मात्रा में भूसा, हरा चारा, दाना खिलाया जाए, जानकारी करने पर पाया कि गौशाला में 483 गोवंश संरक्षित है, सभी संरक्षित गोवंशों की ईयर टेगिंग की जा चुकी है, गोवंशों के लिए हरे चारे की उपलब्धता हेतु 04 हेक्टेयर भूमि में हरे चारे नेपियर घास, बरसीम, जई की बुवाई कराई गई है, प्रतिदिन गोवंशों को हरा चारा खिलाया जा रहा है।

उन्होने निरीक्षण के दौरान पाया कि गौशाला में वर्मी कंपोस्ट के माध्यम से गोबर की खाद तैयार की जा रही है, परिसर में ही स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेस-2 के अन्तर्गत बायो गैस आधारित 05 के.वी.ए. पावर जनरेट विद बायो गैस प्लांट की स्थापना की गयी है, बायो गैस प्लांट से उत्पादित विद्युत से ही गौ-संरक्षण केन्द्र की समर, जनरेटर, विद्युत आपूर्ति का संचालन किया जा रहा है, जिससे गौशाला में विद्युत आपूर्ति के साथ ट्यूवेल का भी संचालन हो रहा है। श्री सिंह ने निरीक्षण के दौरान मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को आदेशित करते हुये कहा कि जनपद में संचालित गौशालाओं में संरक्षित गोवंशों के स्वास्थ्य की पशु चिकित्साधिकारी प्रतिदिन देखभाल करें, गौवंशों हेतु गौशालाओं में पर्याप्त मात्रा में दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये, संरक्षित गोवंशों का पूरा डेटा अद्यावधिक रखा जाये, प्रत्येक माह के अंत में संरक्षित गोवंशों के रजिस्टर को अपडेट किया जाए। उन्होने ग्राम प्रधान, पशु चिकित्साधिकारी, खंड विकास अधिकारी, सचिव से कहा कि संचालित गौ-संरक्षण केंद्र से गौवंश सहभागिता योजना के अंतर्गत पालने हेतु लेने के लिए लोगों को प्रेरित करें, गौ-संरक्षण केंद्रों से 01 गोवंश लेने पर रू. 50 प्रतिदिन के हिसाब से मिलेगा। उन्होंने कहा कि जो भी लोग गौ-संरक्षण केंद्र से गौवंश ले जाएं उनका सही ढंग से भरण-पोषण करें, सत्यापन के उपरांत ही उन्हें धनराशि का भुगतान किया जाए। उन्होंने गौशाला के समीप ही विकसित अमृत सरोवर के निरीक्षण के दौरान सचिव, ग्राम प्रधान से कहा कि इंटर लॉकिंग करते समय भूमि को सही ढंग से समतल नहीं किया गया जिस कारण इंटर लॉकिंग धंस गयी हैं, इसे तत्काल ठीक कराया जाये। उन्होने ग्राम में स्थित डा. भीमराव अम्बेडकर पुस्तकालय का निरीक्षण करने पर पाया कि लाइब्रेरी में पुस्तकों के साथ इंटरनेट की सुविधा भी उपलब्ध है, निरीक्षण के दौरान लाइब्रेरी में 03 छात्र अध्यनरत् मिले, उन्होने छात्रों से संवाद करते हुये कहा कि जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत से शिक्षा ग्रहण करें। उन्होंने विकसित किए गए अमृत सरोवर, पुस्तकालय के रख-रखाव पर प्रशंसा व्यक्त की।

### हर ग्राम पंचायत में पुस्तकालय का निर्माण हो: डीएम

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में ग्राम विकास से संबंधित मनरेगा के तहत हुए कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की, सर्वप्रथम मनरेगा के तहत मनरेगा पार्क के कार्यों की समीक्षा की गई, उनको अवगत कराया गया की 124 चयनित पार्कों में से 27 पूर्ण हो चुके हैं और शेष निर्माणाधीन है, जिलाधिकारी ने कहा कि यह पार्क मानक के अनुरूप होना चाहिए, उन्होंने फील्ड विजिट न करने पर डीसी मनरेगा पर अत्यंत नाराजगी व्यक्त की। इसी प्रकार मनरेगा के तहत ग्राम पंचायतों में बन रहे पुस्तकालय की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि इन पुस्तकालय से बच्चों का मानसिक विकास होगा, उन्होंने कहा कि हर ग्राम पंचायत के हर गांव में एक पुस्तकालय अवश्य होनी चाहिए, जो बच्चों को प्रतिस्पर्धी, ज्ञानवर्धक बनाएगी, इस कार्य में वीडीओ सक्रियता दिखाएं और अपने यहां निर्माणाधीन पुस्तकालय को पूर्ण कराऐं, यहां पर किताबों की उपलब्धता हों, इंग्लिश और हिंदी समाचार पत्र की उपलब्धता हो, विद्युत की व्यवस्था ठीक हो, अगर बिजली चली जाए तो इनवर्टर की वैकल्पिक व्यवस्था होनी चाहिए।

# फार्मर रजिस्ट्री न कराने वाले किसानों को नहीं मिलेगा किसान सम्मान निधि योजना का लाभ: डीएम

- डीएम ने सभी किसानों तथा ग्राम प्रधानों से फार्मर रजिस्ट्री कराने की अपील

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जनपद में फार्मर रजिस्ट्री तैयार कराने हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने संतोष जनक प्रगति न पाये जाने पर जनपद के समस्त राजस्व निरीक्षकों, कृषि विभाग के कार्मिकों तथा सीएससी संचालकों एवं उनके जिला प्रबन्धक तथा राजस्व विभाग के तहसील स्तरीय अधिकारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए एक सप्ताह के अन्दर अधिकतम लक्ष्य की पूर्ति प्राप्त करने का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान तहसील पयागपुर की प्रगति कम पाये जाने के कारण तहसील पयागपुर की क्लास लगायी तथा कड़ी चेतावनी देते हुए प्रगति में आपेक्षित सुधार लाने के निर्देश दिये। तहसील मिहींपुरवा द्वारा फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने पर अच्छा कार्य करने की प्रशंसा की। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने योजना से जुड़े सभी अधिकारियों को अधिकतम लक्ष्य की प्राप्ति करने का निर्देश दिया। उन्होंने जिले के किसान भाईयों तथा ग्राम प्रधान को पत्र भेजकर अधिक से अधिक किसानों को अपने नजदीकी जनसेवा केन्द्रों पर उपस्थित कराने की अपील की। जिससे भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की आगामी किश्त के लाभ से कोई किसान भाई वंचित न होने पाये। डीएम ने इस योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने तथा सभी किसानों से फार्मर रजिस्ट्री कराने को कहा। डीएम ने जिले के सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि अपने अधीनस्थ अधिकारियों कर्मचारियों को सीएससी आवंटित कर दी जाय तथा प्रतिदिन उसकी समीक्षा कर कम प्रगति वाले कार्मिकों के विरुद्ध कार्यवाही की जाय। यदि फिर भी सुधार नही आता है तो मुझे बतायी जाय। उप निदेशक कृषि शिशिर कुमार वर्मा ने बताया कि जनपद की रैकिंग प्रदेश में 23वें नम्बर पर है कतिपय कार्मिकों को छोड़कर अन्य सभी कर्मचारी अधिकारी अच्छा कार्य रहे है। शीघ्र ही दिये गये लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित करायी जायेगी। अपर जिलाधिकारी ने सभी राजस्व निरीक्षकों को निर्देश दिया कि समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण कराया जाय। शिथिल कार्मिकों के विरुद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जाय।

### जानकीदेवी की 132वीं जयन्ती समारोह पर हुआ कार्यक्रम आयोजित

**शिकोहाबाद।** साहित्य - संगीत - कला को समर्पित संस्था शब्दम् के तत्वधान में जानकीदेवी बजाज की 132वीं जयंती को मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ जानकी आंवला वाटिका में आंवले के पौधारोपण एवं संस्कृति भवन सभागार में ''ओम नमो नारायणा '' जाप के साथ हुआ । जानकी देवी बजाज के जीवन पर आधारित द्रश्यश्रृव्य दिखाया गया। शब्दम् अध्यक्ष किरण बजाज ने मुम्बई से भेजे अपने संदेश में कहा कि आज से 100 वर्ष पूर्व जब समाज रूढ़वादिता से जकडा हुआ था, तब एक महिला का पर्दा उठाना, एक महान क्रांति था। उस समय समाज जातिवाद की कुरीतियों में लिप्त था, तब जानकीदेवी बजाज ने वर्धा मंदिर में दलितों के प्रवेश के लिए आवाज उठायी और वर्धा लक्ष्मीनारायण मंदिर वह पहला मंदिर बना जो दलितों के लिए खोला गया। इस मौके पर दीपक औहरी ने जानकी देवी बजाज के जीवन के गौ सेवा एवं समाज सेवा पक्ष को रखते हुए बताया कि जानकी देवी बजाज आजीवन गौ सेवा संघ की अध्यक्ष रही।

### मिस नॉर्थ इंडिया आइकॉन के ऑडिशन व स्क्रीन टैस्ट 11 को

**फिरोजाबाद।** शैक्षिक, सांस्कृतिक व सामाजिक संस्था फ्रेंड्स प्रतिभा दर्पण के तत्त्वाधान में ''29वें यूपी टैलेंट अवार्ड्स'' व मिस नॉर्थ इंडिया आइकॉन प्रतियोगिता के लिए ऑडिशन व स्क्रीन टैस्ट का आयोजन होटल गर्ग फ़िरोज़ाबाद में शनिवार 11 जनवरी को दोपहर 12 बजे से किया जा रहा है। मिस नॉर्थ इंडिया आइकॉन, प्रिंस-प्रिंसेज ऑफ यूपी के लिए आयु सीमा 16 से 22 वर्ष होगी। ग्रुप डांस के लिए 12 से 15 वर्ष सोलो डांस के लिए 12 से 16 वर्ष, सिंगिंग के लिए 15 से 25 वर्ष आयु के प्रतिभागी प्रतिभाग कर सकेंगे। स्व. राज कपूर के गानों को प्रस्तुत करने वाले व उनके गीतों पर परफॉरमेंस के लिए अतिरिक्त 5 अंक चयन समिति द्वारा प्रदान किये जायेंगे।यह जानकारी प्रेस वार्ता के दौरान संस्थापक अध्यक्ष संजय त्रिपाठी ने दी साथ ही कार्यक्रम का पोस्टर लॉन्च किया गया। इवेंट मैनेजर डॉ नम्रता निश्चल त्रिपाठी ने बताया कि ऑडिशन व स्क्रीन टैस्ट में चयनित प्रतिभागी ग्रैंड फिनाले में में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

# डीएम ने आंगनबाड़ी केंद्रों पर कार्यवाही पूर्ण न करने पर चार्जशीट के दिए निर्देश

अवधनामा संवाददाता

- बच्चों के सीखने और सिखाने की गतिविधियों में गुणात्मक सुधार आवष्यक: जिलाधिकारी

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में बाल विकास एवं पुष्टाहार की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, इसमें जिलाधिकारी ने आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों की भर्ती के संबंध में जानकारी चाहीं, जिस पर उन्हें अवगत कराया गया कि जनपद में कुल 345 पद हैं और 1444 लोगों ने अपना आवेदन भेजा है, जिलाधिकारी इस बात पर खासे नाराज दिखे कि एका ब्लॉक में कुल 28 आंगनबाड़ी केंद्र में से केवल आठ केंद्र संचालित है और 20 केंद्र बंद पड़े हैं, जिलाधिकारी ने यहां कार्यरत सुपरवाइजरों पर कार्यवाही करने के आदेश दिए, साथ ही उन्होंने कहा कि सभी आंगनबाड़ी केंद्रों की जांच सचिव, ग्राम प्रधान करेंगे, अगर कहीं भी अनियमितता पाई गई तो, सुपरवाइजर निलंबित होगा। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि राशन वितरण केंद्रो पर अलग से अधिकारी लगाए जाएं, उन्होंने कहा कि एसएसजी खंड विकास अधिकारी की उपस्थिति में ही केंद्रों से सामान उठायें, उन्होंने कहा कि अब आंगनबाड़ी केंद्रों का स्तर सुधारना होगा, यहां पर बच्चों के सीखने और सीखाने की गतिविधियों में गुणात्मक सुधार करना होगा, प्राइवेट स्कूलों के टीचर्स की सेवाएं भी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशिक्षित करने के लिए लेनी होगी, जिलाधिकारी ने जोर देकर कहा कि सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बच्चों की उपस्थिति 60 प्रतिशत अनिवार्य रूप से होनी चाहिए, उन्होंने निर्देशित किया कि जहां आंगनबाड़ी केंद्र निर्माणाधीन अवस्था में है, उनको अति शीघ्र पूर्ण कराऐं, उन्होने कहा कि साथ ही बाल मैत्रिक शौचालय भी 26 जनवरी तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी सुपरवाइजर यह सुनिश्चित करलें की जनपद में सभी आंगनबाड़ी केंद्र संचालित होने चाहिए, अन्यथा कार्यवाही के लिए तैयार रहें, जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी केंद्रों पर साज-सज्जा हेतु शासन से प्राप्त आवंटित बजट के सामग्री क्रय हेतु जैम पोर्टल पर कार्यवाही पूर्ण न करने के कारण जिला कार्यक्रम अधिकारी को चार्जशीट देने के आदेश दिए।

**रेलयात्री कृपया ध्यान दें!**

**महत्वपूर्ण सूचना**

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियाँ नीचे दी गई समय–सारणी के अनुसार चलाई जाएंगी–

**रेलगाड़ी संख्या 09525/09526 हापा-नाहरलगुन-हापा विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)**

| रेलगाड़ी सं. 09525 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 09526 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 00:40 | हापा | 00:30 | --- |
| 11:10 | 11:20 | वाराणसी | 14:10 | 14:15 |
| 16:00 | --- | नाहरलगुन | --- | 10:00 |

**चलने के दिनः 09525 हापा से** प्रत्येक बुधवार को दिनांक 22.01.2025 (29.01.2025, 05.02.2025 एवं 12.02.2025 को छोड़कर) से अगले आदेश तक और **09526 नाहरलगुन** से प्रत्येक शनिवार को दिनांक 11.01.2025 (18.01.2025, 01.02.2025, 08.02.2025 एवं 15.02.2025 को छोड़कर) से अगले आदेश तक।

**स्थानः** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

**ठहरावः** राजकोट, वांकानेर जं., सुरेंद्रनगर, अहमदाबाद, नडियाद, आणंद, छायापुरी, गोधरा, रतलाम, नागदा, उज्जैन, मक्सी जं., शाजापुर, ब्यावरा राजगढ़, रुठियाई जं., गुना जं., शिवपुरी, ग्वालियर, भिण्ड, इटावा, गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., ज्ञानपुर रोड, बनारस, गाजीपुर शहर, बलिया, छपरा, हाजीपुर, शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., नवगछिया, कटिहार, बारसोई, किशनगंज, न्यू जलपाईगुड़ी, न्यू कोचबिहार, कोकराझार, न्यू बंगाईगाँव, बरपेटा रोड, रंगिया जं., उदालगुड़ी, न्यू मिसामारी, रंगापाडा नॉर्थ और हारमती जं. स्टेशन।

**रेलगाड़ी संख्या 05049/05050 छपरा-अमृतसर-छपरा विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)**

| रेलगाड़ी सं. 05049 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 05050 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 10:15 | छपरा | 23:55 | --- |
| 13:50 | --- | अमृतसर | --- | 17:45 |

**चलने के दिनः 05049 छपरा से** प्रत्येक शुक्रवार को दिनांक 07.02.2025 (14.02.2025 को छोड़कर) से अगले आदेश तक और **05050 अमृतसर से** प्रत्येक शनिवार को 08.02.2025 (15.02.2025 को छोड़कर) से अगले आदेश तक। **स्थानः** 3 टियर वाता. एवं शयनयान

**ठहरावः** सीवान जं., थावे जं., तमकुही रोड, पडरौना, कप्तानगंज जं., गोरखपुर जं., खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा जं., बुढ़वल जं., सीतापुर, बरेली, मुरादाबाद जं., सहारनपुर जं., अंबाला कैंट, ढंडारी कलां, जलंधर सिटी और ब्यास स्टेशन।

**रेलगाड़ी संख्या 05305/05306 छपरा-आनन्द विहार(टर्मि.)-छपरा विशेष रेलगाड़ी (सप्ताह में 02 दिन)**

| रेलगाड़ी सं. 05305 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 05306 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 22:00 | छपरा | 22:50 | --- |
| 22:10 | --- | आनन्द विहार (टर्मि.) | --- | 00:20 |

**चलने के दिनः 05305 छपरा से** प्रत्येक सोमवार एवं गुरूवार को दिनांक 17.02.2025 (24.02.2025 एवं 27.02.2025 को छोड़कर) से अगले आदेश तक और **05306 आनन्द विहार(टर्मि.) से** प्रत्येक बुधवार एवं शनिवार को दिनांक 19.02.2025 (26.02.2025 एवं 01.03.2025 को छोड़कर) से अगले आदेश तक।

**स्थानः** 3 टियर वाता. एवं शयनयान

**ठहरावः** सीवान जं., थावे जं., तमकुही रोड, पडरौना, कप्तानगंज जं., गोरखपुर जं., खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, मनकापुर जं., गोंडा जं., बाराबंकी जं., बादशाहनगर, ऐशबाग, कानपुर सेंट्रल और इटावा जं. स्टेशन।

**रेलगाड़ी संख्या 05057/05058 गोरखपुर-दिल्ली जं.-गोरखपुर विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)**

| रेलगाड़ी सं. 05057 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 05058 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 22:45 | गोरखपुर | 06:25 | --- |
| 12:50 | --- | दिल्ली जं. | --- | 14:00 |

**चलने के दिनः 05057 गोरखपुर से** प्रत्येक गुरूवार को दिनांक 06.02.2025 (13.02.2025 एवं 27.02.2025 को छोड़कर) से अगले आदेश तक और **05058 दिल्ली जं. से** प्रत्येक शुक्रवार को दिनांक 07.02.2025 (14.02.2025 एवं 28.02.2025 को छोड़कर) से अगले आदेश तक।

**स्थानः** 3 टियर वाता. एवं शयनयान

**ठहरावः** खलीलाबाद, बस्ती, बुढ़वल, सीतापुर, बरेली, मुरादाबाद एवं गाजियाबाद स्टेशन।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि विस्तृत समय-सारणी एवं ठहराव सहित किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

# पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के चाचा राजपाल यादव का निधन

**सैफई में हुआ अंतिम संस्कार**

वहाज अली निहाल/बी पी यादव



**सैफई, इटावा।** गुरुवार सुबह समाजवादी पार्टी के संरक्षक और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के छोटे भाई राजपाल सिंह यादव का लंबी बीमारी के बाद गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में निधन हो गया। वे 73 वर्ष के थे और पिछले कुछ महीनों से स्वास्थ्य संबंधी गंभीर समस्याओं से जूझ रहे थे। तड़के करीब 4 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन से यादव परिवार और समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं में गहरा शोक व्याप्त हो गया। राजपाल यादव, जो समाजवादी पार्टी और यादव परिवार के लिए एक मजबूत स्तंभ माने जाते थे, इटावा के जिला पंचायत अध्यक्ष अभिषेक यादव उर्फ अंशुल यादव के पिता थे। उनकी पत्नी प्रेमलता यादव भी जिला पंचायत अध्यक्ष रह चुकी हैं। राजपाल यादव ने अपने जीवन में समाजवादी विचारधारा को न केवल आत्मसात किया बल्कि पार्टी को हर कठिन समय में मजबूती प्रदान की। उनके निधन के बाद गुरुग्राम से उनके पार्थिव शरीर को सैफई लाया गया। परिवार के सदस्यों और समर्थकों ने सुबह से ही सैफई स्थित आवास पर जुटना शुरू कर दिया। पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उनके भतीजे अखिलेश यादव के आवास के पास बने गेस्ट हाउस में रखा गया। राजपाल यादव का अंतिम संस्कार गुरुवार शाम उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई के नए आवासीय परिसर गेट के सामने पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया। इस दौरान यादव परिवार और समाजवादी पार्टी के कई दिग्गज नेता, कार्यकर्ता और शुभचिंतक मौजूद रहे।

मुखाग्नि उनके बड़े बेटे अभिषेक यादव उर्फ अंशुल यादव ने दी। इस दौरान परिवार के सदस्य भावुक नजर आए। सैफई के आस-पास के गांवों और जिलों से हजारों की संख्या में लोग अंतिम विदाई देने पहुंचे। राजपाल यादव लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उन्हें कई बार सैफई मेडिकल कॉलेज और अन्य बड़े अस्पतालों में भर्ती कराया गया था। उनकी स्थिति में सुधार न होने के कारण उन्हें गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा था। लेकिन गुरुवार सुबह उन्होंने दम तोड़ दिया। राजपाल यादव ने न केवल यादव परिवार बल्कि समाजवादी पार्टी के लिए भी अपना जीवन समर्पित किया। वे पार्टी के प्रति निष्ठावान रहे और हमेशा समाज के कमजोर और पिछड़े वर्गों के लिए काम किया। उनके संघर्षशील व्यक्तित्व और सामाजिक सेवा के प्रति समर्पण को पार्टी और उनके समर्थक हमेशा याद करेंगे। अंतिम संस्कार में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, सांसद डिंपल यादव, शिवपाल सिंह यादव, प्रो. रामगोपाल यादव, धर्मेंद्र यादव, अक्षय यादव, आदित्य यादव, तेज प्रताप यादव समेत परिवार के सभी सदस्य शामिल हुए। इसके अलावा समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और सांसद नरेश उत्तम पटेल, पूर्व सांसद राजा रामपाल, जितेंद्र दोहरी सहित कई विधायक, पूर्व मंत्री और हजारों कार्यकर्ताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

राजपाल यादव का निधन न केवल यादव परिवार बल्कि समाजवादी पार्टी के लिए भी एक अपूरणीय क्षति है। उनके निधन ने समाजवादी विचारधारा के एक मजबूत स्तंभ को खो दिया है। उनका जीवन संघर्ष और सामाजिक सेवा का प्रतीक था, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बना रहेगा। सैफई में हर किसी की आंखें नम थीं। समर्थकों ने उन्हें याद करते हुए कहा कि राजपाल यादव का योगदान समाजवादी आंदोलन और पार्टी के इतिहास में हमेशा अमिट रहेगा। यादव परिवार और पार्टी के लिए यह कठिन समय है, लेकिन राजपाल यादव की स्मृतियां और उनके विचार हमेशा उनके समर्थकों को प्रेरित करेंगे। उनकी अंतिम विदाई में उमड़ा जनसैलाब इस बात का प्रमाण था कि उन्होंने अपने जीवन में किस प्रकार समाज और पार्टी के लिए अपना योगदान दिया। उनकी कमी हमेशा खलेगी, लेकिन उनकी विरासत और आदर्श हमेशा समाजवादी पार्टी और यादव परिवार को मार्गदर्शन देते रहेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### बिजली चोरी को लेकर चला अभियान



**सोनभद्र, अवधनामा ब्यूरो।** जनपद के चोपन ब्लाक अंतर्गत जुगैल में विद्युत विभाग द्वारा राजस्व वसूली व बिजली चोरी को लेकर अभियान चलाया गया जिसमें बेलगड़ी , पिपरा ,सिदहवा डॉड में बिजली चोरी के तहत 23 लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया गया एवं 122 बकाए दार उपभोक्ताओं की लाइट काटी गई ।टीम में अवर अभियंता लोकनाथ ,के साथ ज्योति कुमार ,हरिशंकर द्विवेदी, एवं लाइनमैन महेंद्र ,राहुल शामिल रहे। अवर अभियंता ने जनता से अपील की लोग ब्याज माफी के तहत अपना बकाया जमा कर विभागीय कार्यवाही से बचे।

### संविधान गौरव अभियान कार्यशाला संपन्न



**इटावा, इकदिल।** भाजपा इकदिल मंडल में संविधान गौरव अभियान कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया उपस्थित रहे। अध्यक्षता नरेंद्र बरुआ ने की तथा संचालन शिवेंद्र मिश्रा ने किया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को लेकर इन दिनों चल रही राजनीति के बीच भाजपा संगठन ने संविधान गौरव अभियान चलाने का निर्णय लिया है। इसके जरिए भाजपा देश की आम जनता तक बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के संघर्ष संविधान निर्माण और कांग्रेस के द्वारा किए गए उनके साथ क्षल को जनता के बीच पहुंचाने का काम करेगी। यह संविधान गौरव अभियान 11 जनवरी से 25 जनवरी तक चलाया जाएगा। इस मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉ.सुशील सम्राट, महेंद्र जाटव, देवकी नंदन त्रिपाठी, प्रिया तिवारी, उमेश मिश्रा, सुनील राजपूत सभासद, हिमांशु पचौरी, देशराज राजपूत, नवीन मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

### बच्चों के विवाद में महिला के साथ मारपीट, तीन नामजद

**मौदहा हमीरपुर।** बच्चों को लेकर उपजे विवाद में महिला के साथ हुई मारपीट में पुलिस ने तीन लोगों पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कस्बे के मोहल्ला हैदरिया निवासी फरीदा पत्नी शहजाद ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि बीते छः जनवरी की शाम को बच्चों को लेकर उपजे विवाद में मोहल्ले के मुस्तफा पुत्र सुभानी,फरीद पुत्र मुस्तफा और शबीना पत्नी फरीद ने उसके घर में पत्थर फेंके और गालीगलौज के साथ मारपीट की।पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### नाजायज तमंचा कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**मौदहा हमीरपुर।** इस समय क्षेत्र में मादक पदार्थो की तस्करी के साथ ही नाजायज तमंचों का कारोबार भी किया जा रहा है जिसके चलते पुलिस ने एक युवक को नाजायज तमंचा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। बिंवार पुलिस वारंटियों की तलाश और विवेचना के सिलसिले में क्षेत्र में थी तभी मुखबिर ने सूचना दी कि अतरार जाने वाले रास्ते से लगभग पांच सौ मीटर अंदर एक संदिग्ध व्यक्ति बैठा हुआ है जिसके पास संदिग्ध वस्तु भी है।मुखबिर की सूचना पर तत्परता दिखाते हुए पुलिस ने घेराबंदी कर युवक को पकड़ कर पूछताछ की तो आरोपी ने अपना नाम रविकरण पुत्र नारायण निवासी एचना थाना खरेला जिला महोबा बताया।पकड़े गए युवक की जब पुलिस ने तलाशी ली तो युवक के पास एक लम्बी नाल का 315 बोर का नाजायज तमंचा और एक जिंदा कारतूस मिला।पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

### खबर प्रकाशित होने के बाद जागा विभाग, पाईपलाईन का काम शुरू



**सुमेरपुर हमीरपुर।** कस्बे के स्टेशन मार्ग में बदबूदार पानी की सप्लाई की खबर प्रकाशित होने के बाद जल संस्थान सुबह से पाइप लाइन की मरम्मत करने में जुट गया है। शाम तक आपूर्ति बहाल करने की बात कही है। जल संस्थान की लापरवाही से पिछले एक सप्ताह से बदबूदार गंदा पानी सप्लाई हो रहा था।गुरुवार को इस खबर को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया था। खबर के प्रकाशित होते ही सुबह से सक्रिय हुआ जल संस्थान पाइपलाइन की मरम्मत में जुट गया है। स्टेशन के समीप बाबू गुप्ता के होटल के पास पाइपलाइन को खोदकर पाइपलाइन में एकत्र हुआ गंदा कचरा साफ करने की कवायद की जा रही है। मरम्मत करने में जुटे कर्मियों ने बताया की रानी लक्ष्मीबाई चौराहा के समीप विगत दिनों ध्वस्त हुई पाइपलाइन के अंदर गंदा कचरा आ गया है। उसी के कारण समस्या खड़ी हुई है। कचरा साफ करके शाम तक आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। जल संस्थान की अवर अभियंता विश्वलेंद्रनाथ ने बताया की मरम्मत कराई जा रही है। शाम तक आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

# मृतक आश्रित को एसपी व क्षेत्रीय प्रबंधक ने सौंपा चेक

**बैंक ऑफ़ बड़ौदा का एटीएम का हुआ उद्घाटन**



अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** गुरुवार को पुलिस अधीक्षक अशोक मीना द्वारा पुलिस लाइन सोनभद्र में बैंक ऑफ बडौदा का नवीन एटीएम का उद्घाटन किया गया। इस एटीएम के शुभारंभ से ग्राहक 24/7 पैसों की निकासी कर सकते हैं।इस मौके पर बैंक ऑफ बड़ौदा वाराणसी के क्षेत्रीय महाप्रबंधक गंगा सिंह व पुलिस अधीक्षक द्वारा मृतक पुलिस कर्मियों के परिवार वालों को पुलिस सैलरी पैकेज के तह त 75 लाख व 20 लाख का चैक प्रदान किया गया तथा महाप्रबंधक द्वारा अपने संबोधन में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का अभिवादन किया एवं बैंक की ओर से अपनी शुभकामनाएं दी। उन्होनें पुलिस कर्मियों के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता को व्यक्त करते कहा कि बैंक ऑफ बड़ौदा आपको हर सहयोग देने के लिए तैयार है। बैंक ऑफ बड़ौदा ने पुलिस कर्मियों के लिए विशेष स्कीम वाला खाता तैयार किया है। उपस्थित सभी अधिकारियों के सहयोग के लिए उन्होनें सभी को धन्यवाद दिया। पुलिस अधीक्षक, अशोक मीना सिंह ने बैंक के प्रति अपना आभार व्यक्त किया। बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा पुलिस कर्मियों के लिए किये जा रहे कार्यो की उन्होनें सराहना की एवं उन्होनें कहा कि पुलिस लाइन में एटीएम खुलने से पुलिस कर्मियों को सहूलियत मिलेगी और वो अपने खाते से पैसे की निकासी आसानी से कर सकेंगे।

इस विशेष मौक पुलिस अधीक्षक अशोक मीना सिंह,अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह,आरआई मो नदीम वाराणसी क्षेत्रीय कार्यालय के महाप्रबंधक गंगा सिंह,ऋषि कुमार सिंह,अभिषेक कुमार, रवि राज रावटसगंज बैंक के शाखा प्रबंधक आलोक कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक इमरान अहमद, राकेश ओबरा शाखा के प्रबंधक राजू कुमार रेनुकूट के प्रबंधक अशोक कुमार राहुल रंजन वपुष्प राज के साथ अन्य कर्मचारी, पुलिस आदि मौजूद रहे।

# जिलाध्यक्ष पद के लिए 64 नामांकन व 12 नामांकन प्रदेश परिषद सदस्य के लिए दिये

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** संगठनात्मक पर्व के तहत जिलाध्यक्ष व प्रदेश परिषद सदस्य के निर्वाचन के लिए गुरुवार को भाजपा जनपद कार्यालय पर पूर्व राज्यमंत्री व जिला चुनाव अधिकारी वीरेंद्र तिवारी व जिला पर्यवेक्षक व अनुसूचित मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष रामचन्द्र कनौजिया की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शिवमहेश दुबे, डॉ रमाकांत शर्मा, गोपाल मोहन शर्मा, अन्नू गुप्ता, शिवाकांत चौधरी, प्रशांत राव चौबे, विमल भदौरिया, जितेन्द्र जैन, विरला शाक्या, डॉ ज्योति वर्मा, जितेंद्र गौड़, राहुल राजपूत, विकास भदौरिया, राजवर्धन भदौरिया, विवेक शाक्य गुड्डू, अशोक चौबे, सहित जनपद इटावा में जिलाध्यक्ष पद हेतु कुल 64 नामांकन तथा एम पी तोमर, अनंत अग्रवाल, नवल शुक्ला, श्रीमन नारायण तिवारी, मनोज गुप्ता व आकांक्षा गुप्ता सहित 12 नामांकन प्रदेश परिषद सदस्य हेतु जिला चुनाव अधिकारी वीरेंद्र तिवारी को सौपें। जिला चुनाव अधिकारी वीरेंद्र तिवारी ने कहा कि भाजपा में संगठन चुनाव एक पर्व की तरह मनाया जाता है। अभी तक संगठनात्मक चुनाव के तहत बूथ अध्यक्षों व 16 मण्डल अध्यक्षों में से 12 नाम घोषित किए जा चुके है। शेष बाकी बचे 4 मण्डल अध्यक्ष की घोषणा जिलाध्यक्ष की घोषणा के बाद ही संभव हो पाएगी।

जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला चुनाव अधिकारी वीरेंद्र तिवारी के समक्ष शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से जिला अध्यक्ष व प्रदेश परिषद पद हेतु नामांकन प्रक्रिया सम्पन्न हुई। जिलाध्यक्ष पद हेतु ब्राह्मण वर्ग से एक महिला सहित 25 नामांकन, क्षेत्रीय वर्ग से 14 नामांकन, ओबीसी वर्ग से 2 महिला समेत 16 नामांकन, अनुसूचित वर्ग से 3 नामांकन व अल्पसंख्यक जैन समाज से 2 नामांकन भरे गए वहीं प्रदेश परिषद सदस्य हेतु ब्राह्मण वर्ग से 4 नामांकन, क्षत्रिय वर्ग से 1 नामांकन, ओबीसी वर्ग से 4 नामांकन, अनुसूचित वर्ग से 2 नामांकन तथा 1 वैश्य महिला का नामांकन हुआ है।

# तीन दिवसीय ग्रामीण खेल कूद प्रतियोगिता अपने अंतिम चरण में



अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली के नैगम सामाजिक दायित्व विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय ग्रामीण खेल कूद प्रतियोगिता अब अपने अंतिम दिन की ओर बढ़ रही है। प्रतियोगिता में 400 मीटर, 200 मीटर और 100 मीटर रेस, रिले रेस, लॉन्ग जंप, फुटबॉल, वॉलीबॉल, कबड्डी और रस्साकस्सी जैसी विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है। अब तक की प्रतियोगिताओं मे 400 मीटर रेस मे लड़कियों मे प्रथम मधुप्रिया और लड़कों मे राहुल कुमार, 200 मीटर रेस मे प्रथम स्थान पर लड़कियों और लड़कों मे क्रमाश- मधुप्रिया और प्रशांत भारती रहे। कबड्डी मे अंबेडकर नगर की लड़कियों ने चिल्लाडांड को हराकर अव्वल रही। रस्सा कस्सी मे भी अंबेडकर नगर की महिलाएं दियापहरी की महिलाओं पर जीत हासिल की। आज तक के मुकाबलों में क्षेत्रीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया, और अब फाइनल मुकाबले के लिए चयनित खिलाड़ी प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। काली मंदिर, बस स्टैंड, बलिया नाला, अंबेडकर नगर, चिल्काकांड, निमियाटांड, दीया पहरी, कोहरौल, घरसड़ी और चंदुआर जैसे गांवों से खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस वर्ष की प्रतियोगिता में विशेष बात यह रही कि ग्रामीण महिलाओं ने भी खेलों में भाग लिया और अपनी मेहनत से यह साबित कर दिया कि वे किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं।

# विंध्य चिकित्सालय मे नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/ विंध्यनगर।** विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी एनटीपीसी विंध्याचल के नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत विंध्य चिकित्सालय मे प्रगति संस्था विंध्यनगर व स्वास्थ्य विभाग, मध्यप्रदेश शासन के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 09.01.2025 से 11.01.2025 तक तीन दिवसीय नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का शुभारंभ किया गया। इस नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर के दौरान साइट एवं लाइफ समिति नेत्र चिकित्सालय, मिर्जापुर से पधारे वरिष्ठ नेत्र चिकित्सा विशेषज्ञ, डॉ. आर सी दुआ, डॉ. नितिन दुआ तथा विंध्य-चिकित्सालय की नेत्र विशेषज्ञ डॉ.वर्तिका कुलश्रेष्ठ द्वारा मरीजों के मोतियाबिंद का आपरेशन किया जाएगा। इस नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन एनटीपीसी नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत विंध्य-चिकित्सालय की ओर से प्रत्येक वर्ष किया जाता है । नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि सांसद (सीधी/ सिंगरौली) डॉ. राजेश मिश्रा, विधायक(सिंगरौली) राम निवास शाह, कलेक्टर (सिंगरौली) चन्द्रशेखर शुक्ला, विशिष्ट अतिथि कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार के कर कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ । इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक (चिकित्सा) डॉ. बी सी चतुर्वेदी, महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण) संजीब कुमार साहा, महाप्रबंधक (आरएलआई) त्रिलोक सिंह, महाप्रबंधकगण (प्रचालन) राजशेखर पाला, महाप्रबंधक (मेंटीनेंस एवं एडीएम) ए जे राजकुमार, महाप्रबंधक (हरित रसायन एवं बीई) सुजय कर्माकर, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) राकेश अरोड़ा, उपाध्यक्षा (सुहासिनी संघ) सारिका चतुर्वेदी के साथ-साथ इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के ब्लड बैंक मेडिकल डायरेक्टर डॉ आर डी द्विवेदी, प्रधानाध्यापक (सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल, विंध्यनगर), अपर महाप्रबंधकगण, सुहासिनी संघ की वरिष्ठ पदाधिकारीगण, एनटीपीसी विंध्याचल परियोजना के विभागाध्यक्ष, यूनियन/ एसोसिएशन के प्रतिनिधि एवं चिकित्सालय, विंध्यनगर के डाक्टर्स व कर्मचारी तथा प्रगति संस्था के सदस्यगण भी उपस्थित रहे ।

## क्षेत्र में धड़ल्ले से बेची जा रही नकली खाद

अवधनामा संवाददाता

**मौदहा हमीरपुर।** कस्बे सहित क्षेत्र में खाद की किल्लत को देखते हुए खाद माफिया किसानों को नकली खाद बेचकर मोटा मुनाफा कमा रहे हैं ऐसे ही मामले में लगभग आधा दर्जन किसानों ने उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर खाद माफिया पर कार्यवाही करने की मार की है। मुस्कुरा थाना क्षेत्र के ग्राम इमिलिया निवासी सुनील कुमार, विक्रम सिंह, अमित सिंह और रामकरण सिंह ने उपजिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उन्होंने कस्बे के बड़ा चौराहे पर स्थित सोमनाथ गुप्ता के यहां से 123995? की 150 बोरी डीएपी खाद खरीदी थी जिसमें से 135 बोरी खाद का वह लोग अपने खेतों में छिड़काव कर चुके हैं।लेकिन बाद में जानकारी हुई कि खाद नकली है। जिससे उनकी खड़ी फसल पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। सभी किसानों ने मामले की जांच कर कार्यवाही की मांग की है। उक्त मामले में उपजिलाधिकारी से दूरभाष पर जानकारी लेना चाही लेकिन उनका फोन रिसीव न हो सका।

# सात सूत्रीय मांगों को लेकर किसानों ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**अनशन की दी चेतावनी**

अवधनामा संवाददाता



**मौदहा हमीरपुर।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक दल के एक दर्जन से अधिक कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को भेजते हुए किसानों एवं मजदूरों की विभिन्न प्रकार की समस्या पर तहसील एवं जनपदीय अधिकारियों की नाकामी से आहत होकर सात सूत्री मांगे पूरी करने की मांग की है। गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष राजा राम निषाद ने उप जिलाधिकारी के कार्यालय पहुंचकर अपनी समस्याओं का बखान करते हुए सात सूत्रीय मांगों में बताया की किसान कृषि विभाग द्वारा डीएपी खाद एंव यूरिया खाद समय पर सही ढंग से उपलब्ध न कराई जाने व जंगली जानवर, अन्ना गोवंश, नीलगाय, सूअर, हिरन आदि के द्वारा किसानों की फ़सले बर्बाद कर रहे है जिसपर उचित क़दम उठाकर कारवाई करने की मांग की है। वहीं के अलावा वन विभाग द्वारा निश्चित जगह पर संरक्षित किया जाए और जनपद की नदियों में जलधारा रोक कर मशीनों द्वारा रातों-रात मोरम निकली जा रही है जिससे दिनों दिन जलस्तर नीचे गिरता जा रहा है। जिसपर रोक लगाया जाए व सरकारी समितियो में यूरिया खाद की उपलब्धता बराबर सुनिश्चित करने व जिले के किसान दिवस मुख्यालय सभागार में मनाने के लिए तथा किसानों के किसान क्रेडिट कार्ड द्वारा लिए गए कर्ज को समय से वापस नहीं कर पा रहा जिस बैंक किसानों के ऊपर दबाव बना रहे हैं। जिससे किसान बुरी तरह आहत एवं परेशान है। शीघ्र किसानो की समस्या को निस्तारण करने की जोरदार मांग की अन्यथा की स्थिति में आगामी फरवरी माह में कलेक्ट्रेट परिसर गोल चबूतरा में आमरण अनशन एवं अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन आरंभ कर आर पार की लड़ाई लड़ने के लिए सभी कृषको ने चेतावनी दी है, जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। इस दौरान एक दर्जन से अधिक किसान उपस्थित रहे।

# इटरा गोलीकांड के दो आरोपी गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता



**सुमेरपुर हमीरपुर।** गत मंगलवार को इटरा गांव में खेत में पानी लगाने की विवाद में पालीवाल भाइयों के मध्य हुई गोलाबारी के तीन आरोपी घटना के तीन दिन गुजर जाने के बाद पुलिस की पकड़ से दूर हैं। पुलिस की टीमें लगातार छापेमारी कर रही है। वहीं पुलिस ने घटना के बाद गिरफ्तार दो नामजद आरोपियों को गुरुवार को जेल भिजवा दिया। उनके पास से पुलिस ने तमंचा के साथ एक अदद कुल्हाड़ी व डंडा बरामद किया है। कस्बे के पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष स्व.आनंदी प्रसाद पालीवाल के पुत्रों के मध्य जमीन बंटवारे को लेकर विवाद है। मंगलवार को आलोक पालीवाल खेत में पानी लगवा रहे थे। तभी राहुल उर्फ टिंकू पालीवाल ने खेत में पहुंचकर विरोध जताया था। वाद विवाद के बाद हुई गोलाबारी में टिंकू पालीवाल के सुरक्षाकर्मी फूल सिंह प्रजापति की गोली लगने से मौत हो गई थी और टिंकू पालीवाल के साथ उसका पुत्र आयुष पालीवाल घायल हुए थे। इस घटना के बाद सभी मौके से फरार हो गए थे। टिंकू पालीवाल ने पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

पुलिस ने नामजद पुनीत पालीवाल एवं इस्लाम खान को घटना के बाद गिरफ्तार कर लिया था। जबकि आलोक पालीवाल, संजय पालीवाल, अजय पालीवाल फरार हो गए। पुलिस उनकी तलाश में लगातार छापेमारी कर रहे हैं। लेकिन तीन दिन गुजर जाने के बाद वह पुलिस के हत्थे नहीं लगे हैं। थानाध्यक्ष अनूप कुमार सिंह ने बताया कि गुरुवार को आरोपी पुनीत पालीवाल एवं इस्लाम खान के पास से एक अदद तमंचा, कुल्हाड़ी व डंडा बरामद करके अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

# हमारा बूथ सबसे मजबूत कार्यशाला संपन्न

अवधनामा ब्यूरो




**सोनभद्र।** सोनभद्र नगर मंडल की कार्यशाला बैठक नगर स्थित वात्सल्य वाटिका में संपन्न हुई भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने के उत्सव को अभियान के माध्यम से भारतीय संविधान के मूल्य और सिद्धांतों का प्रचार प्रसार एवं संविधान के शिल्पकार बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि देने के लिए भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय नेतृत्व में 11 जनवरी से 26 जनवरी के मध्य गौरव संविधान अभियान मनाने का निश्चय किया है उसी क्रम में सोनभद्र नगर मंडल की कार्यशाला संपन्न हुई जिसमें नगर अध्यक्ष भाजपा विनय श्रीवास्तव के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में निवर्तमान जिला अध्यक्ष भाजपा अजीत चौबे उपस्थित रहे अजीत चौबे ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर एक सच्चे राष्ट्रवादी थे जिन्होंने संविधान की आत्मा को अभी मुक्त किया पिछले 75 वर्षों में कांग्रेस ने बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को लगातार अपमानित करने का काम किया कांग्रेस के इस मानसिकता की वजह से दशकों तक बाबा साहेब 70 साल शासन करने के बावजूद भारत रत्न नहीं दिया गया जबकि भारतीय जनता पार्टी ने 1990 को उन्हें भारत रत्न जैसे सम्मान से नवाजा यही नहीं कांग्रेस की इस मानसिकता की वजह से दशकों तक माननीय बाबा साहब का चित्र पुरानी संसद के सेंट्रल हॉल में नहीं लगाया लगाया गया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सब का साथ सबका विकास के मूल मंत्र पर कार्य करते हुए बाबा साहब से जुड़े स्थानों को पंच तीर्थ मानकर विकसित करने का कार्य किया गया नगर अध्यक्ष विनय श्रीवास्तव में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डॉक्टर अंबेडकर की 125वीं जयंती के अवसर पर संविधान दिवस की शुरुआत की डॉ भीमराव अंबेडकर के दिखाए गए रास्ते पर चलते हुए भाजपा सरकार ने 2019 में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में एससी-एसटी के लिए आरक्षण की 10 साल के लिए बढ़ा दिया और विपक्ष के लोगों ने लोकसभा चुनाव में संविधान को लेकर भ्रम फैलाकर भोली भाली जनता को गुमराह करने का प्रयास किया भारतीय जनता पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता जनता के द्वार पर जाकर विपक्ष के द्वारा फैलाए इस महाजाल को तोड़ने का कार्य करेगा इस कार्यशाला में नगर के पदाधिकारी शक्ति केंद्र संयोजक बूथ अध्यक्ष एवं वरिष्ठ जन उपस्थित रहे जिसमें कार्यक्रम का संचालन अनुपम त्रिपाठी ने किया।

# महाकुंभ : 7.5 वर्ष की उपलब्धियां गिनाएगी योगी सरकार

## तैयार की गई 40 पेज की बुकलेट, अपराधियों के विरुद्ध जीरो टालरेंस की नीति जारी

अवधनामा संवाददाता

■ गैंगस्टर अधिनियम के तहत 140.90 अरब रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की जा चुकी

लखनऊ। प्रयागराज महाकुंभ के दौरान योगी सरकार ने डबल इंजन सरकार की साढ़े सात वर्ष की उपलब्धियों की ब्रांडिंग के लिए बड़ी तैयारियां की हैं। सरकार ने 40 पेज की एक बुकलेट तैयार की है जिसमें कानून व्यवस्था, अवस्थापना सुविधाएं, निवेश, किसानों का उत्थान, वंचितों को वरीयता के साथ ही विभिन्न विभागों की उपलब्धियां गिनाई गई हैं। युवाओं, महिलाओं, अन्नदाता के अलावा शिक्षा व स्वास्थ्य क्षेत्र में अब तक किए गए कार्यों की जानकारी भी महाकुंभ के दौरान दी जाएगी।

सरकार ने जो बुकलेट तैयार की है उसकी टैगलाइन सुशासन, विकास व रोजगार दिया गया है। इसके कवर पेज पर गंगा जी का पूजन करते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तस्वीर दी गई है। सुदृढ़ कानून व्यवस्था के तहत सरकार यह बता रही है कि कानून व्यवस्था की स्थिति और अधिक बेहतर बनाने के लिए अपराध तथा अपराधियों के विरुद्ध जीरो टालरेंस की नीति जारी है।



लखनऊ, गौतमबुद्धनगर, कानपुर, वाराणसी, आगरा, गाजियाबाद व प्रयागराज में पुलिस कमिश्नरेट व्यवस्था लागू की गई है। महिला एवं बाल अपराध संबंधी मामलों के निस्तारण में प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। दुर्दांत अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई में अब तक 217 अपराधी मुठभेड़ में मारे गए हैं जबकि 7799 अपराधी घायल हुए हैं। गैंगस्टर अधिनियम के तहत 140.90 अरब रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की जा चुकी है। साइबर अपराधियों से निपटने के लिए 18 परिक्षेत्रीय साइबर क्राइम थाने की स्थापना के साथ ही 1530 थानों में साइबर सेल की स्थापना की गई है।

अवस्थापना सुविधाओं के बारे में बताया गया है कि भारत के कुल मोबाइल फोन मैन्यूफैक्चरिंग का लगभग 45 प्रतिशत योगदान उत्तर प्रदेश दे रहा है। सरकार छह औद्योगिक गलियारे पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर तथा छह औद्योगिक गलियारे बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे में विकसित कर रही है। एक जनपद-एक उत्पाद कार्यक्रम की शुरुआत के बाद राज्य का निर्यात 88,967 करोड़ रुपये से बढ़कर 1.80 लाख करोड़ से अधिक का हो गया है। हरियाली बढ़ाने के लिए भी सरकार ने बड़े प्रयास किए हैं। अब तक सरकार 204 करोड़ से अधिक पौधे लगा चुकी है।

### इन उपलब्धियों पर फोकस

- अब तक 6.50 लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी
- 1,21,324 मजरों का विद्युतीकरण
- पर्यटकों की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए पर्यटन पुलिस का गठन
- वित्तीय वर्ष 2023-24 में जीएसडीपी बढ़कर 25.48 लाख करोड़
- देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था, राष्ट्रीय आय में 9.2 प्रतिशत का योगदान
- 56.50 लाख से अधिक परिवारों को प्रधानमंत्री आवास की सुविधा
- प्रतिदिन नौ किलोमीटर की औसत से सड़कों का चौड़ीकरण व सुधार
- किलोमीटर प्रतिदिन नई सड़क का निर्माण
- पीएम स्वामित्व योजना के तहत अब तक 86,62,801 परिवारों को घरौनी
- अवैध कब्जे हटाने के लिए एंटी भू-माफिया टास्क फोर्स का गठन
- मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना में तीन वर्षों में 700 से अधिक युवा प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल
- मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में 4,17,232 जोड़ों का विवाह
- गोरखपुर में पूर्वांचल के पहले सैनिक स्कूल का शुभारंभ
- प्रदेश में 50 इन्क्यूबेटर तथा 72 हजार स्टार्टअप संचालित

### आयुष तिब्बी मेडिकल कैम्प का आयोजन शनिवार को

लखनऊ। आल इंडिया मोहम्मदी मिशन और एएमयू ओल्ड ब्वायज एसोसिएशन की ओर से शनिवार को कैसरबाग के मछली मोहला स्थित मदरसा सत्तारिया रजविया में आयुष तिब्बी मेडिकल कैम्प आयोजित होगा। मोहम्मदी मिशन के फैजान अतीक फिरंगी महली ने बताया कि सुबह 10:30 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होने वाले चिकित्सा शिविर में राजकीय तकमीलउल तिब्ब कॉलेज व चिकित्सालय के विशेषज्ञ चिकित्सक मरीजों की जांच कर निशुल्क दवाएं वितरित करेंगे। शिविर में पैथोलॉजी जांच की भी व्यवस्था रहेगी और ब्लड प्रेशर व शुगर की जांच भी होगी। महिलाओं के लिए महिला चिकित्सकों के साथ ही पर्दे की व्यवस्था भी होगी।

### महिला आयोग की अध्यक्ष आगरा में 10 जनवरी को

लखनऊ। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष (राज्यमंत्री स्तर) डा0 बबीता सिंह चौहान 10 जनवरी, 2025 को पूर्वान्ह 11:30 बजे जिला कारागार लखनऊ का निरीक्षण करेंगी। इसके उपरान्त मा0 अध्यक्ष अपरान्ह 01:30 बजे आगरा के लिए प्रस्थान कर सायं 05:30 बजे आगरा पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगी। अध्यक्ष 11 जनवरी, 2025 को पूर्वान्ह 10 बजे जीडी गोयनका स्कूल परिसर आगरा में आयोजित ताज साहित्य उत्सव 2025 में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करेंगी।

### विश्व हिन्दी दिवस के पर संगोष्ठी आज

लखनऊ। उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान द्वारा 'विश्व हिन्दी दिवस' 10 जनवरी, 2025 के अवसर पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन यहां निराला सभागार, हिन्दी भवन, लखनऊ में पूर्वाह्न 11:00 बजे से किया जा रहा है। संगोष्ठी में सम्माननीय अतिथि के रूप डॉ. सूर्य प्रसाद दीक्षित, डॉ. सुधाकर अदीब, डॉ. कैलाशदेवी सिंह, डॉ. सूर्यकान्त, लखनऊ उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में राज बहादुर, निदेशक, उ.प्र. हिन्दी संस्थान, लखनऊ भी उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी आज यहां हिंदी संस्थान की प्रधान संपादक डॉ. अमिता दुबे प्रधान जी ने दी।

# केनरा बैंक ने शुरू की केनरा एंजेल योजना



अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। केनरा बैंक की नींव उनकी ग्राहक सेवा पर आधारित है। केनरा बैंक ग्राहक सम्मेलन का आयोजन क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ-1 द्वारा बैंक के प्रीमियम ग्राहको के मध्य होटल दयाल पैराडाइज गोमती नगर में किया गया, जिसके बाद डिनर पार्टी का आयोजन किया गया। केनरा बैंक सभी योजनाएं जो महिलाओं के लिए केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा लागू की जाती है, सदैव उन योजनाओं को लागू कर महिलाओ के उत्थान के लिए अग्रणी रहा है। इसी क्रम में बैंक ने महिलाओं के लिए अपनी उत्कृष्ट योजना केनरा एंजल शुरू की है। यह योजना सभी महिलाओं के बीच बहुत लोकप्रिय हुई है।

जहां बैंक सभी महिला ग्राहकों को कैंसर के इलाज के लिए 10 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा दे रहा है, बशर्ते वे एक निश्चित राशि शेष रखें। केनरा बैंक एकमात्र बैंक है जो महिलाओं के लिए यह प्रतिष्ठित योजना प्रदान कर रहा है। किसी अन्य बैंक में महिलाओं के लिए इस प्रकार की योजना नहीं है। ग्राहकों के बीच बैंक की अन्य योजनाओं पर चर्चा की गई। ग्राहकों ने स्वास्थ्य बीमा और अन्य मुद्दों के बारे में बैंक अधिकारियों के साथ बातचीत भी की है।

### गोरखपुर की परियोजना के लिए 31.16 लाख रूपये मंजूर

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में पूर्वांचल विकास निधि (राज्यांश) के तहत जनपद गोरखपुर की एक परियोजना के क्रियान्वयन के लिए 31.16 लाख रूपये मंजूर किये हैं। मंजूर की गई धनराशि मुख्य विकास अधिकारी, गोरखपुर के निवर्तन पर रखी गई है। इस संबंध में जारी शासनादेश की प्रति मुख्य विकास अधिकारी, गोरखपुर को प्रेषित कर दी गई है। शासनादेश के अनुसार मंजूर की गई धनराशि से एन0एच0-28 से कोलिया से चकदऊर तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य कराया जायेगा। शासनादेश में यह भी कहा गया है कि यह धनराशि केवल इसी परियोजना पर ही मानक विशिष्टियों के अनुरूप व्यय की जायेगी। इसका उपयोग अन्य किसी प्रयोजन के लिए नहीं किया जायेगा। इससे इतर व्यय वित्तीय अनियमितता होगी, जिसका संपूर्ण दायित्व मुख्य विकास अधिकारी का होगा।

# आज से 13 जिलों की अग्निवीर भर्ती रैली

■ लखनऊ छावनी के एएमसी सेंटर और कॉलेज स्टेडियम में होगी प्रक्रिया

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। लखनऊ छावनी के एएमसी सेंटर एवं कॉलेज स्टेडियम में आज से भारतीय सेना अग्निवीर भर्ती रैली शुरू होगी। इसमें 13 जिलों के अभ्यर्थी शामिल होंगे। 22 जनवरी तक चलने वाली प्रक्रिया का सेना ने शेड्यूल जारी किया है। मध्य कमान के जनसंपर्क अधिकारी शांतनु प्रताप सिंह ने बताया कि भर्ती क्षेत्र उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के तत्वावधान में कार्यालय (मुख्यालय) लखनऊ द्वारा शुक्रवार से अग्निवीर (जीडी), अग्निवीर (तकनीकी), अग्निवीर (कार्यालय सहायक) और अग्निवीर (ट्रेड्समैन) के लिए भर्ती रैली शुरू होगी। इसमें अप्रैल 2024 में आयोजित ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम (सीईई) पास करने वाले औरैया, चित्रकूट, कन्नौज, बांदा, महोबा, हमीरपुर, बाराबंकी, गोंडा, कानपुर देहात, उन्नाव, कानपुर



नगर, फतेहपुर और लखनऊ के 10 हजार शॉर्टलिस्टेड उम्मीदवार भाग लेंगे। जो कि नये जारी एडमिट कार्ड पर उल्लिखित तिथि और समय पर एएमसी सेंटर एवं कॉलेज स्टेडियम सुबह 2 बजे पहुंचकर रिपोर्ट करेंगे। सभी के अलग-अलग प्रवेश पत्र जारी किए गए हैं। अभ्यर्थी प्रवेश पत्र और सभी दस्तावेज मूल रूप में भर्ती स्थल पर लाएंगे। दलालों के शिकार न बनें या किसी अनुचित साधन का सहारा न लें।

**इन जिलों के अभ्यर्थी इन तिथियों में करेंगें प्रतिभाग-** 10 जनवरी - कानपुर नगर अंतर्गत कानपुर, घाटमपुर, नरवल और बिल्हौर तहसील के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी की रैली। 11 जनवरी - फतेहपुर अंतर्गत बिंदकी, फतेहपुर, खागा तहसील और गोंडा अंतर्गत गोंडा, तरबगंज, मनकापुर और कर्नलगंज तहसील के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी की रैली

12 जनवरी - कन्नौज अंतर्गत छिबरामऊ, कन्नौज, तिर्वा, हसेरन और हमीरपुर अंतर्गत हमीरपुर, राठ, सेरीला और मौदहा तहसील के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी की रैली।

13 2025 - लखनऊ अंतर्गत मलिहाबाद, बीकेटी, मोहनलालगंज, सरोजिनी नगर तहसील और उन्नाव के अंतर्गत सफीपुर, हसनगंज, उन्नाव, पुरवा, बीघापुर और बांगरमऊ तहसील के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी

14 जनवरी 2025 - कानपुर देहात के अंतर्गत रसूलाबाद, डेरापुर, अकबरपुर, सिकंदरा, मैथा, भोगनीपुर तहसील और महोबा के अंतर्गत कुलपहाड़, चरखारी और महोबा तहसील के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी की रैली।

15 जनवरी - औरैया अंतर्गत बिधूना, औरैया, अजीतमल तहसील और बांदा अंतर्गत बांदा, बबेरू, अतर्रा, नरैनी और पैलानी तहसील के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी।

16 जनवरी - बाराबंकी अंतर्गत तहसील फतेहपुर, रामनगर, नवाबगंज, सिरसौली, गौसपुर, रामसनेहीघाट, हैदरगढ़ के लिए और चित्रकूट अंतर्गत कर्वी, मऊ, मानिकपुर, राजापुर तहसील के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी।

17 जनवरी - 13 जिलों की सभी तहसीलों के लिए अग्निवीर तकनीकी की रैली। 18 जनवरी - 13 जिलों की सभी तहसीलों के लिए अग्निवीर कार्यालय सहायक की रैली। 19 जनवरी - 13 जिलों की सभी तहसीलों के लिए अग्निवीर ट्रेड्समैन (कक्षा 8वीं और 10वीं उत्तीर्ण) की रैली।

### भड़के बिजली कर्मी 10 जनवरी को मनायेंगे विरोध दिवस

लखनऊ। उत्तर प्रदेश शासन की एनर्जी टास्क फोर्स द्वारा बिजली के निजीकरण के लिए ट्रांजेक्शन कंसल्टेंट नियुक्त करने की प्रक्रिया को अनुमति प्रदान करने से बिजली कर्मियों में भारी गुस्सा व्याप्त हो गया है। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने 10 जनवरी को विरोध दिवस मनाने और निजीकरण वापस होने तक सतत संघर्ष का ऐलान किया है।

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि उत्तर प्रदेश शासन की एनर्जी टास्क फोर्स ने पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसी के तहत ट्रांजैक्शन कंसल्टेंट नियुक्त करने के लिए आरएफपी डॉक्यूमेंट को अनुमति प्रदान करना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और भड़काने वाला कदम है। उन्होंने कहा कि इससे समस्त ऊर्जा निगमों के कर्मचारियों में भारी गुस्सा व्याप्त हो गया है।

### दो दिवसीय लोक विमर्श का हुआ समापन

लखनऊ। अवधी और भोजपुरी लोक साहित्य और संस्कृति पर चर्चा और 11 विभूतियों के सम्मान के साथ गुरुवार को दो दिवसीय लोक विमर्श का समापन हुआ। लोक संस्कृति शोध संस्थान की ओर से अलीगंज के यूपी महोत्सव मेला परिसर में आयोजित कार्यक्रम के आखिरी दिन डॉ. रामबहादुर मिश्र, प्रो. चन्द्रेश्वर, प्रो. अजीत प्रियदर्शी, डॉ. शशांक सिंह, डॉ. अशोक अज्ञानी और नागेन्द्र बहादुर सिंह ने अपने विचार व्यक्त किये। इस मौके पर लविवि हिन्दी विभाग की सेवानिवृत्त अध्यक्ष प्रो. कैलाश देवी सिंह सहित 11 विभूतियों को लोक संस्कृति सम्मान से सम्मानित किया गया। पदमश्री विद्याबिन्दु सिंह, विमल पन्त की मौजूदगी और लोक चौपाल प्रभारी अर्चना गुप्ता के संचालन में संगीत भवन की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी हुई। कार्यक्रम में सौम्या गोयल के निर्देशन में पायो जी मैंने राम रतन धन, आली री मेरे नैनन बान परी और हरी तुम हरो जन की भीर जैसे भजनों की प्रस्तुति और सुमन मिश्रा के संयोजन में डांडिया नृत्य हुआ। संस्थान के जनसम्पर्क अधिकारी ने बताया कि अवधी, भोजपुरी, बुंदेली, कुमाऊंनी, कन्नौजी पर आधारित परिचर्चा में निकले सुझावों पर संस्थान कार्ययोजना तैयार करेगा।

**पाथवे टू इम्प्लॉयमेंट समिट कौशल विकास, रोजगार सृजन, और उद्यमशीलता के लिए ऐतिहासिक पहल**

# युवाओं को रोजगार से जोड़ने और देश के आर्थिक विकास को बढ़ावा देने पर फोकस



महानिदेशक प्राविधिक शिक्षा अविनाश कृष्ण सिंह ने डिप्लोमा पाठ्यक्रमों को उद्योगोन्मुख बनाने की आवश्यकता पर दिया जोर

■ प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम ने रोजगार सृजन में ग्रामीण क्षेत्रों पर दिया जोर
■ प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा नरेंद्र भूषण ने इंडस्ट्री से मांगा सहयोग

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में गुरुवार को व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग, उत्तर प्रदेश; प्राविधिक शिक्षा विभाग और मेधा फाउंडेशन के सहयोग से 'पाथवे टू इम्प्लॉयमेंट समिट' का आयोजन किया गया। इस समिट का उद्देश्य युवाओं को कौशल विकास के माध्यम से रोजगार के लिए सशक्त बनाना, महिला रोजगार को प्रोत्साहित करना, स्टार्टअप और उद्यमशीलता को बढ़ावा देना, और देश के आर्थिक विकास में योगदान देना है। कार्यक्रम में 110 से अधिक प्रतिष्ठित औद्योगिक संगठनों के शीर्ष प्रबंधकों और प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस समिट ने शिक्षा, उद्योग, और सरकार के बीच साझेदारी को सुदृढ़ करने का मंच प्रदान किया, जिससे रोजगार और उद्यमशीलता के क्षेत्र में नई संभावनाओं का द्वार खुला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. हरिओम, प्रमुख सचिव, व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग, उत्तर प्रदेश का स्वागत प्रशिक्षण एवं सेवायोजन के अपर निदेशक राजेंद्र प्रसाद ने पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र देकर किया। डॉ. हरिओम ने अपने संबोधन में कहा कि नीतियां बनाना आसान है, लेकिन उन्हें प्रभावी तरीके से अमल में लाना ही असली चुनौती है। हमें ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन के लिए एग्रो सेक्टर और छोटे उद्योगों पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि कौशल विकास के जरिए युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। प्राविधिक शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव नरेंद्र भूषण ने अपने संबोधन में कहा कि उद्योग जगत और शिक्षा क्षेत्र के बीच मजबूत तालमेल से युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर दिए जा सकते हैं। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कौशल विकास कार्यक्रम सीधे इंडस्ट्री की आवश्यकताओं से जुड़े हों।

### सम्मानित साहित्यकारों को मिलेगा 51 हजार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान की ओर से संचालित बाल साहित्य संवर्द्धन योजना के तहत बाल साहित्य सम्मानों के लिए गठित समिति की बैठक में गुरुवार को वर्ष 2023 के सम्मानित होने वाले बाल साहित्यकारों का चयन किया गया। साहित्यकारों को सम्मान में 51 हजार रुपये की पुरस्कार राशि के साथ अंगवस्त्र और प्रशस्ति पत्र भेंट किया जाएगा। हिन्दी संस्थान की प्रधान संपादक डॉ. अमिता दुबे ने बताया कि सुभद्रा कुमारी चौहान महिला बाल साहित्य सम्मान से लखनऊ की डॉ. करुणा पाण्डे, सोहनलाल द्विवेदी बाल कविता सम्मान से सहारनपुर के डॉ. आर.पी. सारस्वत, अमृत लाल नागर बाल कथा सम्मान से शाहजहांपुर के डॉ. मोहम्मद अरशद खान, शिक्षार्थी बाल चित्रकला सम्मान से अलीगढ़ के दिलीप शर्मा, लल्ली प्रसाद पाण्डेय बाल साहित्य पत्रकारिता सम्मान गौतमबुद्धनगर के नरेन्द्र निर्मल, डॉ. रामकुमार वर्मा बाल नाटक सम्मान गौतमबुद्धनगर के बलराम अग्रवाल, कृष्ण विनायक फड़के बाल साहित्य समीक्षा सम्मान मथुरा के देवी प्रसाद गौड़, जगपति चतुर्वेदी बाल विज्ञान लेखन सम्मान लखनऊ के डॉ. दीपक कोहली को और उमाकान्त मालवीय युवा बाल साहित्य सम्मान से प्रतापगढ़ के अनिल कुमार निलय को सम्मानित किया जाएगा।

# आम लोगों को टैक्स के बोझ से राहत दे मोदी सरकारः सुप्रिया श्रीनेत

■ घरेलू चीजों और स्वास्थ्य बीमा से जीएसटी हटाने की मांग
■ विवि से बिना डिग्री पढ़ाई छोड़ने पर मजबूर छात्र भी आर्थिक बर्बादी का प्रमाण हैं



अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता व सोशल मीडिया चेयरपर्सन सुप्रिया श्रीनेत ने केन्द्र की मोदी सरकार से आम जनता पर भारी टैक्स लगाने का आरोप लगाया है। उन्होंने सरकार से जीएसटी (गब्बर सिंह टैक्स) पीड़ित आम जनता को आगामी बजट में राहत देने की मांग करते हुए जरूरी घरेलू चीजों और स्वास्थ्य बीमा से जीएसटी हटाने की मांग की। सुप्रिया श्रीनेत गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों को सम्बोधित कर रही थीं। श्रीनेत ने कहा कि हमारी योजनाओं का नाम बदल अपना नाम देने में माहिर मोदी जी कांग्रेस के 2024 के न्याय पत्र से ताजा और सरल जीएसटी-2.0 का प्रारूप लेकर आम लोगों को टैक्स के बोझ से राहत दें। वार्ता को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कुछ दिनों में सरकार अपना बजट पेश करने वाली हैं और यह बजट देश का भविष्य तय करेगा। आजाद हिन्दुस्तान में पहली बार सूट-बूट वाली सरकार में इंकम टैक्स कारपोरेट टैक्स से कहीं अधिक है, सरकार ने सिर्फ जीएसटी का रायता फैलाया है। असलियत यह है कि आम जनता के आटे, दही, दवाई, पढ़ाई और यहां तक कि पॉपकॉर्न और पुरानी गाड़ी बेचने पर भी जबरन जीएसटी वसूला जा रहा है। जीएसटी की गुत्थी सुलझाना मानवजाति के लिए असंभव है, क्योंकि पॉपकॉर्न पर तीन दरें 5, 12 और 18 प्रतिशत लगाने का क्या मतलब है। यह गुड एण्ड सिम्पल टैक्स के सिद्धांत के विपरीत है। हर महीने जीएसटी कलेक्शन कर खुशियां मनाने वाली मोदी सरकार के जीएसटी का सबसे खराब प्रभाव मध्यम वर्ग और गरीबों पर पड़ रहा है। लोग भोजन और पढ़ाई जैसी जरूरी चीजों पर कम खर्च कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए जीवन और स्वास्थ्य बीमे जैसी जरूरी सेवाओं पर जीएसटी दर 18 प्रतिशत है। मोदी छीन रहे मंगलसूत्र, जेवर गिरवी रखने वालों की बढ़ी संख्या उन्होंने कहा कि मंगलसूत्र तो नरेन्द्र मोदी छीन रहे हैं। घरेलू बचत 50 साल के सबसे निचले स्तर पर है, जेवर गिरवी रखने वालों की संख्या लगभग 50 प्रतिशत बढ़ी है। लोग ऋण चुकाने में असमर्थ हैं और डिफॉल्ट में 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई। उन्होंने कहा कि आज आम आदमी की जेब में पैसा नहीं है, जिस वजह से एफएमसीजी कम्पनियों में छोटे पैकेजों की मांग बढ़ी, यानि लोगों के पास जरूरी चीजें खरीदने को पैसा और सामर्थ्य नहीं। लोग भविष्य की बचत से खर्च को मजबूर हैं। नौकरियों के फार्म पर 18 प्रतिशत जीएसटी सेकेण्ड्री स्कूल के एडमिशन में गिरावट और विवि से बिना डिग्री पढ़ाई छोडने पर मजबूर छात्र भी आर्थिक बर्बादी का प्रमाण हैं।

# डालमिया सीमेंट ने अपनी आरसीएफ एक्सपर्ट सीमेंट रेंज का किया अनावरण

अवधनामा ब्यूरो



लखनऊ। भारत की प्रमुख सीमेंट कंपनी डालमिया सीमेंट (भारत) लिमिटेड ने गर्व से अपने प्रमुख भारतीय बाजारों में 'रूफ, कॉलम, फाउंडेशन (आरसीएफ) एक्सपर्ट' ब्रांड के तहत अपने नए सीमेंट पोर्टफोलियो का अनावरण किया। इसके प्रमुख उत्पाद, डालमिया डीएसपी आरसीएफ एक्सपर्ट ++ और डालमिया सीमेंट (डीसी) आरसीएफ एक्सपर्ट, उन्नत फॉर्मूलेशन और अत्याधुनिक नैनो बॉन्डिंग टेक्नोलॉजी (एनबीटी) से लैस हैं, जो आधुनिक निर्माण की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। आरसीएफ एक्सपर्ट रेंज उच्च शक्ति, बेहतर संक्षारण प्रतिरोध और समय की कसौटी पर खरी उतरने वाली मजबूत संरचनाएं सुनिश्चित करती है। डालमिया सीमेंट (डीसी), मूल ब्रांड, अपनी 80 से अधिक वर्षों की विश्वसनीय विरासत के साथ अपनी लगातार गुणवत्ता और सिद्ध विश्वसनीयता के लिए जानी जाती है, जो इसे विविध निर्माण आवश्यकताओं के लिए एक पसंदीदा विकल्प बनाती है। डालमिया डीएसपी आरसीएफ++, पोर्टफोलियो में प्रीमियम पेशकश को अल्टीमेट कंक्रीट एक्सपर्ट के रूप में स्थान दिया गया है। यह एनबीटी को हाई रिएक्टिव सिलिका और पोर रिडक्शन टेक्नोलॉजी (पीआरटी) के साथ जोड़ता है, जो मजबूत छतों, कॉलम और नींव के लिए उत्कृष्ट शक्ति और स्थायित्व प्रदान करता है। इस पहल को डालमिया सीमेंट की समर्पित आरसीएफ सलाहकारों की टीम द्वारा सहयोग दिया गया है, जो निर्माण में सटीकता सुनिश्चित करने के लिए ऑन-साइट मार्गदर्शन प्रदान करते हैं।

डालमिया सीमेंट के देशव्यापी 50000+ से अधिक चैनल भागीदारों के विशाल नेटवर्क के सहयोग से आयोजित उत्पाद अनावरण कार्यक्रम में प्रमुख चैनल भागीदारों, कांट्रैक्टरों और राजमिस्त्रियों की सक्रिय भागीदारी देखी गई। जिस तरह से निर्माण प्रथाएं विकसित हो रही हैं, घर बनाने वाले अब तेज़ सेटिंग समय, बेहतर कार्यशीलता और पर्यावरणीय चुनौतियों के लिए बढ़ी हुई प्रतिरोधक क्षमता जैसी उन्नत सुविधाओं की तलाश कर रहे हैं। ज़मीनी स्तर पर सक्रियता और इंटरैक्टिव सत्रों ने आरसीएफ एक्सपर्ट रेंज की उन्नत सुविधाओं और बेहतर प्रदर्शन को उजागर किया।

# मण्डलायुक्त ने बाबू को निलम्बित करने का दिया आदेश

■ जनसुनवाई में 28 प्रार्थना पत्रों में से 11 का मौके पर निस्तारण

अवधनामा ब्यूरो



लखनऊ। हरदोई रोड के बसंतकुंज योजना में लखनऊ विकास प्राधिकरण की ओर से आवंटित भूखण्ड की तीन साल से अधिक समय से रजिस्ट्री न होने की शिकायत पर लखनऊ विकास प्राधिकरण की अध्यक्ष व मण्डलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने गुरुवार को बाबू को तत्काल प्रभाव से निलम्बित करने के निर्देश दिये। इसी के साथ सम्पत्ति की मौके पर गणना करा पिछले तीन सालों से अधिक समय से रजिस्ट्री के लिए चक्कर लगा रहे दम्पति को एक सप्ताह के भीतर रजिस्ट्री करा कर सूचित करने के निर्देश दिये। गुरुवार को लविप्रा में आयोजित जनसुनवाई में कुल 28 प्रार्थना पत्र मिले, जिसमें से 11 का मौके पर ही निस्तारण कर शेष मामलों में समय सीमा निर्धारित कर कार्रवाई के निर्देश अधिकारियों को दिये। इस मौके पर मण्डलायुक्त ने प्राधिकरण भवन के भूतल पर नवनिर्मित स्वर्ण जयंती सभागार का उद्घाटन किया और सिंगल विण्डो प्रणाली के तहत बनाये काउण्टर व कॉल सेंटर का निरीक्षण कर व्यवस्था की सराहना की। जनसुनवाई में लविप्रा उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार, सचिव विवेक श्रीवास्तव, अपर सचिव ज्ञानेन्द्र कुमार, सी.पी. त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी व अभियंतागण उपस्थित थे। जनसुनवाई में पहुंचे डॉ. आलोक तिवारी और उनकी पत्नी मीनू तिवारी ने बताया कि उन्हें बसंतकुंज योजना के सेक्टर-एन में भूखण्ड संख्या 173 आवंटित हुआ है। वर्ष 2021 में वह पूरी धनराशि जमा करा चुके हैं लेकिन आवेदन के बावजूद रजिस्ट्री नहीं हो रही। डॉ. आलोक तिवारी दिल्ली शिक्षा निदेशालय में लेक्चरर के पद पर कार्यरत हैं और रजिस्ट्री के लिए बार-बार चक्कर लगाने से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर मण्डलायुक्त ने नाराजगी जताते हुए प्रकरण की रिपोर्ट तलब की तो कनिष्ठ लिपिक सुनील कुमार पाल की लापरवाही सामने आई। मण्डलायुक्त ने आरोपी बाबू को तत्काल प्रभाव से निलम्बित करने के निर्देश दिये। इसके अलावा गोमती नगर में रहने वाली एसिड अटैक पीड़िता ने प्रार्थना पत्र दिया कि 1090 चौराहा स्थित चटोरी गली में स्टॉल लगाने के लिए आवेदन किया है, लेकिन स्मारक समिति जगह आवंटित नहीं कर रही। मण्डलायुक्त ने मानवीय दृष्टिकोण के तहत तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिये और मौके पर ही पीड़िता को जगह आवंटित कर पत्र सौंपा। गोमती नगर विस्तार सेक्टर-1 निवासी मनोज कुमार राणा ने सुलभ आवास योजना के भवनों में मरम्मत, पुताई, बाउण्ड्रीवॉल आदि के निर्माण को लेकर प्रार्थना पत्र दिया, जिस पर उपाध्यक्ष ने बताया कि योजना के जरूरी कामों के लिए टेण्डर हो चुका है। इसी सप्ताह काम शुरू हो जाएगा। भीमेश कुमार आठवानी ने प्रार्थना पत्र दिया कि स्वीकृत मानचित्र के साथ गोमती नगर के विशेष खण्ड में निर्माण पर विहित न्यायालय ने वाद योजित किया है। आठवानी ने बताया कि शमन मानचित्र स्वीकृत करा वे अशमनीय भाग खुद ध्वस्त करा देंगे, जिस पर मण्डलायुक्त ने नियमानुसार कार्रवाई कर वाद निस्तारित करने को कहा। जनसुनवाई में मोहनलालगंज के हरकंशगढ़ी में पदम्मजा बिल्डर के राजीव सिंह की ओर से अवैध प्लाटिंग की शिकायत पर मण्डलायुक्त ने अवर अभियंता को फटकार लगाते हुए जोनल अधिकारी से खुद निरीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिये।